

# देशबन्धु
पत्र नहीं मित्र



रायपुर, सोमवार, 1 सितंबर 2025 । वर्ष – 67 । अंक –137 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59

एसआईआर के नाम पर काटे जा रहे मतदाताओं के नाम : सचिन पृष्ठ 2
■ राहुल की यात्रा का पहला दौर कामयाब : मगर असली लक्ष्य है बिहार जीतना
■ बीत चुका है, हिमालय को सुनने का समय पृष्ठ 6
■ प्रधानमंत्री मोदी ने की म्यांमार के सैन्य प्रमुख के साथ द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा
■ टैरिफ पर भारत के खिलाफ सख्त रुख अपनाकर जोखिम उठा रहा अमेरिका पृष्ठ 7
हमारे स्ट्राइकरों को गोल के मौकों को पूरी तरह भुनाने की जरूरत : मनप्रीत पृष्ठ 8

## सार संक्षेप

### तेलंगाना विधानसभा में पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक पारित

**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा ने रविवार को बहुप्रतीक्षित पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक को मंजूरी दे दी, जिससे पंचायतों में पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त हो गया। इस विधेयक को पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री दानसारी अनसूया सीताक्का ने सदन में पेश किया। विधानसभा में पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक के साथ-साथ पंचायत राज अधिनियम संशोधन विधेयक और नगरपालिका अधिनियम संशोधन विधेयक को भी पारित किया गया।

### प्रेम सागर का 84 की उम्र में निधन

**मुंबई।** महान फिल्म निर्माता रामानंद सागर के बेटे और निर्माता शिव सागर के पिता प्रेम सागर का रविवार सुबह 10 बजे निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे और उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रेम सागर एक निर्माता और प्रख्यात छायाकार थे जिन्होंने भारतीय सिनेमा और टेलीविजन में सागर परिवार की विरासत को आगे बढ़ाया। प्रेम सागर को चरस, आंखें, अलिफ लैला, और ललकार जैसी फिल्मों और टीवी सीरियल्स के लिए जाना जाता है।

### 697 करोड़ से जुड़े घोटाले में अमित अग्रवाल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कहा कि उन्होंने देश से 696.69 करोड़ रुपये की अवैध हेराफेरी से जुड़े धन शोधन के एक बड़े मामले में कथित प्रमुख संचालक अमित अग्रवाल को गिरफ्तार किया है।

### अमेरिका के लिए सभी डाक सेवाएं निलंबित

**नई दिल्ली।** डाक विभाग ने संयुक्त राज्य अमेरिका को 100 डॉलर तक मूल्य के सभी प्रकार के डाक सामान, जिनमें पत्र, दस्तावेज और उपहार शामिल हैं, भेजने पर रोक लगा दी है। अपनी पूर्व अधिसूचना में डाक विभाग ने 100 डॉलर तक के मूल्य वाले पत्रों, दस्तावेजों और गिफ्ट को छोड़कर सभी प्रकार की डाक वस्तुओं की बुकिंग को अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया था।

### क्राइम ब्रांच ने 2 करोड़ की ड्रग्स की बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल के निर्देश पर 'ड्रग-मुक्त दिल्ली' बनाने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हाई क्वालिटी वाली 446 ग्राम स्मैक/हेरोइन बरामद की गई, जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य लगभग 2 करोड़ रुपए है।

### विमान खराबी के कारण दिल्ली वापस लौटा

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की दिल्ली से इंदौर जा रही एक उड़ान को रविवार सुबह टेकऑफ के तुरंत बाद इंजन में आग के अलर्ट के कारण दिल्ली वापस लौटना पड़ा, जहां उसकी सुरक्षित लैंडिंग हुई। सूत्रों ने बताया कि विमान में 90 से ज्यादा यात्री सवार थे। फ्लाइट एआई2913 के दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट को विमान के दाहिने इंजन में आग की चेतावनी मिली। एहतियात बरतते हुए उस इंजन को बंद कर दिया गया और विमान को एक ही इंजन पर दिल्ली वापस लाया गया

## प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ की द्विपक्षीय वार्ता

# सीमा पर सैनिकों की वापसी के बाद बदला माहौल : मोदी

■ दोनों देशों के बीच संबंधों से 2.8 अरब लोगों के हित तथा मानवता का कल्याण जुड़ा है
■ इससे दोनों देशों के संबंधों को सकारात्मक दिशा मिली
■ विशेष प्रतिनिधियों के बीच सीमा प्रबंधन के बारे में सहमति बनी

**तियांजिन/नई दिल्ली** 31 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां चीन से साफ शब्दों में कहा कि भारत परस्पर विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर चीन के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सात वर्ष से भी अधिक समय के बाद चीन यात्रा पर गये श्री मोदी ने सुबह यहां चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान अपने वक्तव्य में कहा कि उनकी शी जिनपिंग के साथ कजान में वार्ता के बाद से दोनों देशों के संबंधों को सकारात्मक दिशा मिली है और सीमा पर शांति तथा स्थिरता का माहोल बना है। श्री मोदी ने कहा, पिछले वर्ष कजान में हमारी बहुत ही सार्थक चर्चा हुई थी जिससे हमारे संबंधों को सकारात्मक दिशा मिली। सीमा पर सैनिकों की वापसी के बाद शांति और स्थिरता का माहौल बना है।



भारत परस्पर विश्वास और सम्मान के आधार पर चीन के साथ संबंध आगे बढ़ाने को प्रतिबद्ध : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंधों से देश के 2.8 अरब लोगों के हित तथा मानवता का कल्याण जुड़ा है। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों के बीच सीमा प्रबंधन के बारे में सहमति बनी है। कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू हुई है और दोनों देशों के बीच सीधी उडान सेवा फिर से शुरू की जा रही है। उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग को एससीओ की सफलता के लिए भी शुभकामनाएं और बधाई दी।

**द्विपक्षीय व्यापार भी बढ़ाएगे**– भारत और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### ड्रैगन और हाथी अब आ जाएं साथः जिनपिंग

जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों के लिए यह सही है कि ऐसे साझेदार बनें जो एक–दूसरे की सफलता में सहायक हों। ड्रैगन और हाथी एक साथ आएं। चीन और भारत दो प्राचीन सभ्यताएं हैं। हम विश्व के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं। हम ग्लोबल साउथ के भी अहम सदस्य हैं। हम दोनों अपने लोगों की भलाई के लिए जरूरी सुधार लाने और मानव समाज की प्रगति को बढ़ावा देने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी निभाते हैं।

# लोकतंत्र में असंसदीय भाषा की कोई जगह नहीं : साय

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के गृह मंत्री अमित शाह को लेकर दिए अभद्र बयान पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि लोकतंत्र में असंसदीय भाषा की कोई जगह नहीं है। मैं इसकी कड़ी भर्त्सना करता हूं। लोकतंत्र को यह स्वीकार नहीं है।



मुख्यमंत्री ने बस्तर में आए बाढ़ को लेकर कहा कि विदेश दौरे से ही पूरे स्थिति की जानकारी ली थी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अधिकारियों को निर्देशित किया था ।कई लोगों की जान गई, फसल बर्बाद हुई। प्रभावितों को मुआवजा देने कहा है ।राहत कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चीन दौरे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के कारण विश्व में भारत का मान–सम्मान बढ़ा है। सभी देशों से संबंध अच्छा बनाकर रखना चाहते हैं. चीन के साथ भी संबंध अच्छा चाहते हैं माहौल अच्छा होगा।

नवा रायपुर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में 'मन की बात' प्रसारण को सुनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा की ।ज्मन की बातज्ज कार्यक्रम को लेकर उन्होंने कहा कि इससे लोगों को प्रेरणा मिलती है ।सभी को पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का इंतजार रहता है करोड़ों लोगों से पीएम मोदी रू–ब–रू होते हैं देश में हुए नवाचार की जानकारी को प्रधानमंत्री दुनिया के सामने लाने का काम करते हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी हाल की जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा का अनुभव साझा किया।

# कांग्रेस ने 89 लाख नाम हटाने के लिए दिए पत्र

**पटना**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले कराए गए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध हो रहा है। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की 31 अगस्त की प्रेस कॉन्फ्रेंस के संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रेस नोट जारी कर कहा कि इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों ने पिछले 1–2 दिनों में जिला निर्वाचन अधिकारियों को बिहार के करीब 89 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काटने के लिए पत्र दिए हैं।

■ चुनाव आयोग ने निर्धारित प्रपत्र में मांगीं आपत्तियां

उन्होंने बताया कि नियमानुसार व चुनाव आयोग के निर्देशों के अंतर्गत कोई भी नाम काटने की आपत्तियां निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 13 के तहत सिर्फ फॉर्म 7 में दी जा सकती हैं या बूथ लेवल एजेंट्स, जोकि राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किए जाते हैं, द्वारा निर्धारित प्रपत्र व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के अनुसार घोषणा के साथ दिया जा सकता है। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने 22 अगस्त के अंतरिम आदेश में यह स्पष्ट किया है कि 12 राजनीतिक दलों के द्वारा प्रारूप मतदाता सूची में कोई भी गलत नाम की जानकारी संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी को निर्धारित प्रारूप में जमा कराएं।

# वोटर अधिकार यात्रा का समापन आज

**पटना**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई आर) के खिलाफ इंडिया गठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' सोमवार को गांधी मैदान में महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद वहां से अंबेडकर पार्क तक कार्यकर्ताओं की पदयात्रा के साथ अपने अंतिम पड़ाव तक पहुंचेगी। इंडिया गठबंधन के नेता वोटर अधिकार यात्रा के अंतिम समारोह को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की सोच से जोड़ने का संदेश देना चाहते हैं। इंडिया गठबंधन की यह यात्रा 17 अगस्त को बिहार के सासाराम से शुरू हुई थी और औरंगाबाद, गया, नवादा, नालन्दा, शेखपुरा, मुंगेर, भागलपुर, पूर्णिया, अररिया, कटिहार, किशनगंज, दरभंगा, मधुबनी, मुजफरपुर, सीतामढ़ी, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण जैसे प्रमुख स्थानों से होते हुए 14वें दिन आरा पहुंची थी।

**1300 किलोमीटर की दूरी तय की**– इस यात्रा में करीब 24 जिलों के 50 विधानसभा क्षेत्रों में 1300 किलोमीटर की दूरी तय की गई। यात्रा का नेतृत्व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधीऔर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव ने किया था।

# लोकसभा व अन्य चुनाव हारने के बाद से कांग्रेस की मति हो गई है भ्रष्ट : अरुण सिंह

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी का मानसिक दिवालियापन देखने को मिला है। कांग्रेस पार्टी के नेता अभद्र भाषा का लगातार उपयोग कर रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री को बार–बार मंचों से गाली देना, वोट चोर के नाम से नारे लगाना, कीड़ा मकोड़ा कहना यह घोर निंदनीय है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि बिहार की जनसभा में राहुल गांधी के उकसाने पर मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी के बारे में गंदी–गंदी गालियां देना कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन की निम्नस्तरीय सोच को बताता है। यह बहुत ही निंदनीय और भर्त्सना के योग्य है।



■ राहुल गांधी का मानसिक दिवालियापन मिल रहा है देखने को

भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जिनको दुनिया के 25 देशों ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उन सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के मिलने से भारत का मान सम्मान बढ़ा है। 140 करोड़ देशवासियों का मस्तक ऊंचा हुआ है, देश का गौरव बढ़ा है और देश में प्रधानमंत्री को कांग्रेस के लोग लगातार गाली देने का काम कर रहे हैं। संसद का सत्र जब चल रहा था तब भी देखा गया कि विपक्षी दल सदन में हंगामा कर रहे थे, बार–बार वोट चोरी का नारे लगाए जा रहे थे। जब कांग्रेस प्रदेश में हुए चुनावों में लोकसभा के चुनाव सहित स्थानीय स्तर के चुनाव में भी साफ हो गयी है। कांग्रेस की मति भ्रष्ट हो गई है। भाजपा कार्यकर्ता संयम और धैर्य के साथ इसका पूरे देश में कड़ा विरोध कर रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि ऐसे प्रधानमंत्री के बारे में कांग्रेस जो अपशब्द कह रही है, बार–बार बोल रही है, उससे देश की जनता को कष्ट हो रहा है। भाजपा के ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## मन की बात
# हर पीड़ित का दर्द हमारा दर्द : मोदी

**नई दिल्ली**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 125 वें एपिसोड में प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया। साथ ही लोकल फॉर वोकल पर जोर दिया। रविवार को रेडियो कार्यक्रम %मन की बात% संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा ने हर हिंदुस्तानी को दुखी किया है। जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उनका दर्द हम सबका दर्द है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस मानसून में प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही हैं। इन घटनाओं में परिवार बर्बाद हो गए। कहीं पुल और सड़कें पानी के तेज बहाव में बह गईं, लोगों का जीवन संकट में फंस गया।

# भारतीय संस्था एजुकेट गर्ल्स को मिला मैग्सेसे अवॉर्ड

**नई दिल्ली**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की प्रमुख सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स को 2025 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हैं। एशिया का यह सर्वोच्च सम्मान पहली बार किसी भारतीय संस्था को मिला है। यह पुरस्कार एजुकेट गर्ल्स को बालिकाओं एवं युवतियों की शिक्षा के समाज की अतार्किक सांस्कृतिक धारणाओं को चुनौती देने, उन्हें निरक्षरता से मुक्त करने और उन्हें कौशल, हिम्मत और आत्मनिर्भरता देने के लिए दिया गया है। एजुकेट गर्ल्स संस्था अब उस गौरवशाली पंक्ति का हिस्सा बन चुकी है, जिसमें सत्यजीत रे, एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी, किरण बेदी, विनोबा भावे, दलाई लामा, मदर टेरेसा और ऑस्कर विजेता हायाओ मियाज़ाकी जैसी विश्वप्रसिद्ध विभूतियां शामिल हैं। एजुकेट गर्ल्स की संस्थापक सफीना हुसैन ने कहा, यह उपलब्धि हमारी टीम, बालिका स्वयंसेवकों, पार्टनर्स, समर्थकों और सबसे बढ़कर उन बच्चियों के नाम है, जिन्होंने अपनी सबसे बड़ी ताकत, शिक्षा को फिर से हासिल किया।

**एक करोड़ से भी ज्यादा शिक्षार्थियों तक पहुंचने का लक्ष्य**–आने वाले दस वर्षों में एजुकेट गर्ल्स एक करोड़ से भी ज्यादा शिक्षार्थियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखता है। भारत के इस मॉडल को अब दुनिया के अन्य हिस्सों में भी साझा करने की योजना है ताकि हर बच्ची को शिक्षा का हक मिल सके। हमें पूरा यकीन है कि जब एक लड़की पढ़ती है, तो उसका असर सिर्फ उसकी ज़िंदगी तक सीमित नहीं रहता बल्कि वह अपने साथ पूरे समाज को आगे बढ़ाती है।

# कैदियों को जेल परिसर से बाहर श्रम कार्य पर भेजने जेल अधीक्षक की अनुमति काफी

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर केंद्रीय जेल से उम्रकैद की सजा काट रहा बंदी चंद्रवीर उर्फ पिंटू फरार होने की घटना ने प्रदेश की राजनीति में हलचल मचा दी है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के आरोपों के बाद अब जेल प्रशासन ने अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए कहा है कि कैदियों को जेल परिसर से बाहर श्रम कार्य पर भेजना जेल मैनुअल का हिस्सा है और इसके लिए अदालत की अनुमति जरूरी नहीं है।

भूपेश बघेल के आरोपों पर जेल प्रशासन ने दी सफाई

जेल प्रशासन ने एक विज्ञप्ति जारी कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आरोपों को खारिज कर दिया है। जेल प्रशासन ने कहा कि कैदियों को जेल परिसर से बाहर श्रम कार्य पर लगाने का प्रावधान जेल मैनुअल में मौजूद है। इसके लिए अदालत की अनुमति की जरूरत नहीं होती और इसका अधिकार जेल अधीक्षक को है। प्रशासन ने बताया कि सिर्फ वर्ष 2023 में 16,020 बार कैदियों को रायपुर केंद्रीय जेल से बाहर श्रम कार्य के लिए भेजा गया था। यह कोई नई परंपरा नहीं है बल्कि मध्यप्रदेश शासनकाल से ही प्रचलित है और देश की अन्य जेलों में भी यही प्रक्रिया अपनाई जाती है।

जेल प्रशासन ने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि 21 अगस्त 2025 को कैदियों को जेल परिसर के भीतर ही स्थित चर्टर के पास क्षतिग्रस्त गेट की मरम्मत के लिए भेजा गया था। इस दौरान कैदी चंद्रवीर उर्फ पिंटू ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# तीन हजार बिजली खंभों से केबल हटाना बाकी है

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। बिजली खंभों पर लगे टीवी केबल के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सीएसपीडीसीएल की ओर से जवाब में बताया गया कि एक- एक कर प्रदेश स्तर पर खंभों से केबल हटाए जा रहे हैं। लगभग तीन हजार खंभों से केबल हटाना बाकी है। कोर्ट ने बचा हुआ काम पूरा कर रिपोर्ट देने के निर्देश देते हुए 27 अक्टूबर को अगली सुनवाई तय की है।



हाईकोर्ट ने कहा बचा काम पूरा कर दें रिपोर्ट

प्रदेश में बिजली खंभों पर लगे हुए केबल शहर की सुंदरता को खराब कर रहे हैं। इसके साथ ही दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। हाईकोर्ट ने मामले को संज्ञान में लेकर इसे जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई शुरू की है। याचिका में मुख्य सचिव, उर्जा सचिव, नगरीय प्रशासन सचिव, बीएसएनएल, एमडी सीएसपीडीसीएल, कलेक्टर- कमिश्नर नगर निगम बिलासपुर, अधीक्षण यंत्री सीएसपीडीसीएल को पक्षकार बनाया गया है।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने शासन से पूछा था कि केबल हटाने के लिए आपकी क्या कार्ययोजना है और कितने खंभों से केबल हटाए जा चुके हैं। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# राजधानी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 अक्टूबर से

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार के रोजगार एवं प्रशिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा राज्य स्तरीय रोजगार मेला रायपुर में आगामी 9 और 10 अक्टूबर 2025 को आयोजन किया जाएगा। इस मेले में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को विभाग की वेबसाइट ई रोजगार डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। विभागीय मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने युवाओं से अपील की है कि वे समय रहते ऑनलाइन पंजीयन अवश्य कराएँ और इस राज्य स्तरीय रोजगार मेले का लाभ उठाएँ।

ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य

**रोजगार उपलब्ध कराने वाली कंपनियाँ**–राज्य स्तरीय रोजगार मेले में जिंदल स्टील रायपुर, एयरटेल पेमेंट बैंक, ऑटो सेंटर बिलासपुर, राजस्थान कपड़ा मिल, सतलज कपड़ा इंडस्ट्री में रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। इसी प्रकार रिलायंस निप्पोन, रुद्र इंटरप्राइज, शांता टेक्नो, सन ब्राइट, ट्रेडमेन गारमेंट्स, कॉसमॉस मैनपावर, जीनियस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर, हाईक एजुकेशन, आइकॉन सोलर, न्यू लाइफ, पीएचडीए ग्लोबल सॉल्यूशन सहित अनेक प्रतिष्ठित निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध है।

**पद और वेतनमान**–रोजगार मेला में अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता पाँचवीं पास से लेकर आईटीआई, स्नातक एवं उच्च शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 8 हजार से 40 हजार रुपये तक का वेतनमान प्रदान ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सुधार — इस महीने होने जा रहे कई बड़े बदलाव

# देश में आज से लागू हो जाएगी सिल्वर हॉलमार्किंग

**नई दिल्ली, 31 अगस्त (एजेंसियां)। सितंबर महीने में कुछ ऐसे बदलाव होने जा रहे हैं, जिनका असर सीधे आपकी जेब पर पड़ेगा। इसमें आईटीआर फाइलिंग, यूपीएस, सिल्वर हॉलमार्किंग और पर्सनल फाइनेंस से जुड़े नियम शामिल हैं।**

*आयकर विभाग की ओर से वित्त वर्ष 2024–25 की आईटीआर फाइलिंग के लिए निर्धारित की गई विस्तारित डेडलाइन 15 सितंबर, 2025 को समाप्त हो रही है। इससे पहले आईटीआर दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई थी। देश में एक सितंबर से सिल्वर हॉलमार्किंग लागू हो जाएगी। ग्राहकों के पास हॉलमार्क वाली चांदी या बिना हॉलमार्क वाली चांदी खरीदने के दोनों विकल्प होंगे। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने चांदी के आभूषणों के लिए हॉलमार्किंग की सुविधा देने का फैसला किया है। हालांकि, शुरुआत में यह स्वैच्छिक होगा। एसबीआई कार्ड्स ने सितंबर से प्रभावी अपने क्रेडिट कार्ड नियमों में संशोधन किया है। 1 सितंबर से, लाइफस्टाइल होम सेंटर एसबीआई कार्ड, लाइफस्टाइल होम सेंटर एसबीआई कार्ड सेलेक्ट और लाइफस्टाइल होम सेंटर एसबीआई कार्ड प्राइम कार्डधारकों को डिजिटल गेमिंग प्लेटफॉर्म, व्यापारियों और सरकारी लेनदेन के माध्यम से की गई खरीदारी पर रिवॉर्ड पॉइंट नहीं मिलेंगे। सभी सीपीपी (कार्ड प्रोटेक्शन प्लान) एसबीआई कार्ड ग्राहकों को 16 सितंबर से उनकी रिन्यूएबल डेट के आधार पर ऑटोमेटिक रूप से अपडेट किए गए प्लान वेरिएंट में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। कार्ड प्रोटेक्शन प्लान तीन विकल्पों में उपलब्ध है जिसमें क्लासिक, प्रीमियम और प्लैटिनम शामिल हैं। रिन्यूएबल की कीमतें क्लासिक के लिए 999 रुपए, प्रीमियम के लिए 1,499 रुपए और प्लैटिनम के लिए 1,999 रुपए निर्धारित की गई है।*

***यूपीएस की तारीख 30 तक बढ़ाई गई***

*पात्र केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2025 तक बढ़ा दी गई है। सरकार द्वारा यह विस्तार 30 जून, 2025 की मूल समय सीमा से बढ़ाकर अधिक कर्मचारियों को यह निर्णय लेने का अवसर देने के लिए दिया गया है कि उन्हें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) से यूपीएस में जाना है या नहीं।*

# देश

**उवाच**

बिहार में पिछले बीस वर्षों से नीतीश कुमार की सरकार है। बात विकास और सुशासन की की जाती है, लेकिन हकीकत में चरम भ्रष्टाचार और अपराधियों का राज है। जनविरोधी योजनाएं लागू की जा रही हैं। आने वाला चुनाव बिहार में बदलाव का चुनाव होगा।

–दींपकर भट्टाचार्य, भाकपा माले महासचिव



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31.0 | 25.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 28.0 |

# एसआईआर के नाम पर काटे जा रहे मतदाताओं के नाम : सचिन पायलट

■ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर उठाए सवाल



वोट चोरी का नारा जन-जन तक पहुंच गया है निष्पक्षता और पारदर्शिता लोकतंत्र की जरूरत : सचिन पायलट

**टोंक,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को वोट चोरी पर कहा कि बिहार के पटना में सोमवार को वोटर अधिकार यात्रा का समापन होगा। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सबूतों के साथ वोट चोरी के खिलाफ यह यात्रा निकाली है। पायलट ने कहा कि वोट चोरी का नारा जन-जन तक पहुंच गया है। निष्पक्षता और पारदर्शिता लोकतंत्र की जरूरत है। सवाल निर्वाचन आयोग से पूछे जाते हैं तो जवाब भाजपा के प्रवक्ता देते हैं। समय बदलेगा तब सबकी जवाबदेही तय होगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर वोटर के नाम काटे जा रहे हैं।

**जनता की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस**

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस जनता की लड़ाई मिलकर लड़ेगी। इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन एकजुट है। चुनाव आयोग द्वारा 45 दिनों में सीसीटीवी फुटेज डिलीट करने के नियम को लेकर उन्होंने कहा कि डेटा इतना सस्ता है कि लाखों, करोड़ों गेगाबाइट का डेटा स्टोर कर सकते हैं तो किस कारण से आप पोलिंग बूथ की वीडियो फुटेज, सीसीटीवी फुटेज डिलीट करना चाहते हो। इसका कोई जवाब नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने सबके सामने कहा कि हमने 6 महीने अध्ययन करके यह डेटा एकत्रित किए। एक-एक मकान में 200-200 वोट बना रखे हैं, फर्जी वोट बने हुए हैं। हम निर्वाचन आयोग को सिर्फ इतना बोल रहे हैं कि आप जांच तो कीजिए, लेकिन बिना जांच के ही लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। चुनाव आयोग उसकी जांच नहीं कर रहा, बल्कि हलफनामा मांग रहा है। उन्होंने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा को जन समर्थन मिल रहा है। महागठबंधन के सभी लोग हमारे साथ हैं। टीएमसी भी इस यात्रा में शामिल होगी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव के साथ गठबंधन के सभी नेता यात्रा में शामिल हुए। वोट का जो अधिकार है, वो प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, जो हमारे पूर्वजों ने दिया है, उसको कोई छीनने का काम करेगा तो कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

कांग्रेस नेता सचिन पायलट रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र टोंक पहुंचे, जहां जिलाध्यक्ष समेत पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सचिन पायलट ने मुख्य चुनाव आयुक्त की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए। सचिन पायलट ने कहा कि पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त की चयन कमेटी में प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और चीफ जस्टिस शामिल होते थे और यह पैनल तय करता था कि कौन भारत निर्वाचन आयोग का चैयरमैन बनेगा। चयन कमेटी में अचानक से बदलाव लाया गया और चीफ जस्टिस को हटाकर केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया। ऐसे में आप समझ सकते हैं कि दो-एक के बहुमत के साथ वे जिसे चाहे सीईसी का चैयरमैन बना सकते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि चयन कमेटी से चीफ जस्टिस को हटाकर मंत्री को रखने की मांग और प्रस्ताव किसने रखा था।

## किसानों के मुद्दों पर बात नहीं करते मोदी : सुरेंद्र राजपूत



कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने मन की बात कार्यक्रम पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें किसानों के मुद्दों पर बात नहीं करते। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिका से कपास आयात पर शुल्क हटाने का फैसला किसानों के साथ विश्वासघात है। अमेरिका ने भारत के निर्यात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया। सरकार को भी अमेरिका पर टैरिफ लगाना चाहिए था। उन्होंने आगे कहा कि यूरिया की कमी के कारण किसान अपनी फसलों पर समय पर खाद नहीं डाल पा रहे हैं। बिजली की अनुपलब्धता के चलते सिंचाई में भी दिक्कत हो रही है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ रही है। इसके अलावा, किसानों का कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है, जो उनकी आर्थिक स्थिति को और बदतर बना रहा है।

## एनआईए करे धर्मस्थल मामले में जांच : निखिल

**हासन,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के धर्मस्थल में शवों को सामूहिक रूप से दफनाने के मामले में जनता दल (एस) नेता निखिल कुमारस्वामी ने कहा कि श्रद्धालुओं के साथ धर्मस्थल की उनकी यात्रा पूरी तरह से गैर-राजनीतिक है। उन्होंने इस मंदिर नगरी से जुड़े हालिया विवादों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराने का आग्रह किया है। मीडिया से बातचीत करते हुए निखिल ने कहा कि हम धर्मस्थल जा रहे हैं। लेकिन यह एक गैर-राजनीतिक यात्रा है। भगवान मंजूनाथ स्वामी और अनप्पा स्वामी के कई भक्त इसमें भाग ले रहे हैं। उन्होंने धर्मस्थल और उसके आसपास के घटनाक्रमों को लेकर 'अटकलबाजी' पर चिंता व्यक्त की और कहा कि इस मामले का समाधान केवल एनआईए के पास ही है।

उन्होंने अपनी बात पर बल देते हुए कहा कि अगर इसे किसी निष्कर्ष पर पहुंचाना है तो एनआईए को जांच करनी होगी। तभी असली सच्चाई सामने आएगी। उन्होंने कहा कि उनकी आस्था अटूट है और कोई भी इसे उनसे नहीं छीन सकता। निखिल ने यह भी आरोप लगाया कि अशांति को बढ़ावा देने में अंतरराष्ट्रीय फंडिंग एजेंसी और बड़े संगठन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसमें स्थानीय तत्वों की छोटी-मोटी भूमिका हो सकती है लेकिन इसके पीछे एक बड़ा संगठन है, जिसे अंतरराष्ट्रीय धन प्राप्त है। एनआईए के हस्तक्षेप से इसे तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाना होगा। उन्होंने दावा किया कि उपमुख्यमंत्री और कई कांग्रेस विधायकों को इस घटनाक्रम की जानकारी थी। हालांकि उन्होंने इसके समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया।

## बिहार में अकेले विधानमसभा चुनाव लड़ेगी बसपा : मायावती



■ बसपा पदाधिकारियों को दिए विशेष निर्देश

**लखनऊ,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव को लेकर पिछले दो दिन तक चली समीक्षा बैठक में उम्मीदवारों के चयन सहित पार्टी के हर स्तर की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसकी जानकारी सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने यह ऐलान किया।

मायावती ने कहा कि बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को कमियों को दूर करके पूरी मुस्तैदी व तन, मन, धन से आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें अगले महीने के प्रारंभ से शुरू होने वाले पार्टी की यात्रा व जनसभा आदि कार्यक्रमों के सम्बंध में विशेष ज़िम्मेदारी भी सौंपी गई है। सभी कार्यक्रम उनके दिशा निर्देशन में होने के साथ ही इसकी जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द व केंद्रीय कोआर्डिनेटर व राज्यसभा सांसद रामजी गौतम तथा बीएसपी बिहार स्टेट यूनिट को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि बिहार एक बड़ा राज्य है और इसीलिए वहां की ताजा जरूरतों को देखते हुए राज्य की सभी विस सीटों को तीन जोन में बांट कर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग-अलग से उसकी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला भी बैठक में लिया गया। बिहार में पार्टी की अपनी तैयारी के साथ-साथ वहां राज्य के तेजी से बदलते हुए राजनीतिक हालात एवं चुनावी समीकरण आदि को देखते हुए पार्टी द्वारा चुनाव में बेहतर रिज़ल्ट लाने का आश्वासन पार्टी के लोगों ने दिया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उड़ीसा और तेलंगाना राज्य में भी पार्टी संगठन की तैयारियों व वहां भी यूपी के पैटर्न पर ज़िला से लेकर पोलिंग बूथ स्तर तक कमेटियों के गठन को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ-साथ पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के मिशनरी कार्यों के लिए दिए गए टारगेट की भी समीक्षा पार्टी प्रमुख द्वारा की गई है।

**सार संक्षेप**

### पुंछ में एके-47 राइफलों के साथ दो गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एके-47 राइफलें बरामद की हैं। अधिकारियों ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान में जलकियां मंडी निवासी तारिक अहमद शेख और चैंबर निवासी रियाज अहमद नामक दो संदिग्धों को असॉल्ट राइफलों के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### जी.वेंकटरमन तमिलनाडु के नए डीजीपी नियुक्त

**चेन्नई।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी जी वेंकटरमन तमिलनाडु के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) होंगे। डीजीपी, प्रशासन रहे वेंकटरमन, मौजूदा डीजीपी शंकर जीवाल के सेवानिवृत्त होने के बाद नए डीजीपी के रुप में कार्यभार संभालेंगे। गृह विभाग की विज्ञप्ति में कहा गया है, शंकर जीवाल के सेवानिवृत्त होने पर वेंकटरमन, तमिलनाडु के पुलिस प्रभारी होंगे। इसमें यह भी कहा गया है कि विनीत देव वानखेड़े, डीजीपी, मुख्यालय को शैलेश कुमार यादव के स्थान पर तमिलनाडु पुलिस आवास निगम लिमिटेड का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। यादव रविवार को सेवानिवृत्त हुए हैं।

### डॉ. मोहन यादव ने शनि मंदिर में की पूजा-अर्चना

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मुरैना जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान ऐंती पर्वत स्थित त्रेतायुगीन शनि मंदिर पहुंचकर तेल अभिषेक कर शनिदेव की विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी उपस्थित थे। पूजा-अर्चना से पूर्व मुख्यमंत्री ने शनिमंदिर के तोरण द्वार का उद्घाटन किया। यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि यह प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है।

### कर्नाटक सरकार की नीतियां जनविरोधी : प्रह्लाद जोशी

**बेंगलुरु।** केंद्र में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि उसकी आर्थिक नीतियां जनविरोधी हैं और बार-बार करों में बढ़ोतरी और कल्याणकारी योजनाओं को अनियमित रूप से लागू करने के कारण नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## मनोज जरांगे की भूख हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। कार्यकर्ता मनोज जरांगे के नेतृत्व में मराठा आरक्षण आंदोलन रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा, क्योंकि राज्य द्वारा नियुक्त सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ पहले दौर की वार्ता विफल रही। जरांगे अपनी मांग पर अड़े रहे कि मराठों को आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए उन्हें कुनबी के रूप में वर्गीकृत किया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब तक सरकार कोई जवाब नहीं देती, तब तक वह अपना आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। इससे पहले पाटिल ने घोषणा की थी कि जब तक राज्य सरकार समुदाय की आरक्षण की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा नहीं करती, तब तक वह पीछे नहीं हटेंगे। इस बीच आजाद मैदान में भारी पुलिस सुरक्षा तैनात की गई है। हमेशा की तरह, पाटिल सुबह जल्दी उठे और अपने कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। एक रिपोर्ट के अनुसार एक उच्च-स्तरीय राज्य प्रतिनिधिमंडल आज आज़ाद मैदान में पाटिल से मिलने वाला है, क्योंकि राधाकृष्णन विखे-पाटिल की अध्यक्षता वाली कैबिनेट उप-समिति की कल देर रात मुंबई स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ बैठक हुई थी। सूत्रों ने बताया कि संभावना है कि राज्य और प्रदर्शनकारी किसी निष्कर्ष पर पहुंचेंगे और इस संबंध में एक सकारात्मक घोषणा की जाएगी।



■ सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ पहले दौर की वार्ता रही विफल

## केरल में अमीबिक मेनिंगोएनसेफेलाइटिस व रैट फीवर को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

■ स्वास्थ्य निगरानी और रोकथाम के उपाय किए गए तेज

**तिरुवनंतपुरम,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। केरल में रैट फीवर से मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग और पंचायतें पूरी तरह अलर्ट हैं। इसी क्रम में रैट फीवर के साथ अमीबिक मेनिंगोएनसेफेलाइटिस की बीमारी को फैलने से रोकने के लिए स्वास्थ्य निगरानी और रोकथाम के उपाय तेज किए गए हैं। केरल में पिछले दिनों करुवथदम भास्करन नाम के एक व्यक्ति की मौत हुई, जबकि दो लोगों का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पेरुवल्लूर में स्वास्थ्य स्थायी समिति ने उन लोगों को डॉक्सीसाइक्लिन टैबलेट वितरित करने का निर्णय लिया है, जो उच्च जोखिम वाले वातावरण जैसे धान के खेतों, कीचड़ भरे क्षेत्रों और जलाशयों में काम करते हैं, जहां चूहों के मूत्र के पानी में मिलने की संभावना है। पंचायत ने मनरेगा मजदूरों, किसानों और पशु पालकों को उच्च जोखिम वाला वर्ग घोषित किया है।



इन लोगों को जागरूक करने के लिए माइक से अनाउंसमेंट करने और नोटिस के जरिए अभियान चलाया जाएगा। लोगों को स्थिर और गंदे जलाशयों से दूर रहने की सलाह दी गई है। सभी कुओं में क्लोरीनेशन किया जाएगा। साथ ही, लोगों को खाना ढक कर रखने और आसपास की सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि चूहों को दूर रखा जा सके। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी और सिरदर्द जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करें। स्वास्थ्य समिति ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि इन मामलों में तुरंत मेडिकल हेल्प जरूरी है। खुद इलाज करने से स्थिति और बिगड़ सकती है। बीमारी और उससे बचने के उपायों को लेकर एक बैठक हुई थी, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी शामिल थे। इस बीच, मूनियूर पंचायत ने अमीबिक मेनिंगोएनसेफेलाइटिस के मामलों की खबरों के बाद स्वास्थ्य चेतावनी घोषित की है। दूषित पानी में पाए जाने वाले अमीबा से होने वाले घातक संक्रमण के कारण स्थानीय स्वास्थ्य समिति ने एहतियाती कदम उठाए।

## समस्तीपुर में राजद नेता के पुत्र की हत्या

**समस्तीपुर,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में समस्तीपुर जिले के सरायरंजन थाना क्षेत्र से पुलिस ने रविवार की सुबह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नगर अध्यक्ष राजू सिंह के बड़े पुत्र संजीव सिंह का शव बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के सरायरंजन निवासी एवं राजद नगर अध्यक्ष राजू सिंह के पुत्र संजीव सिंह कल शाम अपने घर से सरैया बाजार निकला था। आज सुबह जब ग्रामीण टहल रहे थे तभी संजीव सिंह का शव सरैया पुल के पास पाया गया।अपराधियों ने तेज हथियार से उसकी हत्या कर दी है।

## पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर लोगों को किया जा रहा गुमराह : केटीआर



■ मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को दी चुनौती

**हैदराबाद,** 31 अगस्त (वार्ता) भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने रविवार को तेलंगाना विधानसभा में कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और उस पर पिछड़ा वर्ग (बीसी) आरक्षण के मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। पंचायत राज संशोधन विधेयक पर बहस में भाग लेते हुए केटीआर ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को चुनौती दी कि वे पिछड़ा वर्ग विधेयक पारित होने तक दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठकर अपनी ईमानदारी का परिचय दें। यह नियुक्तियां मांगने का नहीं, बल्कि समर्पण दिखाने का मामला है। तेलंगाना आंदोलन से तुलना करते हुए केटीआर ने कहा, जिस तरह केसीआर दिल्ली गए और घोषणा की कि वे तेलंगाना हासिल किए बिना वापस नहीं लौटेंगे, उसी तरह मुख्यमंत्री को भी पिछड़ा वर्ग विधेयक पारित होने तक दिल्ली में ही रहना चाहिए। सरकार को इसी तरह की प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस और भाजपा वाकई गंभीर हैं, तो उन्हें संसद में एक संविधान संशोधन लाना चाहिए। तभी पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण स्थायी रूप से सुनिश्चित हो सकता है। पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के सरकार के कदम के लिए बीआरएस के समर्थन को दोहराते हुए, केटीआर ने कानून में खामियों के प्रति आगाह किया।

उन्होंने कहा कि घोषणाएं पर्याप्त नहीं हैं, समर्पण ही मायने रखता है।


**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई - 400069

**महासमुंद शाखा:** दूसरी मंजिल, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साइड में, रायपूर रोड, जिला महासमुंद - 493445 (छत्तीसगढ़)

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ / प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ) / प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ) / प्रतिभूतिकर्ता(ओ) (शाखा का नाम) | धरोहर संपति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 17810000022/ महासमुंद शाखा) फूलसिंह बरिहा (ऋणी), शोभा बरिहा (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, ग्राम शंकरा पटवारी हल्का नंबर 45 आर एन एम शंकरा खसरा नंबर 552 48 तहसील पिथोरा जिला महासमुंद - 493445 छत्तीसगढ़ **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- युवराज नायक की भूमि, पश्चिम- रोड़, उत्तर- प्रमोद प्रधान का मकान, दक्षिण- कमल कुमार की भूमि | 12-05-2025 & ₹ 17,07,799/- | 29-08-2025 |

**स्थान : छत्तीसगढ़**
**दिनांक : 01-09-2025**

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड



ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

**आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय :** इंडियन रेयन कम्पाउण्ड, वेरावाल, गुजरात – 362 266
**कार्पोरेट कार्यालय :** कमरा नंबर 401, चतुर्थ तल, कैमेक स्क्वायर, 24, कैमेक स्ट्रीट, कोलकाता–700016

**धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

आपके द्वारा वर्ष 2024 में प्राप्त सभी ऋण सुविधाएं अब आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (इसमें आगे "एबीसीएल" कही गई है) को हस्तांतरित कर दी गई हैं और इसलिए, एबीसीएल द्वारा आपको यह सूचना जारी की जा रही है। आप, नीचे उल्लिखित कर्जदार ने तालिका में वर्णित सम्पत्ति बंधक रखकर ऋण लिया है और आप, निम्नवर्णितगण ऋण अनुबंध के लिए कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता हैं। आपके द्वारा की गई चूकों के फलस्वरूप, आपका ऋण खाता वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफासी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत 03–08–2025 को अनार्जक आस्ति की श्रेणी में सूचीबद्ध किया जा चुका है। हम, आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड ने आपके द्वारा दिए गए पते पर सरफासी अधिनियम की प्रतिभूति 13(13) के साथ धारा 13(2) के तहत मांग सूचना जारी की थी। उक्त सूचना की विषयवस्तु यह है कि आपने आपको दिए गए ऋणों के भुगतान में चूक की है। इसलिए, सरफासी अधिनियम की धारा 13(2) के प्रावधान और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधानों के अनुसार, यह प्रकाशन उक्त सूचना की तामील के लिए किया गया है :

| ऋण खाता सं. : कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) एवं बंधकदाता(ओं) का नाम एवं पता | प्रवर्तित की जाने वाली प्रतिभूति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| **ऋण खाता संख्या : ABRAILAP000000861346** **1. मैसर्स एस.ए. कंस्ट्रक्शन, इसके स्वामी के माध्यम से ("कर्जदार") 2. श्री अजय एरन, पुत्र श्री उद्धव एरन, ("सह–कर्जदार") 3. सुश्री संगीता एरन पुत्री श्री हरिबाबू कैलाश भारती ("सह–कर्जदार") उपरोक्त सभी का पता :** I. फ्लैट नंबर 102, 102/सी–3–सी, गोल्डन टावर, पानी टंकी के पास, ग्राम–अमलीडीह, रायपुर, सी.जी–492001 II. मकान नंबर 265, ब्लॉक नंबर 12, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, कचना रोड, खमरडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़– 492001 III. "नेताम हाउस", रामेश्वर नगर, भानपुरी, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन – 492001. अन्य पता : ईमेल : ajay.aran@yahoo.in, mdgritr@gmail.com ....... (उपर्युक्त सभी सामूहिक रूप से "कर्जदार" एवं "सह–कर्जदार" कहे गए हैं) | **सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड :** फ्लैट नंबर 102, ब्लॉक नंबर सी–3–सी, जो मैसर्स अमीसा इन स्काई क्रिएशन के "गोल्डन टॉवर (न्यू)" में प्रथम तल पर स्थित है, क्षेत्रफल 684 वर्ग फीट और ऊंचाई 10 फीट, जो विक्रेता के स्वामित्व और कब्जे में परिवर्तित भूमि है और जिसका खसरा नंबर 169/4, 175/3, 191/19 है, जो कुल 1,58,123 वर्ग फीट यानी, 14,697 वर्ग मीटर में फैला है, ग्राम अमलीडीह, पीएच नंबर 114/45, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड नंबर 46, आरएनएम रायपुर–2, तहसील और जिला रायपुर में स्थित, उक्त भूमि पर मैसर्स अमीसा इन स्काई क्रिएशन द्वारा आवासीय भवन का निर्माण किया गया है। यह एक कॉलम सिस्टम, आर.सी.सी. छत और टाइल वाले फर्श के साथ बनाया गया है। यह नगर निगम सीमा के भीतर, ग्राम अमलीडीह, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है। उक्त संपत्ति अमलीडीह को देवपुरी से जोड़ने वाली मुख्य सड़क से 600 मीटर अंदर स्थित है। संपत्ति संलग्न मानचित्र में लाल रंग से दर्शाई गई है। बेची गई भूमि की सीमाएं निम्नानुसा हैं : उत्तर: फ्लैट नंबर 103, सी–2–बी, दक्षिण: रास्ता और फ्लैट नंबर 103, पूर्व: खुला क्षेत्र, पश्चिम: फ्लैट नंबर 101 | 21.08.2025 | रु. 25,39,705. 14/– (रूपये पच्चीस लाख उन्तालीस हजार सात सौ पांच और पैसे चौदह मात्र) 13–08–2025 तक बकाया मूलधन, पिछली बकाया राशि (उद्भूत विलम्ब शुल्क सहित) और ब्याज के रूप में |

आपसे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के भीतर **आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड** को ब्याज और लागत सहित उपरोक्त राशि चुकाने की मांग की जाती है। जिसमें असफल रहने पर, **आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड** कर्जदारों, सह–कर्जदारों, बंधकदाताओं और गारंटरों की प्रतिभूत आस्तियां कब्जे में लेने सहित सभी या किसी एक या अधिक प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करेगी। उक्त अधिनियम के तहत आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड को उपलब्ध शक्ति में शामिल हैं (ए) कर्जदारों की प्रतिभूत आस्तियां कब्जे में लेना, जिसमें प्रतिभूत आस्ति के नकदीकरण के लिए पट्टा, बिक्री के समनुदेशन के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है (बी) प्रतिभूत आस्ति के नकदीकरण के लिए पट्टा, बिक्री समनुदेशन के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकार सहित कर्जदार के प्रबंधन व्यवसाय का अधिग्रहण ; ग) किसी भी समय लिखित सूचना द्वारा किसी भी व्यक्ति को, जिसने कर्जदार से कोई भी प्रतिभूत आस्ति अर्जित की है और जिससे कर्जदार को कोई धनराशि देय है या हो सकती है, प्रतिभूत ऋणदाता को उतनी राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य कर सकते हैं, जितनी प्रतिभूत ऋण चुकाने के लिए पर्याप्त हो। उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको **आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड** की पूर्व सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा (आपके व्यवसाय के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी प्रतिभूत आस्ति को, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है और **आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड** को बंधक/बंधक रखा गया है, हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

**स्थान : रायपुर**
**दिनांक: 01/09/2025**

प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित,
आदित्य बिड़ला केपिटललिमिटेड



**ई–नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज-4, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा) तथा **शाखा कार्यालय:– 'प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001'** के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे 'अधिनियम' कहा गया है) के तहत। जबकि आईआईएफएल – एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ('एओ') ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल – एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए 'जैसी है जहां है एवं जैसी है जो है आधार' पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट:www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर/कानूनी वारिस | मांग सूचना तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूति आस्ति का वर्णन | सांकेतिक कब्जा की तिथि | सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री श्री नारायण 2. श्रीमती खुशबू दुबे (प्रॉस्पेक्ट नंबर 864794) | 03 फरवरी, 2021 रू. 2,70,231/- (रूपए दो लाख सत्तर हजार दो सौ इकतीस मात्र) ------------- बोली वृद्धि राशि रू. 20,000/- (रूपए बीस हजार मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड: सम्पत्ति रायपुर विकास प्राधिकरण, परिमाप 550 वर्ग फीट, नगर विकास योजना -04, इंद्रप्रस्थ रायपुरा योजना फेज-2, ईडब्ल्यूएस 1 बीएचके, जनरल कैटेगिरी, ब्लॉक नंबर ई, फ्लैट नंबर 810, आठवां तल, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 | 16-06-2021 | रू. 2,03,000/- (रूपए दो लाख तीन हजार मात्र) |
| | | | 29-08-2025 तक कुल बकाया राशि रू. 3,84,835/- (रूपए तीन लाख चौरासी हजार आठ सौ पैंतीस मात्र) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रू. 20,300/- (रूपए बीस हजार तीन सौ मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अंतिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 15-09-2025 1100 बजे-1400 बजे | 17-09-2025 अप. 5 बजे तक | 19-09-2025 1100 बजे-1300 बजे |

**भुगतान की विधि:** ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन विधि से करने होंगे। भुगतान करने के लिए आप www.iiflonehome.com पर जाएं और केवल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करें। नोट: हर सम्पत्ति के लिए एक अलग भुगतान लिंक है। आप सुनिश्चित करें कि आप उस सम्पत्ति का लिंक उपयोग कर रहे हैं, जिसको आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष भुगतान के लिए – लॉगइन https://www.iiflonehome.com>My Bid>Pay Balance Amount

**महत्वपूर्ण सूचना:** यह नीलामी सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के माध्यम से कब्जा के आधार पर प्रकाशित की जा रही है। भौतिक कब्जा, सरफासी ऐक्ट के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धारा 14 के तहत प्राप्त करने के बाद तथा जब और जैसे ही भौतिक कब्जा लिया जाएगा, सौंपा जाएगा । बोलीदाता को नीलामी कार्यवाही में भाग लेने से पहले दस्तावेजों और कानूनी तथ्यों की आवश्यक सतर्कता-जांच कर लेनी चाहिए।

**नियम और शर्तें–**

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना 'निविदा फार्म' ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम 'बोली वृद्धि राशि' में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वत: 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. खरीदार को बिक्री राशि के भुगतान/सौदे हेतु लागू टीडीएस अदा करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट आईआईएफएल एचएफएल में प्रस्तुत करना होगा।
6. बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखने की सलाह दी जाती है।
7. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई-नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई-मेल आईडी: care@iiflone-home.com सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर: @1800 2672 499 पर सम्पर्क करें।
8. किसी सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति निरीक्षण और ऑनलाइन बिड इत्यादि के संबंध में पूछताछ के लिए आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर सोमवार से शुक्रवार के बीच 09.30 बजे से 18.00 बजे तक कॉल करें अथवा ई-मेल: care@iiflone-home.com को मेल लिखें।
9. एतद्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
10. एतद्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
12. एओ का बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा ।

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 9 ( 1 ) के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का नोटिस**

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चो के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

**स्थान: रायपुर, तिथि: 01-09-2025** **हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड**

### गुरु रंधावा ने बाढ़ पीड़ितों के लिए बढ़ाया मदद का हाथ

**चंडीगढ़।** पंजाब इन दिनों भयंकर बाढ़ की मार झेल रहा है। नदियों के उफान और लगातार बारिश ने कई जिलों के हालात बिगाड़ दिए हैं। सैकड़ों गांव पानी में डूब चुके हैं, लोगों के घर उजड़ गए हैं, फसलें तबाह हो गई हैं, और जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। इस मुश्किल घड़ी में जहां सरकार और राहत टीमें काम कर रही हैं, वहीं समाज के कुछ संवेदनशील लोग भी अपने स्तर पर मदद के लिए आगे आ रहे हैं। इन्हीं में से एक हैं मशहूर पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा, जिन्होंने न सिर्फ मदद पहुंचाई, बल्कि सोशल मीडिया के जरिए और लोगों को भी मदद करने के लिए प्रेरित किया। गुरु रंधावा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ वीडियो पोस्ट किए हैं, जिसमें उनकी टीम बाढ़ प्रभावित इलाकों में पानी की बोतलें और जरूरी सामान लेकर जाती दिखाई दे रही है।

# फूड प्वॉइजनिंग से लेकर टाइफाइड तक फैला सकते हैं 'तिलचट्टे'

**■ दुनियाभर में लगभग 60 करोड़ लोग फूड प्वॉइजनिंग जैसे रोगों का शिकार ■ पाचन तंत्र की परेशानी जानलेवा बीमारियों का कारण**

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। बारिश का मौसम आते ही ठंडक और राहत तो मिलती है, लेकिन साथ ही कुछ परेशानियां भी बढ़ जाती हैं। इन्हीं परेशानियों में से एक है घर में तिलचट्टों यानि कॉकरोचों का दिखना। बारिश के दिनों में अक्सर देखा जाता है कि रसोईघर, बाथरूम और नाली के आसपास कॉकरोच घूमते नजर आते हैं। ये कहीं न कहीं आपकी सेहत को भी चुपचाप नुकसान पहुंचा सकते हैं।

वैज्ञानिक अध्ययन की माने तो कॉकरोचों की वजह से पेट से जुड़ी दिक्कतें, फूड प्वॉइजनिंग, टाइफाइड और एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। दरअसल, इनकी आंतों में एक बैक्टीरिया पाया जाता है जिसे स्यूडोमोनास एरुगिनोसा कहा जाता है। ये बैक्टीरिया इंसानों में पेशाब की नली में संक्रमण, पाचन तंत्र की परेशानी और कभी-कभी खून में संक्रमण जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकता है।

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कॉकरोच के जरिए खाने-पीने की चीजों में बैक्टीरिया आते हैं, जिससे फूड-बॉर्न बीमारियां होती हैं। वहीं, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन का कहना है कि हर साल दुनियाभर में लगभग 60 करोड़ लोग ऐसे रोगों का शिकार होते हैं और इनमें से 4 लाख 20 हजार लोगों की मौत भी हो जाती है।

**कॉकरोच की परेशानियों का समाधान रसोईघर में**

**नीम :** नीम को आयुर्वेद में चमत्कारी माना गया है। नीम के पत्तों का तेल या उसका पाउडर उन जगहों पर डालें जहां कॉकरोच छिपते हैं, जैसे कि रसोई की अलमारियां, सिंक के किनारे, या फिर बाथरूम के कोने। नीम की तेज महक कॉकरोचों को वहां से भागने पर मजबूर कर देती है।

**बेकिंग सोडा :** ये एक आसान और सस्ता तरीका है, जो हर घर में मिल जाता है। बेकिंग सोडा में जब चीनी मिलाकर जगह-जगह रखा जाता है, तो कॉकरोच उसे खाने के लिए आते हैं। लेकिन चीनी के साथ मिला बेकिंग सोडा उनके पेट में जाकर गैस बनाता है और उन्हें मार देता है। धीरे-धीरे ये उपाय पूरे घर से कॉकरोच खत्म कर देता है।

**तेजपत्ता :** यह एक अच्छा विकल्प हो सकता है। तेजपत्ते को पीसकर पाउडर बना लें या फिर पानी में उबालकर उसका स्प्रे तैयार करें। इस पानी को उन जगहों पर छिड़कें जहां कॉकरोच दिखते हैं। इसकी खुशबू उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं होती।

**लौंग :** लौंग की तेज खुशबू न सिर्फ कॉकरोचों बल्कि कई कीड़ों को दूर रखने में मदद करती है। आप बस कुछ लौंग रसोई के कोनों में, अलमारियों में या फिर सिंक के आसपास रख दीजिए। यह तरीका भी काफी हद तक कारगर साबित होता है।



## वैज्ञानिकों के अध्ययन में चौकाने वाला खुलासा

# मोटी गर्दन नींद संबंधी बीमारियों का संकेत

**■ अच्छी सेहत के लिए नेक साइज पर ध्यान देना जरूरी**
**■ पुरुषों के लिए 38 सेमी से कम व महिलाओं के लिए 35 सेमी से कम होनी चाहिए**

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। वेस्ट लाइन ही नहीं अगर आप अच्छी सेहत चाहते हैं तो नेक साइज पर भी ध्यान देना जरूरी है। एक स्टडी इस पर मुहर लगाती है। जिसके मुताबिक गर्दन का आकार भी हृदय रोग, मधुमेह और नींद संबंधी विकारों को लेकर आपको चेताता है।

अध्ययन में एक चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया है। मोटी गर्दन हेल्दी बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) वाले लोगों के लिए भी परेशानी का सबब बन सकती है। वजह बीएमआई की कुछ सीमाएं हैं। उदाहरण के लिए, यह मांसपेशियों और फैट्स में अंतर नहीं कर सकता, न ही यह बताता है कि शरीर में फैट कहां जमा है। किंग्स्टन विश्वविद्यालय के डॉ. अहमद एल्बेदीवी और डॉ. नादिन वेहिदा ने द कन्वर्सेशन में विभिन्न रिसर्च के आधार पर एक लेख लिखा है। उन्होंने लिखा कि एक प्रतिस्पर्धी बॉडीबिल्डर का बीएमआई ऊंचा हो सकता है, लेकिन वह स्पष्ट रूप से मोटापे से ग्रस्त नहीं है।

गर्दन की गोलाई यानी गर्दन के चारों ओर की माप, जो आमतौर पर इंच या सेंटीमीटर में ली जाती है, शरीर में फैट के जमाव, विशेषकर ऊपरी शरीर में जमा वसा, का संकेत देती है। रिसर्च के मुताबिक मोटी गर्दन हृदय रोग, नींद संबंधी बीमारियों और डायबिटिज का संकेत देती है। शोध में पाया गया है कि जिन लोगों की गर्दन ज्यादा मोटी होती है, उनमें हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल और दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।शोधकर्ताओं ने ये भी कहा है कि हर व्यक्ति के लिए इसका माप अलग-अलग हो सकता है, लेकिन सामान्य रूप से पुरुषों के लिए 38 से.मी. से कम (लगभग 15 इंच) और महिलाओं के लिए 35 से.मी. या उससे कम (लगभग 13.8 इंच) होना चाहिए। यदि आपकी गर्दन की माप इससे अधिक है, तो यह संकेत हो सकता है कि शरीर में फैट असंतुलित रूप से जमा हो रहा है। 2022 में, शोधकर्ताओं ने मोटी गर्दन को एट्रियल फिब्रिलेशन से जोड़ा। यह एक ऐसी स्थिति है जो अनियमित दिल की धड़कन का कारण होती है। इससे थकान बढ़ती है, स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है, रक्त के थक्के जमते हैं, और हृदय गति रुकने से मौत भी हो सकती है। तो सवाल यही है कि इससे बचाव कैसे हो। तरीका सरल है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और अच्छा खाएं। नियमित व्यायाम करें, विशेषकर कार्डियो और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग पर ध्यान दें।



# 'द बंगाल फाइल्स' में दंगे का फिल्मांकन चुनौती से कम नहीं था : पल्लवी जोशी



**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। मशहूर फिल्ममेकर विवेक रंजन अग्निहोत्री की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में अभिनेत्री पल्लवी जोशी भी अहम किरदार में दिखाई देंगी। 'द बंगाल फाइल्स' 16 अगस्त 1946 को कोलकाता में हुए 'डायरेक्ट एक्शन डे' की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कोलकाता में इस दिन हुए दंगों में हजारों लोग मारे गए थे, इसके बाद आस-पास के राज्यों में दंगे भड़क गए थे। रिलीज से पहले, पल्लवी जोशी ने आईएएनएस को बताया कि दंगों वाले दृश्य का फिल्मांकन किसी चुनौती से कम नहीं था। जोशी ने बताया कि हमने सुना है कि हजारों लोग मारे गए थे, लेकिन उन्हें इतनी बड़ी संख्या में दिखाना वाकई में बहुत बड़ी चुनौती थी, इसे दिखाना बहुत जरूरी था। हमारे पास ढेरों डमी बॉडी थीं, लेकिन फिर कई अभिनेता और एक्स्ट्रा भी थे जो शव की भूमिका में थे। उन्हें काला करना पड़ा, और फिर उन पर बाल्टी भरकर नकली खून डाला गया। हम तकनीकी रूप से अभी भी सब कुछ सही कर रहे हैं, मगर फिर भी ये सोचते रहते थे कि यह जख्म असली लग रहा है या नहीं। हमने इसे असली बनाने में पूरी ताकत झोंक दी। उन्होंने आगे बताया कि वे सभी तस्वीरें/सीन जब याद आती हैं, वे आपको परेशान करते हैं, डराते हैं क्योंकि आपको एहसास होता है कि आपने जो कुछ भी शूट किया है, यह सब वास्तव में लोगों के साथ हुआ है।

# हवा में मौजूद सल्फेट से अस्थमा का खतरा बढ़ा

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। बढ़ते प्रदूषण के चलते आज के समय में साफ और स्वच्छ हवा की अहमियत काफी बढ़ गई है। सांस लेते समय हवा में मौजूद कई तरह के छोटे-छोटे कण और रसायन हमारे फेफड़ों में पहुंच जाते हैं। इनमें से कुछ कण हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं, खासकर उन लोगों के लिए जिनको अस्थमा जैसी बीमारी है। अस्थमा में फेफड़े सूज जाते हैं और सांस लेने में बड़ी मुश्किल होती है। इस बीच एक नए अध्ययन में साबित हुआ है कि हवा में मौजूद कुछ खास धातु और रसायन अस्थमा को बढ़ा सकते हैं और इसके चलते लोगों को अस्पताल तक जाना पड़ सकता है।

यह अध्ययन हार्वर्ड विश्वविद्यालय के टी. एच. चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रोफेसर जोएल श्वार्ट्ज और उनकी टीम ने किया है। उन्होंने हवा में मौजूद निकेल, वैनेडियम और सल्फेट जैसे प्रदूषकों का अस्थमा पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण किया। शोध में पाया गया कि जब हवा में इन प्रदूषकों की मात्रा थोड़ी भी बढ़ जाती है, तो बच्चों में अस्थमा के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या करीब 10.6 प्रतिशत बढ़ जाती है। वहीं, 19 से 64 साल के वयस्कों में यह बढ़ोत्तरी करीब आठ प्रतिशत देखी गई है। शोध में बताया गया है कि निकेल और वैनेडियम मुख्य रूप से ईंधन तेल के जलने से निकलते हैं, जबकि सल्फेट कोयले के जलने से बनता है। इसके अलावा, नाइट्रेट, ब्रोमीन और अमोनियम जैसे रसायन भी अस्थमा को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। शोध में शामिल प्रोफेसर श्वार्ट्ज ने कहा कि अगर हम अस्थमा की समस्या को कम करना चाहते हैं, तो हमें इन प्रदूषकों के स्रोतों पर कड़ी नजर रखनी होगी। उदाहरण के तौर पर, कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों में स्क्रबर लगाकर सल्फेट के कणों को कम किया जा सकता है। इसके अलावा, ईंधन तेल से निकलने वाली धातुओं को हटाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल जरूरी है। इस अध्ययन में मशीन लर्निंग जैसे कंप्यूटर एल्गोरिदम की मदद से हवा में मौजूद विभिन्न तत्वों की पहचान की गई है। टीम ने हवा में पाए जाने वाले ब्रोमीन, कैल्शियम, तांबा, लौह, पोटैशियम, अमोनियम, निकल, नाइट्रेट, आर्गेनिक कार्बन, सीसा, सिलिका, सल्फेट, वैनेडियम और जस्ता जैसे कई तत्वों को जांचा। ये सभी छोटे-छोटे कण हवा में मिलकर पीएम 2.5 के रूप में जाने जाते हैं, जो इतना सूक्ष्म होता है कि सीधे फेफड़ों में जाकर उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है। अस्थमा के मरीजों के लिए सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।



**सांस लेने में दिक्कत, सीने में भारीपन, खांसी अस्थमा के लक्षण**

# सलीम-सुलेमान ने उस्ताद जाकिर हुसैन को समर्पित किया 'श्रृंगार'

**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। मशहूर संगीत जोड़ी सलीम-सुलेमान अपना नया गाना 'श्रृंगार' लेकर आ रही है। यह बहुत जल्द ही रिलीज होने वाला है। जिसे उन्होंने मशहूर तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन को समर्पित किया है। गीत का प्रोमो सलीम मर्चेंट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 'भूमि 2025' एल्बम का नया गाना 'श्रृंगार' सोमवार को रिलीज होगा। जल्द ही इसे अधिकतर ऑडियो प्लेटफॉर्म पर सुना जा सकेगा।




गायिका-गीतकार श्रद्धा पंडित ने इसे लिखा है। 'श्रृंगार' एक क्लासिकल पॉप सॉन्ग है। इस गाने को गायक शंकर महादेवन ने अपनी आवाज दी है और रचना सलीम-सुलेमान ने की है।

संगीतकार जोड़ी के अनुसार ये उनकी ओर से दिवंगत तबला वादक जाकिर हुसैन को भावभीनी श्रद्धांजलि है। सलीम-सुलेमान उस्ताद जाकिर हुसैन साहब और शंकर महादेवन के साथ मिलकर एक गाना बनाना चाहते थे, लेकिन ऐसा हो न सका। गाने के बारे में बात करते हुए सलीम मर्चेंट ने कहा कि जाकिर भाई और शंकर भाई के साथ इस गीत को बनाने का विचार पिछले साल अक्टूबर के अंत में आया।

# जावेद अख्तर को रफी साहब के लिए गीत न लिख पाने का मलाल

**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई में शनिवार को रूह-ए-रफी कार्यक्रम में महान गायक मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि दी गई। मोहम्मद रफी की स्मृति में इस कार्यक्रम का आयोजन प्रसिद्ध संगीतकार और लेखक राजेश धाबरे ने किया था। मंच पर कई नामचीन शख्सियतें शामिल थीं, जिन्होंने रफी को लेकर अपने विचार रखे। जावेद अख्तर ने अपनी दिली ख्वाहिश का इजहार किया, तो अभिनेता जितेंद्र ने उस दौर के नगीनों को याद किया। गीतकार और पद्मश्री पुरस्कार विजेता जावेद अख्तर और वेटरन एक्टर जितेंद्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। यहां जावेद अख्तर ने कहा कि रफी साहब के लिए लिखने का सपना अधूरा रह गया। कार्यक्रम के बाद जितेंद्र और जावेद साहब ने मीडिया से बात की। यहां जावेद अख्तर ने कहा कि एक सभ्य समाज कलाकारों को याद करता है और उन्हें सम्मान देता है। रफी साहब की आवाज पहले ही लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुकी है। इसे आज भी वही पहचान मिल रही है। मुझे इस बात की खुशी है।



अपने पसंदीदा रफी गीतों के बारे में पूछे जाने पर गीतकार ने कहा कि वैसे तो उनके सारे ही गाने जावेद को पसंद हैं, मगर जोर दिए जाने पर 'जाग दिल-ए-दीवाना', 'मेरी दुनिया में तुम आई', 'साथी न कोई मंजिल', और 'हुई शाम उनका ख्याल आ गया' जैसे प्रसिद्ध गानों का नाम लिया।

जावेद अख्तर ने आगे कहा कि यह मेरी बदकिस्मती थी कि मैंने उनके जीवित रहते गीत लिखना शुरू नहीं किया। मैं इंडस्ट्री में एक पटकथा लेखक के तौर पर था। अब भी मेरे दिल में यही तमन्ना है कि काश रफी साहब मेरा गाना गाते। वहीं फिल्म अभिनेता जितेंद्र ने भी रफी को लेकर अपने विचार साझा किए।

# प्रेम सागर को रामायण के 'राम' ने किया याद

**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। मशहूर फिल्म निर्माता रामानंद सागर के पुत्र और निर्माता शिवसागर के पिता प्रेम सागर के निधन पर रामायण के राम-लक्ष्मण ने दुख जताया है। सांसद अरुण गोविल ने उनके योगदान को याद किया तो सुनील लहरी ने इसे चौंकाने वाली खबर बताया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, मगर उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता ही जा रहा था, इसलिए डॉक्टर ने प्रेम सागर के परिवार वालों को घर ले जाने की सलाह दी थी।



रामायण में लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता सुनील लहरी ने एक्स पर लिखा, यह बेहद चौंकाने वाली खबर है कि हमने रामायण के रामानंद सागर जी के पुत्र प्रेम सागर जी को खो दिया। ओम शांति।

अभिनेता अरुण गोविल ने प्रेम सागर के निधन पर शोक व्यक्त किया और लिखा कि स्वर्गीय श्री रामानंद सागर के पुत्र और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता श्री प्रेम सागर, जिन्होंने रामायण टीवी धारावाहिक के रूप में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भगवान श्री राम की गरिमा, आदर्शों और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाया, उनके निधन का समाचार मिलना अत्यंत दुखद है। मैं प्रभु श्री राम से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# गर्मी में तन और मन को राहत देगा शीतली प्राणायाम

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। तेज धूप, उमस और बढ़ती गर्मी से शरीर में थकान, चिड़चिड़ापन और बेचैनी जैसी समस्याएं आम हैं। ऐसे में भारत सरकार का आयुष मंत्रालय समय-समय पर योग और प्राणायाम के जरिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करता रहा है। सोशल मीडिया पेज पर शीतली प्राणायाम को लेकर पोस्ट साझा किया, जिसमें इस खास प्राणायाम को करने का तरीका और इसके फायदे बताए गए हैं।

शीतली प्राणायाम एक ऐसा श्वास अभ्यास है जो शारीरिक उष्णता को कम करने में मदद करता है। गर्मियों में अक्सर शरीर का तापमान बढ़ने लगता है, जिससे व्यक्ति को सिरदर्द, चक्कर आना, थकावट और अत्यधिक पसीने की समस्या हो सकती है। शीतली प्राणायाम में जब हम जीभ को नली की तरह मोड़कर मुंह से ठंडी हवा अंदर खींचते हैं और फिर नाक से धीरे-धीरे बाहर निकालते हैं, तो यह प्रक्रिया शरीर को अंदर से ठंडक देती है। यह गर्मी से राहत दिलाने का एक प्राकृतिक तरीका है।

इस प्राणायाम का अभ्यास हाई ब्लड प्रेशर वालों के लिए भी बहुत लाभकारी माना गया है। जब हमारा मन तनाव में होता है या शरीर में गर्मी अधिक होती है, तो ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। शीतली प्राणायाम के जरिए जब हम धीरे-धीरे और गहरी सांस लेते हैं, तो हमारा नाड़ी तंत्र शांत होता है और दिल की धड़कन सामान्य हो जाती है। इससे ब्लड प्रेशर कंट्रोल में आने लगता है।

आजकल कई लोग पेट से जुड़ी परेशानियों जैसे बदहजमी, जलन और खट्टी डकारों से परेशान रहते हैं। खासकर गर्मी के दिनों में पित्त बढ़ने की वजह से यह समस्याएं और अधिक हो जाती हैं। आयुर्वेद के अनुसार शरीर में पित्त बढ़ने पर पेट में गर्मी और जलन जैसी शिकायतें होती हैं। शीतली प्राणायाम पेट की इस गर्मी को कम करता है। जब शरीर में ठंडक पहुंचती है, तो पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है और अपच, गैस और एसिडिटी जैसी दिक्कतें दूर होती हैं। इस प्राणायाम का एक और बड़ा फायदा त्वचा और आंखों की सेहत पर भी देखने को मिलता है। गर्मियों में धूप के कारण त्वचा पर रैशेज, दाने या जलन हो सकती है, वहीं आंखों में जलन या लालिमा जैसी दिक्कत भी आम हो जाती है। जब हम रोजाना शीतली प्राणायाम करते हैं, तो शरीर के तापमान के साथ-साथ यह त्वचा की कोशिकाओं को भी ठंडक देता है। इससे त्वचा में निखार आता है और आंखों में थकावट या जलन की समस्या दूर होती है।

शीतली प्राणायाम मानसिक शांति देने वाला अभ्यास भी है।

गर्मी के कारण अक्सर मन चिड़चिड़ा हो जाता है, नींद ठीक से नहीं आती और दिमाग बेचैन रहता है। जब हम गहरी सांस लेते हैं, तो हमारा मन भीतर से शांत होता है। इस प्राणायाम को करने की विधि बताते हुए लिखा कि इसे करने के लिए जीभ को गोल आकार में मोड़ें। फिर मुंह से सांस लें और नाक से धीरे-धीरे छोड़ें।



# राधा अष्टमी का व्रत करने से मिलता है वैवाहिक सुख

**■ खासतौर पर उत्तर भारत में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है राधा अष्टमी का पर्व**
**■ व्रत के दिन केवल फल, दूध, मेवे या पानी लेकर किया जाता है उपवास**

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। राधा अष्टमी का पर्व रविवार को पूरे देश में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन भगवान श्रीकृष्ण की प्रिय राधा रानी के जन्म का प्रतीक है। राधा अष्टमी हर साल भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता है कि राधा जी श्रीकृष्ण की सबसे प्रिय हैं और बिना राधा के कृष्ण की पूजा भी अधूरी मानी जाती है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखते हैं, पूजा करते हैं और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करते हैं। राधा अष्टमी की पूजा में कई परंपराएं निभाई जाती हैं, जिनमें एक खास बात यह है कि राधा रानी को अरबी का भोग चढ़ाया जाता है, जो उन्हें अत्यंत प्रिय माना गया है।

राधा अष्टमी का पर्व खासतौर पर उत्तर भारत में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, खासकर मथुरा, वृंदावन, बरसाना और गोकुल में इसकी भव्यता देखते ही बनती है। इस दिन मंदिरों में झूले सजाए जाते हैं, राधा-कृष्ण की झांकियां निकाली जाती हैं और जगह-जगह भजन-कीर्तन होते हैं। घरों में भी लोग राधा-कृष्ण की पूजा करते हैं और व्रत रखते हैं।



इस व्रत को करने से मनोकामना पूरी होती है, जीवन में सुख-शांति आती है और वैवाहिक जीवन में प्रेम बना रहता है। जो लोग शादी में देरी, दांपत्य जीवन में कलह या संतान से जुड़ी समस्याओं से परेशान हैं, उनके लिए यह व्रत विशेष फलदायी माना गया है। राधा अष्टमी व्रत रखने के लिए सुबह जल्दी उठकर स्नान करना चाहिए और साफ लाल या पीले रंग के वस्त्र पहनने चाहिए। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी का ध्यान करके व्रत का संकल्प लिया जाता है। व्रत के दिन केवल फल, दूध, मेवे या पानी लेकर उपवास किया जाता है। नमक और अनाज से परहेज किया जाता है। साथ ही इस दिन गुस्सा करने, झूठ बोलने, बुरा बोलने या नकारात्मक सोच से दूर रहने की सलाह दी जाती है।

पूजा से पहले घर या पूजा स्थान को गंगाजल से शुद्ध करना चाहिए। फिर राधा रानी और श्रीकृष्ण की मूर्ति या चित्र को किसी पवित्र स्थान पर रखें। सबसे पहले पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल) से उनका अभिषेक करें। इसके बाद उन्हें नए वस्त्र पहनाएं और फूल, चंदन, कुमकुम, रोली, धूप-दीप, माला और श्रृंगार का सामान अर्पित करें।

राधा अष्टमी की पूजा में खास महत्व भोग का होता है। आमतौर पर खीर, माखन-मिश्री, फल, और मिठाई जैसे भोग लगाए जाते हैं, लेकिन राधा रानी को अरबी का भोग विशेष रूप से चढ़ाया जाता है। यह एकमात्र देवी-देवता हैं जिनकी पूजा में अरबी का उपयोग होता है। अरबी एक तरह की सब्जी है, जो कंद मूल होती है। उपवास में अक्सर इसे नहीं खाया जाता, लेकिन राधा अष्टमी पर इसे भोग लगाना शुभ माना गया है। मान्यता है कि राधा रानी को यह भोग अत्यंत प्रिय है और इसे चढ़ाने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। पूजा के दौरान वृषभानुज्यै विधमहे, कृष्णप्रियायै धीमहि, तन्नो राधा प्रचोदयात आदि राधा रानी के मंत्रों का जाप करने से पूजा का फल कई गुना बढ़ जाता है। अगले दिन व्रत का पारण करें, यानी हल्का सात्विक भोजन करके व्रत समाप्त करें।

रायपुर, सोमवार 1 सितम्बर 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# पलटी मारने के उस्ताद मोदी

भारतीय राजनीति में पलटी मारने का अगर कोई रिकार्ड दर्ज होगा, तो निश्चित ही नीतीश कुमार को विजेता घोषित किया जाएगा। क्योंकि वे साल बीतते न बीतते अपने विचारों को बदल कर एक गठबंधन से दूसरे में शामिल हो जाते हैं। लेकिन नरेन्द्र मोदी तो शायद पलटी मारने में नीतीश कुमार का रिकार्ड तोड़ चुके हैं, वो भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर। अमेरिका, चीन, पाकिस्तान, कनाडा, तुर्की इन सारे देशों को लेकर नरेन्द्र मोदी ने जो भी दावे किए, वो सब कुछ ही महीनों में खुद ही खारिज भी कर दिए।

निज्झर हत्याकांड में भारत पर लगे गंभीर आरोपों के बाद कनाडा से भारत के रिश्ते इतने बिगड़ चुके थे कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को निकाल बाहर किया था। वीज़ा रद्द किए जा रहे थे। यहां तक कि जून में हुई जी 7 की बैठक में भी पहले श्री मोदी को विशेष आमंत्रितों में शामिल नहीं किया गया था, लेकिन फिर कनाडा के नए प्रधानमंत्री बने मार्क कार्नी ने फोन किया और श्री मोदी कनाडा चले गए। अब दोनों देशों ने फिर से अपने-अपने राजदूतों की नियुक्ति कर दी है।

तुर्की के साथ भी ऐसा ही यू टर्न प्रधानमंत्री ने लिया है। ऑपरेशन सिंदूर में जानकारी सामने आई थी कि तुर्की ने भारत के खिलाफ जाकर पाकिस्तान की मदद की है, इसके बाद मोदी सरकार ने तुर्की के बहिष्कार की बात कही और श्री मोदी को अंधा समर्थन करने वालों ने तुर्की को कोसना शुरु कर दिया। देश की उन नामचीन हस्तियों को निशाने पर लिया, जिनकी तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयब अर्दोगान से कभी मुलाकात की। लेकिन अब तीन महीने में भारत सरकार ने तुर्की और भारत की कुछ एयरलाइनों के बीच समझौते को हरी झंडी दिखा दी है। यानी बहिष्कार की अवधि तीन महीने भी नहीं रही।

अमेरिका के साथ तो जबरन की नजदीकियां और खासकर डोनाल्ड ट्रंप को प्यारा दोस्त बताकर नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश को किस आफत में डाल दिया है, ये अब वो व्यापारी ही बेहतर बता पाएंगे, जिनके कारोबार टैरिफ के कारण ठप्प हो गए हैं। व्यापार रोकने की धमकी देकर ही ट्रंप ने युद्धविराम करने का दावा किया था। लेकिन नरेन्द्र मोदी न ट्रंप को टैरिफ लगाने से रोक पाए, न युद्धविराम की बात को नाम लेकर खारिज किया, और न ट्रंप की तरफ से भारत के लगातार किए गए अपमान पर कोई जवाब दे पाए। अब श्री मोदी की छवि गढ़ने में लगा मीडिया ये साबित करने की कोशिश कर रहा है कि ट्रंप को झटका देने के लिए श्री मोदी ने तैयारी कर ली है और उनकी मौजूदा चीन यात्रा को भी इससे जोड़ा जा रहा है।

जापान में बुलेट ट्रेन की सवारी के बाद नरेन्द्र मोदी चीन पहुंच गए। इधर बुलेट ट्रेन का सपना दिखाकर श्री मोदी ने हजारों-लाखों लोगों को कहीं बाढ़, कहीं भूस्खलन का शिकार होने के लिए छोड़ दिया है। बहरहाल, रविवार को नरेन्द्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से द्विपक्षीय मुलाक़ात की। सात साल बाद श्री मोदी चीन पहुंचे हैं। उनके पिछले दौरे में दोनों नेताओं ने फिल्मी संगीत का आनंद लिया था। लेकिन उसके बाद गलवान घाटी की झड़प हुई, जिसमें भारत के 20 सैनिक शहीद हुए और न जाने कितनी जमीन चीन के पास जा चुकी है, इसका कोई हिसाब सरकार ने नहीं दिया। क्योंकि नरेन्द्र मोदी ने तो कभी माना ही नहीं कि चीन ने घुसपैठ की है। उनके हिसाब से न कोई आया, न आएगा। लेकिन चीन की घुसपैठ के बारे में लद्दाख के लोग शिकायत करते हैं। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति बहाल नहीं हो पाई है। वहीं चीन ने 2020 के बाद कई बार अरुणाचल प्रदेश के कई इलाक़ों का मंदारिन में नामकरण किया है। चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत कहता है। यानी उसकी तरफ से विस्तारवादी नीति जारी है और इस बीच ऑपरेशन सिंदूर में भी पाकिस्तान को भी चीन ने खुलकर मदद की। श्री मोदी जिस शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइज़ेशन (एससीओ) बैठक के लिए चीन पहुंचे हैं, पाक के प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ भी पहुंचे हैं। शरीफ के स्वागत के लिए बहुत से लोग पहुंचे, जबकि इक्का-दुक्का लोग नरेन्द्र मोदी को लेने पहुंचे। चीन के तियानजिन में शी जिनपिंग से द्विपक्षीय वार्ता में श्री मोदी ने कहा, 'पिछले वर्ष कज़ान में हमारी बहुत ही सार्थक चर्चा हुई थी। हमारे संबंधों को एक सकारात्मक दिशा मिली है। सीमा पर डिसइंगेजमेंट के बाद शांति और स्थिरता का माहौल बना हुआ है। हमारे सहयोग से दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हित जुड़े हुए हैं। परस्पर विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर हम अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं शी जिनपिंग ने कहा, 'हम दोनों दुनिया के सबसे ज़्यादा आबादी वाले देश हैं और ग्लोबल साउथ का हिस्सा हैं। दोस्त बने रहना, अच्छे पड़ोसी होना, ड्रैगन और हाथी का साथ आना बहुत ज़रूरी है।'

अब इन सतही बातों को सच मानकर हम खुश हो लें या फिर इस हकीकत को ध्यान रखें कि चीन भारत से अपनी शर्तों पर दोस्ती बढ़ा रहा है। चीन ने भारत को एलएसी, व्यापार, तिब्बत, रेयर अर्थ पर कोई रियायत नहीं दी है। पाकिस्तान को लेकर कोई वादा नहीं किया है। यह हकीकत है कि तीन महीने पहले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान को मदद दी, जिसमें रियल-टाइम रडार और सैटेलाइट डेटा भी शामिल था। इससे पाक को पलटवार करने का मौका मिला, जिसमें हमारे निर्दोष नागरिक, मासूम बच्चे मारे गए। क्या प्रधानमंत्री इसी को आपसी सम्मान और संवेदनशीलता बता रहे हैं। चीन ने हाल ही में दुनिया का सबसे बड़ा बांध भारत की सीमा के पास बनाने की योजना की पुष्टि की- जो भारत के लिए गंभीर पर्यावरणीय और राष्ट्रीय सुरक्षा के असर लाएगा। चीन के आर्थिक बहिष्कार की सच्चाई भी ये है कि पिछले साल चीन के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार क़रीब 127.7 अरब डॉलर था। यानी जनता से कहा गया कि स्वदेशी अपनाओ, क्योंकि अब तो गणेशजी भी छोटी आंख वाले आते हैं और दूसरी तरफ खरबों रुपयों का कारोबार चीन के साथ करो।

अब बस पाकिस्तान के साथ श्री मोदी कैसी पलटी मारते हैं, ये देखना होगा, क्योंकि एससीओ समिट में शाहबाज शरीफ से भी आमना-सामना होगा।

# राहुल की यात्रा का पहला दौर कामयाब : मगर असली लक्ष्य है बिहार जीतना

वैराहुल की बिहार यात्रा का पहला दौर खतम हो गया। दूसरा दौर जब भी शुरू हो मगर उससे पहले ही वोट चोरी पूरे देश में मुद्दा बन गई। यही इस यात्रा का पहला उद्देश्य था। देश में जगह-जगह वोट चोरी पर चर्चा होने लगी। बिहार का आदमी देश में हर जगह है। वह बता रहा है कि उसके घर गांव में कितने वोट कटे। जो जिन्दा हैं उनके नाम मुर्दों में लिख दिए और जो कई-कई बार वोट डाल चुके हैं उनके नाम ही गायब हैं। 18, 20, 22 साल के युवा जिनका नाम खोज-खोज कर घर-घर जाकर पहले जोड़े जाते थे उनके नाम ही नहीं हैं।

जागरुकता हर जगह फैल गई है। अब बंगाल में जहां इसके बाद एसआईआर करने का भाजपा सोच रही थी करना मुश्किल होगा। राहुल का यह प्राथमिक उद्देश्य था जो पूरा हो गया। मगर असली उद्देश्य या लक्ष्य चुनाव जीतना होता है। अगर राहुल की इतनी सफल यात्रा जिसमें जनता ने सहभागिता के सारे रिकार्ड तोड़ दिए बिहार जीत में नहीं बदलती है तो यात्रा बेकार हो जाएगी। इसका उठाया मुद्दा वोट चोरी दम तोड़ देगा।

अब विपक्ष को जो वहां महागठबंधन के नाम से चुनाव लड़ रहा है अपना पूरा ध्यान चुनाव की तैयारी पर लगाना चाहिए। चुनाव आयोग के दांव पेंच चलेंगे। उस पर दबाव पड़ा है। मगर मोदी सरकार की तरफ से दबाव ज्यादा है। जाहिर है कि सत्ता का दबाव ज्यादा काम करेगा बनिस्बत विपक्ष और जनता के दबाव के।

लेकिन चुनाव आयोग की साजिशों के बावजूद महागठबंधन को अपना चुनाव पूरी ताकत और कुशलता से लड़ना होगा। निगाह चुनाव आयोग की धांधलियों पर रखना होगी। सुप्रीम कोर्ट में सही पैरवी करते रहना होगी। जनता को लगातार जागरूक करते रहना होगा और कार्यकर्ताओं को मजबूत करके बूथ लेवल तक पहुंचाना होगा।

आखिरी मैसेज चुनाव नतीजों से ही जाएगा। लड़ाई बराबरी की नहीं है। विपक्ष को लेवल प्लेइंग फील्ड नहीं मिलेगी। मगर जब तक मोदी है विपक्ष के पास कोई आप्शन नहीं है। इन्हीं हालातों में लड़ना होगा।

पहले तो यह था कि प्रधानमंत्री मोदी को भी चुनाव के जरिए ही हटाया जा सकेगा। मगर पहलगाम के आतंकवादी हमले और उसके बाद अमेरिका के दबाव में सीज फायर ने परिस्थितियां पूरी तरह बदल दी हैं। अभी संसद के खतम हुए मानसून सत्र में मोदी का गिरता हुआ असर साफ दिख रहा था। भाजपा सांसद उस तरह मोदी और अमित शाह के साथ खड़े नहीं दिखे जैसे इससे पहले के सत्रों में दिखते थे। लोकसभा जहां पिछले 11 साल में राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया गया।

विपक्ष के हर नेता को हूट किया गया। पूरे विपक्ष को सदन से निष्कासित कर दिया गया वहां मोदी के प्रवेश करने पर वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगे। अमित शाह के मुंह पर संविधान संशोधन का विपक्ष के मुख्यमंत्रियों को हटाने का बिल फाड़कर फेंका गया।

यह मोदी अमित शाह के डर के खतम हो जाने का परिचायक था। राहुल का पिछले कुछ समय से यही प्रमुख नारा था डरो मत! और डर विपक्ष में खतम हुआ लेकिन इसके साथ सत्ता पक्ष में भी बना डर का माहौल खतम हुआ।

मोदी के 11 साल के शासन का अगर कोई एक आधार था तो वह डर ही था। जिसकी वजह से खुद उनकी पार्टी, सभी संवैधानिक संस्थाएं, मीडिया सब उनके नियंत्रण में रहते थे। अब वह डर खतम हुआ तो मोदी अपने आप कमजोर दिखने लगे। इसलिए जो पहले माना जाता था कि उन्हें केवल चुनाव के जरिए ही हटाया जा सकता है अब माना जाने लगा है कि खुद उनकी पार्टी उनके साथ नहीं है। अन्तरराष्ट्रीय स्तर से लेकर देश में हर जगह उनकी असफलताएं दिखने लगी हैं।

राजनीति में नेता तभी तक स्वीकार्य होता है जब तक वह मजबूत दिखता है। राहुल गांधी का उनकी खुद की पार्टी में विरोध हो गया था। उन्हें अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा था। पार्टी के 23 बड़े नेताओं ने उनके खिलाफ सोनिया गांधी को पत्र लिखा था। मगर राहुल ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा फिर दूसरी यात्रा करके और विपक्ष में एकजुटता लाकर इंडिया गठबंधन बनाकर मोदी को 2024 के चुनाव में बहुमत लाने से रोक दिया। उसके बाद राहुल न केवल अपनी पार्टी में पूरे विपक्ष में और जनता में मजबूत नेता के तौर स्थापित हो गए।

और दूसरी तरफ उसी काल खंड में मोदी लोकसभा में बहुमत से दूर रहकर, अमेरिका के दबाव में आकर भारतीय सेना को पाकिस्तान के खिलाफ सफलता के निर्णायक क्षणों में रोकने और उसके बाद भी टैरिफ को नहीं रोक पाने के बाद अपना सारा रौब रुतबा खो चुके हैं। बची खुची कसर उनकी चीन यात्रा ने पूरी कर दी।

गलवान में मारे गए हमारे बीस बहादुर सैनिकों की शहादत आंखों के सामने घूम गई। उसके बाद चीन को जो क्लीन चिट दी थी कि न कोई घुसा है न कोई है कि याद आ गई। चीन जाने की जरूरत पर सवाल होने लगे। जो चीन पाकिस्तान के साथ संघर्ष में पूरी तरह उसके साथ खड़ा था। हमारी सेना के उपसेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि सामने पाकिस्तान था मगर पीछे चीन लड़ रहा था। अब पाकिस्तान के साथ भारत क्रिकेट मैच खेल रहा है और चीन तो प्रधानमंत्री खुद पहुंच गए। तुर्किए जिस तीसरे देश का नाम सेना ने लिया था कि वह भी पाकिस्तान के साथ लड़ रहा था उससे फिर कारोबार शुरू कर दिया। गोदी मीडिया तक ने हेडिंग लगा दी सरकार का यूटर्न। विदेश नीति पूरी तरह असफल बताई जा रही है।

समस्या यह है कि विदेश नीति देश के लिए होती है। मगर मोदी पिछले 11 साल में अपनी छवि बनाने के लिए विदेश नीति चला रहे थे। अभी लेटेस्ट जापान का उदाहरण सामने है। वहां भारत जापान संबंधों में पलीता लगाकर गोदी मीडिया यह दिखा रहा है कि जापान में भारतीय सुरक्षित नहीं हैं। लेकिन मोदी की वजह से कोई डर नहीं है। यह जापान पर बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है। वहां भारतीय या विदेशी सुरक्षित नहीं। कोई देश कैसे बर्दाश्त करेगा?

मोदी का नाम रहे। बाकी देश के बारे में लोग क्या सोचेंगे इसकी चिन्ता नहीं। हर देश में जहां मोदी जाते हैं ऐसे ही ड्रामे किए जाते हैं। और इसी का असर है कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष के समय एक देश भी भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ।

यही हालत अब भाजपा के अंदर सवाल पैदा कर रहे हैं। संघ ने अभी उसके सौ साल का जश्न नहीं बिगड़े इसलिए 75 साल की उम्र के मसले को किनारे कर दिया है। मगर इससे सवाल खत्म नहीं होगा। सरसंघ चालक मोहन भागवत मोदी के साथ डूबती नाव का सफर नहीं करेंगे। फिलहाल भाजपा और संघ दोनों एक दूसरे की तरफ देख रहे हैं कि सवाल कहां से उठेंगे। कहीं से भी उठ सकते हैं।

मोदी बहुत कमजोर विकेट पर हैं। ट्रंप के टैरिफ का सामना केवल बातों से नहीं हो सकता। निर्यात होने वाला माल रुका पड़ा है। फैक्ट्रियां बंद होने की नौबत आ गई है। बेरोजगारी के भयानक दिनों में यह गरीबी में आटा गीला जैसी बात हो जाएगी। भाजपा और संघ लंबे समय तक चुप बैठा नहीं रह सकता। देश की प्रतिष्ठा के साथ आर्थिक हालात भी बहुत गंभीर मोड़ पर पहुंच गई है। ऐसे में विपक्ष जरा भी ढील नहीं दे सकता। उसे पासा पलटते हुए दिख रहा है।

राहुल बिहार के बचे हुए जिलों में दूसरी यात्रा की घोषणा कर सकते हैं और उसके बाद मोदी के लिए बिहार बचाना और खुद को बचाना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**



शकील अख्तर

**अब विपक्ष को जो वहां महागठबंधन के नाम से चुनाव लड़ रहा है अपना पूरा ध्यान चुनाव की तैयारी पर लगाना चाहिए। चुनाव आयोग के दांव पेंच चलेंगे। उस पर दबाव पड़ा है। मगर मोदी सरकार की तरफ से दबाव ज्यादा है। जाहिर है कि सत्ता का दबाव ज्यादा काम करेगा बनिस्बत विपक्ष और जनता के दबाव के। लेकिन चुनाव आयोग की साजिशों के बावजूद महागठबंधन को अपना चुनाव पूरी ताकत और कुशलता से लड़ना होगा।**

# बीत चुका है, हिमालय को सुनने का समय

■ राजकुमार सिन्हा

हिमालय एक नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र है जहां वनों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन के कारण भूस्खलन, बाढ़ और ग्लेशियरों के पिघलने जैसी प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं। सन् 2012 में केंद्र सरकार ने भागीरथी नदी के गौमुख से उत्तरकाशी जलग्रहण क्षेत्र को एक पारिस्थितिक-संवेदनशील क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया था। इसका उद्देश्य प्राचीन क्षेत्रों का संरक्षण और बुनियादी ढांचागत गतिविधियों का नियमन करना था, परन्तु केंद्र और राज्य सरकारें इन नियमों को लागू करने में ढिलाई बरतती रहीं।

'भारतीय मौसम विभाग' की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तराखंड में औसत बर्फबारी में पिछले 50 वर्षों में 20 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार 1962 से अब तक हिमालयी ग्लेशियरों का 30 प्रतिशत हिस्सा पिघल चुका है जिसकी वजह से बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। सन् 2013 में केदारनाथ में आई बाढ़, 2021 में जोशीमठ में ज़मीन और इमारतों के धंसकने, सन् 2023 में तीस्ता घाटी में हिमनद झील के फटने से आई बाढ़ और हिमाचल प्रदेश में बार-बार आने वाले मानसूनी भूस्खलन और बाढ़ को वैज्ञानिक पारिस्थितिक और भूगर्भीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में असंतुलित बुनियादी ढांचे के विकास का परिणाम बताते हैं।

'आपदा प्रबंधन विभाग' और विश्वबैंक ने वर्ष 2018 में एक अध्ययन करवाया था। इस अध्ययन के अनुसार राज्य में 6300 से अधिक स्थान भूस्खलन जोन के रूप में चिन्हित किए गए थे। एक और रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य में चल रही हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं पहाड़ों को काटकर या फिर जंगलों को उजाड़कर बन रही हैं और इसी कारण भूस्खलन जोन की संख्या बढ़ रही है। हिमालय न केवल हर साल बढ़ रहा है, बल्कि इसमें भूगर्भीय उठापटक चलती रहती है।

पेड़ भूमि को बांधकर रखने में बड़ी भूमिका निभाते हैं जो कि कटाव व पहाड़ को ढहने से रोकने का एकमात्र उपाय है। पहाड़ पर तोड़-फोड़ या धमाके होना या फिर उसके प्राकृतिक स्वरूप से छेड़छाड़ का ही दुष्परिणाम है कि हिमालय में निरंतर भूकंप आते रहते हैं। जल-विद्युत परियोजनाओं के लिए सुरंग या अविरल धारा को रोकने से पहाड़ अपने नैसर्गिक स्वरूप में नहीं रह पाता और उसके दूरगामी परिणाम विभिन्न प्राकृतिक आपदा के रूप में सामने आते हैं।

सन् 2020 में 'चार धाम राजमार्ग' के निर्माण की जांच हेतु सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने सिफारिश की थी कि संवेदनशील ढलानों से छेड़छाड़ न की जाए, परन्तु उसके विपरीत कार्य हो रहा है। हिमालय में बढ़ते पर्यटन के कारण होटल, मकान, सड़क, राजमार्ग आदि के निर्माण का भारी दुष्प्रभाव देखा जा रहा है। जून 2022 में 'गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान' द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि हिमा लय में बढ़ते पर्यटन के चलते हिल स्टेशनों पर दबाव बढ़ा है।

'नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल' के आदेश पर 'पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय' द्वारा किये गए एक अध्ययन से पता चला है कि हिमाचल प्रदेश के मनाली में 1989 में 4.7 फीसदी क्षेत्र में भवन, होटल, सड़क, दुकान आदि का निर्माण हुआ था जो 2012 में 15.7 फीसदी हो गया और आज यह आंकड़ा 25 फीसदी से ज्यादा हो गया है। वर्ष 1980 से 2023 के बीच पर्यटकों की संख्या में 5600 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। पुलिस रिकार्ड के मुताबिक विगत दो वर्षों से शिमला में आने वाले वाहनों की संख्या 25 प्रतिशत बढ़ गई है। शहर में सिर्फ 6000 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था है, लेकिन सीजन टाइम में प्रतिदिन 20,000 वाहन आते हैं।

इन मानव-जनित चुनौतियों के चलते भूस्खलन, अचानक बाढ़ और बादल फटने जैसी घटनाएं विनाशकारी बनती जा रही हैं। हिमालयी क्षेत्र में, विशेषकर उच्च हिमालय की छोटी नदियों की घाटियों में, कई ऐसे स्थान हैं जहां विनाशकारी घटनाओं की संभावना बहुत अधिक होती है। ये घटनाएं अचानक घटित होती हैं। ऐसे स्थानों पर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली काम नहीं आती। पहले इंसान ऐसे स्थानों पर बसते नहीं थे, लेकिन हाल के वर्षों में हमने इन स्थानों की संवेदनशीलता पर ध्यान नहीं दिया है। ऐसे में सबसे अच्छा समाधान है, वहां रहने वाले लोगों को शिक्षित करना या बड़े पैमाने पर बस्तियां बसाने से रोकने के लिए कानून बनाना।

'भारतीय मौसम विज्ञान विभाग' के अनुसार, इस क्षेत्र में संभवतः ग्लेशियर झील के फटने से भारी विनाश हुआ है और इसका मूल कारण 'ग्लोबल वार्मिंग' और जलवायु-परिवर्तन है। इसमें बहुत ज्यादा गर्मी, अत्यधिक ठंड, बेकाबू बारिश जैसे प्रत्यक्ष प्रभाव शामिल हैं। बढ़ते तापमान से ग्लेशियर तेज़ी से पिघल रहे हैं और झीलें अस्थिर हो रही हैं। 'भारतीय विज्ञान संस्थान' (आईआईएससी) की एक टीम को संदेह है कि खीरगंगा चैनल को पानी देने वाले एक 'लटकते ग्लेशियरज् ने 5 अगस्त को धराली में आई विनाशकारी बाढ़ में भूमिका निभाई होगी।

कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की 28043 ग्लेशियर झीलों में से 188 झीलें कभी भी तबाही का बड़ा कारण बन सकती हैं। इससे लगभग तीन करोड़ की आबादी पर बड़ा संकट मंडरा रहा है। इन ग्लेशियरों के पिघलने से बनने वाली झीलें केवल एक पारिस्थितिक संकट नहीं हैं। इन झीलों से निकलने वाले पानी के कारण नदियों का बहाव प्रभावित होता है। इसके साथ ही, जिन झीलों का पानी पूरी तरह भर जाता है या जिनका किनारा टूटता है, वे नीचे बसे क्षेत्रों के लिए भारी तबाही का कारण बनती हैं।

हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए सतत विकास और संरक्षण के प्रयासों की आवश्यकता है। सरकार, गैर-सरकारी संगठनों और स्थानीय समुदायों को मिलकर काम करना होगा, ताकि हिमालय का संरक्षण किया जा सके और स्थानीय लोगों की आजीविका को भी सुनिश्चित किया जा सके। 'पीपुल्स साइंस इंस्टीट्यूट, देहरादून' के पूर्व निदेशक रवि चोपड़ा बताते हैं कि तेज़ आर्थिक विकास की कल्पनाओं से मोहित भारतीय नागरिकों के लिए जलवायु परिवर्तन की चेतावनी के प्रति सचेत होने और सुरक्षित, टिकाऊ और समतापूर्ण आर्थिक विकास की मांग करने का समय बहुत पहले बीत चुका है। प्रकृति की सीमाओं को पहचानना और उनका सम्मान करना ही हमारे अस्तित्व और आर्थिक विकास का सबसे सुरक्षित और तार्किक मार्ग है।

**( लेखक 'बरगी बांध विस्थापित संघ' के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। )**

**'भारतीय मौसम विज्ञान विभाग' के अनुसार, इस क्षेत्र में संभवतः ग्लेशियर झील के फटने से भारी विनाश हुआ है और इसका मूल कारण 'ग्लोबल वार्मिंग' और जलवायु-परिवर्तन है। इसमें बहुत ज्यादा गर्मी, अत्यधिक ठंड, बेकाबू बारिश जैसे प्रत्यक्ष प्रभाव शामिल हैं। बढ़ते तापमान से ग्लेशियर तेज़ी से पिघल रहे हैं और झीलें अस्थिर हो रही हैं।**

## आपके पत्र

### शिक्षा का बाज़ार और कोचिंग की बढ़ती निर्भरता

आज शिक्षा का स्वरूप केवल कक्षा-कक्ष तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि वह एक विशाल बाज़ार का रूप ले चुका है। हाल ही में आए सर्वेक्षण ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हर तीसरा स्कूली छात्र प्राइवेट कोचिंग की ओर बढ़ रहा है। यह स्थिति केवल शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों और कस्बों तक फैल चुकी है। शिक्षा, जो कभी घर-परिवार और समाज की साझा जिम्मेदारी मानी जाती थी, अब पूरी तरह बाज़ारीकरण और व्यवसायीकरण की चपेट में आ चुकी है।

कोचिंग संस्थानों का इतना व्यापक चलन इस बात की ओर इशारा करता है कि हमारे विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था कितनी कमजोर हो चुकी है। शिक्षक-छात्र अनुपात असंतुलित है, स्थायी शिक्षकों की भारी कमी है और सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई का अभाव है। यही कारण है कि अभिभावक अतिरिक्त खर्च उठाकर भी अपने बच्चों को कोचिंग क्लासेज़ भेजने के लिए मजबूर हैं। शिक्षा पर खर्च किसी परिवार के लिए केवल आर्थिक दबाव ही नहीं, बल्कि मानसिक बोझ भी है। कोचिंग पर खर्च बढ़ने के पीछे कई सामाजिक कारण भी हैं। प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में बढ़ती होड़, नौकरी की असुरक्षा और उच्च शिक्षा में प्रवेश की कठिनाइयां बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही अतिरिक्त पढ़ाई की ओर धकेल देती हैं। शहरों में यह प्रवृत्ति और अधिक है क्योंकि वहां प्रतियोगिता तीव्र है, वहीं गांवों में भी धीरे-धीरे यह चलन गहराता जा रहा है।

यह प्रश्न केवल निजी खर्च का नहीं, बल्कि शिक्षा की दिशा और दशा का है। जब बच्चे स्कूल जाकर भी पर्याप्त ज्ञान अर्जित नहीं कर पाते और उन्हें वही विषय दोबारा कोचिंग में पढ़ना पड़ता है, तो इसका सीधा अर्थ है कि विद्यालयों की शिक्षण पद्धति में गंभीर खामियां हैं। शिक्षक यदि प्रेरक हों, पाठ्यपुस्तकें उपयोगी हों और वातावरण सकारात्मक हो तो बच्चों को स्कूल से बाहर कोचिंग की आवश्यकता ही न पड़े।

सर्वेक्षण यह भी दर्शाता है कि ग्रामीण परिवार औसतन 1793 रुपये सालाना कोचिंग पर खर्च कर रहे हैं, जबकि शहरी परिवारों का यह खर्च लगभग 3988 रुपये सालाना है। यह अंतर केवल आय स्तर का ही नहीं, बल्कि शिक्षा तक पहूंच की असमानता का भी द्योतक है। शहरों में कोचिंग उद्योग संगठित रूप में कार्य कर रहा है, जबकि गांवों में यह अधिकतर व्यक्तिगत ट्यूशन तक ही सीमित है। एक और गंभीर पहलू यह है कि शिक्षा पर यह अतिरिक्त बोझ गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को गहरे संकट में डाल देता है। उच्च वर्ग के बच्चे महंगी कोचिंग और ट्यूशन से अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ा लेते हैं, लेकिन गरीब परिवारों के बच्चे इसी कारण पीछे छूट जाते हैं। यह शिक्षा के लोकतांत्रिक स्वरूप पर आघात है, क्योंकि शिक्षा समान अवसर प्रदान करने का माध्यम होनी चाहिए, न कि असमानता को और बढ़ाने का कारण।

**-प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### कश्मीर का जवाब बलोचिस्तान ?

*'आभासी दुनिया में विचरण करने वाले हमारे फेसबुक बहादुरों को शायद जमीनी हकीकत की कोई फिक्र या परवाह नहीं होती। बहरहाल, जब उपरोक्त टिप्पणी मैंने पढ़ी तो एक लाइन में उस पर अपनी प्रतिक्रिया देना मुझे आवश्यक लगा। मैंने लिखा कि भई ! पहले नक्शे में देख तो लेते कि बलोचिस्तान कहां है। इस पर फिर कोई उत्तर मुझे नहीं मिला। लेकिन बात सिर्फ फेसबुक पर पोस्ट करने तक सीमित नहीं। देश में ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है जो मानते हैं कि श्री मोदी ने बलोचिस्तान का मुद्दा उठाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। वे यह मान बैठे हैं कि जिस तरह पाकिस्तान हमारे कश्मीर में लगातार उपद्रव करते रहता है, उसका जवाब यही है कि भारत प्रच्छन्न रूप से बलोचिस्तान, पाक अधिकृत कश्मीर और गिलगिट-बाल्टिस्तान में वहां के असंतुष्टों अथवा विद्रोहियों को अपना समर्थन देता रहे। वे सोचते हैं कि इससे शक्ति संतुलन स्थापित होगा तथा पाकिस्तान की अक्ल ठिकाने लग जाएगी। ऐसा सोचने वाले न इतिहास जानते हैं, न भूगोल, और न राजनीति।'*

**( देशबन्धु में 08 सितंबर 2016 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/09/blog-post_7.html

## पावन प्रसंग

### स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है उपवास

उपवास को धर्मपरंपरा में खास महत्व दिया गया है। वह शरीर को हलका करने, अतिरिक्त वजन घटाने और शास्त्र की भाषा में कहें तो मेद को कम करने के लिए है। जरूरत से ज्यादा भोजन शरीर में आलस्य लाता है। साधकों के अनुसार इससे ध्यान या भजन-पूजन में चित्त एकाग्र नहीं होता है। साधना शुरू करने से पहले रजस और तमस को नियंत्रित कर सत्व को बढ़ा लेने के लिए उपवास का विधान है। यह भी विधान है कि उपवास के साथ व्रत भी जुड़ा रहे। व्रत अर्थात संकल्प और उपचार। जैसे-एकादशी, पूर्णिमा, चतुर्थी या पर्व-त्योहारों के दिन लोग निराहार रहते हैं तो उसके साथ भजन, पूजन अथवा धार्मिक कर्मकांड भी जुड़े रहते हैं। इन उपचारों के बिना उपवास को सिर्फ भूखे रहना ही कहा जाता है।

गीता में श्रीकृष्ण ने आहार-विहार की जो मर्यादा बताई है- 'यह योग न तो बहुत खाने वाले का है और न बिलकुल न खाने वाले का तथा न बहुत सोने वाले का और न ही हमेशा जागने वाले का सिद्ध होता है। दुःखों का नाश करने वाला यह योग तो यथोचित आहार-विहार और कर्म में चेष्टा करने वाले का ही सिद्ध होता है।'

उपवास और उपचार के बाद आए संतुलन को अगला चरण कह सकते हैं। सभी लोग शुरू से ही इतने संतुलित और संयमी नहीं रह सकते कि उन्हें उपवास की जरूरत ही न पड़े। यों कठिन तप करते हुए उच्च कोटि के साधकों द्वारा लंबे समय तक कुछ नहीं खाने या पानी और दूध पर ही रहने के उदाहरण भी उपलब्ध हैं।

स्वामी विवेकानंद ने अपने व्याख्यानों में पवहारी बाबा का जिक्र किया है, जो सिर्फ हवा पर ही रहते थे। साठ-सत्तर दिन तक कुछ भी खाए बिना रहने और तप करने के उदाहरण भी हैं। लेकिन ये उदाहरण अपवाद हैं, इन्हें नियम की तरह नहीं अपनाया जा सकता। शरीर विज्ञान के अनुसार तो निराहार रहने पर कुछ ही समय में शरीर के भीतरी अंग-अवयव शिथिल पड़ने लगते हैं तथा पाचन संस्थान लड़खड़ाने लगता है। इसीलिए सामान्य आध्यात्मिक जीवन के लिए शरीर संतुलन साधने के अलावा आठ-दस दिन के उपवास शरीर को भले ही थोड़ा कमजोर करते हों, मन को मजबूत बनाते हैं। आषाढ़ से शुरू होकर दशहरे तक उपवासों और व्रत-त्योहारों का लंबा सिलसिला चलता है। यों पूरे वर्ष ही कोई-न-कोई व्रत-उपवास किए जाते हैं, लेकिन 108 दिन की इस अवधि में लगभग प्रत्येक दिन किसी-न-किसी तरह के उपवास के लिए निश्चित है।

इस अवधि की आठ एकादशी, पूर्णिमा, पूरा सावन माह, नवरात्रि और चतुर्थी, पंचमी, अष्टमी आदि तिथियाँ विशेष संदर्भ लेकर आती हैं। निराहार इन सभी तिथियों में रहा जाता है, लेकिन प्रत्येक के साथ अलग-अलग विधि-विधान जुड़े होते हैं। उनके संदेश अभीष्ट व्रत के संदर्भ और अंतर्कथा में देखे जा सकते हैं। नवरात्रि के नौ दिन तक चलने वाले उपवासों में भाव-श्रद्धा से जुड़ने वाले साधक अनुभव करते हैं कि अनुष्ठान पूरा होने तक उनके भीतर से एक नया ही व्यक्तित्व निकलकर आ रहा है, जो पहले से अधिक तेजस्वी, स्वच्छ तथा निर्मल है।

**-अखण्ड ज्योति**

# देश विदेश

## हमास ने की गाजा सैन्य प्रमुख मोहम्मद सिनवार की मौत की पुष्टि

**यरूशलम,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। इजरायल के दावे के महीनों बाद, फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने औपचारिक रूप से अपने गाजा सैन्य कमांडर मोहम्मद सिनवार की मौत की पुष्टि की है। यह पुष्टि इजरायल द्वारा मई में की गई उस घोषणा के बाद हुई है जिसमें कहा गया था कि सिनवार एक लक्षित हमले में मारा गया था। हमास ने उसकी मौत की परिस्थितियों के बारे में विशिष्ट विवरण नहीं दिया है। हमास ने अन्य मारे गए नेताओं के साथ सिनवार की तस्वीरें जारी कीं और उसे शहीद बताया। उसकी मौत के बाद, हमास की सशस्त्र शाखा का नेतृत्व इज्ज अल-दीन हद्दाद के हाथों में जाने की उम्मीद है। वर्तमान में वह उत्तरी गाजा में अभियानों की देखरेख कर रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की म्यांमार के सैन्य प्रमुख के साथ द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा, कहा

# भारत अपनी पड़ोस प्रथम व एक्ट ईस्ट नीतियों को दे रहा महत्व

■ एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन यात्रा पर हैं प्रधानमंत्री मोदी



म्यांमार में संपर्क परियोजनाओं की प्रगति दोनों देशों के लोगों के बीच बेहतर संपर्क को बढ़ावा देगी : नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**तियांजिन,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तियानजिन में म्यांमार के कार्यकारी राष्ट्रपति और सेना प्रमुख जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के साथ-साथ वहां विकास कार्यों में सहयोग तथा मजबूत साझेदारी की प्रतिबद्धता जताई।

श्री मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दो दिन की चीन यात्रा पर हैं। सम्मेलन से इतर जनरल मिन के साथ बातचीत में उन्होंने म्यांमार में सभी हितधारकों को शामिल करते हुए निष्पक्ष और समावेशी तरीके से चुनाव कराए जाने की उम्मीद जताई।

श्री मोदी ने कहा कि भारत अपनी पड़ोस प्रथम, एक्ट ईस्ट और हिंद-प्रशांत नीतियों के तहत म्यांमार के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और विकास साझेदारी, रक्षा एवं सुरक्षा, सीमा प्रबंधन और सीमा व्यापार सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर आगे की रणनीति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि म्यांमार में संपर्क परियोजनाओं की प्रगति दोनों देशों के लोगों के बीच बेहतर संपर्क को बढ़ावा देगी और इससे भारत की एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप क्षेत्रीय सहयोग और एकीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि म्यांमार में आगामी चुनाव सभी हितधारकों को शामिल करते हुए निष्पक्ष और समावेशी तरीके से होंगे।

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत म्यांमार के नेतृत्व वाली और म्यांमार के स्वामित्व वाली शांति प्रक्रिया का समर्थन करता है, जिसके लिए शांतिपूर्ण बातचीत और परामर्श ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है। प्रधानमंत्री ने म्यांमार की विकासात्मक आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए भारत की तत्परता दोहराई।

## पीएम मोदी ने सचिव कै क्यू से की मुलाकात



**तियानजिन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीसीपी यानि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सचिवालय पहुंचे। उन्होंने पार्टी के महासचिव कै क्यू से मुलाकात की। जो सत्ताधारी पार्टी की पोलित ब्यूरो स्थायी समिति के सदस्य हैं। इस दौरान दोनों ने भारत चीन सहयोग को मजबूत बनाने पर बातचीत की। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) चीन का एक राजनीतिक दल है। 1949 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना के बाद से, सीसीपी का बोलबाला रहा है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ही पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) की संस्थापक और सत्तारूढ़ पार्टी है। इससे पहले रविवार को, प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने तियानजिन में द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने आपसी विश्वास और सहयोग को जरूरी बताया।वहीं जिनपिंग ने ड्रैगन और हाथी के साथ चलने की बात कही और दोनों देशों के सुधरते रिश्तों पर मुहर लगाई। जिनपिंग ने कहा, चीन और भारत दो प्राचीन सभ्यताएं हैं। हम दुनिया के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं। हम ग्लोबल साउथ के भी महत्वपूर्ण सदस्य हैं। हम दोनों अपने लोगों की भलाई के लिए जरूरी सुधार लाने और मानव समाज की प्रगति को बढ़ावा देने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी निभाते हैं।

## चीन ने एससीओ में शामिल होने के आर्मेनिया के प्रयास का किया समर्थन

**बीजिंग।** चीन ने आर्मेनिया के शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में शामिल होने के प्रयास का समर्थन किया है। यह बात चीन के राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग ने रविवार को कही। इससे पहले दिन में श्री जिनपिंग ने चीनी बंदरगाह शहर तियानजिन में आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान से मुलाकात की। चीनी विदेश मंत्रालय ने श्री जिनपिंग के हवाले से कहा कि चीन शंघाई सहयोग संगठन में आर्मेनिया के प्रवेश का समर्थन करता है और वास्तविक बहुपक्षवाद को साकार करने के लिए आर्मेनिया के साथ काम करने और मानव जाति के लिए साझा समाज के निर्माण में संयुक्त रूप से योगदान देने के लिए तैयार है। श्री जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों के बीच संपर्क को मजबूत करना चाहिए तथा शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, संस्कृति और पर्यटन में आदान-प्रदान का विस्तार करना चाहिए। श्री पशिन्यान एससीओ समिट में भाग लेने के लिए चीन आए हैं, जो कि 31 अगस्त से 1 सितंबर तक तियानजिन में हो रही है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 1 सितम्बर, 2025 भादो शुक्ल पक्ष 9

### राशिफल

मेष - आप का आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अनूठी अनुभूति कराने वाला रहेगा। आपको रहस्यमयी विद्या आपको आकर्षित करेगी। आज आध्यात्मिक सिद्धि मिलने का भी योग हैं।

वृषभ - आज आपको गृहस्थजीवन में सुख का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के रिश्तेदारों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। किसी छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से बातचीत होगी।

मिथुन - कार्य सफलता और यश-कीर्ति प्राप्त करने के लिए आज का दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आर्थिक लाभ की संभावनाएं हैं।

कर्क - आज का दिन शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता में गुजरेगा। मित्रों और संतान के विषय में चिंता बनी रहेगी। आकस्मिक धन खर्च के योग हैं। विवादजनक प्रसंगों को आज टाल दें। संभव हो तो कहीं बाहर न जाएं।

सिंह - नकारात्मक विचार हताशा पैदा करेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता अनुभव करेंगे। घर में किसी से विवाद हो सकता है। माता-पिता के साथ मतभेद होगा। स्वास्थ्य खराब होगा।

कन्या - आज किसी भी काम की नई शुरुआत कर सकते हैं। आपको काम में सफलता मिलेगी। आप विरोधियों को भी परास्त कर सकेंगे। भाई-बंधुओं और पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रहेंगे। आर्थिक लाभ भी होगा।

तुला - आज के दिन आपकी मानसिक स्थिति दुविधापूर्ण रहेगी। ऐसे में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। नए काम का आरंभ न करें। वाणी पर संयम रखने से परिजनों के साथ वाद-विवाद नहीं होगा। किसी काम के प्रति जिद्दी ना बने रहें।

वृश्चिक - तन-मन से खुश और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन, यात्रा या मुलाकात का अवसर आएगा। जीवनसाथी के साथ आत्मीयता बढ़ेगी। आर्थिक लाभ होगा। शुभ अवसर पर बाहर जाना होगा।

धनु - आज का दिन कुछ कष्टदायक है, इसलिए आपको संभलकर चलना चाहिए। परिजनों के साथ मनमुटाव के प्रसंग बन सकते हैं। स्वभाव में उग्रता तथा आवेश के कारण किसी से विवाद न हो इस बात का विशेषरूप से ध्यान रखें।

मकर - नौकरी- धंधे और व्यापार के क्षेत्र में आज का दिन लाभदायक रहेगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ घूमने जाएंगे। मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मित्रों और पुत्र से लाभ होगा।

कुंभ - आज आपके सभी काम निर्विघ्न पूरे होंगे। इससे आपको खुशी मिलेगी। नौकरी-व्यवसाय में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। काम में सफलता मिलेगी। गृहस्थ जीवन में आनंद रहेगा। धन प्राप्ति और पदोन्नति के योग हैं।

मीन - नकारात्मक विचार आप पर हावी न हो, इसका ख्याल रखें। मानसिक अस्वस्थता से परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों के साथ सावधानीपूर्वक काम करें।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1529- अर्जेंटीना में पहली यूरोपीय बस्ती सैंक्कुरी स्पिरिटु स्थानीय मूल निवासियों द्वारा धोखे से ली गई थी।
1604- श्री गुरु ग्रंथ साहिब, सिख धर्म का धार्मिक ग्रंथ, हरमंदिर साहिब में स्थापित किया गया था।
1689- पूर्वी यूरोप और उत्तर एशिया में स्थित देश रूस ने दाढ़ी पर टैक्स (कर) वसूलने की शुरुआत की।
1713- टसकारोरा युद्ध: कर्नल मिल्स की अगुआई वाले कैरोलिना मिलिशिया, मैरापुंगा और कोरे के खिलाफ अभियान में सफलता के बाद दक्षिण कैरोलिना लौटे।
1715- फ्रांस के राजा लुई चौदह ने 72 वर्षों के शासनकाल के बाद मर गया, जो की किसी भी बड़े यूरोपीय राजा के सबसे लंबे समय तक का शासन था।
1763- रूस के कैथरीन द्वितीय ने मास्को में एक संस्थापक होम के लिए इवान बेट्सकोय की योजना का समर्थन किया।
1774-मैसाचुसेट्स प्रांत के शाही गवर्नर थॉमस गैज ने सैनिकों को एक पत्रिका से बारूद हटाने का आदेश दिया, जिससे पैट्रियट युद्ध के लिए तैयार हो गए।
1798-ब्रिटेन ने हैदराबाद के निजाम के साथ संधि पर हस्ताक्षर किये गए।
1799- बैंक ऑफ मैनहट्टन कंपनी न्यूयॉर्क शहर में खुली।
1804- जर्मन खगोलशास्त्री कार्ल लुडविग हार्डिंग ने रोमन देवी के बाद जूनो का नामकरण करते हुए एक सबसे मुख्य बेल्ट क्षुद्रग्रह की खोज की।
1804- जर्मन खगोल विज्ञानी के एल. हार्डिंग ने एस्टरॉयड जूनो को पता लगाया।

# टैरिफ पर भारत के खिलाफ सख्त रुख अपनाकर जोखिम उठा रहा अमेरिका



■ ट्रंप का भारत पर टैरिफ लगाने का कदम रणनीतिक व आर्थिक रूप से गलत साबित हुआ

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का कदम रणनीतिक और आर्थिक रूप से गलत साबित हुआ है। कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।

वन वर्ल्ड आउटलुक के एक लेख के मुताबिक टैरिफ संबंधी उथल-पुथल के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था ने अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। यह ट्रंप के भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत' या कमजोर बताने की धारणा के बिल्कुल विपरीत है। आयात पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से भारत पर दंड के तौर पर लगाए गए इस भारी भरकम टैरिफ के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने पांच तिमाहियों में उच्च विकास दर हासिल की है। यह बाहरी व्यापार विवादों से परे अंतर्निहित मजबूती का संकेत देती है।

## चीनी मीडिया ने जताई भारत-चीन के बीच बेहतर संबंधों की उम्मीद



**तियानजिन।** चीनी मीडिया ने आशा जताई है कि नई दिल्ली और बीजिंग के बीच संबंध आने वाले दौर में स्थिर रहेंगे। उन्होंने यह उम्मीद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में हुई मुलाकात को लेकर जताई।

बैठक को द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और हाल ही में हुई प्रगति को बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जबकि यह अमेरिका की बढ़ती टैरिफ धमकियों की पृष्ठभूमि में भी हो रही है। दोनों नेताओं के बीच अंतिम बैठक 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। वार्ता पर टिप्पणी करते हुए, एक सीजीटीएन डिजिटल रिपोर्टर और चाइना ब्रीफिंग न्यूजलेटर के संस्थापक शेन शिवेई ने बताया कि सीमा के मुद्दे दोनों देशों के बीच तनाव का एक बिंदु थे और हाल ही में चीजों में सुधार हुआ है और उम्मीद है कि ऐसा करना जारी रहेगा। शिखर सम्मेलन के महत्व पर बोलते हुए, शिवेई ने इसे सबसे बड़ा एससीओ शिखर सम्मेलन बताया और पिछले दो दशकों में इसके विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठन काफी बढ़ गया है और इसने बहुत ध्यान आकर्षित किया है। इस बार, दो महत्वपूर्ण चीजें मेज पर हैं। सभी नेताओं के बीच रणनीतिक संवाद, जिसमें बहुपक्षीय बैठकें और कई द्विपक्षीय चर्चाएं शामिल होंगी और तियानजिन घोषणा को मंजूरी दी जाएगी। यह अगले दशकों में संगठनों और सदस्य देशों के विकास और प्रगति के लिए एक मार्ग प्रशस्त करेगा। शिखर सम्मेलन के भू-राजनीतिक प्रभाव पर विचार करते हुए, ब्राजील के फोल्हा डे साओ पाउलो के पत्रकार नेल्सन पैनसिनी डी सा ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी, शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक साथ आना वाशिंगटन की टैरिफ धमकियों के प्रकाश में वैश्विक व्यवस्था को नया आकार देने में प्रतीकात्मक साबित हो सकता है।

## ब्रिटेन ने अवैध प्रवासियों को हिरासत में लेने व वापस भेजने का किया ऐलान



■ पश्चिमी लंदन में पांच लोगों को किया गिरफ्तार

**लंदन,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अवैध प्रवासियों को हिरासत में लेने और वापस भेजने का ऐलान किया है। हाल में सरकार पर चैनल क्रॉसिंग और शरण होटलों के मुद्दे से निपटने के लिए बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है।

स्टारमर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि मैं स्पष्ट हूं, हम अवैध प्रवेश को बढ़ावा नहीं देंगे। अगर आप अवैध रूप से चैनल पार करते हैं, तो आपको हिरासत में लिया जाएगा और वापस भेज दिया जाएगा। उनकी यह टिप्पणी शनिवार को पूरे इंग्लैंड में कई प्रदर्शनों के दौरान आई, जिनमें लंदन, स्केग्नेस और ग्लूसेस्टर भी शामिल हैं, जहां शरणार्थियों को होटलों में ठहराया जा रहा है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी लंदन में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया।

गर्मियों में हजारों लोग विरोध प्रदर्शनों में शामिल हुए थे, जो एक होटल में ठहरे एक शरणार्थी की गिरफ्तारी और उसके बाद उस पर 14 साल की एक लड़की के कथित यौन उत्पीड़न सहित कई अपराधों के आरोप लगने के बाद शुरू हुए थे।

गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जून तक होटलों में ठहरे शरणार्थियों की संख्या बढ़कर 32,000 से अधिक हो गई।

## गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में 57 लोगों की मौत



**गाजा,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में इज़राइली हमलों में कम से कम 57 फ़िलिस्तीनी मारे गए। फ़िलिस्तीनी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। गाजा के नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि गाजा शहर में दो अपार्टमेंट और फिलिस्तीनियों के एक समूह को निशाना बनाकर किए गए इज़रायली हवाई हमले में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई।

बसल ने बताया कि शहर के पश्चिम में अल-रिमल मोहल्ले में आवासीय अपार्टमेंट और चिकित्सा क्लीनिक वाली तीन मंजिला इमारत पर इज़रायली हवाई हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और बच्चों सहित कई अन्य घायल हो गए।

बसल ने बताया कि शहर के उत्तर-पश्चिम में नस्र मोहल्ले में विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इज़रायली हवाई हमले में पांच महिलाओं और पांच बच्चों सहित बारह लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि हवाई हमले में कई तंबू नष्ट हो गए और कुछ अन्य में आग लग गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सीमा पर सैनिकों की ...

बनाने तथा सीमा संबंधी मुद्दों के निष्पक्ष और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों का विस्तार करने तथा व्यापार घाटे को कम करने के लिए राजनीतिक और रणनीतिक दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया है।

### आतंकवाद के खिलाफ चीन का साथ मांगा

सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 50 मिनट बातचीत हुई। इसमें मोदी ने आतंकवाद का मुद्दा उठाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक मुद्दा बताया और इसके खिलाफ लड़ाई में साथ देने की मांग की।

### लोकसभा व अन्य चुनाव हारने...

सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर के कांग्रेस का विरोध कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता कांग्रेस को हजम नहीं हो रही है। दुनिया भर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व क्षमता ने लोहा माना है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के शीर्ष नेताओं में से है। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन भी मौजूद रहें।

### कैदियों को जेल परिसर से...

मौके से फरार हो गया। उसके साथ लोहार प्रशिक्षक विष्णुदेव ठाकुर और जेल प्रहरी मनीष राजवाड़े मौजूद थे। घटना के तुरंत बाद ही फरार कैदी के खिलाफ थाना गंज, रायपुर में धारा 262 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई। साथ ही दोनों जिम्मेदार कर्मचारियों को उसी दिन निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि घटना को छुपाने की कोशिश नहीं की गई, क्योंकि 22 अगस्त को ही कई समाचार पत्रों में इसकी जानकारी प्रकाशित हो चुकी थी। साथ ही फरार कैदी की गिरफ्तारी के लिए अन्य राज्यों की पुलिस से भी सहयोग लिया जा रहा है।

### तीन हजार बिजली खंभों से...

विद्युत वितरण कंपनी ने चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में क्रियान्वयन रिपोर्ट प्रस्तुत कर बताया कि कोर्ट के आदेश के बाद सभी जगह से चरणबद्ध तरीके से खंभों से केबल हटाए जा रहे हैं। प्रदेश में 2 लाख 83 हजार बिजली खंभों में से लगभग 50 हजार में केबल पाए गए। जनवरी से इन्हें हटाने का काम शुरू किया और अब लगभग तीन हजार खंभों से ही केबल हटाया जाना बाकी है।

### राजधानी में दो दिवसीय...

किया जाएगा। उपलब्ध पदों में वितरक बॉय, बैंक सहायक, फार्मासिस्ट, मशीन ऑपरेटर, बिक्री सलाहकार, ड्राइवर के पद शामिल हैं। इसी प्रकार ट्रेनी ऑपरेटर, सहायक, सिलाई ऑपरेटर, इंजीनियर, एक्स-रे एवं लैब टेक्नीशियन, वार्ड बॉय, टेलीकॉलर, कलेक्शन ऑफिसर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, फ़िटर, वेल्डर, सुरक्षा गार्ड, बीमा सलाहकार, सुपरवाइजर, हाउसकीपिंग स्टाफ, कंप्यूटर ऑपरेटर, कृषि अधिकारी, फील्ड ऑफिसर, डॉक्टर और ग्राहक सेवा कर्मचारी शामिल हैं।

रोजगार उपलब्ध कराने वाले राज्य और शहर

इस मेले के माध्यम से रोजगार के अवसर न केवल छत्तीसगढ़ के सभी जिलों एवं प्रमुख शहरों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर, कोरबा और रायगढ़ में बल्कि अन्य राज्यों जैसे महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में भी उपलब्ध होंगे। इस आयोजन में प्रमुख शहरों में बैंगलुरु, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, नोएडा और औरंगाबाद को भी शामिल किया गया हैं।

## सुडोकू 7021

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 2 | |
| 5 | 4 | | 9 | | 3 | | | 6 |
| | 9 | 8 | | | | | | |
| 7 | | | 2 | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | | | | 5 | | |
| 3 | | | 8 | | 6 | | | 9 |
| | | | | | | 3 | 9 | |
| 8 | | | 5 | | 9 | | 1 | 4 |
| | 1 | | | | | 6 | | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7021

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. खुशामद पसंद
४. छाती, सीना
६. दूध देने या बोझ ढोने के काम आने वाले पालतु पशु (उर्दू)
७. कर्मचारी, नौकर(उर्दू)
८. इंद्र के बगीचे का एक वृक्ष जो जो भी मांगो वह देता है
१०. वह जिसे फैसले के लिए हाकिम के पास पेश किया गया हो(उर्दू)
११. परिमाण, मात्रा,माप तीाल (उर्दू)
१३. अच्छा, श्रेष्ठ, उत्तम
१४. बगावत
१५. दुर्दशाग्रस्त (उर्दू)
१७ अकस्मात
१९ व्यर्थ, बेकार(उर्दू)
२१. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
२२. मसाले और दवा के काम में आने वाला एक सुगंधित फल (उर्दू)
२४. मुस्तैदी

**ऊपर से नीचे:-**
१. चमड़े का काम करने वाला, मोची
२. फायदेमंद
३. बुद्धिमान (उर्दू)
४. वश में करने वाला
५. रोका हुआ, कुछ समय के लिए बढ़ाया हुआ, ढका या छिपा हुआ
९. धन, दौलत
११. भौंरा, भ्रमर
१२. प्रविष्ट (उर्दू)
१३. विवाद, हुज्जत
१४. शादी
१५. वर्षा
१६. वह गाना जो हास्य प्रधान हो
१८. शपथ (उर्दू)
१९. वह जख्म जो कभी न भरे (उर्दू)
२०. मृत्यु, नियति, भाग्य (उर्दू)
२३. शर्म, हया

## वर्ग पहेली-7020

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ क | ठ | २ मु | ल्ला | ■ | ■ | ३ त | ल | ४ ह | टी |
| र | ■ | स्त | ■ | ५ ख | स | म | ■ | त्या | ■ |
| ६ त | ला | क | ■ | री | ■ | ७ क | वि | रा | ८ ज |
| ल | ■ | वि | ■ | ९ द | र्शा | ना | ■ | ■ | टि |
| ■ | १० सु | ल | ११ झ | ना | ■ | ■ | १२ उ | त्प | ल |
| ■ | ल | ■ | ड़ | ■ | १३ नि | ह | त्था | ■ | ता |
| १४ ब | ह | १५ क | ना | ■ | र्म | ■ | १६ न | १७ त | ■ |
| ल | ■ | र | ■ | १८ बे | म | १९ न | ■ | र्जु | ■ |
| २० शा | र | दा | ■ | ग | ■ | २१ व | र्ण | मा | २२ ला |
| टी | ■ | २३ ता | ज | म | ह | ल | ■ | ■ | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### पहली बार सुअर के फेफड़े को एक मृत मस्तिष्क वाले मानव में किया प्रत्यारोपित

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के सर्जनों ने एक मस्तिष्क-मृत मानव प्राप्तकर्ता में सुअर के फेफड़े का सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया है। डॉक्टर इसे जेनोट्रांसप्लांटेशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मान रहे हैं। शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि सर्जनों ने पहली बार एक आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर के फेफड़े को एक मृत मस्तिष्क वाले मानव प्राप्तकर्ता में प्रत्यारोपित किया है और पाया है कि यह नौ दिनों तक काम करता रहा।

वहीं, इसे अब आनुवंशिक रूप से उपयोग में लेने को लेकर एक मामूली लेकिन आशाजनक कदम माना जा रहा है। यह ऑपरेशन मई 2024 में गुआंगजौ मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रथम संबद्ध अस्पताल में किया गया, जिसमें एक 39 वर्षीय पुरुष के बाएं फेफड़े को बदलना शामिल था, जिसे गंभीर मस्तिष्क रक्तस्राव हुआ था। सुअर का फेफड़ा, जिसे मानव ऊतक के साथ अपनी अनुकूलता बढ़ाने के लिए आनुवंशिक रूप से संशोधित किया गया था, इंसान में नौ दिनों तक कार्य करता रहा। इस अवधि के दौरान, अंग ने ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड का प्रभावी ढंग से आदान-प्रदान किया।

# खेल जगत

## इंग्लैंड की वनडे और टी-20 टीम में जगह बनाएं क्रॉली और कॉक्स : हैरी ब्रूक

**लीड्स।** इंग्लैंड में 'द हंड्रेड' लीग खेली जा रही है। इस लीग में टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पारी की शुरुआत करने वाले जैक क्रॉली और जॉर्डन काक्स अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इंग्लैंड के वनडे और टी-20 कप्तान हैरी ब्रूक दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रभावित हैं और उनसे राष्ट्रीय वनडे और टी20 टीम में जगह पक्की करने का लक्ष्य रखने को कहा है। 'द हंड्रेड' में जैक क्रॉली ने 280 और कॉक्स ने 327 रन बनाए। ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बात करते हुए हैरी ब्रूक ने कहा कि अच्छा प्रदर्शन करने वाले हर खिलाड़ी की राष्ट्रीय टीम में जगह बन सकती है। क्रॉली में गेंदबाजों पर दबाव बनाने की क्षमता है। वह तेज और स्पिन गेंदबाजी दोनों बेहतर तरीके से खेल सकते हैं। वह बेहतरीन क्षेत्ररक्षक भी हैं। उनके पास इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद (क्रिकेट) खेलने के सभी गुण हैं। उन्होंने कहा कि हर कोई जॉर्डन कॉक्स के बारे में बात कर रहा है।



## एशिया कप- भारत लगातार दूसरी जीत से सुपर-4 में पहुंचा

# जापान को 3–2 से हराया, हरमनप्रीत ने दागे 2 गोल

### भारत के स्ट्राइकर मनदीप, सुखजीत व अभिषेक की शुरू से हमले बोलने कारगर रहे

■ भारत विश्वकप क्वालीफाई की दौड़ में बरकरार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**राजगीर( बिहार ),** 31 अगस्त। स्ट्राइकर मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह और अभिषेक के आक्रामक सेंटर हाफ राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह से मिले पासों पर भारत की पहले ही शुरू से हमले बोलने की रणनीति कारगर रही। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के पेनल्टी कॉर्नर दागे दो गोल और मनदीप सिंह एक गोल की बदौलत दुनिया की सातवें और एशिया की नंबर एक टीम भारत ने 18 वें नंबर की टीम जापान को तेज उमस के बीच खेले गए मैच में रविवार को कड़े संघर्ष के बाद 3–2से हरा पूल ए में लगातार दूसरी जीत के साथ 12 वें पुरुष हॉकी एशिया कप में सुपर 4 में स्थान पाने के पहले लक्ष्य को हासिल कर लिया। अभिषेक और मनदीप सिंह के निशान डी के भीतर और सटीक रहे होते तो भारत की जीत का अंतर कहीं ज्यादा होता लेकिन जापान के गोलरक्षक तकशी योशीकावा ने वाकई कई बेहतरीन बचाव किया। जापान के लिए दोनों गोल उसके स्ट्राइकर कोसई कवाबे ने तीसरे क्वॉर्टर के तीसरे और चौथे क्वॉर्टर के अंतिम पूर्व मिनट में दागे।

भारत के तेज आगाज के बाद शुरू के पांच मिनट में पहले मनदीप और कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल की बढ़त ने जापान को गोल के लिए जवाबी हमलों का इंतजार करने के पूरी ताकत गोल करने पर लगाने को मजबूर दिया। भारत को मैच में जो छह पेनल्टी कॉर्नर मिले उसमें से उसके कप्तान ड्रैग फ्लिकर ने दो गोल में बदला जबकि जापान को नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वह एक को भी गोल में नहीं बदल पाया। भारत और जापान का मैच पर गेंद का कब्जा 50–50 फीसदी का रहा और इससे ही अंदाज लगाया जा सकता है कि मैच वाकई खासा संघर्षपूर्ण रहा।

मनदीप सिंह बाएं से गेंद को लेकर डी में घुसे और आगे बढ़ आए जापान के गोलरक्षक तकशी योशीकावा को छका गोल कर तीसरे मिनट मे खूबसरत मैदानी गोल कर भारत को 1–0 कर दिया। भारत को इसके तुरत बाद एक के बाद एक लगातार चार पेनल्टी कॉर्नर मिले और चौथे पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल कर भारत को शुरू के पांच मिनट में ही 2–0 से आगे कर दिया। जापान को पहला क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पहले लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले पहले को अपना 150 वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल रहे गोलरक्षक कृष्ण बहादुर पाठक ने रोक बेकार दूसरे पर गेंद ही नहीं रुकी। भारत ने शुरू के पांच मिनट में ही दो गोल कर जवाबी हमले पर यकीन करने की रणनीति छोड़ कर अपना किला छोड़ बाहर आने को मजबूर कर दिया। भारत ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने तक 2–0 की बढ़त ले ली थी। जापान को दूसरे क्वॉर्टर के शुरू में एक के बाद एक लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले चौथे पर भारत के गोलरक्षक सूरज करेकरा ने केन नागायोशी के फ्लिक को रोका इसके बाद विवेक सागर प्रसाद ने फ्लिकर पुश लेते इससे पहले ही गोता लगा गेंद को अपने गोल से बाहर कर दिया।

## हमारे स्ट्राइकरों को गोल के मौकों को पूरी तरह भुनाने की जरूरत : मनप्रीत



भारत के सेंटर हाफ मनप्रीत सिंह ने कहा,'जापान की टीम खासी मजबूत टीम है और हमें उसके खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद जीत मिली। हमारे स्ट्राइकरों को गोल के मौकों को पूरी तरह भुनाने की जरूरत है। अब हम सुपर 4 में पहुंच चुके हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सोमवार को चीन और जापान के मैच का नतीजा क्या रहता है और इनमें से हमारे पूल ए से हमारे बाद सुपर 4 में स्थान बनाने वाली दूसरी टीम कौन सी होगी। हमें जापान के खिलाफ और गोल करने चाहिए थे। हमने उन्हें कुछ ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर दे दिए और इससे हमें अपने अगले सुपर 4 मैचों में बचना होगा । साथ ही हमें पूल बी में मलयेशिया और दक्षिण कोरिया की टीमों पर निगाह होगी क्योंकि इस पूल से यही दोनों टीमें सुपर 4 में पहुंचने की दावेदार है। हमें अभी से मलयेशिया और दक्षिण कोरिया के खिलाफ सुपर 4 मैचों के लिए रणनीति बनानी होगी और हम इन दोनों के खिलाफ अलग रणनीति से खेलेगे। हम चाहे सोमवार को कजाकिस्तान के खिलाफ अपने अंतिम पूल में खेलेंगे लेकिन मैं इस मैच को जरा भी हल्के में नहीं लूंगा।'

## सुपर 4 में पहुंचना हमारे लिए टूर्नामेंट का पहला इनाम : फुल्टन



भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने अपनी टीम की एक और संघर्षपूर्ण जीत के बाद कहा, 'हमने एक और संघर्षपूर्ण जीत के साथ ही सुपर 4 मे पहुंचने के पहले मकसद हासिल कर लिया। सुपर चार में पहुंचना ही हमारे लिए इस टूर्नामेंट का पहला इनाम है। शुरू के दो हाफ अच्छे रहे और हमारे स्ट्राइकर बहुत करीब से गोल करने से चूके और हमारी बढ़त 3–0 की होनी चाहिए। जापान ने अपने किले की अच्छी चौकसी की। हमारी कोशिश ज्यादा से ज्यादा गोल करने की होती है। अच्छी बात है कि हम एफआईएच प्रो लीग के पांच मैच एक गोल से हारने के सिलसिले को पलट कर दोनों मैच में एक गोल के अंतर से जीत हासिल की। उमस का खिलाड़ियों के खेल पर असर पड़ा। हमारे स्ट्राइकर को आगे आगे वाले मैचों में अपनी फिनिशिंग बेहतर करने की जरूरत है। जापान के खिलाड़ियों ने रविवार को हमारे खिलाड़ियों की मैन टू मैच मार्किंग की कोशिश की और इसमें वे बहुत हद तक कामयाब भी रहे। हमारे लिए अच्छी बात यह भी हम अपना स्ट्रक्चर बरकरार रख कर खेलने में कामयाब रहे। मेरे लिए सबसे अहम है कि टीम स्ट्रक्चर के मुताबिक खेले। हम अपने अब सोमवार को कजाकिस्तान के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा गोल करने की कोशिश की बजाय अपने स्ट्रक्चर पर काबिज रह कर खेलने की होगी।

## हॉकी इंडिया ने पाठक को 150 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर दी बधाई

**राजगीर।** हॉकी इंडिया ने रविवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर कृष्ण बी पाठक को 150 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर बधाई दी। पंजाब के कपूरथला के रहने वाले 28 वर्षीय कृष्ण बी पाठक ने राजगीर हॉकी स्टेडियम में चल रहे हीरो पुरुष एशिया कप राजगीर बिहार 2025 के भारत के दूसरे मैच में जापान के खिलाफ यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। अपनी चपलता और निरंतरता के लिए मशहूर पाठक लखनऊ में 2016 में हुए एफआईएच जूनियर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का हिस्सा बनकर पहली बार सुर्खियों में आए। उन्होंने जनवरी 2018 में चार देशों के टूर्नामेंट में जापान के खिलाफ सीनियर टीम में पदार्पण किया और जल्द ही टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। तब से, वह भारत की कई सबसे प्रसिद्ध जीतों का हिस्सा रहे हैं, जिनमें 2018 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी, हांग्जो में 2022 एशियाई खेलों का स्वर्ण और 2023 और 2024 में लगातार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब शामिल हैं। उन्हें हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार (वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर) (2019, 2022) के लिए दो बार सम्मानित किया गया है और 2024 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के बाद दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश के संन्यास लेने के बाद, पाठक भारत के भरोसेमंद और पहली पसंद के गोलकीपर रहे हैं।

## मोदी ने श्रीनगर में हुए खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स सराहना की



**रायपुर,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के मासिक प्रसारण की 125वीं कड़ी में हाल ही में श्रीनगर में आयोजित हुए खेलो इंडिया वॉटर गेम्स की सराहना की और पुलवामा में क्रिकेट की लोकप्रियता पर भी चर्चा की। मोदी ने नारा दिया- नारा दिया, 'जो खेलता है, वो खिलता है।' इस दौरान उन्होंने ने खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स के दो खिलाड़ियों से बातचीत भी की। श्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत में प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र करते हुए बड़े पैमाने पर जानमाल के नुकसान की घटना पर दुःख व्यक्त करते कहा कि बाढ़ और बारिश की इस तबाही के बीच जम्मू-कश्मीर ने दो बहुत खास उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इन पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं गया, लेकिन जब देशवासी उन उपलब्धियों के बारे में जानेंगे तो उन्हें बहुत खुशी होगी। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के एक स्टेडियम में रिकॉर्ड संख्या में लोग इकट्ठा हुए। यहां पुलवामा का पहला डे-नाइट क्रिकेट मैच खेला गया। पहले यह होना असंभव था, लेकिन अब मेरा देश बदल रहा है। ये मैच 'रॉयल प्रीमियर लीग' का हिस्सा है, जिसमें जम्मू-कश्मीर की अलग-अलग टीमें खेल रही हैं। यह नजारा वाकई देखने लायक था। इसी प्रकार देश में पहला 'खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल' श्रीनगर की डल झील पर हुआ।

## अंकित और रशीद साउथ जोन टीम में शामिल

**बेंगलुरु,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। साउथ जोन ने चार सितंबर से शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए पुडुचेरी के ऑलराउंडर अंकित शर्मा और आंध्रप्रदेश के शीर्ष क्रम बल्लेबाज शेख़ रशीद को कप्तान तिलक वर्मा और आर साई किशोर के विकल्प के तौर पर अपनी टीम में शामिल किया है। तिलक एशिया कप में चयनित होने के कारण दलीप ट्रॉफी के आगामी मैच में नहीं खेल पाएंगे। केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद अजहरुद्दीन को उपकप्तान नियुक्त किया गया था इसलिए तिलक की अनुपस्थिति में वह टीम की अगुवाई करते नजर आएंगे। साई किशोर उंगली की चोट के चलते चेन्नई में बुची बाबू टूर्नामेंट भी नहीं खेल पाए थे। 34 वर्षीय अंकित ने 2024-25 के रणजी सत्र में सात मैचों में 28.85 की औसत से 24 विकेट लेकर पुडुचेरी के लिए दूसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। वहीं रशीद ने आंध्रा के लिए 12 पारियों में 52.25 की औसत से सर्वाधिक 627 रन बनाए थे जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल था।

## पुरुष हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों में अपनी सर्वश्रेष्ठ टीमें भेजेंगे : दिलीप तिर्की



■ सीनियर खिलाड़ी टीम में स्थान तय मान कर न चलें

**राजगीर( बिहार ),** 31 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने यहां चल रहे पुरुष हॉकी एशिया कप के दौरान कहा कि 2026 में नीदरलैंड और बेल्जियम मे पुरुष हॉकी में हम अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम भेजेंगे और इसमें हमारी अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को ही भेजेंगे। ओलंपियन दिलीप तिर्की ने कहा, ' 2026 में 14 से 30 अगस्त तक पहले हॉकी विश्व कप और फिर इसके तीन हफ्ते बाद 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक एशियाई खेल हैं और हमारे लिए ये दोनों ही खासे अहम टूर्नामेंट हैं। हम अपने चीफ कोच चयनकर्ताओं से बात करने के बाद इन दोनों अहम टूर्नामेट मे अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम भेजेंगे। भले ही सीनियर खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं लेकिन वे भी हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों में अपना चुना जाना तय मान कर नहीं चले इसके लिए उन्हें खुद को फिट रखनश के साथ अपनी फॉर्म बनाए रखनी होगी। हमारे पास अच्छे जूनियर खिलाड़ी आ रहे और भी सीनियर टीम में जगह पाने के लिए वे भी उन्हें चुनौती पेश करेंगे। हमारी कोशिश हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों के एक मजबूत टीम चुनने की होगी। दरअसल हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों के बीच मात्र तीन हफ्ते का अंतर है और ऐसे में हमारे लिए टीम मे किसी खिलाड़ी के चोटिल होने को छोड़ कर किसी बड़े बदलाव की गुंजाइश की बहुत कम है। जहां तक हमारे एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2025 के यूरोपीय चरण में अपने आठ में कुल सात मैच हारने और इनमें से पांच मात्र एक गोल से हराने की बात है तो इस बाबत यही कहूंगा कि हमारे चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने बहुत खिलाड़ियों को आजमाया। हमें अभी भी अपने चीफ कोच फुल्टन पर पूरा भरोसा है। हम 2023 के पिछले विश्व कप में अपने घर में भुवनेश्वर व राउरकेला निराशाजनक ढंग से संयुक्त रूप से नौवे स्थान पर रहे थे। फुल्टन ने भारत को चेन्नै में पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी और 2022 में एशियाई खेलों का स्वर्ण जिताया था। फिर 2024 में पेरिस ओलंपिक में भारत ने फुल्टन के मार्गदर्शन में ओलंपिक में लगातार दूसरी बार कांसा जीता।

## एलेक्स ने टी-20 में हासिल की खास उपलब्धि

■ एलेक्स हेल्स से पहले क्रिस गेल और किरॉन पोलार्ड 14,000 रन बना चुके हैं

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। टी-20 के उदय ने क्रिकेट को पूरी तरह से बदल दिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ लगातार टी-20 लीग दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में लगातार चलती रहती है। कई ऐसे क्रिकेटर हैं, जो दुनियाभर की लीग खेलते हैं और कई बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर चुके हैं। मौजूदा समय में वेस्टइंडीज में कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) खेली जा रही है। लीग में त्रिनबागो नाइट राइडर्स की ओर से खेल रहे एलेक्स हेल्स ने रविवार को एक बड़ा कीर्तिमान अपने नाम किया। सीपीएल 2025 में रविवार को त्रिनबागो नाइट राइडर्स और गुयाना अमेजन वॉरियर्स के बीच मैच खेला गया। त्रिनबागो के लिए पारी की शुरुआत करने आए एलेक्स हेल्स ने 43 गेंद पर 74 रन की पारी खेली। इस पारी के दौरान टी-20 क्रिकेट में एलेक्स हेल्स ने 14,000 रन पूरे कर लिए। इस फॉर्मेट में 14,000 रन पूरे करने वाले हेल्स दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। एलेक्स हेल्स से पहले क्रिस गेल और किरॉन पोलार्ड 14,000 रन बना चुके हैं। पोलार्ड ने भी शनिवार को ये उपलब्धि हासिल की। क्रिस गेल ने 2005 से 2022 के बीच 463 मैचों में 22 शतक और 88 अर्द्धशतक लगाते हुए 14,562 रन बनाए हैं। एलेक्स हेल्स ने 2009 से अब तक खेले 509 मैचों में 7 शतक और 89 अर्धशतक लगाते हुए 14,024 रन बनाए हैं। किरोन पोलार्ड ने 2006 से अब तक खेले 713 मैचों में 1 शतक और 64 अर्धशतक लगाते हुए 14,012 रन बनाए हैं। पोलार्ड का रिकॉर्ड इसलिए ज्यादा अहम है क्योंकि वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं। गेल और हेल्स ने बतौर ओपनर यह उपलब्धि हासिल की है।



## नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

■ अंकित ने 321 गेंदों में 19 चौके और एक छक्का लगाते हुए 198 रनों की पारी खेली

**बेंगलुरु,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विशाल बढ़त के आधार पर रविवार को दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइलन में जगह बना ली। नॉर्थ जोन ने दो विकेट पर 388 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज यहां सुबह कप्तान अंकित कुमार और आयुष बदोनी अपनी टीम को बड़े स्कोर की ओर ले गये। इसी दौरान 444 के स्कोर पर मुख्तार हुसैन ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे अंकित कुमार को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अंकित कुमार मात्र दो रन से अपना दोहरा शतक चूक गए। उन्होंने 321 गेंदों में 19 चौके और एक छक्का लगाते हुए 198 रनों की पारी खेली। इसके बाद चौथे विकेट के रूप में निशांत सिंधु (68) रन बनाकर आउट हुये। नॉर्थ जोन ने आयुष बदोनी का दोहरा शतक बनने के बाद 146.2 ओवर में चार विकेटपर 658 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। नॉर्थ जोन ने ईस्ट जोन के खिलाफ 833 रनों की विशाल बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। आयुष बदोनी 223 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 204 रन बनाये।कन्हैया वधावन 23 रन बनाकर नाबाद रहे। नॉर्थ जोन ने पहली पारी में 405 रन बनाये। वहीं दूसरी पारी चार विकेट पर 658 के स्कोर पर घोषित की। अपनी पहली पारी में 230 रन बनाये और दूसरी में वह बल्लेबाजी नहीं कर पाई।

## फेलिक्स ऑगर अलियासिमे यूएस ओपन के चौथे दौर में



**न्यूयॉर्क,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा के स्टार टेनिस खिलाड़ी फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने अपने करियर के एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर यूएस ओपन 2025 के चौथे दौर में जगह बना ली है। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 25 वर्षीय ने फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने ज्वेरेव को 4-6, 7-6(7), 6-4, 6-4 से हराने के लिए आक्रामक मास्टरक्लास का प्रदर्शन किया। उन्होंने 23 फोरहैंड सहित 50 विनर्स के साथ जीत दर्ज की। वर्तमान में 27वें स्थान पर काबिज ऑगर-अलियासेम ने अब तक शीर्ष पांच प्रतिद्वंदी के खिलाफ अपनी पहली ग्रैंड स्लैम जीत दर्ज की है। वह अपने पिछले 11 प्रयासों में केवल दो बार किसी स्लैम के अंतिम 16 में पहुंचे हैं और क्वार्टर फाइनल में उनका सामना 15वीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव से होगा । मैच के बाद अलियासेम ने कहा कि यह अच्छा लग रहा है। काम अभी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। आज रात सब कुछ बहुत अच्छी तरह से हुआ।

## युकी भांबरी यूएस ओपन के अगले दौर में, रोहन बोपन्ना हुए बाहर



**न्यूयॉर्क।** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की जोड़ी ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन को हराकर यूएस ओपन पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं अनुभवी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये है।( एक घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले में भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी को 6-0, 6-3 से हराकर पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।भारतीय टेनिस खिलाड़ी भांबरी और माइकल वीनस सोमवार को दूसरे दौर में कोलंबिया के गोंजालो एस्कोबार और मेक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला से भिड़ेंगे।इसी बीच रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी ने 6-4, 6-3 से हराया। इसी हार के साथ बोपन्ना टूर्नामेंट से बाहर हो गये है। दूसरी ओर, अर्जुन काधे और उनके जोड़ीदार इक्वाडोर के डिएगो हिडाल्गो क्रोएशिया के मेट पाविक और अल सल्वाडोर के मार्सेलो एरेवालो से तीन सेटों में हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गए।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी जीता कांस्य पदक

**पेरिस,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को चीन के चेन बोयांग और लियू यी ने 19-21, 21-18,12-21 से हराया।विश्व चैंपियनशिप में सात्विक-चिराग की जोड़ी का यह दूसरा कांस्य पदक है। इससे पहले सात्विक-चिराग ने टोक्यो में 2022 में हुई बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने मैच की अच्छी शुरुआत की और 4-0 की बढ़त बना ली। मिड-गेम ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बनाए रखी। लेकिन इसके बाद चीनी जोड़ी ने वापसी की और 14-13 की बढ़त हासिल कर ली और इस बढ़त को बरकरार रखते हुए पहला गेम जीत लिया।दूसरे गेम में, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 5-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन चीनी जोड़ी ने इसे 11-9 कर दिया। लेकिन एक बार फिर सात्विक और चिराग ने अपनी पकड़ को मजबूत किया और 16-11 से बढ़त बना ली।

## सार संक्षेप

### हरारे एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर जुर्माना

**दुबई।** हरारे में हुए पहले एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। यह जुर्माना मेहमान टीम पर आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, निर्धारित समय सीमा से एक ओर कम फेंकने पर एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ़ मैच रेफरी के जेफ क्रो द्वारा लगाया गया।खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 न्यूनतम ओवर गति के अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। श्रीलंका के कप्तान चरित असलांका ने अपराध और प्रस्तावित जुर्माना स्वीकार कर लिया। इसलिए इस पर औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी।

### राजस्थान को हराकर केरल फाइनल में

**नारायणपुर।** सब जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 के टायर-2 के दूसरे सेमीफाइनल में केरल की टीम ने राजस्थान को हराकर फाइनल में जगह बना ली ।आज यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के फुटबॉल ग्राउंड में खेले गये मुकाबले में केरल ने राजस्थान को 8-2 से हराया। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन एवं रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 16 अगस्त से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में देशभर से 14 टीमों ने हिस्सा लिया है। रविवार सुबह आठ बजे खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में केरल ने शानदार प्रदर्शन किया। केरल की अर्पिता ने तीन गोल दागकर हैट्रिक बनाई। मैच जीत के बाद टीम के कोच डॉ. जेम शॉट ने कहा कि खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया और आयोजन स्थल की व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। इस महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला तीन सितंबर को केरल और उत्तर प्रदेश के बीच खेला जाएगा।

### सुडोकू 7021 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 | 6 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 5 |

# [ अर्थ जगत ]

**अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा**

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 2.26 प्रतिशत |
| कोटक महिंद्रा बैंक | 1.97 प्रतिशत |
| बीईएल | 1.47 प्रतिशत |
| ट्रेंट | 1.43 प्रतिशत |
| एलएंडटी | 1.12 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.96 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.21 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 2.04 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.03 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.98 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,01,306 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,17,110 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7976.62 |
| मसूर काली | 8149.15 |
| उड़द दाल | 10458.20 |
| मूंग दाल | 10084.23 |
| अरहर दाल | 10781.09 |

## फिलीपींस ने दी खाद्यान्न आयात नियमों में ढील

**■ भारतीय चावल निर्यातकों का प्रतिनिधिमंडल फिलीपींस जाएगा, खाद्य निर्यात बढ़ाने पर जोर**

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय चावल निर्यातकों का एक प्रतिनिधिमंडल अगले महीने फिलीपींस का दौरा करेगा। फिलीपींस ने भारत से खाद्यान्न आयात नियमों में ढील दी है। इसका मकसद भारत से निर्यात को बढ़ावा देना है।

फिलीपींस बासमती चावल के आयात पर प्रतिबंध हटाने पर सहमत हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस कदम से भारत से उच्च गुणवत्ता वाले चावल के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होने और भारतीय किसानों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। कृषि सचिव फ्रांसिस्को पी. तियु लॉरेल जूनियर के नेतृत्व में फिलीपींस का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने की शुरुआत में भारत आया था। उन्होंने भारतीय कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) और भारतीय चावल निर्यातक संघ के अधिकारियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में, फ़िलीपींस ने भारत से कई ज़रूरी खाद्य पदार्थों का आयात बढ़ाने पर सहमति जताई। इनमें चावल, भैंस का मांस, सब्ज़ियां, फल और मूंगफली सहित अन्य खाद्य पदार्थ




शामिल हैं। इस फैसले से फ़िलीपींस को अपनी खाद्य आपूर्ति को अलग-अलग देशों से पूरा करने में मदद मिलेगी, खासकर जब दुनिया में व्यापार को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इन बैठकों में यह भी तय हुआ कि भारत से बासमती चावल के निर्यात पर लगे प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे।

यह समझौता भारत-फिलीपींस संबंधों में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है और दोनों देशों की कृषि, व्यापार और आर्थिक विकास में मिलकर काम करने की इच्छा को दर्शाता है। भू-राजनीतिक बदलावों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अनिश्चितता के दौर से गुजरते हुए, ऐसी साझेदारियां और महत्वपूर्ण होती जा रही हैं। फिलीपींस का लक्ष्य चीनी उत्पादों पर निर्भरता कम करना, खाद्य सुरक्षा बढ़ाना और भारत-फिलीपींस के बीच मजबूत आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है। यह समझौता दोनों देशों के बीच बेहतर खाद्य सुरक्षा, आर्थिक विस्तार और विविध व्यापार में योगदान देगा। भारत ने 2024 में फिलीपींस को 413 मिलियन डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात किया, जो फिलीपींस के कुल कृषि आयात का मात्र 2 प्रतिशत है। फिलीपींस के खाद्य आयातकों का एक प्रतिनिधिमंडल 25-28 सितंबर तक भारत के सबसे बड़े खाद्य व्यापार मेले वर्ल्ड फ़ूड इंडिया और 30-31 अक्टूबर को होने वाले अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन में भी भाग लेगा।

## 7.8 प्रतिशत की जीडीपी ग्रोथ रेट से टैरिफ से आई अनिश्चितता में आएगी कमी : इंडस्ट्री

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून अवधि) में अर्थव्यवस्था का 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ना सभी के लिए उत्साहजनक है। इससे अमेरिकी टैरिफ के कारण जो अनिश्चितता बढ़ी है उसमें कमी आएगी। यह बयान इंडस्ट्री की ओर से दिया गया। लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने कहा कि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत पर रहना अच्छी खबर है। मौजूदा समय में हमारी अर्थव्यवस्था 4.1 ट्रिलियन डॉलर है और आने वाले दो वर्षों में यह 5 ट्रिलियन डॉलर को पार कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी जीडीपी बन जाएगी, जिसमें इस वृद्धि दर की अहम भूमिका होगी। उन्होंने आगे कहा कि अर्थव्यवस्था का तेजी से बढ़ना अचानक नहीं है, बल्कि इसके पीछे सरकार और उद्योगों का प्रयास और योजना है, जिससे देश को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनाया जा सके।




लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चोपड़ा ने कहा कि जीडीपी की ग्रोथ रेट का 7.8 प्रतिशत पर आना सभी के लिए उत्साहजनक है। इससे अमेरिकी टैरिफ के कारण जो अनिश्चितता बढ़ी है उसमें कमी आएगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार के द्वारा पूंजीगत खर्च में बढ़ोतरी करने, आरबीआई द्वारा ब्याज दरों को घटाने और अच्छा मानसून रहने के कारण कृषि से जुड़ी गतिविधियां मजबूत रहने की वजह से आने वाली तिमाही में भी अर्थव्यवस्था की रफ्तार ऐसे ही बनी रह सकती है। एनएसओ के द्वारा जारी किए गए डेटा के मुताबिक, अप्रैल-जून अवधि में देश की रियल जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रुपए रही है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 44.42 लाख करोड़ रुपए थी।

## विदेशी निवेशकों ने अगस्त में निकाले 20,635 करोड़ रुपए




**■ इस साल फरवरी के बाद की सबसे बड़ी निकासी हुई**

**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने अगस्त में भारतीय पूंजी बाजार में भारी बिकवाली की और शुद्ध रूप से बाजार से 20,635 करोड़ रुपए निकाले। इसका मतलब यह है कि उन्होंने जितना पैसा बाजार में लगाया उससे 20,635 करोड़ रुपए ज्यादा निकाला। यह इस साल फरवरी के बाद की सबसे बड़ी निकासी है।

अगस्त में एफआईआई ने इक्विटी बाजार से 34,993 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। डेट में उन्होंने खरीददारी जारी रखी और उनकी शुद्ध लिवाली 12,662 करोड़ रुपए रही। म्युचुअल फंड में उन्होंने 1,546 करोड़ रुपए और हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट्स में 151 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया।

यह लगातार तीसरा महीना है जब विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाल रहे हैं। इससे पहले, जुलाई में उन्होंने 5,261 करोड़ रुपए और जून में 7,769 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की थी।

साल के पहले आठ महीने में से मार्च और मई को छोड़कर एफआईआई ने बाजार से पैसे निकाले हैं। पूरे साल के दौरान उनकी शुद्ध निकासी 72,040 करोड़ रुपए रही है जिसमें अकेले इक्विटी से उन्होंने 1,24,453 करोड़ रुपए निकाले हैं। डेट और म्यूचुअल फंड में वे शुद्ध रूप से लिवाल रहे हैं जबकि हाइब्रिड में उनका निवेश नकारात्मक रहा है।

## एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण घटा

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। देश के सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण इस सप्ताह 47,482.49 करोड़ रुपए घटकर 14,60,863.90 करोड़ रुपए रह गया, जिससे यह भारत की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सबसे अधिक नुकसान उठाने वाली कंपनियों में से एक रही।

शेयर बाजार में कमजोरी के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज को भी भारी गिरावट का सामना करना पड़ा। इस सप्ताह बीएसई की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण में कुल मिलाकर 2,24,630.45 करोड़ रुपए की गिरावट आई। इस दौरान निफ्टी 443.25 अंक या 1.78




प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,426.85 और सेंसेक्स 1,497.20 या 1.84 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 79,809.65 पर था। एचडीएफसी बैंक के अलावा, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 27,135.23 करोड़ रुपए घटकर 9,98,290.96 करोड़ रुपए और भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 24,946.71 करोड़ रुपए घटकर 10,77,213.23 करोड़ रुपए रह गया है।

## वंदे भारत ट्रेनों में कोच की संख्या बढ़ाएगी रेलवे

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। यात्रियों के सफर को आरामदायक और सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने भीड़भाड़ वाले कई रूट्स पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेनों में कोच की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया है। यह जानकारी भारतीय रेलवे की ओर से रविवार को दी गई।

रेलवे मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी किए गए एक वीडियो में बताया गया कि सरकार ने हाई डिमांड वाले रूट्स पर चलने वाली कई वंदे भारत ट्रेनों में कोच बढ़ने का फैसला लिया। इसके तहत कई 16 कोच वाली वंदे भारत में डिब्बों की संख्या को बढ़ाकर 20 कर दिया जाएगा। वहीं, कुछ 8 कोच वाली वंदे भारत में डिब्बों की संख्या को दोगुना कर दिया जाएगा।

सरकार ने जिन वंदे भारत ट्रेनों में कोच की संख्या को 16 से बढ़ाकर 20



करने का फैसला लिया है। उनमें मंगलुरु सेंट्रल से तिरुवनंतपुरम सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस (20631/32), सिकंदराबाद से तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस (20701/20702), चेन्नई एग्मोर से तिरुनेलवेलि वंदे भारत एक्सप्रेस (20665/20666) शामिल हैं। इसके अलावा सरकार ने कुछ वंदे भारत में कोच की संख्या 8 से बढ़ाकर 16 करने का फैसला किया है। इनमें मुदरै से बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस (20671/20672), वाराणसी से देवघर वंदे भारत एक्सप्रेस (22499/20500), इंदौर से नागपुर

**■ यात्रियों को कंफर्म टिकट पाने में होगी आसानी**

वंदे भारत एक्सप्रेस (20911/20912) और हावड़ा से राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस (20871/20872) शामिल हैं। सरकार के इस फैसले से सीटों की संख्या में इजाफा होगा और यात्रियों को कंफर्म टिकट पाने में आसानी होगी।

अगस्त की शुरुआत में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि भारत में मौजूदा समय में 144 ऑपरेशनल वंदे भारत ट्रेन हैं। वंदे भारत सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें हैं जिन्हें भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को तेज, सुरक्षित और अधिक आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन और विकसित किया गया है। इन ट्रेनों में तेज एक्सीलरेशन, कवच सिस्टम, पूरी तरह से सीलबंद गैंगवे, ऑटोमेटिक डोर और आरामदायक सीटों की सुविधाएं हैं।

## सार संक्षेप

### एक सप्ताह में रुपया 0.65 प्रतिशत टूटा

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली और घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के दबाव में रुपया बीते सप्ताह 56.50 पैसे (0.65 प्रतिशत लुढ़ककर) शुक्रवार को अंतिम कारोबारी दिवस पर 88.09 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा पहली बार 88 रुपये प्रति डॉलर से नीचे बंद हुई है। इससे पहले इसका निचला स्तर 87.88 रुपए प्रति डॉलर था। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी बाजार में भारी बिकवाली से डॉलर की मांग बढ़ी है जिससे रुपया दबाव में आ गया।

### वाटर फिल्टर को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने की मांग

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक से पहले वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर और इनसे संबंधित सेवाओं को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने की मांग की गई है। वाटर प्यूरिफायर और फिल्टर बनाने वाली कंपनियों, इनके डीलरों और कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के अलाभकारी संगठन वाटर क्वालिटी इंडिया एसोसिएशन ने इस संबंध में केंद्रीय राजस्व सचिव को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ पेय जल तक पहुंच एक मूलभूत आवश्यकता है। केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, देश के कई हिस्सों में भूजल पीने लायक नहीं है और इसलिए लोग मजबूरी में वाटर प्यूरिफायर और फिल्टर इस्तेमाल करते हैं। इसके बावजूद देश की सिर्फ छह प्रतिशत आबादी वाटर प्योरिफियर का इस्तेमाल करती है जबकि अन्य विकासशील देशों में यह आंकड़ा करीब 20 प्रतिशत है। एसोसिएशन ने 23 अगस्त को लिखे इस पत्र में तर्क दिया है कि जीएसटी में 18 प्रतिशत के दर स्लैब के कारण आम लोगों के लिए वाटर प्यूरिफायर काफी महंगा पड़ता है।

### जीएसटी में राहत से ऑटो सेक्टर में उछाल की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत का ऑटोमोबाइल सेक्टर वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में रफ्तार पकड़ने की ओर बढ़ रहा है। ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि सरकार की नीतिगत राहत, ग्रामीण इलाकों में सुधार और नए वाहनों की लॉन्चिंग मिलकर ऑटो डिमांड को मजबूत करेंगे। रीपो और सीआरआर रेट कट्स के साथ संभावित जीएसटी दरों में कमी इस तेजी के बड़े ट्रिगर माने जा रहे हैं। इसमें टू-व्हीलर सेगमेंट को सबसे ज्यादा फायदा मिलने की उम्मीद है। हाल ही के बजट में टैक्स राहत, ग्रामीण इलाकों में बेहतर सेंटिमेंट और प्रीमियम इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर लॉन्च की पाइपलाइन से इस सेगमेंट की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। रॉयल एनफील्ड और टीवीएस मोटर ने वित्त वर्ष 26 में पहले ही मजबूत ग्रोथ दिखाई है, जबकि हीरो मोटोकॉर्प फेस्टिव सीजन और जीएसटी कट से डिमांड में सुधार की उम्मीद कर रहा है। मारुति सुजुकी की घरेलू बिक्री स्थिर रही, लेकिन एक्सपोर्ट बेहतर रहे, जबकि टाटा मोटर्स को सालाना आधार पर गिरावट का सामना करना पड़ा।

## बाजार पर दिखेगा जीडीपी के आंकड़ों का असर

**-साप्ताहिक समीक्षा-**

**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। बीते सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में शेयर बाजारों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के उत्साहजनक आंकड़ों का असर दिख सकता है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा 29 अगस्त को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर 7.8 प्रतिशत रही। ये आंकड़े

**■ सेंसेक्स 1.84 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 79,809.65 अंक पर**
**■ निफ्टी 1.78 फीसदी टूटकर 24,426.85 अंक पर रहा**

बाजार खुलने के बाद जारी किए गए थे, इसलिए इनका असर सोमवार को ही दिखेगा। साथ ही तेजी से बदलते वैश्विक कारक भी निवेश धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

पिछले सप्ताह बाजार में बुधवार को गणेश चतुर्थी की छुट्टी के कारण चार दिन ही कारोबार हुआ। इसमें अंतिम तीन दिन बाजार में बिकवाली देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 1,497.20 अंक यानी 1.84 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को इस साल 09 मई के बाद के निचले स्तर 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक



एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 443.25 अंक (1.78 फीसदी) टूटकर 24,426.85 अंक पर आ गया जो इसका 08 अगस्त के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली और ज्यादा देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप50 सूचकांक 3.63 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 3.86 प्रतिशत टूट गया।

बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर लुढ़क गए जबकि आठ के शेयर हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे अधिक 6.01 प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.71 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक का 3.15 प्रतिशत टूटा। सनफार्मा में 2.97 फीसदी, पावर ग्रिड में 2.82, एनटीपीसी में 2.80, बजाज फिनसर्व में 2.69, आईसीआईसीआई बैंक में 2.66 और टाटा स्टील में 2.59 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। एक्सिस बैंक का शेयर 2.32 फीसदी, भारती एयरटेल का 2.26, ट्रेंट का 2.02 और अडानी पोर्ट्स का 2.00 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।

### प्राइमरी मार्केट में जमकर निवेश कर रहे एफआईआई

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) स्टॉक एक्सचेंज (सेकेंडरी मार्केट) में एक तरफ बिकवाली कर रहे हैं, दूसरी तरफ प्राइमरी मार्केट (आईपीओ, एफपीओ आदि) के जरिए इक्विटी में निवेश कर रहे हैं। एनालिस्ट्स ने रविवार को कहा कि एफआईआई ने अगस्त में 40,305 करोड़ रुपए का निवेश प्राइमरी मार्केट में किया है। टैरिफ नीतियों और एक्सचेंज रेट में अचानक बदलाव भी एफआईआई के व्यवहार पर असर डाल रहे हैं। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके विजयकुमार ने कहा कि निकट भविष्य में इन कारकों में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। अगस्त में एफआईआई ने अपनी बिकवाली जारी रखी और एक्सचेंजों के माध्यम से कुल 39,063 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची। अगस्त में हुई इस बिकवाली के साथ, 2025 में अब तक एफआईआई की कुल बिकवाली 170,940 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है।

## सोने-चांदी की कीमत में इस हफ्ते रही बढ़त

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। सोने और चांदी दोनों की कीमत में इस हफ्ते बढ़त देखी गई है। सोने के दाम में 3,000 रुपए से अधिक का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी का भाव 3,600 रुपए से अधिक बढ़ गया है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 1,02,388 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 99,358 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 3,030 रुपए की बढ़त को दर्शाता है। 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 93,787 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 91,012 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 74,519 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 76,791 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है।

वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 3,666 रुपए बढ़कर 1,17,572 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,13,906 रुपए



**■ सोना इस हफ्ते तीन हजार रुपए से अधिक महंगा हुआ, चांदी 1.17 लाख रुपए के पार**

प्रति किलो थी।

सोने और चांदी में बढ़त की वजह वैश्विक अस्थिरता माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कई देशों पर टैरिफ लगाए जाने के कारण ग्लोबल स्तर पर अनिश्चितता में इजाफा हुआ है।

वैश्विक अनिश्चितता के समय सुरक्षित माने जाने के कारण दुनिया भर में सोने और चांदी की मांग बढ़ जाती है और मांग के मुकाबले सीमित आपूर्ति के कारण इनकी कीमतों में इजाफा होता है।

## गेहूं मजबूत, चावल नरम, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव, चीनी व दालें सस्ती

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी और दालों में भी गिरावट देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत तीन रुपए कम होकर सप्ताहांत पर 3,827.63 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं, गेहूं करीब 14 रुपए महंगा होकर 2,855.55 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपए बढ़ी और यह 3,310.84 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

सरसों तेल की औसत कीमत आठ रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में करीब 53 रुपए और वनस्पति में आठ रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी रही। सोयाबीन तेल 19 रुपए और सूरजमखी तेल 41 रुपए महंगा हुआ। वहीं,पाम ऑयल 11 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया।

बीते सप्ताह दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल औसतन करीब तीन रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल में 12 रुपए और दाल मूंग में 24



रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। तुअर दाल भी करीब 49 रुपए उतर गई जबकि मसूर दाल की कीमत कमोबेश स्थिर रही। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में पिछले कुछ समय से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया। गुड़ के औसत भाव 19 रुपए प्रति क्विंटल और चीनी के चार रुपए प्रति क्विंटल टूट गए। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** दाल चना 7961.07 रुपए, मसूर काली 8109.48 रुपए, मूंग दाल 10103.51 रुपए, उड़द दाल 10434.10 रुपए, अरहर दाल 10672.95 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## अपतटीय पवन ऊर्जा में निवेशक नहीं दिखा रहे रुचि

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। बुनियादी ढांचे की कमी और ज्यादा पारेषण लागत के कारण देश में अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजना उड़ान नहीं भर पा रही है।

देश में स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता इस साल 50 गीगा वाट को पार कर चुकी है और सरकार ने साल 2030 तक इसे बढ़ाकर 100 गीगा वाट करने का लक्ष्य रखा है। इस लिहाज से औसतन हर साल 10 गीगा वाट की क्षमता जोड़नी होगी। पिछले तीन वित्त वर्षों के आंकड़े देखें तो 2022-23 में पवन ऊर्जा क्षमता 2.28 गीगा वाट, 2023-24 में 3.25 गीगा वाट और 2024-25 में 4.15 गीगा वाट बढ़ी थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 1.64 गीगा वाट क्षमता जोड़ी गई है और कुल स्थापित क्षमता 51.67 गीगा वाट हो गई है। इस रफ्तार से साल 2030 तक 48 गीगा वाट का लक्ष्य मुश्किल लगता है।

सरकार ने पवन ऊर्जा के विस्तार के लिए अपतटीय परियोजनाओं को बढ़ावा देने की योजना बनायी है, लेकिन वह परवान चढ़ती नहीं दिख रही है। पहले चरण में



सरकार ने कुल 10 मेगावाट की दो परियोजनाओं के लिए तैयारी की है। ये परियोजनायें गुजरात और तमिलनाडु में पांच-पांच गीगा वाट के संयंत्र स्थापित करने की हैं।

दोनों राज्यों में 500-500 मेगा वाट के लिए सरकार ने वायेविलिटी गैप फंडिंग के जरिए नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 19 जून 2024 को इस मद में 7,453 करोड़ रुपए के प्रावधान को मंजूरी दी थी। इसमें 6,853 करोड़ रुपए पवन ऊर्जा संयंत्र की स्थापना पर और शेष 600 करोड़ रुपए दोनों जगह बंदरगाहों के ढांचागत विकास पर खर्च किए जाने थे।

**■ परवान नहीं चढ़ रही अपतटीय परियोजनाओं को बढ़ावा देने की योजना**

भारतीय सौर ऊर्जा आयोग ने 13 सितंबर 2024 को टेंडर गुजरात की परियोजना के लिए टेंडर जारी किए थे, लेकिन चयन की शर्तों में बदलाव के बावजूद निवेशकों के रुचि नहीं दिखाने के कारण गत 12 अगस्त को टेंडर रद्द कर दिया गया।

ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल (जीडब्ल्यूईसी) की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2030 से पहले देश में अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजना में उत्पादन शुरू होने की संभावना नहीं है। इसके पीछे चार प्रमुख कारण बताए गए हैं। उसने कहा कि टेंडर ऐसे समय में जारी किया गया जब बाजार की गतिविधियों में सुस्ती थी। साथ ही बुनियादी ढांचे की कमी के कारण भी निवेशक सामने नहीं आए।

# ब्रह्माकुमारिज द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन, 249 लोगों ने किया रक्तदान




**धमतरी,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धमतरी द्वारा ब्रह्मा कुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 18 वी पुण्य तिथि पर पूरे भारत में रक्तदान शिविर का वृहद आयोजन किया गया, जिसमें एक लाख यूनिट रक्त संग्रहित करने का लक्ष्या था। यह आयोजन सभी जगह जिला अस्पताल के साथ मिलकर किया गया, जिसके तहत धमतरी जिले में भी यह आयोजन हुआ।

उल्लेखनीय है की पूरे शहर में ब्रह्माकुमारी संस्था के प्रति बेहद अपनापन है। कुछ माता-बहनों ने बताया की हमें ब्लड डोनेट करने की बहुत इच्छा रहती थी लेकिन घर में मना करते थे, लेकिन जैसे ही यहां का पता चला घर वालों ने ब्लड डोनेट करने के लिए अनुमति दे दी। ज्यादातर भाई लोग ही ब्लड डोनेट करते हैं, लेकिन यहां देखा गया कि माताओं में भी ब्लड डोनेट बहुत उमंग था। समर्पित ब्रह्मा कुमारी बहनों ने भी ब्लड डोनेट किया।

जिला अस्पताल की पूरी टीम में बहुत प्रेम से शांति से सारा दिन अथक होकर यह सेवा कार्य किए। पैथोलोजिस्ट आदित्य सिन्हा ने कहा ये आज तक का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर है। ब्रह्माकुमारिज धमतरी द्वारा धमतरी के साथ कुरूद, मगरलोड और गुरुर में भी शिविर आयोजित किया गया। धमतरी में 249 यूनिट, कुरूद में 95 यूनिट, मगरलोड में 58 यूनिट, गुरुर में 75 यूनिट ब्लड कुल 477 यूनिट ब्लड संग्रहित किया गया।

- ब्रह्मा कुमारिज द्वारा आयोजित यह सेवा कार्य बहुत ही सराहनीय है : महापौर रामू रोहरा
- विशाल रक्तदान अभियान ऐतिहासिक एवं गरिमा मय आयोजन के साथ संपन्न

उल्लेखनीय है कि सभी रक्त सरकारी अस्पताल में रखा गया है, जो आवश्कता के अनुसार उनके द्वारा धमतरी जिलेवासियों के लिए उपयोग किया जायेगा।

रक्तदान शिविर के शुभारम्भ में नगर निगम के महापौर रामू रोहरा, सरिता दीदी, डॉक्टर राजेश सूर्यवंशी, प्राप्ति वासनी, वार्ड पार्षद योगेश लाल मुख्य आतिथ्य में फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस सेवा कार्य के महत्व को समझते हुए विधायक ओंकार साहू, बीजेपी की प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू, प्रखर समाचार पत्र के संपादक लखोटिया ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी। इस अवसर पर जिला अस्पताल के डॉक्टर आदित्य सिन्हा, डॉक्टर प्रतीशा परिहार, डॉक्टर शिंदे जी एवं गुरुशरण साहू के साथ ही साथ उनकी पूरी पैथालॉजी की टीम जिसमें लगभग 25 नर्सिंग स्टाफ और विशेष व्यवस्था में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्य धाम सिविल लाइन के ब्रह्मा कुमार और ब्रह्माकुमारी भाई बहने समर्पित भाव से अथक सेवाएं देते रहे। इसके अलावा समाजसेवी शिवा प्रधान, मीडिया से पत्रकार बंधुगण भी उपस्थित रहे। लायन्स क्लब, महिला समाज तथा लेडिज क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य गण, गणमान्य सामाजिक जन उपस्थिति देकर विशाल रक्तदान अभियान के ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी बनें। इस अवसर पर प्रत्येक आने वाले न केवल रक्तदान दाता अपितु उपस्थित जनों के मुख से यही शब्द निकल रहे थे कि परमात्मा का यह कार्य है और ऐसा लग रहा है कि स्वयं परमात्मा सबको प्रेरित कर रहे हैं। शिविर बहुत ही सकारात्मक एवं खुशनुमा माहौल में संपन्न हुआ।

सरिता दीदी ने कहा आज यह सेवा कार्य करके मुझे बहुत ही खुशी हो रही है।

महापौर रामू रोहरा ने कहा ब्रह्मा कुमारिज द्वारा आयोजित यह सेवा कार्य बहुत ही सराहनीय है। सरिता दीदी हमारे शहर की आधार स्तम्भ बन चुकी है। हमारा जीवन सेवा कार्य में काम आये। सभी अतिथियों ने अपनी शुभ भावना व्यक्त की।

# फिंगेश्वर में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य जांच परामर्श शिविर



**फिंगेश्वर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना महोत्सव रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, बालको कैंसर मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय ठाकुर दलगंजन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर परिसर में दिनांक 30.08.2025 दिन शनिवार को भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कैंसर जांच स्क्रीनिंग एवं परामर्श, नेत्र रोग जांच एवं परामर्श, टीवी रोग जांच एवं परामर्श, दंत रोग जांच एवं परामर्श, आयुर्वेद चिकित्सा, शिशु रोग जांच एवं परामर्श, कुष्ठ रोग जांच एवं परामर्श की सुविधा प्रदान की गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वी. के. हिरौंदिया ने बताया कि शिविर में कुल 504 व्यक्तियों का पंजीयन किया गया जिसमें 272 लोगों का बीपी, शुगर जांच 249 लोगों का हीमोग्लोबिन, सिकलिंग व ब्लड ग्रुप 125 लोगों का नेत्र जांच, 81 लोगों का टीबी जांच, 30 लोगों का लेप्रोसी जांच, कैंसर स्क्रीनिंग हेतु 174 महिलाओं का पंजीयन किया गया जिसमें बालको मेडिकल सेंटर की मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन के माध्यम से 28 मेंमोग्राफी (स्तन कैंसर जांच), 12 पेप स्मीयर (गर्भाशय में कैंसर की जांच) किया गया जिसमें 08 संभावित मरीज मिले है जिन्हें बालको मेडिकल सेंटर जाकर निःशुल्क जांच व इलाज कराने की सलाह दिया गया। शिविर में मुख्य रूप से सभापति महिला बाल विकास विभाग श्रीमती नंदनी ओंकार साहू सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, डॉ भावना सिरोही डायरेक्टर बालको मेडिकल सेंटर, डॉ रश्मि राय कैंसर सर्जन, डॉ हेमलता सिंग ऑनकोलॉजी, संयोजक विजेंद्र साहू, इंद्र साहू, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग जितेन्द्र साव, डॉ श्रीमती एस.एल. हुमने शिशु रोग विशेषज्ञ, योगेश पराना खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, डॉ अमन विश्वास चिकित्सा अधिकारी, डॉ.रीना मंडावी आयुर्वेद चिकित्सक, नेत्र सहायक अधिकारी योगानंद चक्रधारी, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, आरएचओ, महिला बाल विकास सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित थे।

# भालूकोना में प्रयोग सेवा समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए भीखम सिंह




**बागबाहरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के वनांचल ग्राम भालूकोना में प्रयोग सेवा समाज के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुआ।

इस अवसर पर भालूकोना सहित उखरा, दरबेकेरा, तुपकबोरा, पंडरीपानी से आई हुई महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों के साथ प्रवासी मजदूरों की समस्याओं, संविधान में दिए गए अधिकारों तथा कानून से संबंधित विस्तृत चर्चा की गई।

ग्राम पंचायत के सरपंचों एवं बहनों को अपने अधिकारों, निराश्रित पेंशन, आवास जैसी योजनाओं की जानकारी दी और भाजपा सरकार की योजनाओं, मोदी जी की गारंटी एवं विष्णुदेव साय जी के सुशासन से अवगत कराया।

इस अवसर पर हीरा साहू, ओमप्रकाश ध्रुव, बहुर देशकर, प्रयोग सेवा समिति की संचालक देवंतीन बाई ठाकुर एवं एकता परिषद के सदस्य हलधर मिश्रा सहित क्षेत्र की महिलाओं, पुरुषों व युवाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# खैरी पंचायत के दुष्यंत घृतलहरे ने कोंडागांव में तृतीय स्थान प्राप्त कर बढ़ाया मान-सम्मान

**पलारी,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी के 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह बलौदाबाजार जिला के चक्रपाणि महाविद्यालय बलौदाबाजार में आयोजित किया गया जिसमें ग्राम पंचायत खैरी के कक्षा नवमी के छात्र मलखंभ टीम के कप्तान दुष्यंत घृतलहरे, व उनके टीम को बलौदाबाजार कि पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा शील्ड व मेडल से सम्मानित किया गया था इसी कड़ी में 28 जुलाई को 25वीं संभाग स्तरीय मलखंभ प्रतियोगिता मलखंभ ट्रेनिंग सेंटर योग भवन में हुआ था जिस पर बलौदाबाजार जिले में सात खिलाड़ी का चयन हुआ था जो कोंडागांव नारायणपुर 25वीं राज्य स्तरीय मलखंभ में शामिल होकर तृतीय स्थान प्राप्त कर विजेता चुनें गये मलखंभ के हेड कोच अकलेश नारंग मैनेजर के रूप में बालक शिवकुमार बाघे, राकेश साहु, पुरंदर कोसरिया, प्रिती जलक्षत्रिय, ममता दधीक्षी, सीमा साहु के अगुवाई में मलखंभ प्रतियोगिता में हिस्सा लिये, दुष्यंत घृतलहरे के पिता अरुण घृतलहरे व माताजी आशा बाई घृतलहरे (अध्यक्ष शाला प्रबंधन व विकास समिति खैरी) संरपच श्रीमती




कोंडागांव 25वीं राज्य स्तरीय मलखंभ प्रतियोगिता में कप व मेडल जीतकर ग्राम खैरी का बढ़ाया मान

चितरेखा लक्ष्मीनारायण घृतलहरे, मनीष घृतलहरे जिलाध्यक्ष - बलौदाबाजार भीम रेजिमेंट, एवं समस्त ग्रामवासियों में खुशियों का लहर है, ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम के महज 15 साल के दुष्यंत घृतलहरे, बालक ने अपने मेहनत व लगन से ग्राम पंचायत खैरी के बालक बालिकाओं में नया उर्जा व जुनून का संदेश देगा बच्चे उनसे प्रेरणा लेंगे बताते है कि ग्राम के हि मनीष घृतलहरे जो कि श्री श्यामलाल घृतलहरे के सुपुत्र है वे भी रग्बी फुटबॉल में राज्य स्तरीय प्लेयर है, जो मलखंभ टीम के कप्तान दुष्यंत घृतलहरे राज्य स्तरीय मलखंभ खिलाड़ी के चाचा है दुष्यंत ने अपने चाचा मनीष घृतलहरे से प्रेरणा ली और दुष्यंत, का सपना है कि वे एक बार छत्तीसगढ़ टीम से अंडर 14 या 19, में एक बार नेशनल प्लेयर के लिए चयनित हो और दुष्यंत घृतलहरे, ने अपने सपने को साकार करने के लिए अभी से ही जोर शोर से तैयारी शुरू कर दी है तथा ग्रामीण में उत्साह भरा हुआ है ग्राम पंचायत खैरी के लिए यह काफी उत्साह है कि एक ही परिवार के चाचा भतीजा राज्य स्तरीय के खिलाड़ी हैं।

# प्रयास एवं एनएमएमएस पैटर्न पर मॉक टेस्ट परीक्षा का सफल आयोजन



**बागबाहरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। 30 अगस्त को हर माह की तरह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खैरटखुर्द, विकासखंड बागबाहरा, जिला महासमुंद में प्रतियोगी परीक्षा प्रयास और हस्स्ब्स्थ पैटर्न पर पूर्ण सिलेबस आधारित मॉक टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया।

इस परीक्षा में हमारे विद्यालय के साथ-साथ आसपास के अन्य विद्यालयों से आए विद्यार्थियों सहित कुल 35 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा का संचालन श्री भगत दास (शिक्षक) द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे जोश और गहन रुचि के साथ परीक्षा में शामिल हुए

परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने में विद्यालय स्टाफ से श्रद्धा पांडे मेम, सीमा पांडे मेम, खुगेश्वर साहू सर तथा संकुल समन्वयक श्री मोहिंदर पांडे सर का विशेष सहयोग रहा। वहीं हायर सेकंडरी स्कूल खैरटखुर्द के प्राचार्य महोदय श्री पुरुषोत्तम चंद्राकर सर द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु समय-समय पर परीक्षा का निरीक्षण करते रहे और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

परीक्षा के संचालक श्री भगत दास (शिक्षक) ने जानकारी दी कि शासन स्तर पर जब तक प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन नहीं होता, तब तक विद्यालय में हर माह इसी प्रकार मॉडल टेस्ट परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को समय रहते प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चे भी सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकें।

# ट्रैक्टर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बागबाहरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रार्थी उमाशंकर महिलांग निवासी ग्राम खुर्सीपार द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाया गया कि बीती रात उसके घर के सामने रखे उसके ट्रैक्टर क्रमांक ष्द् 06 द्× 3120 को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर के ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 88/25 धारा 303(2) बी एन एस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, आज दिनांक को चोरी के आरोपी गजेंद्र यादव पिता विष्णु यादव आयु 23 वर्ष निवासी ग्राम मौलीमुड़ा थाना बागबाहरा को पकड़ा गया, आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया ट्रैक्टर कीमती लगभग छह लाख पचास हजार रुपए को बरामद किया गया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# कलारतराई और लीलर में बनेगा गौरवपथ, पूर्व विधायक रंजना साहू ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का जताया आभार



**धमतरी,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य सरकार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जिसके तहत धमतरी के कलारतराई एवं लीलर में भव्य गौरवपथ बनेगा। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा का आभार करते हुए प्रेस नोट जारी करते हुए श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि धमतरी के विकास के लिए हमारी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध एवं संकल्पित है। आज यह गौरव पथ इन गांवों की शान बनेगा और गांव के विकास में पंख लगाएगा, हम प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा सहित पूरी सरकार का ग्राम कलारतराई एवं ग्राम लीलर के ग्रामवासियों की ओर से धन्यवाद प्रदान करते हुए आभार व्यक्त करती हूँ।

## देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष

### छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छत्तीसगढ़ के सभी स्थानों से माध्यमिक/उच्च माध्यमिक एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं से छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। छात्र सादे कागज पर एक ओर साफ-सुथरे अक्षरों में अपना सम्पूर्ण विवरण, शैक्षणिक, पारिवारिक एवं आर्थिक स्थिति को लिखते हुए आवेदन करें। आवेदक आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंक सूची, आय, जाति प्रमाण पत्र तथा वर्तमान में अध्ययन का प्रमाण पत्र लगावें। पितृहीन, विकलांग तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के छात्रों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

न्यास द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंद प्रतिभा सम्पन्न छात्रों को बड़ी संख्या में छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है जिसमें करीब 100 स्मृति छात्रवृत्तियां शामिल है। कोष तथा छात्रवृत्ति से संबंधित सभी मामलों में न्यास का फैसला अंतिम और मान्य होगा। अतः छात्रवृत्ति से संबंधित किसी प्रकार के पत्र व्यवहार अथवा सिफारिश करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। आवेदन पत्र भेजने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2025 है तथा आवेदन भेजने का पता है-

**सचिव**
**देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष**
**दैनिक देशबन्धु**
**रामसागरपारा, रायपुर (छ.ग.)**


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
**ईशतहार**
पत्र क्र./23929/न.पा.नि./जोन क्र.-7/2025
रायपुर, दिनांक 31.08.2025
नामांतरण प्र.क्र. 23929
वार्ड का नाम- 38-स्वामी आत्मानंद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 38 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR735D00205 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PRABHAKAR पिता/पति श्री/श्रीमती JAYRATH GAYKWAD के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 01. श्री अरविन्द्र गायकवाड़ 02 श्रीमती नेहा डांगे 03 श्री मनोज गायकवाड़ पिता/पति श्री/श्रीमती 01. पिता स्व. प्रभाकर गायकवाड़, 02 पति प्रदीप डांगे, 03 पिता सव. प्रभाकर गायकवाड़ ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।
श्री राकेश शर्मा (जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 7
सील नगर पालिक निगम
रायपुर (छ.ग.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, NAJMUN NISHA KHAN W/O MOHAMMAD IDRISH KHAN resident of H NO 6/1007 OPOSITE GOVT SCHOOL KABIR CHOWK RAM NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name NAJMUN NISHA KHAN W/O MOHAMMAD IDRISH KHAN so in future I should be recognized by my new name that is NAJMUN NISHA W/O MOHAMMAD IDRISH KHAN in all Government and other documents.
**NAJMUN NISHA**
H NO 6/1007 OPOSITE GOVT SCHOOL KABIR CHOWK RAM NAGAR RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, ABDUL KADIR MEMON S/O HARUN BHAI res-ident of H NO 78 GAYATRI MANDIR MARG ANNAPURNA PARA KANKER (C.G.) have changed my old name ABDUL KADIR MEMON S/O HARUN BHAI so in future I should be rec-ognized by my new name that is ABDUL KADIR S/O HARUN BHAI in all Government and other documents.
**ABDUL KADIR**
H NO 78 GAYATRI MANDIR MARG ANNAPURNA PARA KANKER (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, MOHAMMAD REHAAN MEMON S/O MOHAMMAD FIROZ resident of SINGARBHAT RICE MIL PARA RAZA NAGAR KANKER (C.G.) have changed my old name MOHAMMAD REHAAN MEMON S/O MOHAMMAD FIROZ so in future I should be rec-ognized by my new name that is MD REHAAN MEMON S/O MOHAMMAD FIROZ in all Government and other documents.
**MD REHAAN MEMON**
SINGARBHAT RICE MIL PARA RAZA NAGAR KANKER (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, LAXMAN RAO S/O VAMAN RAO resident of H.NO. 192, STEEL NAGAR, CAMP -1, WARD NO. 21, BHILAI DURG (C.G.) have changed my old name LAXMAN RAO S/O VAMAN RAO so in future I should be recognized by my new name that is LAXMAN RAO GHORMARE S/O VAMAN RAO, in all Government and other documents.
**LAXMAN RAO GHORMARE**
H.NO. 192, STEEL NAGAR, CAMP -1, WARD NO. 21, BHILAI DURG (C.G.)

**न्यायालय- (जितेन्द्र प्रधान) प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बस्तर, स्थान- जगदलपुर छ.ग.**
**मुकदमें के फैसले के बारे में समंस**
प्रोसेस क्रमांक .........122 / 2025
पेशी तारीख ........... 10/09/2025
(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5, रूल्स 1 और 5)
दीवानी मुकदमा नं, 08 / 2025 सन्
अनतराम व अन्य ....आवेदकगण
छ.ग. शासन व अन्य ..अनावेदकगण
बनाम - आम जनता

क्योंकि आवेदक ने तुम्हारे खिलाफ उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 08 / 2025 का मुकदमा दायर किया है, तुम्हे इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि तुम इस अदालत में तारीख 10 माह 09 सन् 2025 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठीक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमें के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जोकि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जावो और तुम्हारी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखरी फैसले के वास्ते रखे जाने की वजह से तुम्हें उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा कि जिन पर तुम अपने बचाव को पुख्ती के लिये भरोसा रखना चाहते हो।

तुम्हें ताकीद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो तुम्हारी गैर हाजरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।

आज तारीख 13 माह 08 सन् 2025 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।
(जितेन्द्र प्रधान)
सील प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बस्तर, स्थानः जगदलपुर

**न्यायालय तहसीलदार बिछुआ जिला छिन्दवाडा (म.प्र.)**
**आम ईशतहार**
एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार बिछुआ में मौजा बडोसा प.ह.नं. 6 रानिम. बिछुआ तहसील बिछुआ जिला छिन्दवाडा म.प्र. मे स्थित भूमि ख.नं. 92/1/1, 92/1/2, 148/1, 185/1/1, 185/1/2 रकबा क्रमशः 2.554, 1.277, 0.010, 1.106, 0.553 हे. कुल रंकबा 5.500 हे. भूमि का बटवारा रा.प्र.क्र./0168/अ-27/2024-25 वर्तमान में न्यायालय में प्रचलित है। उक्त भूमि के बटवारा किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह दिनांक 10/09/2025 दिन बुधवार को पेश कर सकते है।

आज दिनांक 20/08/2025 को मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा हस्ताक्षर के अधीन जारी किया गया।
पेशी दिनांकः 10/09/2025
जारी दिनांक- 20/08/2025
तहसीलदारर
सील बिछुआ, जिला छिन्दवाड़ा

**NAME CHANGE**
It is informed to the gen-eral public that I, GUNJA ROHRA D/O JAIRAM DAS ROHRA res-ident of H NO 27/270 NEW SHANTI NAGAR, WARD NO. 31 , NEAR GANGOTRI INDUS-TRY, SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name GUNJA ROHRA D/O JAIRAM DAS ROHRA so in future I should be rec-ognized by my new name that is DIMPLE KHEMANI W/O DEEPAK KHEMANI in all Government and other documents.
**DIMPLE KHEMANI**
**H NO 27/270 NEW SHANTI NAGAR, WARD NO. 31 , NEAR GANGOTRI INDUS-TRY, SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.)**

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
क्रमांक/4215/प्र.तह./2025
गुरूर, दिनांक 18.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी कंवर प.ह.नं. 07 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनारायण साहू आ. झुमुकलाल जाति तेली निवासी कंवर तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के पिता झुमुकलाल आ. रघुनाथ की मृत्यु दिनांक 04/06/2011 को ग्राम कंवर में हुई है। मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 02/09/2025 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/08/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।
तहसीलदार
सील गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the gen-eral public that I, SHALU JASWANI D/O DIWANC-HAND JASWANI res-ident of H NO S 7 , SHUBHASH CHANDRA BOSE WARD, SHRIRAM NAGAR PHASE 2, SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name SHALU JASWANI D/O DIWANCHAND JASWANI so in future I should be rec-ognized by my new name that is PREET FULWADHYA W/O VISHAL FULWADHYA in all Government and other documents.
**PREET FULWADHYA**
**H NO S 7 , SHUBHASH CHANDRA BOSE WARD, SHRIRAM NAGAR PHASE 2, SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.)**

# 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम का प्रदेशभर में प्रसारण

## छत्तीसगढ़ में ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की नई पहल

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने एक नई और अभिनव पहल की है। 'दीदी के गोठ' नामक विशेष रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण 31 अगस्त को दोपहर 12ः15 बजे आकाशवाणी रायपुर केंद्र सहित राज्य के सभी आकाशवाणी केन्द्रों से एक साथ किया गया। इस कार्यक्रम को प्रदेशभर में उत्साहपूर्वक सुना गया। इस कार्यक्रम के माध्यम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री तथा उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा की प्रेरणादायी शुभकामनाएँ और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा जिले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूह की दीदियों और पदाधिकारियों के साथ 'दीदी के गोठ' का श्रवण किया और कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस मंच पर साझा की जा रही सफलता की कहानियाँ अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगी।

विभागीय अधिकारियों ने भी विभिन्न जिलों में पहुँचकर सामूहिक श्रवण में भाग लिया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह ने गरियाबंद, विशेष सचिव धर्मेश साहू ने जांजगीर, प्रधानमंत्री आवास योजना के संचालक एवं आयुक्त मनरेगा तारन प्रकाश सिन्हा ने धमतरी और पंचायत विभाग की संचालक श्रीमती प्रियंका महोबिया ने दुर्ग जिले में समूह सदस्यों के बीच बैठकर कार्यक्रम का श्रवण किया तथा महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। रायपुर के सेरीखेड़ी स्थित समुदाय प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान में भी संकुल स्तरीय प्रसारण हुआ, जहाँ बिहान मिशन संचालक अश्विनी देवांगन, संयुक्त मिशन संचालक आर.के. झा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

'दीदी के गोठ' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। इसके अंतर्गत स्व-सहायता समूहों की सफल महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियाँ साझा की जा रही हैं, ताकि अन्य महिलाएँ भी स्वरोजगार और आत्मविश्वास की राह पर आगे बढ़ें। इस विशेष प्रसारण को प्रदेश के 33 जिलों, 146 विकासखंडों और 580 संकुल संगठनों में सामूहिक श्रवण के रूप में आयोजित किया गया। लाखों महिलाएँ इस कार्यक्रम से जुड़ीं और पूरे प्रदेश में 'दीदी के गोठ' को लेकर उत्साह देखने को मिला। 'दीदी के गोठ' न केवल एक रेडियो कार्यक्रम है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं के संघर्ष, आत्मबल और सफलता की कहानियों को सामने लाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त मंच भी है।

# हिमालय अभियान पर निकली जशपुर की युवा टीम

**जशपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जशपुर जिले से एक विशेष पर्वतारोही दल हिमालय अभियान के लिए रवाना हुआ है। इस दल में जिले के युवा पर्वतारोही रवि सिंह, सुश्री तेजल भगत, रूसनाथ भगत, सचिन कुजुर एवं प्रतीक नायक शामिल हैं। यह अभियान केवल एक खेल गतिविधि नहीं, बल्कि जशपुर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, प्रकृति-आधारित जीवनशैली और सामूहिकता की भावना को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का एक अवसर भी है।



यह अभियान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। पर्वतारोही दल जशपुर से रांची रवाना हुआ, जहाँ से वे ट्रेन द्वारा दिल्ली पहुँचेंगे। दिल्ली से टीम हिमाचल प्रदेश के जगतसुख के लिए प्रस्थान करेगी। दल 4 सितंबर तक आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी करेगा तथा 5 सितंबर को बेस कैम्प जाएगा। दल को रवाना करने के अवसर पर जशपुर के कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विश्वास मस्के उपस्थित थे। अधिकारियों ने दल को शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए उनके सुरक्षित एवं सफल अभियान की कामना की।

कलेक्टर व्यास ने कहा कि जशपुर की युवा प्रतिभाएँ इस अभियान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। वहीं वनमंडलाधिकारी शशि कुमार ने इसे जिले में खेल और साहसिक गतिविधियों की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, जो स्वयं एक अनुभवी पर्वतारोही हैं, ने दल के सदस्यों को पर्वतारोहण से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ दीं। उन्होंने सुरक्षा उपायों, ऊँचाई पर स्वास्थ्य प्रबंधन तथा टीम भावना के महत्व पर बल दिया और युवाओं को प्रेरित किया।

जिले के नागरिक इस अभियान को लेकर गर्व और उत्साह का अनुभव कर रहे हैं। स्थानीय संस्था जय जंगल कंपनी इस अभियान के प्रायोजकों में से एक है। संस्था के संस्थापक समर्थ जैन ने कहा कि यह दल पूरे जिले के लिए प्रेरणा है और आने वाली पीढ़ियों को पर्वतारोहण तथा साहसिक खेलों की दिशा में आगे बढ़ाएगा।

इस अभियान का नेतृत्व पर्वतारोही स्वप्निल राचेलवार एवं राहुल ओगरा कर रहे हैं। अभियान का उद्देश्य न केवल हिमालय की ऊँचाइयों को फतह करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं नशामुक्ति के संदेश को भी जन-जन तक पहुँचाना है। यह पहल युवाओं को प्रकृति से जोड़ते हुए उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करेगी।

# आज से 7 सितम्बर तक देश व्यापी साक्षरता सप्ताह

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार सभी के लिए शिक्षा पर केन्द्रित योजना उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यह आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के पाँच प्रमुख घटक शामिल किए गए है जिसमें बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल और सतत शिक्षा पर गतिविधियाँ केंद्रित होंगी। उल्लास में साक्षरता सप्ताह के तहत् राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर जिले की उपलब्धियां प्रदर्शित की जाएंगी।

- 8 सितम्बर को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस
- राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर जिले की उपलब्धियां प्रदर्शित की जाएंगी

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के तहत 1 सितम्बर को मोबाइल ऐप पर पंजीयन हेतु विशेष अभियान और शिक्षा स्वयंसेवकों का नामांकन किया जाएगा। 2 सितम्बर को कार्यशालाएँ, सेमिनार और वेबिनार के माध्यम से नई भारत साक्षरता कार्यक्रम पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। 3 सितम्बर को पंचायत स्तरीय बैठकें एवं महिला व किसान समूहों के साथ साक्षरता संवाद आयोजित होंगे।

इसी प्रकार 4 सितम्बर को रैली, नाटक और गीतों के माध्यम से आमजन को साक्षरता के महत्व से अवगत कराया जाएगा। 5 सितम्बर को शिक्षण-सामग्री का प्रदर्शन, 6 सितम्बर को वाद-विवाद, भाषण, कविता, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिताएँ तथा 7 सितम्बर को रेडियो जिंगल्स, लघु फिल्में और महिला साक्षरता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे।

अंतिम दिवस 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, साहित्यकारों, लेखकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता होगी।

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए साक्षरता अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया जाए।

### अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन की सख्ती

# एनजीटी आदेश के उल्लंघन पर 14 ट्रैक्टर जब्ती की कार्रवाई

**बलरामपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। अवैध रेत उत्खनन पर रोकथाम के लिए सतत कार्यवाही की जा रही है। नदी में भारी संख्या में ट्रैक्टर लगाकर रेत उत्खनन की सूचना प्राप्त होने पर टीम के पहुंचने पर मौके नदी तट पर लगभग 14 ट्रैक्टर रेत से भरे जा रहे थे और उत्खनन कार्य में 100 से अधिक श्रमिक सक्रिय थे। अवैध रेत उत्खनन वालों के विरूद्ध पर्यावरण संरक्षण और कानून व्यवस्था के मद्देनज़र कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

जिला बलरामपुर-रामनुजगंज के विकासखंड शंकरगढ़ के डीपाडीह कला क्षेत्र में गलफुल्ला नदी से हो रहे अवैध रेत खनन पर राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी ने जानकारी दी है कि गलफुल्ला नदी में भारी संख्या में ट्रैक्टर लगाकर रेत उत्खनन की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल संयुक्त दल का गठन किया। जिस पर नायब तहसीलदार शंकरगढ़ और थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त बल तैनात कराया गया था। टीम के पहुंचने पर मौके पर पाया गया कि नदी तट पर लगभग 14 ट्रैक्टर रेत से भरे जा रहे थे और उत्खनन कार्य में 100 से अधिक श्रमिक सक्रिय थे। थाना प्रभारी ने संयम और सूझबूझ से कार्य करते हुए पहले श्रमिकों की भीड़ को शांतिपूर्वक हटाया।



इसके बाद नायब तहसीलदार की मौजूदगी में सभी ट्रैक्टरों को जब्त कर पुलिस चौकी डीपाडीह में रखा गया। साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में विहित प्रावधानों के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही पृथक से की जा रही है। गौरतलब है कि कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त प्रयास से अवैध रेत खनन एवं परिवहन पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि एनजीटी के आदेशानुसार 15 जून से 15 अक्टूबर 2025 तक नदियों से रेत खनन पूर्णतः प्रतिबंधित है, जिसके तहत पर्यावरण संरक्षण और कानून व्यवस्था के मद्देनज़र अवैध रेत उत्खनन करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# मंदिर में पुजारी की हत्या खून से सनी मिली लाश



**बिलासपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर जिले के तखतपुर थाना क्षेत्र के सूरीघाट में मंदिर के पुजारी की हत्या का मामला सामने आया है. सुबह मंदिर परिसर में पुजारी की खून से सनी लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. ये पूरा मामला सूरीघाट के पाठ बाबा मंदिर का है.

जानकारी के मुताबिक, आज सुबह पुजारी जागेश्वर पाठक की खून से सनी लाश मिली. पुजारी के सिर पर धारदार हथियार से हमला किया गया हैं. सूचना मिलते ही मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीम पहुंच गई है. पुलिस मामले में आसपास लोगों से पूछताछ कर रही है.

# चूहे पी गए लाखों रुपए के डेक्सट्रोज बोतल

**सक्ती,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। चूहे पी गए लाखों रुपए का डेक्सट्रोज बोटल,,गरीबों के स्वास्थ्य से खिलवाड़,,समय पर वितरित नहीं करने से बेकार हुए लाखों के दवा ,,करोड़ों की दवाइयां कचरे में सक्ती जिला अस्पताल में त्रस्रू (ग्रामीण स्वास्थय मिशन) योजना के तहत आई थी, इन दवाइयों की सप्लाई जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों तक पहुंचाना था,



- गरीबों के स्वास्थ्य से खिलवाड़,
- समय पर वितरित नहीं करने से बेकार हुए लाखों के दवा

लेकिन सीएमएचओ की लापरवाही से सब बर्बाद हो गया है,, समय पर वितरण नही होने से दवाइयां एक्सपायर हो गई हैं, कुछ दवाइयां रख-रखाव की कमी से खराब हो गई हैं। नमी एवं चूहों ने लाखों की दवाई का नुकसान किया है,, जिसके चलते गरीब मरीजों तक यह मुफ्त दवा नहीं पहुंच पाई है। जाहिर से बात चाहते फर्म को फायदा पहुंचाने के लिए यह खरीदी की गई होगी, सरकारी पैसे का नुकसान किया गया है।

# शारदीय नवरात्रि तक पेयजल व्यवस्था सुधारना बड़ी चुनौती

- बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई है इंटक वेल और पाईप लाईन
- नगरीय प्रशासन अतिरिक्त संचालक ने टीम के साथ लिया जायजा
- कलेक्टर कुणाल दुदावत भी रहे मौजूद, अफसरों को दिये निर्देश



**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। अति वर्षा जनित नुकसान का जायजा लेने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा भैरव बाबा मंदिर परिसर तथा मुक्तिधाम परिसर का जायजा लिया गया और इसके पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी से प्रगति लाने को कहा। नगरीय प्रशासन के अतिरिक्त संचालक पुलक भट्टाचार्य ने भी इंजीनियरों की टीम के साथ इंटक वेल का जायजा लिया। बारसूर में भी पेयजल व्यवस्था सुचारू करने निर्देशित किया।

इधर कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान यह पाया कि परिसर में कई निर्माण कार्य बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को सुविधा मिल सके। विशेष रूप से इंटकवेल के पुनर्निर्माण कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया गया। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। साथ ही क्लोरोनेशन कार्य को भी तेज करने की आवश्यकता जताई गई, ताकि लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि बाढ़ के चलते शहर की पेयजल व्यवस्था प्रभावित हुई है। इंटक वेल और जल शोधन संयंत्र क्षतिग्रस्त भी हुए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग रायपुर से एडिशनल डायरेक्टर पुलक भट्टाचार्य, जगदलपुर से संयुक्त संचालक जयंत सिन्हा, जगदलपुर नगर निगम से इंजीनियरों की टीम के साथ पहुंचे थे। श्री भट्टाचार्य ने डंकनी नदी किनारे स्थित क्षतिग्रस्त इंटक वेल का जायजा लिया और इसके शीघ्र मरम्मत के निर्देश भी दिये। उन्होंने डब्ल्यूटीपी का भी जायजा लिया। इंटक वेल के मामले में उनका कहना था कि पंप तक पानी नहीं पहुंचा है, ऐसे में वहां फिलिंग करते हुए पाईप लाईन की मरम्मत कर इसे शुरू कराया जा सकता है, लेकिन पहले इंटक वेल तक पहुंचना जरूरी है। बाढ़ का पानी इसकी गेट तक पहुंच चुका था।

इसी तरह जल शोधन संयंत्र का भी जायजा लेते हुए उन्होंने कहा कि इसके कितने मोटर ठीक है यह भी देखा जा रहा है। पेयजल की व्यवस्था सुचारू हो इसकी कोशिश हो रही है। निरीक्षण के दौरान पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, पूर्व उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह भी मौजूद थे। श्री मिश्रा ने एडिशनल डायरेक्टर को बताया कि करीब 20 दिन बाद शारदीय नवरात्र शुरू होने को है। इस दौरान हजारों की संख्या में पद यात्री यहां पहुंचते हैं। पेयजल और दूसरी व्यवस्था इस बीच ठीक करना बहुत जरूरी है। एडिशनल डायरेक्टर ने बाढ़ से प्रभावित पालिका के दफ्तर का भी जायजा लिया और साफ-सफाई कर इसे शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

**देशबन्धु पाठकों के लिए**

माह अगस्त 2025 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 30 दिन | 4.00 | = 120.00 |
| कुल 30 दिन | | 120.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 सितम्बर 2025 तक बिल का भुगतान करें।
प्रसार व्यवस्थापक

**NECC**

| 01.09.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 560 | 90 | 185 |
| चिल्हर | 7.00 | 120 | 200 |

डिलीवरी 575 सैकड़ा
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

पत्नी- सुनो जी, तुम चुकंदर खाया करो.
पति- पर क्यों?
पत्नी- इसे खाने से खून अच्छा लाल और गाढ़ा होता है.
पति- अच्छा, अब तुम्हें खून भी हाई क्वालिटी का पीना है...

## संपादकीय

### मरीजों की जान से खिलवाड़

लगता है कि छत्तीसगढ़ के शासकीय अस्पताल मरीजों की जान से खिलवाड़ पर उतारू हैं। लगभग एक हफ्ता पहले एक अस्पताल में महिला गार्ड द्वारा मरीज को इंजेक्शन लगाने का मामला ठंडा भी नहीं हुआ है कि एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्यून द्वारा दवाएं बांटने का प्रकरण सामने आ गया है। एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव टॉर्च की रोशनी में कराने का कारनामा हो चुका है, सो अलग। राज्य सरकार ऐसे अस्पताल प्रमुखों तथा इसके जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई करे। इन मामलों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। स्वास्थ्य विभाग यह भी देखे कि आखिर किन परिस्थितियों के तहत गार्ड को सुइयां लगानी पड़ रही हैं और प्यून का काम करने वाले किसलिये फार्मासिस्ट बनकर दवाएं वितरित कर रहे हैं।

मैनपाट (सरगुजा जिला) के कमलेश्वरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक चपरासी दवा बांट रहा है। पूछने पर उसने स्वीकार किया कि ऐसा वह पहले भी करता रहा है। उसका दावा है कि उसे दवाओं का भरपूर ज्ञान है। बताया तो यह जाता है कि जो फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत है वह अक्सर गायब रहता है क्योंकि उसका निजी मेडिकल स्टोर्स है। हाल ही का एक अन्य मामला गरियाबन्द जिला अस्पताल का है। यहां की एक महिला सुरक्षा गार्ड द्वारा महिला मरीज को इंजेक्शन लगाने का फोटो वायरल हुआ था। कलेक्टर ने अस्पताल के सिविल सर्जन तथा सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट ने खुद कलेक्टर को जवाब तलब किया। असली बात तो यह है कि दवा बांटता चपरासी हो या इंजेक्शन लगाती महिला गार्ड- वे स्वयं तो ये काम करने से रहे। शासकीय अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी दवाएं, इंजेक्शन आदि अधिकृत व्यक्ति के आदेश पर ही जारी होती हैं। गार्ड हों या प्यून- क्या पहले से ऐसा करते आ रहे हैं? एक अन्य घटना तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केन्द्र की है जहां टॉर्च की रोशनी में एक प्रसव कराया गया। टांके भी सीमित रोशनी में लगे। केन्द्र के पास जनरेटर न होने से यह नौबत आई थी।

उक्त मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को चाहिये कि वह प्रदेश के तमाम शासकीय अस्पतालों, स्वास्थ्य, उप स्वास्थ्य तथा सामुदायिक केन्द्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त तो करे ही, वह यह भी सुनिश्चित करे कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी जिस काम के लिये नियुक्त है, वे ही निर्धारित करें। सभी आवश्यक सुविधाएं, स्टाफ की पूरी तरह और पूरे वक्त तक तथा दवाओं की उपलब्धता, मशीनों का ठीक हालत में संचालन आदि भी सुनिश्चित किया जाना चाहिये। सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च तो भरपूर करती है लेकिन डॉक्टर, अधिकारियों या कर्मचारियों की अनुपलब्धता या लापरवाही के चलते लोगों को वह लाभ नहीं मिलता जो सरकार चाहती है। मरीजों की जान से खिलवाड़ तो होता ही है।

# बाढ़ ने मांदर नाला किनारे बसे सौ परिवारों की जिंदगी उजाड़ दी



**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम मांदर में आई बाड़ ने मांदर नाला किनारे बसे सौ परिवारों की जिंदगी उजाड़ दी है। लगभग 85 मकान में से 30 मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गई हैं। घर में रखा सामान पूरी तरह से नष्ट हो गया है जिसमें गृहस्थी के सामानों के साथ-साथ बच्चों के पढ़ाई के किताब पुस्तक व भविष्य के लिए संचित रखा गया रुपया पैसा भी बाढ़ में बह गया है। नाले में कपड़ा लता के साथ-साथ स्टील की अलमारी खटिया और दूर-दूर तक गुंडी बर्तन भी बिखरे पड़े हैं। मंजर को देखने से ऐसा प्रतीत होता है की बाढ़ से प्रभावित लोगों की जिंदगी ही उजड़ गई है। मकाने मलबे के ढेर में तब्दील हो गए है। अब तक मलबे को हटाने का कार्य कई मकानों से शुरू नहीं हो सका है वही जो आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकाने हैं उनसे मलबे हटाने का काम बाढ़ से प्रभावित लोग स्वयं कर रहे हैं। आपदा प्रबंधन दल के द्वारा प्रभावित क्षेत्र के मकान से मालवा हटाए जाने का काम नहीं किया जा रहा है। यही स्थिति निर्मित रही तो लोगों को अपने-अपने घरों से मलवे को हटाने और व्यवस्थित करने में महीने भर से अधिक का समय लग सकता है तब तक वे अपने रोजी रोजगार से भी वंचित रहेंगे। वर्तमान में अभी शासन प्रशासन और लोगों की मदद बाढ़ पीड़ितों तक पहुंच रही है। प्रशासन स्वस्थ एवं भोजन की व्यवस्था संचालित कर रही है वही लोग कपड़े बर्तन एवं अन्य सामान भी बाढ़ प्रभावितों को उपलब्ध करा रहे हैं। लेकिन जब यह मदद पहुंचना बंद हो जाएगा तब बाढ़ प्रभावितों को अपना जीवन यापन करने के लिए विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। बाढ़ का यह विकराल रूप किस तरह से निर्मित हुआ इसे लेकर भी लोगों में चर्चाएं चल रही हैं। नाला किनारे के पेड़ों पर लगे कपड़े, पाटा एवं अन्य सामग्री यह बता रहे हैं कि कितनी ऊंचाई तक पानी इस जगह पर भरा रहा। एकाएक पानी का जलस्तर इतना अधिक कैसे पहुंच गया। गांव से लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पहाड़ पर बादल फटने की घटना से एकाएक इस नाले पर जल का प्रवाह काफी बढ़ गया और सकरी नाला के चलते तेज रफ्तार से जल की निकासी नहीं हो सकी और जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई और इसकी चपेट में यह पूरा क्षेत्र आ गया। नाला किनारे के पेड़ उखड़ गए पुलिया के पास ही बनाए गए स्टाफ डेम के कारण भी जल पूर्वाह्न कुछ मात्रा में अवरुद्ध होने की बात कहीं जा रही है।

# मांदर में बाढ़ पीड़ितों को मिल रहे राहत स्वरूप डुप्लीकेट राशन, आयुष्मान और जॉब कार्ड



**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। हाल ही लोहांडीगुड़ा विकासखंड में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों को त्वरित राहत पहुँचाने के लिए कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में प्रशासन की ओर से विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में मांदर क्षेत्र में बाढ़ पीड़ित परिवारों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जॉब कार्ड की डुप्लीकेट कॉपी बनाकर वितरण किया जा रहा है। बाढ़ में अनेक परिवारों के जरूरी दस्तावेज बह जाने या क्षतिग्रस्त हो जाने की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने यह व्यवस्था की है ताकि किसी भी पात्र हितग्राही को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में बाधा न हो। जिला प्रशासन की पहल है कि जरूरतमंदों की सूची बनाकर शत-प्रतिशत पात्र परिवारों तक राहत सामग्री और आवश्यक दस्तावेज बनाने का कार्य जारी रहेगा।

मांदर बाढ़ पीड़ित बच्चों को अलनार स्वामी आत्मानंद विद्यालय के संविदा शिक्षक ने दिए कॉपी, किताब और बस्ता

मांदर गांव की बाढ़ त्रासदी ने जहाँ अनेक परिवारों के बच्चों से उनका बचपन और पढ़ाई का सहारा छीन लिया, वहीं ऐसे कठिन समय में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, अलनार के संविदा शिक्षक भी पीछे नहीं रहे। विद्यालय के प्राचार्य अजय कोर्राम के नेतृत्व में संविदा शिक्षकों ने विद्यालय में पढ़ने वाले प्रभावित बच्चों को कॉपी, किताबें और स्कूल बैग उपलब्ध कराए। साथ ही बच्चों को जल्द से जल्द फिर से विद्यालय लौटने के लिए प्रेरित किया। इस कार्य में विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी एकजुट होकर सहयोगी बने और अपने स्तर से हर संभव योगदान दिया।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए सेन परिवार और अनिता राज ने सौंपी सहायता सामग्री



**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सोमवार और मंगलवार को हुई भारी बारिश के कारण आई बाढ़ ने कई लोगों को प्रभावित किया है। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन सक्रिय है। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों और व्यक्तियों ने पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। रविवार को दानदाताओं ने रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से जिला प्रशासन को राहत सामग्री सौंपी। इसमें सांत्वना सेन के परिवार ने 60 नग बर्तन सेट, 100 कंबल और 100 बेडशीट रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से जिला प्रशासन को सौंपी। इसके साथ ही अनिता राज ने भी बाढ़ पीड़ितों की सहायता में योगदान दिया। उन्होंने कलेक्टर एवं बस्तर रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष हरीस एस को 11,000 रुपये की नकद राशि और 10 नग कंबल सौंपे। जिला प्रशासन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मेजर ध्यानचंद की जयंती पर तीन दिवसीय खेल आयोजनों का समापन

**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में जगदलपुर शहर में आयोजित तीन दिवसीय खेल आयोजनों का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। पहले दिन मैराथन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। दूसरे दिन तेज चाल और कराटे प्रतियोगिता और तीसरे दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। ?पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हॉल में आयोजित समापन समारोह में विभिन्न खेल स्पर्धाओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे थे, जिन्होंने विजेताओं




**विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित**

को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस दौरान खिलाड़ियों के जोश और खेल भावना की सराहना की गई। ?समारोह को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि मेजर ध्यानचंद सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं थे, बल्कि वे हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उनकी जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाना हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने युवाओं को खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक रूप से फिट रहना एक निवेश है जो आपके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है और दीर्घकालिक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने में मदद करता है, इसलिए हम सभी को खेल गतिविधियों को हमारे जीवन में जरूर शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल हमें सिर्फ शारीरिक रूप से ही मजबूत नहीं बनाते, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण गुण भी सिखाते हैं। इस अवसर पर नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी सहित जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# खिलाड़ियों में खेल भावना जगाने बैडमिंटन टूर्नामेंट

**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ जगदलपुर ने इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना और उनमें अनुशासन व खेल भावना का विकास करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर संजय पांडे शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल में कोई हारता नहीं है। एक जीतता है तो दूसरा सीखता है। खिलाड़ी को प्रतिस्पर्धा की भावना से नहीं बल्कि खेल भावना से खेलना चाहिए। हारकर जीतने वाले को ही असली बाजीगर कहा जाता है। महापौर ने बच्चों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हैं, बल्कि >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**इनर व्हील क्लब ऑफ जगदलपुर ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर किया आयोजन**

# केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा आयोजित रेशम कृषि मेला कृषकों हेतु उपयोगी : उपमुख्यमंत्री अरुण साव

**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। केन्द्रीय रेशम बोर्ड - बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन बिलासपुर द्वारा बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केंद्र पाली, कोरबा में रेशम कृषि मेला व मेरा रेशम मेरा अभिमान का व्यापक आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न भागों से तसर रेशम कृषकों, रीलर एवं हथकरघा बुनकर उपस्थित रहें। जिस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पाली तानखार के विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम, प्रेमचंद पटेल, विधायक, कटघोरा उपस्थित रहे। इस मेले कृषकों हेतु तकनीकी सत्रों का आयोजन भी किया गया। कृषकों हेतु विचार दीर्घा के साथ ही छायाचित्र स्थाल भी आकर्षण का केंद्र रहा। श्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न भागों से आए तसर कृषकों तथा देश के विभिन्न भागों से आए केन्द्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक, अधिकारी-गण एवं कर्मचारियों को अभिनंदन किया। इस वन आधारित रेशम कीट पालन से जुड़े लाखों कृषक, महिला एवं युवाओं के लिए पिछले 25 वर्षों से लगातार प्रतिबद्ध काम कर केन्द्रीय रेशम बोर्ड ने काम कर रही हैं। केरेबो से विकसित नई तकनीकियाँ, उन्नत किस्मों, तसर बीज की गुणवत ?ता व आपूर्ति और प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा छत्तीसगढ़ को तसर रेशम उत्पादन में देश में दूसरा स्थान पर लाने में अरुण साव ने प्रशनन्ता व्यक्त की। आगे उन्होने यह भी स्पष्ट किया की इस कृषि मेला का मुख्य उद्देश्य तसर रेशम उत्पादन को बढ़ावा देना साथ-साथ कृषकों को आत्मनिर्भर व सम्मानजनक आय दिलाने का ठोस प्रयास करना भी है। रेशम कीट पालन देश में महिलाओं को एक आदर्श माध्यम है जिस में छत्तीसगढ़ का महिला स्व-सहायता समूहों को जोड़ना चाहिए। आगे तैयार रेशमी उत्पादों के लिए बाज़ार और विपणन व्यवस्था को मजबूत बनाना है। वैज्ञानिकों को यह संदेश दिया गया है की तसर रेशम कृषि, गुणवत्ता बीज वितरण एवं प्रशिक्षण को जारी रखना एवं अनुसंधान का लाभ खेतों पहुँचना चाहिए। इस रेशम कृषि मेला में भाग लेने में अरुण साव ने अत्यंत हर्ष और गर्व महसूस होकर इस पारंपरिक तसर कोसा का नया पहचान देश विदेश में होना और मेक इन इंडिया द्वारा भारत को रेशम वस्त्र निर्माण की राजधानी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया। कोरबा जिला का कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजित बसंत, कुमार निशांत, डी एफ ओ, कटघोरा, सिद्धार्थ तिवारी, पुलिस अधीकक्ष, डॉ. एन. बी. चौधरी, निदेशक, केरेबो-केतरेअनुवप्रसं, रांची सी. एस. नोनहारे, संयुक ?त संचालक, राज ?य रेशम विभाग, छत ?तीसगढ़, डॉ. नरेन ?द्र कुमार भाटिया, निदेशक, केरेबो-बुतरेबीसं, बिलासपुर, डॉ जय प्रकाश पांडे, डॉ हसन साब नदाफ़, डॉ विनोद सिंह एवं इकाइयों से अन्य वैज्ञानिकों ने भाग लिया तथा अन्य गणमान्य आतिथि सहित 650 लोग उपस्थित रहे।



# दीदी के गोठ कार्यक्रम प्रसारण का जिले में ग्रामीणों सहित दीदियों ने किया श्रवण

**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए च्दीदी के गोठ्ज्रेडियो कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने प्रेरणादायी संदेश दिए। उन्होंने महिलाओं के आत्मविश्वास और मेहनत से प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में आए सकारात्मक बदलाव पर जोर दिया और कहा कि यह पहल महिलाओं की आवाज को घर-घर तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम में बिहान योजना से जुड़ी महिलाओं (दीदियों) की कहानियां उन्हीं की जुबानी सुनाई गईं, जिसमें उन्होंने अपनी संघर्षपूर्ण यात्रा और सफलता के बारे में बताया। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से किया गया। जगदलपुर स्थित जिला पंचायत के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन और एनआरएलएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजकुमार देवांगन सहित बड़ी संख्या में बिहान से जुड़ी महिलाओं ने मिलकर कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुना। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व-सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। साथ ही, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समूह की सदस्यों ने वृक्षारोपण भी किया। दीदी के गोठ का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की आवाज को समाज के हर कोने तक पहुंचाना, उनके संघर्ष और उपलब्धियों को सामने लाना तथा उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़कर सकारात्मक परिवर्तन की राह दिखाना है। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की सफल महिलाओं की कहानियां शामिल की गईं, जिनमें >> शेष पृष्ठ 9 पर >



- **मुख्यमंत्री और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने किया दीदियों को प्रेरित**
- **स्व-सहायता समूहों की सफलता की कहानियाँ बनी मिसाल**

# बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक



**सुकमा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। 30 अगस्त को पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सुकमा में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान एवं बालिका सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला बाल संरक्षण समिति अध्यक्ष देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी शिवदास नेताम के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्राओं को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारियां दी गईं। साथ ही >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# वीर सावरकर भवन का होगा जीर्णोद्धार

**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। महापौर संजय पाण्डे ने एमआईसी सदस्य, पार्षदों व नगर निगम अधिकारियों के साथ शहर के वीर सावरकर भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि वर्षों से भवन में किसी भी प्रकार का रखरखाव (मेंटेनेंस) नहीं किया गया, जिसके चलते कई खामियां सामने आईं। महापौर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दस वर्षों में वीर सावरकर भवन सहित कई बड़े परिसरों और निर्माण कार्यों का संरक्षण नहीं किया गया, बल्कि उनका सिर्फ दोहन हुआ। अब भाजपा की नगर सरकार में इन भवनों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

महापौर ने बताया कि भवन की मरम्मत पर लगभग 25 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें रंग-रोगन, सीलिंग, टॉयलेट, मंच, सामने की नालियों की मरम्मत और पूरे भवन में नया विद्युतीकरण शामिल है। चूंकि यह भवन शहरवासियों द्वारा विवाह, सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों के लिए उपयोग किया जाता है, इसलिए इसे सुविधाजनक बनाना आवश्यक है। महापौर ने भवन में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**महापौर ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण**

# कपड़े और राशन के साथ अब बर्तन भी बांटे जायेंगे- कलेक्टर

## बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के लिए प्रशासन संकल्पित

- अतिवर्षा प्रभावित चूड़ी टिकरापारा में पुन: पहुंचे कुणाल
- घर-घर जाकर प्रभावितों की जानी समस्याएं
- शहर के प्रभावितों को आज मिल जाएगी सहायता राशि



**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दूदावत द्वारा आज पुन: चूड़ी टिकरापारा पहुंचकर बाढ़ पीड़ित परिवारों से सीधे संवाद किया गया। कलेक्टर ने घर-घर जाकर प्रभावितों की समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि सभी प्रभावित परिवारों को सोमवार तक सहायता राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन परिवारों के आधार, राशन एवं निवास जैसे आवश्यक दस्तावेज बाढ़ में नष्ट हो गए हैं, उनके लिए शिविर लगाए जाएं। प्रभावित परिवारों के स्कूली बच्चों को पुन: यूनिफॉर्म और पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही खाद्यान्न और कपड़ों के साथ अब बर्तन भी वितरण किए जाएंगे। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिला प्रशासन प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। चूड़ी टिकरापारा के समीप स्थित न्यू छात्रावास में प्रभावित परिवारों को अस्थायी रूप से ठहराने की व्यवस्था की जाएगी। भोजन, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की भी कलेक्टर ने स्वयं जानकारी ली। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा पूनम पटेल, जिसकी किताबें बाढ़ में नष्ट हो गईं, को प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें और एक टैबलेट उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने हाई स्कूल ग्राउंड के समीप इनडोर स्टेडियम में भी पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को शीघ्र सुलझाने का भरोसा दिलाया। मुख्यालय में बाढ़ प्रभावित परिवारों की स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रशासन ने कहा कि राहत कार्यों में तेजी लाना आवश्यक है। बाढ़ पीड़ितों को खाद्यान्न, आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुएं तथा बच्चों को किताबें और शैक्षणिक सामग्री शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि प्रभावित परिवारों को राहत एवं सहायता पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा मौजूद रहे।

# पीएम मोदी ने मन की बात में गर्व से कहो, हम स्वदेशी है का नारा दिया

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथों में सामूहिक रूप से सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 125 वां संस्करण



**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर जिले के प्रत्येक बूथ में आज रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 125 वां संस्करण सुना। भारतीय जनता पार्टी ने बकायदा मन की बात सुनने के लिये मुख्य अतिथि एवं प्रभारी भी बनाये थे। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथों में गणमान्य नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की बात कहते हुये च्गर्व से कहो, हम स्वदेशी हैज् का नारा दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी सामानों का अधिकाधिक उपयोग करने का आह्वान करते हुये कहा कि त्यौहारों में अपनों को स्वदेशी सामान उपहार में दें। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत का स्वप्न मिलजुल कर एकजुटता से साकार करें। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात में खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स का ज़िक्र किया एवं यूपीएससी परीक्षा की तैयारियों में जुटे परीक्षार्थियों के लिये प्रतिभा एप की भी जानकारी दी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गणेशोत्सव की शुभकामनायें देते हुये मन की बात में विभिन्न विषयों को देशवासियों से साझा किया। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के ज़रिये देशवासियों से मुख़ातिब होते हैं। भारत सशक्त हो, आत्मनिर्भर बनें, राष्ट्र के प्रति प्रत्येक देशवासी समर्पित भाव से कार्य करें, इसकी प्रेरणा प्रधानमंत्री श्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम से मिलती है। शहर के बलीराम कश्यप वार्ड में महापौर संजय पाण्डेय, शिवमंदिर वार्ड में निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, भैरमदेव वार्ड में पश्चिमी नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, मोतीलाल नेहरू वार्ड में सुधीर पाण्डेय, सुन्दर लाल शर्मा वार्ड में योगेन्द्र पाण्डेय, अब्दुल कलाम वार्ड में श्रीनिवास मिश्रा सहित भाजपा के सभी बड़े नेता व पदाधिकारियों ने अलग अलग बूथों में सामूहिक रूप से मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। जिसमें आनंद मोहन मिश्रा, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा, शशिनाथ पाठक, योगेश शुक्ला, सुधा मिश्रा, दशरथ गुप्ता, बृजेश सिंह भदौरिया, ब्रिजेश शर्मा, विक्रम सिंह यादव, रमन चौहान, विनय राजू, दिनेश पाणिग्रही, अविनाश सिंह, सूर्य भूषण सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# बाढ़ के बाद पेयजल स्रोतों की हो रही सफाई

- क्लोरिनेशन करने के साथ-साथ हैंडपंप संधारण
- इंटेकवेल ब्रिज की भी हो रही मरम्मत



**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में आई भयंकर बाढ़ से मुख्यत: जिले के नदी तटवर्ती ग्राम प्रभावित हुए हैं। इस क्रम में प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावितों को राहत शिविर व अन्य दैनिक सुविधाएं प्रदान करने के साथ साथ नुकसान का मुआयना भी करवाया जा रहा हैं। इसके मददेनजर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सुरक्षित पेयजल हेतु मिशन मोड में कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके तहत कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव निखिल कंवर के निर्देशन में विभाग के टेक्नीशियनों के द्वारा ग्रामों में हैंडपंप संधारण और पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा भी सामुदायिक सहभागिता अनुसार पेयजल स्त्रोतों के क्लोरिनेशन विभागीय टेक्नीशियनों के दिशा निर्देश में कर रहे हैं। जल जीवन मिशन योजना से ग्रामीणों में सुरक्षित पेयजल हेतु जागरूकता वर्तमान में परिणामस्वरूप दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही वर्षा प्रभावित इंटेकवेल ब्रिज का मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु कहा गया। साथ ही कार्य की गुणवत्ता ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द मरम्मत कार्य पूर्ण करने हेतु जिला टीम को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## ग्रामीण इलाकों में भी प्रभावितों को राहत ,जिपं अध्यक्ष नंदलाल और सीइओ पहुंचे



**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में विगत दिवस हुई भारी बारिश के बाद क्षति से प्रभावितों को प्राथमिक राहत देने के उद्देश्य के तहत ग्राम फुंडरी बड़े तुमनार, बिंजाम, सियानार, बड़ेसुरोखी में राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविंद कुजाम, तथा जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा द्वारा ग्रामीणों को शासन द्वारा दी जाने वाली हर संभव मदद हेतु आश्वस्त किया गया।

# सीएम के निर्देश के बाद मिशन मोड में प्रशासन



- बाढ़ पीड़ितों को राहत देने में आई तेजी
- कमिश्नर, कलेक्टर व विधायक ने पुनर्वास का लिया जायजा

**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के निर्देशन में आपदा प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने की दिशा में जिला प्रशासन सतत कार्य कर रहा है। जिले के सर्वाधिक प्रभावित ग्राम बालपेट, बांगापाल, तुमनार के प्रभावित परिवारों के खातों में शनिवार तक 1 करोड़ 91 लाख 29 हजार की राशि भुगतान की जा चुकी है।

इसी क्रम में आज कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर कुणाल दुदावत ने एवं विधायक चैतराम अटामी गाँव तुमनार पहुँचे और अति बारिश से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस गांव में 52 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। बचे हुए प्रभावित परिवारों को आगामी सोमवार तक पूरी राहत राशि कल तक उपलब्ध करा दी जायेगी। इसके साथ ही शाम 5 बजे कमिश्नर द्वारा मुख्यालय के चूड़ी टिकरापारा वार्ड पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात की साथ ही उनके पुनर्वास की स्थिति का मुआयना किया गया। अधिकारियों ने पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि भोजन, आवास, स्वास्थ्य व शिक्षा से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएं जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाएंगी। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा मौजूद रहे।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने केशकाल शहर की सड़क पर लिया संज्ञान, कलेक्टर से मांगी जानकारी...

**केशकाल** 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किरण चतुर्वेदी के द्वारा जनपद पंचायत केशकाल से व्यवहार न्यायालय केशकाल के मेन रोड में जानलेवा गड्ढ़े, जलजमाव और क्षतिग्रस्त डामर के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एवं सड़क के गडढे गम्भीर घटना, दुर्घटना को आंमत्रित कर रहे हैं। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग होकर मुख्य सड़क पर जनपद पंचायत, बस स्टैण्ड एवं स्कूल तथा सबसे महत्वपूर्ण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैसे सार्वजनिक स्थान स्थित है। जहां से प्रतिदिन स्कूल जाने वाले बच्चें, न्यायालयों में पक्षकारों एवं अस्पताल के गम्भीर मरीज सहित आम जनता का आना जाना लगा रहता है। लम्बी अवधि से उक्त मार्ग की मरम्मत व देख रेख के संबंध में शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही हो, यह दर्शित नहीं हो रहा है।





प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने केशकाल रोड के गम्भीर एवं जानलेवा गड्ढों के संबंध में स्वयं संज्ञान लेकर जिलाधीश /जिला दण्डाधिकारी एवं संबंधित कार्यपालक दण्डाधिकारी से गम्भीर घटना दुर्घटना को आंमत्रित करने वाली गड्ढों से भरी हुई मुख्य सड़क को सुगम परिवहन योग्य नहीं बनाए जाने के संबंध में गम्भीरता से कार्यवाही क्यों नहीं की जा रहा है। इस संबंध में जनपद पंचायत कार्यालय से व्यवहार न्यायालय केशकाल के मुख्य मार्ग को सुगम यातायात योग्य करने की कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है, इस संबंध में संबंधित विभाग से दिनांक 04.09.2025 तक विस्तृत जानकारी प्रतिवेदन मंगाए जाने हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव को निर्देशित किया गया है।

# आत्मानंद विद्यालय बारसूर में पालक-शिक्षक सम्मेलन



- पालकों ने चखा मध्यान्ह भोजन का स्वाद
- बाल केबिनेट को दिलाई गई शपथ

**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बारसूर (दर्ज संख्या 250) में आज पालक शिक्षक बैठक आहुत की गई। इसमें विभिन्न विद्यालयीन गतिविधियों के बारे में पालकों को अवगत कराया गया। साथ ही चुनावी प्रक्रिया की तर्ज पर विद्यालय के सभी बच्चो ने इस प्रक्रिया में भाग लिया। बाल कैबिनेट के चुने हुए प्रतिनिधियों को पालकों की उपस्थिति में शपथ दिलाई गई। उनका बैच लगाकर स्वागत किया गया। मध्यान्ह भोजन में बनने वाले मीनू अनुरूप भोजन को पालकों को भी कराया गया ताकि वे भोजन की गुणवत्ता परख सके। इस प्रकार सभी की उपस्थिति में पालकों ने बच्चो को पढ़ाई के प्रति समर्पित रहने और अनुशासित रहते हुए विद्यालय के नियमों का पालन करने की बात कही। संस्था के प्राचार्य श्री नरेटी द्वारा सभी को संबोधित किया गया। अंत में शिक्षिका मधु उके ने सबका आभार माना और निरंतर विद्यालय से जुड़े रहने तथा बच्चो की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी से अवगत होने विद्यालय को परिवार मनाकर सुझाव देते रहने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं और सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहे।

# जिले के 16 संकुल संगठन में दीदी के गोठ का प्रसारण

**बीजापुर** 31 अगस्त (देशबन्धु)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अन्तगत रेडियो कार्यक्रम च्दीदी के गोठज् का प्रसारण बीजापुर जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे के निर्देशन में जिले भर में एस एच जी की अधिक से अधिक महिलाओं को प्रसारण से जोड़ने हेतु तैयारियां किं गई। जिला स्तर के प्रसारण में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा सहित समूह की महिलाएँ, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए चारों जनपद पंचायतों में भी कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था की गई। जिले में स्व सहायता समूह सी जुड़ी दीदियों ने अन्य जिले की दीदियों की सफलता की कहानी सुनी और कार्यक्रम की तारीफ की। रेडियो प्रसारण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चैहान, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का शुभकामना संदेश के साथ बिहान योजना के दीदियों की कहानी उन्हीं की जुबानी सुनाई गई। जिसमें नारायणपुर की दीदी का कहानी का प्रसारण किया गया।



जिले के 16 संकुल संगठन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर उपसंचालक पंचायत हिमांशु साहू, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री कल्पना समेत समूह की दीदियाँ एवं कर्मचारी उपस्थित रहीं।

# जिले में उर्वरक वितरण की पारदर्शिता पर जोर, निरीक्षण में मिली अनियमितताएँ

**बीजापुर** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कृषि विभाग बीजापुर की टीम ने शनिवार को जिले के विभिन्न आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित (लैम्प्स) एवं निजी कृषि सेवा केंद्रों का निरीक्षण कर उर्वरक के भंडारण एवं वितरण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान लैम्प्स प्रबंधकों एवं निजी विक्रेताओं द्वारा भंडारित व वितरित उर्वरकों के भौतिक स्टॉक का मिलान क्क्षह्य मशीन में दर्ज आंकड़ों से किया गया। इस दौरान वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और अनुशासनात्मक ढंग से कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया।

जिले के गंगालूर लैम्प्स में (10.740 टन) इसी तरह आवापल्ली में (33.20 टन), इलमिड़ी (195.79 टन), चिलकापल्ली (66.30 टन) ), बासागुड़ा (107.735 टन) तथा बीजापुर स्थित धुरवा कृषि केंद्र (13.900 टन) एवं बालाजी कृषि केंद्र, आवापल्ली (1.05 टन) इस प्रकार जिले में कुल 428.715 टन उर्वरक वितरण की जांच में भौतिक स्टॉक व क्क्षह्य मशीन प्रविष्टियों में असंगतियाँ पाई गईं। निरीक्षण टीम ने लैम्प्स प्रबंधकों और निजी दुकान संचालकों को दो दिनों के भीतर वास्तविक भौतिक स्टॉक के अनुसार क्क्षह्य मशीन में प्रविष्टि करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय सीमा में अनुपालन न होने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस कारवाही में उप संचालक कृषि बीजापुर के निर्देश पर गठित इस टीम में सहायक संचालक कृषि, कृष्ण कुमार सिन्हा, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, सी.पी. देवांगन एवं कृषि विकास अधिकारी, वी.एस. कुमार शामिल रहे।

## बाढ़ पीड़ित परिवारों को रेडक्रॉस सोसायईटी द्वारा किचन सेट और हाईजीन किट का किया गया वितरण

**बीजापुर** 31 अगस्त बीजापुर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र भैरमगढ़ ब्लॉक के सुरोखी गांव के ग्रामीण परिवारों को कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में रेडक्रॉस सोसायटी बीजापुर द्वारा 18 नग किचन सेट एवं हाईजीन किट का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों सरपंच, उप सरपंच के माध्यम से कराया गया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम सुरोखी के कुंजाम पारा के 18 परिवार के 86 सदस्यों को सुरोखी के राहत शिविर में रखा गया है। जिला प्रशासन द्वारा उन्हे सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है। सामग्री वितरण के दौरान रेडक्रॉस के जिला संगठक नरवेद सिंह सहित रेडक्रॉस के अन्य विद्यार्थीगण, स्कूल के प्राचार्य मौजूद थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

**बाढ़ पीड़ितों के लिए सेन...**

ने अनिता राज के इस सहयोग के लिए उनका हार्दिक आभार माना। प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य जारी हैं, और ऐसी सहायता से पीड़ितों को तत्काल राहत मिल सकेगी।

**खिलाड़ियों में खेल...**

आत्मविश्वास, एकाग्रता और अनुशासन भी सिखाते हैं। इस अवसर पर रतन लाल जैन, क्लब की अध्यक्ष रेशमा चामड़िया, सचिव डॉ. प्रीति आजाद, डॉ. सरिता थॉमस, अरुणा जोबनपुत्रा, रीता माने, मोहिनी राठी, दीपिका सोनी, चंदनबाला मोदी, दिव्या कृष्णमूर्ति, सुषमा झा, मनी पिल्लई, विनीता अग्रवाल, पूजा जैन, अंशु गोंदी, तुषा सिंह, ममता राणा, रजनी, श्वेता कपूर सहित बड़ी संख्या में क्लब की सदस्य एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। टूर्नामेंट में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया।

**दीदी के गोठ कार्यक्रम प्रसारण...**

बताया गया कि कैसे उन्होंने कठिनाइयों को पार कर आर्थिक मजबूती हासिल की और समाज में नई पहचान बनाई। आज छत्तीसगढ़ की लाखों महिलाएं च्लखपति दीदीज् बन चुकी हैं, और उनका जीवन बिहान योजना से सकारात्मक रूप से बदल गया है। इन प्रेरणादायी कहानियों को रेडियो के माध्यम से हर गांव और घर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अन्य महिलाएं भी आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें। यह पहल छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सशक्तिकरण को नई गति प्रदान करेगी और राज्य के विकास में उनकी भूमिका को मजबूत बनाएगी।

**बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा...**

बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम व तस्करी, शालात्यागी बालिकाएं, गुड टच-बैड टच, ऑनलाइन फ्रेंडशिप के खतरे और बचाव जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को वीडियो माध्यम से जागरूक किया गया तथा जीवन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए सुरक्षित और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण अधिकारी मनीषा शर्मा, चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर लखेश्वरी, सुपरवाइजर अमित नाग एवं मुडा पोडियामी, विद्यालय के प्राचार्य पी. अनिल एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

**वीर सावरकर भवन का...**

में भवन के अंदर एयर कंडीशनर लगाने की भी योजना है। उन्होंने भवन में रखे खंडहरनुमा सामान को व्यवस्थित करने के लिए भी कर्मचारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, श्वेता बघेल, नेहा ध्रुव, राजपाल कसेर, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, विरेन्द्र जोशी, विवेक जैन, शुभ शुक्ला सहित निगम का पूरा अमला मौजूद रहा।

# धरती आबा अभियान से जनजातीय गांवों में नयी ऊर्जा

**बीजापुर में जिला स्तरीय प्रक्रिया प्रयोगशाला सम्पन्न, आदि कर्मयोगियों ने लिया सशक्तिकरण का संकल्प**



**बीजापुर** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान ष्ठ-छ्वद्व के अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान 2025 के तहत जिला बीजापुर में 28 से 30 अगस्त तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रक्रिया प्रयोगशाला कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर संबित मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता चैबे तथा नोडल अधिकारी देवेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल केवल योजनाओं के क्रियान्वयन भर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य जनजातीय गांवों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाकर आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में ठोस विजन तैयार करना है। प्रयोगशाला में जिले के चारों जनपदों से शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, पंचायत, ग्रामीण विकास एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देकर उन्हें आदि कर्मयोगी और आदि सहयोगी की भूमिका में तैयार किया गया। ये प्रशिक्षक आगे गांव-गांव में जाकर आदि कर्मयोगी साथियों को प्रशिक्षित करेंगे। समापन अवसर पर ट्राईफेड, नई दिल्ली के असिस्टेंट मैनेजर वी.के. तिवारी ने जनजातीय समुदाय की सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में भागीदारी की अहम भूमिका पर विस्तार से व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथी ही वे कड़ी हैं, जो योजनाओं को धरातल तक पहुंचाकर जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ेंगे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूस कुजूर, जिलाराम राणा, एवं घासी राम नाग विशेष रूप से उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी देवेंद्र सिंह ने सभी प्रशिक्षित अधिकारियों को अभियान की सफलता के लिए पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई।

इस प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर खेमलाल दाता, दिनानाथ गोसाई, मनोज कावटी, नंदकुमार मारकोंडा एवं पी.एल. तांडिया का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# क्षतिग्रस्त मांडर नाला पुल की होगी शीघ्र मरम्मत

- भीषण बाढ़ से हुई थी क्षतिग्रस्त कलेक्टर ने लिया जायजा



**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने नगर पंचायत बारसूर क्षेत्र के मांडर नाला एवं गणेश बहार नाला के बीच बने वर्षा से क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने तथा पुल के शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पुल के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है, जिससे आमजन, विद्यार्थी एवं किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पुल का निर्माण शीघ्र प्रारंभ कर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा मौजूद रहे।

# जिले में किसानों के साथ हो रहे धोखाधड़ी, नकली कीटनाशकों का धंधा फल-फूल रहा है

**फरसगांव**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में खाद बीज के बाद अब बारिश कम होने के साथ-साथ फसलों को बीमारियों से बचाने के लिए किसान जो कीटनाशक दवाएं खरीद रहे हैं, वे अक्सर नकली निकल रही हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान तो हो ही रहा है, साथ ही उनकी फसल भी खराब हो रही है। यह सब कुछ प्रशासन और संबंधित विभागों की मिलीभगत की ओर इशारा हो रहा है, जो इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।




## नकली किटनाशक दवाओं का गोरखधंधा

किसान जब दुकानदार के पास अपनी फसल की बीमारी लेकर जाते हैं, तो उन्हें जानकारी के अभाव में ऐसी दवाएं पकड़ा दी जाती हैं, जिनमें दुकानदार को ज्यादा मुनाफा होता है। लेकिन ये दवाएं काम नहीं करतीं, जिससे किसानों की मेहनत और पैसा दोनों बर्बाद हो जाते हैं। कई किसानों ने यह बताया कि नकली दवाइयां खरीदने के बाद भी उनकी फसल की हालत जस की तस बनी हुई है।

## जांच और कार्रवाई का अभाव

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन नकली और प्रतिबंधित दवाओं की कोई जांच नहीं हो रही है। इससे साफ पता चलता है कि यह गोरखधंधा प्रशासन और कृषि विभाग के अधिकारियों की नाक के नीचे चल रहा है। यह मिलीभगत किसानों के लिए घातक साबित हो रही है, क्योंकि वे अपनी फसल और भविष्य दोनों को लेकर चिंतित हैं।

## प्रतिबंधित किटनाशक दवाओं की अवैध बिक्री–

इस गोरखधंधे में एक और खतरनाक पहलू जुड़ गया है। सरकार द्वारा प्रतिबंधित की गई कुछ दवाएं भी खुलेआम ब्लैक में बेची जा रही हैं। ये दवाएं पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती हैं। शासन द्वारा छापेमारी न होने के कारण ये दुकानदार बिना किसी डर के इन दवाओं को बेच रहे हैं।

## दवा बेचने के लिए नियम और अधिकार–

दवा बेचने का अधिकार किसी भी व्यक्ति या दुकान को बिना लाइसेंस के नहीं दिया जाता है। कीटनाशक अधिनियम 1968 के तहत, कीटनाशकों की बिक्री के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। यह लाइसेंस सरकार द्वारा नामित अधिकारी जारी करते हैं और इसके लिए विक्रेता को कुछ शर्तों का पालन करना पड़ता है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार अधिकारी

इस विषय पर उपसंचालक कृषि डीपी टांडे ने कहा है कि जिले भर में खाद बीज एवं दवाई दुकानों में लगातार टीम बनाकर छापेमारी किया जा रहा है और दुकानों से दवाई का सैंपल लेकर उसकी जांच के लिए भेजा भी जा रहा है, जांच में अमानक दवाइयां की रिपोर्ट आने पर

**लाइसेंस:** कीटनाशक बेचने वाले हर विक्रेता के पास वैध लाइसेंस होना चाहिए।

**दस्तावेज:** दुकान और विक्रेता को सभी प्रकार के रिकॉर्ड, जैसे- खरीद और बिक्री का ब्योरा, बनाए रखना होता है।

**भंडारण:** कीटनाशकों को उचित तरीके से स्टोर करना चाहिए ताकि उनका असर खराब न हो और पर्यावरण को भी कोई नुकसान न पहुंचे।

**सही जानकारी:** दुकानदार को कीटनाशक के उपयोग, मात्रा और सावधानियों के बारे में किसानों को सही जानकारी देनी चाहिए।

लेकिन मौजूदा स्थिति में इन नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है।

इस समस्या पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। अगर समय रहते प्रशासन और कृषि विभाग ने कार्रवाई नहीं की तो किसानों का भविष्य और देश की कृषि व्यवस्था दोनों खतरे में पड़ सकते हैं। सरकार को चाहिए कि वे न केवल नकली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाएं, बल्कि इस काले धंधे में शामिल लोगों पर भी सख्त कार्रवाई करें।

# एन.एच.एम.कर्मचारी संघ जिला कोंडागांव ने निकाला कैंडल रैली



**कोण्डागांव**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ जिला इकाई कोंडागांव, जिला कोंडागांव, छ.ग. के तत्वाधान जिले के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों द्वारा 30 अगस्त की शाम 6 बजे मशाल सह कैंडल रैली का आयोजन किया गया। इस मशाल सह कैंडल रैली में धरना स्थल डी.एन.के.मैदान से जिले के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी सामुदायिक भवन-कांग्रेस भवन होते हुए अम्बेडकर चौक तक पहुंचे और जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) कर्मचारी संघ जिला कोंडागांव छ.ग. के कर्मचारियों का अनिष्चितकालीन हड़ताल 18 अगस्त से निरंतर जारी है।

आंदोलनकारियों ने बताया कि विपक्ष में रहने के दौरान भाजपा नेताओं ने हमारे मंच पर आकर हमारी मांगों को जायज बताया और आश्वासन दिया था कि सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर सभी मांगें पूरी की जाएंगी। लेकिन सरकार बने दो साल बीत जाने के बाद भी हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। अनिष्चितकालीन हड़ताल में बैठने के पुर्व 17 अगस्त को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उल्लेखित है कि छ.ग. प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ रायपुर के प्रांतीय आह्वान पर जिले के समस्त संविदा कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे और अनिश्चितकालीन हड़ताल 18 अगस्त से प्रारम्भ हो भी चुका है। आज 30 अगस्त हो चुका है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से कोई से कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

संघ, 1.संविलियन एवं स्थायीकरण, 2.पब्लिक हेल्थ केडर की स्थापना, 3.ग्रेड-पे निर्धारण 4.कार्य मूल्यांकन (सीआर) व्यवस्था में पारदर्शिता, 5.लंबित 27 प्रतिषत वेतन वृद्धि, 6.नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, 7.अनुकंपा नियुक्ति, 8.मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, 9.स्थानांतरण नीति, 10.न्यूनतम 10 लाख तक कैशलैस चिकित्सा बीमा सुविधा आदि अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर डटे हैं। जिससे, जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था गंभीर संकट में नजर आ रही है।

# आदिम जाति कल्याण विभाग संघ की संभागीय बैठक

**कोण्डागांव**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। आदिम जाति कल्याण विभाग संघ कोंडागांव के बैनर तले 30 अगस्त को प्री-मैट्रिक छात्रावास में संभागीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष धनुलाल देवांगन सहित बस्तर संभाग के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष देवांगन ने बताया कि यह बैठक आगामी हड़ताल और आंदोलन की रणनीति को लेकर आयोजित की गई। निर्णय लिया गया है कि 16 सितंबर 2025 को संघ अपनी मांगों को लेकर संचालनालय का घेराव करेगा। यदि सरकार ने मांगों पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाया तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होना पड़ेगा। बैठक में मुख्य रूप से दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को



## 16 सितंबर को घेराव का ऐलान

आकस्मिक निधि पद पर परिवर्तित करने, आकस्मिक निधि पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित स्थापना में समायोजित करने तथा शासन स्तर पर सह अधीक्षक पद स्वीकृत करने की मांग उठाई गई।

आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ छ.ग.की संभागीय बैठक में प्रदेश अध्यक्ष धन्नुलाल देवांगन, प्रदेश सचिव विजयपाल, संभाग अध्यक्ष एवं सचिव शक्ति सिंह, जिला अध्यक्ष गनपतराम सेठिया सहित ब्लॉक के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से 1.दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को आदिम जाति निधि पद पर परिवर्तन करने। 2. निधि पद पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित पदों की स्वीकृति प्रदान कर नियमित स्थापना में शामिल करने। 3.शासन स्तर पर सहायक अधीक्षक पद स्वीकृत कराने हेतु शासन को पत्राचार करने। 4.आगामी हड़ताल 16 सितम्बर 2025 की तैयारी एवं रणनीति पर विचार-विमर्श। बैठक में पदाधिकारियों के साथ-साथ मुंशी प्रेमचंद, डोमनलाल नाग, अग्रसेन नाग, मनीष चालकी, राम नेताम, रामरतन बेलसरिया, रोहित कुमार सिन्ना, लखेश्वर निषाद, नेमचंद बघेल, कन्हैयालाल सहित सभी कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने सुझाव दिए।

कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, वे आंदोलन के लिए तैयार रहेंगे।

# 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न

**कोण्डागांव**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के चार दिवसीय (28 से 31 अगस्त तक) आयोजन का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्टेडियम में समापन 31 अगस्त को हुआ।



समापन अवसर पर मुख्य अतिथि अनीता कोर्राम अध्यक्ष जनपद पंचायत कोंडागांव, यशोदा कश्यप सदस्य जिला पंचायत, जसकेतु उसेंडी उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव, टोमेंद्र सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, कुंती कोर्राम सदस्य जनपद पंचायत एवं अन्य जन प्रतिनिधिगण सहित डीआईजी आइटीबीपी संजीव, एसडीएम अजय उराव एवं तहसीलदार मनोज रावटे, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, जिला खेल अधिकारी सुधराम मरकाम, जिला सहायक खेल अधिकारी कृष्ण कुमार यदु, नरेंद्र नायक प्राचार्य, निर्मल शार्दुल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारीगण तथा प्रतिभागी विद्यार्थीगण की उपस्थिति में समापन कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया। सेजेस जामकोटपारा एवं शासकीय हाई स्कूल पिपरा के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत आकर्षक मांदरी नृत्य प्रस्तुत किया गया। चार दिवसीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता का प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान ने प्रस्तुत किया। विभिन्न शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान आने वाले प्रतिभागी सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंचासिन अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने और छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन करने की बात कहा गया। डीआईजी आइटीबीपी संजीव ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रहित के लिए समर्पित होकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में फुटबॉल बालक वर्ग में बस्तर जोन प्रथम, सरगुजा जोन द्वितीय एवं रायपुर जोन तृतीय स्थान पर रहा। वहीं तीरंदाजी तीनों आयु वर्ग में बिलासपुर जोन प्रथम, रायपुर जोन द्वितीय और बस्तर जोन तृतीय स्थान पर रहा। जबकि मलखम में बस्तर जोन प्रथम, बिलासपुर जोन द्वितीय एवं रायपुर जोन तृतीय स्थान पर रहा।

# छत्तीसगढ़ के रजत जयंती पर बच्चों ने उत्साहपुर्वक किया पुस्तक वाचन

## शिक्षिका मधु की कहानी दादी की झाड़ू रहा आर्कषक का केंद्र

**कोण्डागांव**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के गौरवपूर्ण 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर रजत जयंती महोत्सव 2025-26 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरापदार में स्कूली विद्यार्थियों ने मुस्कान पुस्तकालय अंतर्गत उपलब्ध कहानी एवं कविताओं की पुस्तकों का वाचन किया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने बताया कि बच्चों को पुस्तक संस्कृति से जोड़े रखने



प्रतिदिन पुस्तक वाचन कराया जाता है, आज के मोबाईल युग में बच्चों में पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करना जरूरी है, ताकि बच्चों में विचार एवं अभिव्यक्ति की क्षमता वृद्धि हो सके। किताबें हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं, किताबों से दोस्ती करके हम अपने जीवन में न केवल नए ज्ञान को प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि जीवन में नई ऊंचाइयों को भी प्राप्त सकते हैं। पुस्तक वाचन दिवस पर शिक्षिका द्वारा लिखी कहानी दादी की झाड़ू का बच्चों ने बहुत ही उत्साहपूर्वक वाचन किया एवं स्वयं की शिक्षिका द्वारा लिखित होने के कारण उनमें और भी ज्यादा कौतूहल व प्रसन्नता नजर आया। उल्लेखनीय है कि शिक्षिका मधु तिवारी द्वारा अनेक बालोपयोगी कहानियां एवं कविताओं का प्रकाशन किया गया है। जोकि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के लिए भेजी गई है।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव ने केशकाल मुख्य सड़क के गम्भीर जानलेवा गड्डों के संबंध में संज्ञान लिया

**कोण्डागांव**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी के द्वारा जनपद पंचायत केशकाल से व्यवहार न्यायालय केशकाल के मेन रोड में जानलेवा गड्ढ़े, जलजमाव और क्षतिग्रस्त डामर के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं सड़क के गडढे गम्भीर घटना, दुर्घटना को आंमत्रित कर रहे हैं। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग होकर मुख्य सड़क पर जनपद पंचायत, बस स्टैण्ड एवं स्कूल तथा सबसे महत्वपूर्ण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैसे सार्वजनिक स्थान स्थित है। जहां से प्रतिदिन स्कूल जाने वाले बच्चें, न्यायालयों में पक्षकारों एवं अस्पताल के गम्भीर मरीज सहित आम जनता का आना जाना लगा रहता है। लम्बी अवधि से उक्त मार्ग की मरम्मत व देख रेख के संबंध में शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही हो, यह दर्शित नहीं हो रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव ने केशकाल रोड के गम्भीर एवं जानलेवा गड्डों के संबंध में स्वयं संज्ञान लेकर जिलाधीश/जिला दण्डाधिकारी एवं संबंधित कार्यपालक दण्डाधिकारी से गम्भीर घटना दुर्घटना को आंमत्रित करने वाली गड्डों से भरी हुई मुख्य सड़क को सुगम परिवहन योग्य नहीं बनाए जाने के संबंध में गम्भीरता से कार्यवाही क्यों नहीं की जा रहा है। इस संबंध में जनपद पंचायत कार्यालय से व्यवहार न्यायालय केशकाल के मुख्य मार्ग को सुगम यातायात योग्य करने की कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है, इस संबंध में संबंधित विभाग से दिनांक 04.09.2025 तक विस्तृत जानकारी प्रतिवेदन मंगाए जाने हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव को निर्देशित किया गया है।

# इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से मनाई गई राधा अष्टमी, उमड़े भक्त

**फरसगांव**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्वी बोरगांव स्थित इस्कॉन राधा गोविंद मंदिर में रविवार को श्रीराधा अष्टमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तगणों की भीड़ उमड़ी। राधा रानी के जन्मोत्सव के उल्लास में पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।



सुबह से ही मंदिर में उत्सव का माहौल शुरू हो गया था। भगवान श्री कृष्ण की प्रिय राधा रानी के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में, भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना और मंगल अभिषेक में भाग लिया। इस दौरान ञ्जय राधा रानीज के जयकारों से पूरा मंदिर गूंज उठा।

दिनभर चले इस उत्सव में मुख्य आकर्षण राधा रानी का महाअभिषेक रहा। उन्हें दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल और विभिन्न जड़ी-बूटियों से स्नान कराया गया। इसके बाद उन्हें सुंदर पुष्पों से सजाया गया और मनमोहक श्रृंगार किया गया। अभिषेक के पश्चात, भक्तों ने भजन-कीर्तन का आनंद लिया, जिसमें इस्कॉन के कलाकारों ने राधा-कृष्ण से जुड़े मधुर गीत और धुनें प्रस्तुत कीं। भक्तों ने भजन के साथ नृत्य भी किया, जिससे उत्सव की रौनक और बढ़ गई। इसके अलावा, भक्तों के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया।

राधा अष्टमी का यह पर्व विशेष रूप से इस बात को दर्शाता है कि राधा रानी भगवान कृष्ण के प्रति अपने प्रेम और भक्ति के लिए पूजनीय हैं। उनकी भक्ति को ही प्रेम की सर्वोच्च अभिव्यक्ति माना जाता है। इस दिन व्रत रखने और पूजा करने से भक्तों को जीवन में सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति मिलती है।

इस अवसर पर इस्कॉन के पदाधिकारियों ने बताया कि राधा अष्टमी का पर्व इस्कॉन परंपरा में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि यह राधा रानी की भक्ति और उनके महत्व को उजागर करता है। उन्होंने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया और उन्हें इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# प्रशासन की लापरवाही का शिकार बच्चे : भोंगापाल के बुद्धदेव पारा में आंगनवाड़ी केंद्र की अनदेखी

## सुपोषण और सरकारी योजनाओं से वंचित हैं बच्चे और गर्भवती माताएं

**फरसगांव**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में, महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला प्रशासन की घोर लापरवाही का खामियाजा फरसगांव ब्लॉक के बुद्ध स्मारक के लिए प्रसिद्ध ग्राम भोंगापाल के बुद्धदेव पारा के बच्चे, गर्भवती महिलाएं और किशोरियां भुगत रही हैं। यहां आंगनवाड़ी केंद्र न होने के कारण इस पारा के निवासी सरकारी योजनाओं से वंचित हैं, और हालात इतने गंभीर हैं कि कई बच्चे कुपोषण का शिकार हैं।




### जिम्मेदार कौन- ?

ग्राम पंचायत भोंगापाल के सरपंच रामसाय नाग, पारा वासी सुकमन सलाम, सुरजू मण्डावी, जैयसिह मण्डावी, संतू सोरी, गुड्डू सलाम, भानसिहं नाग सहित अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि आंगनवाड़ी केंद्र की स्थापना के लिए बार-बार आवेदन देने और यहां तक कि भोंगापाल में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भी सीधे मांग उठाने के बावजूद, संबंधित विभाग और जिला प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। बुद्धदेव पारा से दूसरे पारा में मौजूदा आंगनवाड़ी केंद्र की 3 किलोमीटर की दूरी इसे लगभग अनुपयोगी बना देती है, जिससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पैदल चलकर सुविधाएँ लेने में भारी कठिनाई होती है।

### सरकारी दावे खोखले !

एक ओर, सरकार बच्चों और महिलाओं के पोषण और स्वास्थ्य को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर बुद्धदेव पारा में 20 - 22 परिवार के 20 से 25 छोटे बच्चे, जिनमें से कई कुपोषित हैं, सरकार की योजनाओं से वंचित हैं। यह स्थिति सरकार की महतारी वंदन योजना और सुपोषण अभियान जैसे कार्यक्रमों की प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। पोषण की कमी सीधे तौर पर बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित कर रही है, और इस पर प्रशासन का निष्क्रिय रवैया समझ से परे है।

### आरोप-प्रत्यारोप का खेल ?

गांव के लोग पूछते हैं कि जब प्रशासन को इस समस्या की जानकारी है, तो फिर इस पर कोई पहल क्यों नहीं हो रही? क्या विभाग सिर्फ कागजी कार्रवाई में ही व्यस्त है, और जमीनी हकीकत से उनका कोई वास्ता नहीं है? यह मामला सिर्फ एक आंगनवाड़ी केंद्र का नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र की जवाबदेही और संवेदनशीलता का है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांग पूरी नहीं हुई, तो वे जिला मुख्यालय पर विरोध-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

बोरगांव में फटबॉल का महाकंभ

# स्वर्गीय सुशांत सज्जल स्मृति में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 7 सितंबर से

**फरसगांव**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक शानदार खबर है। कोंडागांव जिले के पूर्वी बोरगांव में पूर्व राज्य स्तरीय फुटबॉल खलाड़ी स्वर्गीय सुशांत सज्जल स्मृति जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न चर्चा की गई।



यह टूर्नामेंट 7 सितंबर, 2025 से शुरू होगा, जिसमें प्रतिभागी टीमें रोमांचक मुकाबले में एक-दूसरे का सामना करेंगी।

यह प्रतियोगिता नॉक-आउट फॉर्मेट में खेली जाएगी, जहां हर मैच महत्वपूर्ण होगा। विजेता टीम को ?21,000 का नकद पुरस्कार मिलेगा, जबकि उपविजेता टीम को ?15,000 दिए जाएंगे। सभी मैच फीफा (स्न्ढ्ढस्न्र) के नियमों का पालन करते हुए खेले जाएंगे।

### प्रमुख नियम और जानकारी

मैच फीस: प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को ?1,000 की मैच फीस जमा करनी होगी।

**मैच का समय:** नॉक-आउट के सभी मैच 35-15-35 मिनट के समय के अनुसार खेले जाएंगे।

**खिलाड़ी पंजीकरण:** सभी टीमों के कोच, मैनेजर या कैप्टन को अपने खिलाड़ियों के नाम, फोटो और आधार कार्ड के साथ एक निर्धारित फॉर्म में प्रतियोगिता शुरू होने से एक दिन पहले जिला फुटबॉल संघ में जमा करना अनिवार्य होगा। जिला पंजीकरण: जिन खिलाड़ियों का जिला पंजीकरण रिन्यूअल नहीं हुआ है, उन्हें ?2,000 का शुल्क जमा करना होगा।

**निर्णायक का निर्णय:** मैच के दौरान निर्णायक का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा। विवाद की स्थिति में, संघ का निर्णय ही मान्य होगा।

**सुरक्षा:** खेल के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना के लिए खिलाड़ी स्वयं जिम्मेदार होंगे। आयोजन समिति ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार के बदलाव का अधिकार उनके पास सुरक्षित रहेगा। प्रतियोगिता से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए, इच्छुक टीमें आयोजकों से संपर्क कर सकती हैं।

### संपर्क सूत्र

प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए आप इन सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं:

गोपाल नंदी: 7869678414
रंजन दास: 8319807927
विक्की दास: 7974192419
वासुदेव साहा: 6261736952
रतन साना: 6261846152
संजीव सज्जल: 6264181306

यह प्रतियोगिता फुटबॉल क्लब बोरगांव की आयोजन समिति द्वारा आयोजित की जा रही है। उम्मीद है कि यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए एक शानदार अनुभव होगा और दर्शकों को बेहतरीन खेल देखने को मिलेगा।

फोटो टु बैठक करते आयोजक समिति।

उल्टा पुल्टा

टीचर ने बच्चे की कॉपी पर नोट लिखकर भेजा- कृपया बच्चों को नहला कर भेजा करें।
जवाब में बच्चे की माँ ने लिखा- कृपया बच्चों को पढ़ाया करें सूंघा न करें ।

संपादकीय

## मरीजों की जान से खिलवाड़

*लगता है कि छत्तीसगढ़ के शासकीय अस्पताल मरीजों की जान से खिलवाड़ पर उतारू हैं। लगभग एक हफ्ता पहले एक अस्पताल में महिला गार्ड द्वारा मरीज को इंजेक्शन लगाने का मामला ठंडा भी नहीं हुआ है कि एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्यून द्वारा दवाएं बांटने का प्रकरण सामने आ गया है। एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव टॉर्च की रोशनी में कराने का कारनामा हो चुका है, सो अलग। राज्य सरकार ऐसे अस्पताल प्रमुखों तथा इसके जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई करे। इन मामलों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। स्वास्थ्य विभाग यह भी देखे कि आखिर किन परिस्थितियों के तहत गार्ड को सुइयां लगानी पड़ रही हैं और प्यून का काम करने वाले किसलिये फार्मासिस्ट बनकर दवाएं वितरित कर रहे हैं।*

*मैनपाट (सरगुजा जिला) के कमलेश्वरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक चपरासी दवा बांट रहा है। पूछने पर उसने स्वीकार किया कि ऐसा वह पहले भी करता रहा है। उसका दावा है कि उसे दवाओं का भरपूर ज्ञान है। बताया तो यह जाता है कि जो फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत है वह अक्सर गायब रहता है क्योंकि उसका निजी मेडिकल स्टोर्स है। हाल ही का एक अन्य मामला गरियाबन्द जिला अस्पताल का है। यहां की एक महिला सुरक्षा गार्ड द्वारा महिला मरीज को इंजेक्शन लगाने का फोटो वायरल हुआ था। कलेक्टर ने अस्पताल के सिविल सर्जन तथा सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट ने खुद कलेक्टर को जवाब तलब किया। असली बात तो यह है कि दवा बांटता चपरासी हो या इंजेक्शन लगाती महिला गार्ड- वे स्वयं तो ये काम करने से रहे। शासकीय अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी दवाएं, इंजेक्शन आदि अधिकृत व्यक्ति के आदेश पर ही जारी होती हैं। गार्ड हों या प्यून- क्या पहले से ऐसा करते आ रहे हैं? एक अन्य घटना तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केन्द्र की है जहां टॉर्च की रोशनी में एक प्रसव कराया गया। टांके भी सीमित रोशनी में लगे। केन्द्र के पास जनरेटर न होने से यह नौबत आई थी।*

*उक्त मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को चाहिये कि वह प्रदेश के तमाम शासकीय अस्पतालों, स्वास्थ्य, उप स्वास्थ्य तथा सामुदायिक केन्द्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त तो करे ही, वह यह भी सुनिश्चित करे कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी जिस काम के लिये नियुक्त है, वे ही निर्धारित करें। सभी आवश्यक सुविधाएं, स्टाफ की पूरी तरह और पूरे वक्त तक तथा दवाओं की उपलब्धता, मशीनों का ठीक हालत में संचालन आदि भी सुनिश्चित किया जाना चाहिये। सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च तो भरपूर करती है लेकिन डॉक्टर, अधिकारियों या कर्मचारियों की अनुपलब्धता या लापरवाही के चलते लोगों को वह लाभ नहीं मिलता जो सरकार चाहती है। मरीजों की जान से खिलवाड़ तो होता ही है।*

# खेल अवॉर्ड की जारी अंतरिम सूची फिर विवादों में

## खेल अवॉर्ड पर मचा बवाल आधे नामों पर उठी आपत्ति

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में खेल अवॉर्ड को लेकर जारी अंतरिम सूची एक बार फिर विवादों में घिर गई है। विभाग ने 2023 और 2024 के लिए 76 खिलाड़ियों और कोचों के नाम घोषित किए, लेकिन इनमें से ही 64 आपत्ति दर्ज कराई गई हैं। जब आधे से ज्यादा नाम विवादित हो गए तो खेल विभाग की चयन प्रक्रिया कितनी पारदर्शी है?

कोच को दिए जाने वाले वीर हनुमान सिंह अवॉर्ड को लेकर हर बार बवाल मचता है इस बार भी वही हुआ सूची में किक बॉक्सिंग के कोच तारकेश मिश्रा का नाम डाल दिया गया, जबकि कयाकिंग-केनोइंग के कोच अशोक साहू ने इसे चुनौती दे दी साहू का कहना है-किक बॉक्सिंग को अभी मान्यता मिले पांच साल भी नहीं हुए। इसके बावजूद कोच का नामांकन कैसे हो गया? कयाकिंग-केनोइंग लगातार छत्तीसगढ़ को नेशनल गेम्स में मेडल दिला रहा, फिर उसे नजरअंदाज क्यों किया गया? उन्होंने तंज कसा कि पिछले साल भी उनकी दावेदारी टेबल से गायब कर दी गई थी।

**इनाम मिला, लेकिन अवॉर्ड रोका गया**

महासमुंद के हैंडबॉल खिलाड़ी मनीष चंद्राकर ने



भी तीखी आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने कहा कि 2023 नेशनल गेम्स में उनकी टीम ने कांस्य पदक जीता और खिलाड़ियों को नगद इनाम भी मिला लेकिन अवॉर्ड की बारी आई तो विभाग ने मान्यता का बहाना बनाकर रोक लगा दी।

उन्होंने सवाल उठाया-'अगर हैंडबॉल की मान्यता पर विवाद है, तो वॉलीबॉल पर भी वही स्थिति है फिर अलग-अलग पैमाने क्यों?'

**टीम गेम्स में एक से ज्यादा नाम?**

खिलाड़ियों ने टीम गेम्स के चयन पर भी सवाल उठाए हैं।सूची में नेटबॉल से अपूर्व यदु और राजेश राठौर, जबकि सॉफ्टबॉल से भूपेंद्र कुमार गढ़े का नाम डाल दिया गया खेल जगत में सवाल गूंज रहा है कि 'टीम गेम्स में एक से ज्यादा खिलाड़ी को अवॉर्ड कैसे मिल सकता है?'

**पैरा तीरंदाजों की अनदेखी**

सबसे बड़ी आपत्ति पैरा तीरंदाजी को लेकर है प्रदेश तीरंदाजी संघ के पदाधिकारी कैलाश मुरारका ने कहा कि 2023 और 2024 में पैरा तीरंदाजों ने मेडल जीते हैं इसके बावजूद उन्हें सूची से बाहर कर दिया गया।उन्होंने सवाल उठाया 'क्या दिव्यांग खिलाड़ियों की उपलब्धियां खेल विभाग के लिए कोई मायने नहीं रखतीं?'

## जीएसटी काउंसिल की बैठक के लिए वित्त मंत्री को कैट ने भेजा सुझाव

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)।कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) छत्तीसगढ़ ने आगामी 3 एवं 4 सितम्बर को आयोजित होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक के लिए राज्यभर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों से प्राप्त सुझावों को संकलित कर वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को भेजा है।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी,प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने कहा है कि जिन बिंदुओं को चिन्हित किया है, वे न केवल व्यापारियों और उद्योग जगत बल्कि किसानों, छात्रों एवं आम उपभोक्ताओं के हित से भी जुड़े हुए हैं।

मुख्य सुझावों में स्टेशनरी उत्पादों पर जीएसटी 5 प्रतिशत किया जाए। ताकि शिक्षा की लागत घटे और छात्रों एवं संस्थानों को राहत मिले।स्कूल बसों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया जाए। जिससे शिक्षा क्षेत्र पर बोझ कम हो और बच्चों की सुरक्षित बसों की उपलब्धता सुनिश्चित हो।वस्त्र एवं फुटवियर वस्त्र एवं फुटवियर के उत्पादों पर 5 प्रतिशत लगाया जाए।पोहा एवं मुरमुरा को करमुक्त श्रेणी में रखा जाए।साइकिल, रिक्शा एवं पुर्जों पर एक समान जीएसटी दर - ताकि अनुपालन सरल हो और विवाद खत्म हों।

कृषि उपकरणों पर जीएसटी 5 प्रतिशत किया जाए।180 दिन में आईटीसी रिवर्सल की शर्त में राहत दी जाए।ओटीएस 2.0 / अमनेस्टी योजना लागू हो ।जिससे छोटे व्यापारी ब्याज और दंड से राहत पाकर मूल कर का भुगतान कर सकें।

लंबित अपीलों एवं रिटर्न्स हेतु विशेष सुविधा और दंड माफी।सेवाओं पर अग्रिम भुगतान पर जीएसटी समाप्त किया जाए।जीएसटी में संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। अमर पारवानी ने कहा कि देशभर में जीएसटी सुधार की दिशा में यह समय निर्णायक है। दो-दर जीएसटी प्रणाली से कर ढाँचा अधिक पारदर्शी, सरल और स्थिर बनेगा। इससे न केवल व्यापारियों का अनुपालन बोझ कम होगा बल्कि उपभोक्ताओं को भी सीधी राहत मिलेगी।

## नवोदय विद्यालय के हॉस्टल में बच्चों की पिटाई, दोषी शिक्षक को निलंबित करने की अनुशंसा

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर स्थित माना नवोदय विद्यालय के हॉस्टल में बच्चों की शिक्षक ने पिटाई की है। इस बात की सूचना

**बाल आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने लिया संज्ञान**

मिलते ही बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने तत्काल संज्ञान लिया। विद्यालय पहुंचकर उन्होंने पीड़ित बच्चों से मुलाकात कर जानकारी ली, इसके साथ मामले में प्रथम दृष्टया जिम्मेदार पाए गए शिक्षक को निलंबित करने की अनुशंसा की है।




बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा को पीड़ित बच्चों ने बताया कि विद्यालय के ज्योग्राफी शिक्षक ने मारा था।

इससे एक बच्चे के हाथ में फ्रैक्चर और पैर में चोटें आई है। पीड़ित बच्चे की स्थिति को देखते हुए विद्यालय की प्राचार्या ने तुरंत उसका एक्सरे कराया, जिसमें हाथ में फ्रैक्चर और पैर में चोट का खुलासा हुआ घटना की गंभीरता को देखते हुए आयोग अध्यक्ष ने दोषी शिक्षक को निलंबित करने की अनुशंसा की है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि बच्चों के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस घटना की पूरी जांच कर दोषी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बाल कल्याण समिति, रायपुर के एक सदस्य को भी जांच टीम में शामिल किया गया है, ताकि मामले की सही तरीके से जांच हो सके। आयोग ने आगे की कार्रवाई के लिए त्वरित कदम उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।

# आयुष्मान योजना का भुगतान नहीं

## निजी अस्पताल 5 दिन नहीं करेंगे इलाज

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) ने आयुष्मान योजना में लगातार आ रही दिक्कतों को लेकर बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है।एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर की बैठक में तय किया गया कि अगर जल्द समाधान नहीं मिला तो प्रदेश के निजी अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत इलाज को 5 दिनों के लिए सांकेतिक रूप से बंद करेंगे।ल एएचपीआई की आज आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय सामान्य सभा की बैठक में आयुष्मान योजना में लगातार आ रही परेशानियों के बारे में विस्तृत विचार विमर्श हुआ। पूरी बातचीत के केंद्र बिंदु में आयुष्मान योजना संचालित कर रही है स्टेट नोडल एजेंसी की असंतोषजनक कार्यप्रणाली पर सदस्यों ने गहरी चिंता व्यक्त की।



सभी सदस्यों ने एक स्वर में बताया कि आयुष्मान योजना में पिछले 7 वर्षों में पैकेज दर बढ़ाई नहीं गई है जबकि प्रतिवर्ष चिकित्सा दरों में बढ़ोतरी की दर 12 फीसदी से अधिक है। यहां तक की 2022 में नेशनल हेल्थ अथॉरिटी की अनुशंसा भी नहीं लागू हो पाई है।

एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि बैठक में सदस्यों ने एक स्वर में सुझाव दिया है कि स्वास्थ्य विभाग से निम्न बिंदुओं पर बातचीत की जाए।

विभिन्न बीमारियों के आयुष्मान योजना की बढ़ी हुई दरों को लागू किया जाए। इसके लिए राज्य स्तर से विभिन्न विशेषज्ञों को लेकर सरकारी एवं निजी क्षेत्र से विशेषज्ञों की कमेटी बनाएं जो तार्किक आधार पर पैकेज रेट की एक मुश्त बढ़ोतरी का सर्वसम्मत प्रस्ताव करें। इन पैकेज दर की वार्षिक बढ़ोतरी का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए।

जिला और राज्य स्तरीय शिकायत निवारण समितियों में पुनर्जीवित केस 2022, 23 और 24 की अनुशंसा के अनुसार सभी अस्पतालों को लंबित भुगतान किए जाएं।

जिला और राज्य स्तर पर इलाज करा कर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके मरीज की ऑडिटिंग के लिए विभिन्न स्तरों में विशेषज्ञों की टीम बनाई जाए ताकि पारदर्शी तरीके से 45 दिन के भीतर केस का निपटारा स्टेट नोडल एजेंसी के सहायता से किया जा सके। इससे योजना के विश्वसनीयता में बढ़ोतरी होगी।

45 दिन के बाद लंबित भुगतान होने पर नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के अनुशंसा के अनुसार एक प्रतिशत ब्याज का प्रावधान तुरंत लागू किया जाना चाहिए।

जनवरी से मार्च 2025 और जुलाई 25 तक की लंबित भुगतान न होने की स्थिति में सांकेतिक रूप से राज्य स्तरीय बंद करने की विचार विमर्श की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि इस विषय में एएचपीआई के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा अन्य राज्यों से समन्वय बनाते हुए सभी राज्यों की समस्याओं को एक प्लेटफार्म पर लाते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से संवाद करते हुए तार्किक हल निकाला जाएगा, जिससे वंचित वर्गों को इलाज में कठिनाई न हो।

# गणेश पंडालों में रौनक, उमड़ी भीड़

## यातायात व्यवस्था चरमराई, जगह-जगह जाम से लोग हलाकान





**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। गणेशोत्सव के दौरान अब ढांकियां और पंडालों का नजारा देखने श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। आज रविवार को सड़कों में भारी भीड़ दिखाई दी। लोग परिवार सहित विभिन्न वाहनों के साथ गणपति की झांकियों को देखने निकले। जिसके चलते कई स्थानों पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई और लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मौसम में उतार-चढ़ाव को देखते हुए लोग पानी नहीं गिरने और शनिवार व रविवार के अवकाश के कारण बड़ी संख्या में घरों से निकले। वहीं अधिकांश स्थानों पर स्कूटर, मोटर सायकिल, ई रिक्शा, चार पहिया वाहनों के कारण जाम की स्थिति निर्मित हुई।

कालीबाड़ी से लेकर बूढ़ापारा, पुरानी बस्ती बाखेनगर, रामसागर पारा, बढ़ईपारा, गंजपारा, स्टेशन रोड़, महादेव घाट रोड, डंगनिया, देशबन्धु स्कूल मार्ग में भारी भीड़ दिखाई पड़ी और लोग आपस में उलढते हुए दिखाई दिए।

शहर में पुलिस प्रशासन की सक्रियता कम रहने के कारण यातायात सुचारू रूप से संचालित नहीं रहा। विसर्जन की तारीख



करीब आने के साथ ही आगामी दिनों में भीड़ और बढ़ने की संभावना है।

# 'मन की बात' हर माह देती है नई प्रेरणा, विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सभी करें योगदान : साय

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 125वीं कड़ी का सीधा प्रसारण आज नवा रायपुर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद उद्योग एवं व्यापार परिसर के कन्वेंशन सेंटर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, उद्योग मंत्री लखन देवांगन, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक इंद्र कुमार साहू तथा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण और नागरिक उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं की घड़ी में देशवासियों द्वारा एक-दूसरे की सहायता करना भारत की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि विपत्ति के समय जो सहयोग और

■ **'मन की बात' की 125वीं कड़ी का सीएम साय सहित मंत्रियों और नागरिकों ने किया श्रवण**

एकजुटता दिखाई देती है, वही भारत की संस्कृति और सामूहिक चेतना को परिभाषित करती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में खेलों को न केवल स्वास्थ्य बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी आधार बताया। उन्होंने युवाओं से आह्वान



किया कि खेलकूद में सक्रिय भागीदारी कर अपने जीवन और देश दोनों को ऊर्जावान बनाएं.

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि 'मन की बात' हर माह प्रदेशवासियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम समाज के सभी वर्गों में सकारात्मक सोच और राष्ट्रीय चेतना को प्रबल करता है।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में अपने जापान और दक्षिण कोरिया प्रवास का उल्लेख करते हुए बताया कि कौशल विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े क्षेत्रों में हुए सहयोग और निवेश से राज्य के युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे और छत्तीसगढ़ में कौशल विकास और रोजगार का नया अध्याय शुरू होगा।

राज्य की रजत जयंती वर्ष का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाए। उन्होंने कहा कि सरकार और जनता के साझा प्रयासों से राज्य को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संदेश हर नागरिक के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हमें सामूहिक जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ को विकास और सुशासन की नई ऊँचाइयों पर ले जाना है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि सभी मिलकर एक समृद्ध और स्वच्छ छत्तीसगढ़ के निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

# प्रोजेक्ट छांव के तहत साढ़े छह हजार से अधिक शासकीय सेवकों को मिला लाभः कलेक्टर

- एक ही छत के नीचे शासकीय कर्मियों को इलाज मिलना सुशासन का नया मॉडल: सचिव
- धरातल पर नवाचार के कार्य समाज के लिए मील का पत्थर होगा साबित: प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में प्रोजेक्ट छांव शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सेहत के लिए वरदान साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू प्रोजेक्ट छांव से शासकीय सेवकों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई जा रही है। इंडोर स्टेडियम में रविवार को आयोजित



प्रोजेक्ट छांव में शामिल मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत ने कहा कि रायपुर जिले के नवाचार प्रोजेक्ट छांव का शासकीय कर्मियों को लाभ मिल रहा है। एक ही छत के नीचे शासकीय कर्मियों को इलाज मिलना सुशासन का नया मॉडल तैयार हुआ है। भगत ने कहा कि मेमोग्राफी का लाभ भी महिला कर्मचारियों को मिल रहा है। सभी प्रकार के टेस्ट की सुविधा यहां मिल रही है, यह सबसे अच्छी बात है। भगत ने कहा कि ऐसे प्रोजेक्ट को भविष्य में अन्य जिलों में शुरू किया जा सकेगा, ताकि कर्मियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जा सके और उनके परिवारजनों को भी स्वास्थ्य परीक्षण भी समय-समय पर मिलता रहें। साथ ही भगत ने जिला प्रशासन रायपुर द्वारा चलाई जा रहे नवाचार प्रोजेक्टों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रायपुर जिले के नवाचार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में इन प्रोजेक्टों को शुरू करने पर मंथन किया जाएगा। इस दौरान प्रोजेक्ट नैनो के अंतर्गत कलेक्टर डॉ सिंह ने सचिव भगत को जिले में नैनो उर्वरकों के उपयोग एवं ड्रोन से छिड़काव की जानकारी दी, जिसकी उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास कृषकों को आधुनिक खेती के साथ जोड़ेगा

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन कर्मचारियों के लिए प्रतिबद्ध है और हमेशा से हमारी कोशिश है कि कर्मचारी स्वस्थ रहे। डॉ. सिंह ने कहा कि अब तक साढ़े छह हजार से अधिक कर्मियों को योजना का लाभ मिल चुका है। इसमें डॉक्टरों के विशेषज्ञ भी उपस्थित हो रहे हैं और यहां आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड जैसे अन्य सुविधाएं भी मिल रही है।

## भगवान गणेश की महाआरती में सम्मिलित हुए राजेश्री महन्त



**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज भगवान श्री गणेश जी की महा आरती के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त जी क्रमश: श्री दूधाधारी मठ में विराजित गणेश जी एवं श्री बालाजी बाल गणेश उत्सव समिति मठपारा, रायपुर द्वारा आयोजित भगवान श्री गणेश जी की महा आरती कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। श्री दूधाधारी मठ में महा आरती शाम 7-30 संपन्न हुआ इसमें मठ मंदिर के मुख्तियार रामछबिदास जी, नागा जी महाराज तथा मठ मंदिर के पुजारी राम अवतार दास जी, राम लोचन दास जी, राम मनोहर दास जी, सचिन धारीवाल, निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। रात्रि 8-00 बजे राजेश्री महन्त जी महाराज श्री बालाजी बाल गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित महा आरती में सम्मिलित होने के लिए पहुंचे। यहां आयोजन समिति के द्वारा आतिशबाजी तथा ढोल- ढमाके के साथ उनका शानदार स्वागत किया गया। पंडाल में आयोजन समिति ने पुष्पमाला एवं शाल भेंट करके आशीर्वाद प्राप्त किया ?। महा आरती बाजे- गाजे के साथ संपन्न हुई। इसे प्रवेश नारायण शुक्ला एवं जय शुक्ला सहित उनके सहयोगियों ने संपन्न कराया। अंत में प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन समिति के सभी लोगों ने महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विशेष रूप से हिमांशु दुबे, पंकज भूते,संजय निर्मलकर, प्रवीण निर्मलकर, अविनाश पांडे, अमन साहू, साहिल यादव, सतीश यादव, गौतम, हर्ष उरांव, सफल दुबे, गौरव सपहा, मनोज धीवर, युवराज निर्मलकर, नैतिक शुक्ला, अभय, अवि, मनोज यादव, दादू धीवर, पुण्डरी काक्ष वैष्णव, रवि यादव सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी, सदस्य गण एवं मोहल्ले के सभी निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शोरूम की लिफ्ट से गिरे की युवक की मौत,अएफआईआर दर्ज

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर के सरोना के एक निजी शोरूम की लिफ्ट से गिरकर घायल हुए युवक की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने शोरूम के जनरल मैनेजर के खिलाफएफआईआर दर्ज की है। उन पर आरोप है कि लिफ्ट के चारों ओर सुरक्षा घेरा नहीं था। इस लापरवाही की वजह से घटना हुई है। घटना रविवार 3 अगस्त की शाम करीब 4 बजे की है। लिफ्ट से गिरने की वजह से 25 वर्षीय राज गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसके दोनों पैर टूट गए थे और सिर पर भी गहरी चोट आई उसका इलाज रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा था। राज वेंटिलेटर पर था जहां उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी।

## स्वीकृत स्थानों पर ही करें मकान-दुकान का चयन, सुविधाओं का रखें ध्यान: मीनल चौबे



**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे ने नगरवासियों से अपील की है कि वे शहर में मकान या दुकान का चयन केवल उन्हीं स्थलों पर करें, जो नगर निगम से स्वीकृत और नियमों के अनुरूप हों। उन्होंने कहा कि नागरिकों को इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि जहाँ वे दुकान या मकान ले रहे हैं, वहाँ पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था हो, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि रायपुर शहर के किसी भी स्थान पर मकान अथवा दुकान खरीदने से पूर्व संबंधित स्थल का लैंड यूज़ (भूमि उपयोग), स्वीकृति और वैधता की जानकारी अवश्य लेनी चाहिए, ताकि आगे चलकर किसी भी प्रकार की कार्यवाही अथवा असुविधा का सामना न करना पड़े। महापौर मीनल चौबे ने आज बूढ़ातालाब (स्वामी विवेकानंद सरोवर) के नए बायपास मार्ग से सटी बूढ़ातालाब चौपाटी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ नगर निगम एमआईसी सदस्य महेन्द्र खोडियार, मनोज वर्मा, अवतार भारती बागल, अमर गिदवानी, दीपक जायसवाल, संतोष सीमा साहू, भोलाराम साहू, नंदकिशोर साहू, खेम कुमार सेन, सरिता आकाश दुबे, सीमा संतोष हियाल, सुमन अशोक पाण्डेय, गायत्री सुनील चंद्राकर, जोन 4 जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, पार्षद अजय साहू तथा जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, उपअभियंता योगेन्द्र साहू और हिमांशु चंद्राकर उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान वहाँ बनी 50 दुकानों में से 3 दुकानें खुली हुई पाई गईं। महापौर ने देखा कि वहाँ भारी गंदगी और साफ-सफाई की कमी थी, साथ ही वाहन पार्किंग प्रबंधन का भी कोई उचित इंतजाम नहीं था। इस स्थिति पर असंतोष जताते हुए महापौर मीनल चौबे ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर निगम जोन 4 नगर निवेश विभाग ने जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देश पर मौके पर ही खुली हुई 3 दुकानों को ताला लगाकर सीलबंद कर दिया।

## अवैध रूप से शराब का परिवहन करते 2 युवक गिरफ्तार

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी ए सी सी यू इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी क्रम में पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत चंद्रखुरी फ़ार्म के पास दोपहिया वाहन में सवार 02 व्यक्ति अपने पास शराब रखे है तथा कहीं जाने की फ़िराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये दोपहिया वाहन तथा हुलिये के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम गणेश यादव एंड प्रीतम यादव निवासी मंदिर हसौद रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर उसमें शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने एवं परिवहन करने के संबंध में दोनों से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा टीम के सदस्यों को किसी प्रकार को काई भी दस्तावेज प्रस्तुत न कर गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देशी शराब कुल 65 पौवा तथा परिवहन में प्रयुक्त दोपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग 60,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

## निर्मल आत्मस्वरूप ही उत्तम शौच धर्म है: सुरेश मोदी



**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को अमलतास केसल, कचना स्थित 1008 मुनिसुव्रत नाथ मंदिर में चल रहे दसलक्षण पर्व के चतुर्थ दिवस पर 'उत्तम शौच' धर्म मनाया गया।जिसके अंतर्गत प्रात: 7. 25 बजे 1008 पार्श्वनाथ भगवान को पांडुक शिला पर विराजमान कर अभिषेक , शांति धारा की गई, जिसमे प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य कुलदीप सिंघई परिवार ,दित्वीय प्रकाश जी छाबड़ा परिवार तृतीय नीरज बाकलीवाल परिवार एवम चतुर्थ डॉ. प्रणय अनिल जी जैन परिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात बड़े ही आनंद पूर्वक संगीत मय सामूहिक पूजन की गई।1008 पुष्पदंत भगवान के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।उपरोक्त जानकारी मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु जी जैन ने दी। उत्तम शौच धर्म की विवेचना करते हुए भाई सुरेश मोदी ने बताया कि शौच धर्म का अर्थ है कि शुचिता रखना अर्थात मन से वचन से काय से अपनी आत्मा को पवित्र करना, पवित्रता से अनुराग रखिए , लोभ( लालच ) का कोई अंत नही जिस प्रकार मृग कस्तूरी के लोभ में जीवन भर भटकता है, वैसे ही मानव लोभ से आत्मा को दूषित करता हैऔर इस मोह रूपी संसार में भ्रमण करता रहता है, लोभ से मुक्त निर्मल आत्मस्वरूप ही उत्तम शौच धर्म है।

जिस मानव ने अपने मन को निर्लोभी बना लिया एवं संतोष धारण कर लिया, उसका जीवन परम् शांति को प्राप्त हो जाता है। आज रविवार को दोपहर में बच्चों की चित्रकला की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसकी जानकारी वीरा महिला मंडल की अध्यक्ष मति शशि पालीवाल द्वारा दी गई कि आज सम्पन्न हुए चित्रकला ( ड्रॉइंग ) प्रतियोगिता में दोनों ग्रुप को मिला कर 14 बच्चों ने उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लिया।

## पुलिस ने गुम हुए 100 मोबाईल फोन को ढूंढ कर स्वामियों के सुपुर्द किया

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। गुम मोबाईल फोन की बरामदगी सुनिश्चित करते हुये पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को गुम मोबाईल फोन को ढूंढ कर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थानों की संयुक्त टीम द्वारा आवेदकों द्वारा प्रस्तुत गुम मोबाईल फोन के आवेदनों पर गुम हुए मोबाईल फोन को ढूंढने का विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीम द्वारा गुम हुए कुल 100 नग मोबाईल फोन को प्रदेश सहित अन्य राज्यों के अलग . अलग स्थानों से ढूंढ कर बरामद किया गया। कुल 100 नग मोबाईल फोन कीमती लगभग 20 लाख रूपये बरामद कर आज मोबाईल फोन को उनके स्वामियों को वितरित किया गया। गुम हुए मोबाईल फोन को बरामद करने के दौरान एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर वर्तमान में चला रहे मोबाईल धारक से गुम होने की मोबाईल उसके द्वारा चलाये जाने की जानकारी देकर उसे सायबर सेल रायपुर में जमा करने कहने पर मोबाईल धारक द्वारा मोबाईल फोन को बंद भी कर दिया जाता था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा अन्य राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित कर मोबाईल धारक को तस्दीक कराकर उनसे मोबाईल फोन बरामद कर थाने में जमा कराया। उसके पश्चात् अन्य राज्यों एवं विभिन्न जिलों से मोबाईल फोन को कुरियर के माध्यम से मंगाया गया। इस दौरान कुछ मोबाईल धारको को गुम मोबाईल चलाये जाने के बारे में बताये जाने पर उनके द्वारा स्वयं से भी कुरियर कराया गया है। रायपुर पुलिस द्वारा अन्य राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर मोबाईल फोन बरामद किया गया। जिसमें से उ प्र उड़ीसा महाराष्ट्र पश्चिम बंगाल झारखण्ड तथा बिहार से मोबाईल फोन बरामद किया गया। वर्ष 2025 में अब तक 01 करोड़ 30 लाख रूपये कीमत के कुल 650 नग गुम हुए मोबाईल फोन को मोबाईल फोन स्वामियों को वापस किया गया है।




## वक्ता मंच की देशभक्तिपूर्ण काव्य गोष्ठी आयोजित




**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। अग्रणी सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच की देशभक्तिपूर्ण काव्य गोष्ठी आज राजधानी के वृन्दावन सभागृह में संपन्न हुई द्य लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन आगे बढ़ाने देश भर में सार्वजनिक गणेश उत्सवों का आरम्भ किया गया था द्य उस दौरान गणेश उत्सवों के मंच का उपयोग सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रमों के माध्यम से देश भक्ति की भावनाओं को जागृत करने हेतु किया गया था द्य गणेशोत्सव की इस देशभक्तिपूर्ण विरासत को पुन: ताजा करने वक्ता मंच द्वारा यह आयोजन किया गया द्य मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि रायपुर, सिमगा, दुर्ग, राजिम एवं बेमेतरा से आए हुए 60 से अधिक कवियों ने हिंदी व छत्तीसगढ़ी में काव्य पाठ किया । जरा याद करो कुर्बानी विषय पर संपन्न इस काव्य गोष्ठी के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पं. पी. के. त्रिपाठी थे द्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री शुभा शुक्ला च निशा च ने की द्य वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार धर द्विवेदी एवं समाज सेविका ज्योति शुक्ला ने विशिष्ट अतिथि की आसंदी को सुशोभित किया द्य कार्यक्रम में राजेश शर्मा एवं करण बघेल को नवोदित रचनाकार सम्मान से नवाजा गया द्य इस अवसर पर वक्ता मंच की संरक्षिका ज्योति शुक्ला के जन्मदिन को उत्सवित किया गया द्य कार्यक्रम का प्रभावी संचालन वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते एवं संयोजन व आभार प्रदर्शन संयोजक शुभम साहू द्वारा किया गया ।

## युवती से बाइक सवार ने की छेड़छाड़

- घर में घुसकर युवती ने बचाई इज्जत

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। एक युवती से बाइक सवार ने छेड़छाड़ की है। जिसका सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। जिसमें साफ दिख रहा है कि युवती अपने किसी काम से पैदल जा रही थी। तभी एक बाइक सवार उसके सामने गाड़ी रोककर छेड़छाड़ करने लगा। जिसके बाद युवती ने पास के ही घर में घुसकर अपनी इज्जत बचाई। यह मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी से मिली जानकारी के मुताबिक घटना 29 अगस्त के शाम 4 बजे की है। वीडियो टाटीबंध के गली नंबर 4 का बताया जा रहा है। इसी इलाके के रहने वाली एक युवती किसी काम से पैदल जा रही थी। तभी हेलमेट पहना एक बाइक सवार अचानक उसके सामने आ गया। उसने गाड़ी को सामने रोक दिया। फिर युवती से छेड़छाड़ करने लगा। घर के गेट पर खड़े होकर युवती ने छेड़छाड़ का विरोध किया।

**युवती ने घर के अंदर घुसकर बचाई इज्जत**

*तभी युवती ने उसका विरोध किया। उसने पास के ही घर में घुस गई। फिर वह चिल्लाने लगी। यह देखकर बदमाश डरकर मौके से फरार हो गया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि जल्द ही बदमाश की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहालए पुलिस आसपास के इलाकों के सीसीटीवी कैमरे की मदद से पहचान में जुटी है।*

## एसआईपी के पहले प्रोडिजी प्रतियोगिता में बच्चों ने की दिमागी कसरत

- छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली एसआईपी प्रोडिजी प्रतियोगिता की मेजबानी की




**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। एसआईपी (सोशेबल-इंट्लेक्कर-प्रोग्रेसिव)अकादमी इंडिया मुख्य ब्रांच ने रायपुर में पहली बार शहर के एक रिसोर्ट में छत्तीसगढ रीजनल एसआईपी प्रोडिजी 2025 प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। इस आयोजन में छत्तीसगढ के 20 सेंटर से 6 से 15 वर्ष के 1000 बच्चों ने शिरकत की ।बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिये अलग-अलग कैटगरी और प्रतिस्पर्धा मे स्मृति चिह्न भी पुरस्कार स्वरूप उन्हें मंच पर आमंत्रित कर प्रदान किये गये ।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया । छत्तीसगढ़ में पहली बार एसआईपी प्रोडिजी 2025 के इस आयोजन शामिल छात्रों और उनके अभिभावकों का उत्साह देखते ही बनता था। एक ओर जहां एसआईपी प्रोडिजी 2025 में शामिल बच्चों की दिमागी परीक्षा हुई तो दूसरी ओर बच्चों की सांस्कृतिक प्रतिभा ने भी जमकर तालियां बटोरी ।पूरे दिनभर चले एसआईपी प्रोडिजी 2025 में बच्चों के अभिभावक भी बच्चों का उत्साह बढाते दिखाई दिये।

यह महत्वपूर्ण आयोजन कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की राज्य की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। पूरे क्षेत्र से लगभग 1,000 प्रतिभाशाली प्रतिभागी मानसिक गणित और अबेकस में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एकत्रित हुए। इस प्रतियोगियों के मस्तिष्कों की क्षमता को चुनौती दी और उन्हें केवल 11 मिनट में 300 चुनौतीपूर्ण गणितीय समस्याओं को हल करने के लिए प्रेरित किया, जिससे उनकी गति, सटीकता और एकाग्रता की कड़ी परीक्षा हुई। छात्रों, अभिभावकों और प्रशिक्षकों ने एकाग्रता और कौशल के प्रभावशाली प्रदर्शन पर तालियाँ बजाकर माहौल को ऊर्जा से भर दिया। इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों और शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख हस्तियां भी शामिल हुई जिन्होंने प्रतिभागियों के अनुशासन, दृढ़ संकल्प और जुनून की सराहना की। यह आयोजन केवल प्रतियोगिता से आगे बढ़कर, आजीवन सीखने और आत्म-सुधार की भावना का जश्न मनाने वाला था।

इस आयोजन पर विचार करते हुए, एसआईपी अकादमी इंडिया एंड इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक, दिनेश विक्टर ने कहा- इसमें भाग लेने वाला प्रत्येक बच्चा विजेता

## पहले डीएपी नहीं मिला अब यूरिया की कमी से किसान परेशान:दीपक बैज



**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार की अकर्मण्यता के चलते हैं पूरा प्रदेश उर्वरक संकट से जुझ रहा है। डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद नहीं दे पा रही है। सहकारी समितियों के गोदाम खाली है, किसान सुबह से शाम तक कतार में खड़े होकर खाली हाथ लौटने मजबूर हैं। खाद के अभाव में खरीफ फसल की वृद्धि रूक गई है। सत्ता के संरक्षण में जमाखोर, कोचियों, बिचौलियों और कालाबाजारी करने वाले किसानों को खुलेआम लूट रहे हैं। 1350 का डीएपी खुले बाजार में 2000 रुपए तक बिक रहा है, 266 रुपए के यूरिया के लिए किसानों से 1000-1200 तक वसूला जा रहा है। किसान कर्जदार हो रहे हैं, लेकिन सरकार केवल विज्ञापनों में झूठे दावे करके किसानों की समस्या से किनारा कर रही है

श्री बैज ने कहा है भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों के चलते ही ऐसी परिस्थिति निर्मित हुई है। सरकार के द्वारा खाद सब्सिडी में लगातार कटौती, उर्वरक क्षेत्रों का निगमीकरण, निजीकरण और नियंत्रणमुक्त करने की वजह से ही आज छत्तीसगढ़ के किसान खाद के लिए तरस रहे हैं। प्रदेश के किसान खरीफ सीजन शुरू होने से 3 महीना पहले, फरवरी में ही अपनी डिमांड सहकारी सोसाइटियों के माध्यम से सरकार तक पहुंचा चुके थे लेकिन यह सरकार समय पर न रैक की व्यवस्था करा पाई, न ही सोसाइटी में भंडारण। अब तो फसल के निर्णायक ग्रोथ का समय आ गया है।

# राजधानी में गणेशोत्सव की धूम



बाल संघ गणेशोत्सव समिति, रामकुंड, उत्कल बस्ती



मालवाहक-वाहन मालिक चालक संघ गणेशोत्सव समिति, रायपुरा




श्री क्रांति संघ गणेशोत्सव समिति, कंकाली पारा



श्री गणेशोत्सव समिति, अश्वनी नगर

# पुलिस से ज्यादा हाईटेक निकले तोमर ब्रदर्स

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)।तोमर ब्रदर्स ;वीरेंद्र सिंह तोमर और रोहित तोमर के खिलाफ जून 2025 में मारपीट, वसूली,ब्लैकमेलिंग और सूदखोरी के 7 मामले दर्ज हुए,लेकिन रायपुर पुलिस तीन महीने बाद भी दोनों को गिरफ्तार नहीं कर पाई,दोनों भाई फरार हैं और संभवतः मध्य प्रदेश में छिपे हुए हैं,परिजनों के संपर्क में होने की बात भी सामने आ रही है पुलिस की नाकामी तब और उजागर होती है जब छत्तीसगढ़ पुलिस ने हाल ही में पंजाब यूपी बिहारए राजस्थान और महाराष्ट्र से ड्रग्स तस्करों, साइबर ठगों और अन्य अपराधियों को गिरफ्तार कर 380 से ज्यादा आरोपियों को जेल भेजा है इसके बावजूद तोमर ब्रदर्स पुलिस की पकड़ से बाहर हैं शहर की पुलिस जिसे सबसे स्मार्ट और हाईटेक माना जाता है इन दोनों को ढूंढने में नाकाम रही है चर्चा है कि दोनों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है जिसके चलते पुलिस की कार्रवाई कमजोर पड़ रही है पुलिस ने दोनों के 150 से ज्यादा



फोन नंबर खंगाले और 5.5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है कोर्ट ने दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है लोअर कोर्ट में जमानत अर्जी खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका विचाराधीन है

**90 दिनों में भी नहीं पकड़ पाई पुलिस**

**वीरेंद्र तोमर के खिलाफ पुराने मामले :** 2006 आजाद चौक थाने में चाकू से हमले का केस ,2010 गुढ़ियारी में मारपीट का मामला ,2013 हत्या का केस,2016 पुरानी बस्ती थाने में मारपीट,2017रू भाठागांव में एक महिला को जान से मारने की धमकी,2019 पुरानी बस्ती में धोखाधड़ी और कूटरचना का केस ,2019 हलवाई लाइन में ब्लैकमेलिंग का मामला,

**रोहित तोमर के खिलाफ मामले :** 2015 पुरानी बस्ती में कर्ज न चुकाने पर अप्राकृतिक कृत्य की शिकायत, 2016रू पुरानी बस्ती में मारपीट का केस,2017 भाठागांव में मारपीट और जान से मारने की धमकी, 2018 भाठागांव में ब्लैकमेलिंग का मामला,2019 कोतवाली थाने में सूदखोरी और ब्लैकमेलिंग की शिकायत जून में 7 नई एफआईआर जून 2025 में रोहित तोमर के खिलाफतेलीबांधा थाने में प्रॉपर्टी डीलर दसमीत चावला ने मारपीट का केस दर्ज कराया।

इसके बाद पुरानी बस्ती में 6 और मामले दर्ज हुए पुलिस ने दोनों भाइयों की 35 लाख रुपये नकद 70 तोला सोना 125 ग्राम चांदी और चार महंगी गाड़ियां जब्त की हैं साथ ही भाठागांव में 1500 वर्गफीट की अवैध संपत्ति कुर्क की गई और अवैध निर्माण ढहाया गया

# जैतू साव मठ में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया राधाष्टमी का पर्व



**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)।जैतू साव मठ में राधा अष्टमी का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भगवान की विधिवत पूजार्चना की गई एवं उन्हें छप्पन भोग अर्पित किया गया।मठाधीश श्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने अपने संदेश में कहा है कि. भाद्र शुक्ल पक्ष अष्टमी को प्रत्येक वर्ष जैतू साव मठ में राधा अष्टमी का पर्व मनाया जाता है।इस वर्ष भी यह पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया है। उन्होंने राधा अष्टमी की सभी श्रद्धालु भक्तों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान को राधा अष्टमी के पावन पर्व पर छप्पन भोग अर्पित किया गया है यहां यह पर्व श्रद्धा भक्ति पूरक मनाया जाता है। भगवान के लिए छप्पन भोग प्रसाद तैयार करने में अजय तिवारी का सराहनीय योगदान है। इस अवसर पर विशेष रूप से महेंद्र अग्रवाल, सुरेश शुक्लाए, रमेश यदु,चंद्रकांत यदु, अंकित पाठक, सुमित तिवारी,दीपक पाठक, रोहित धुव्र सत्यम वर्मा, सियाराम यादव, पुजारी एवं विद्यार्थि गण सहित लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# स्कूल सफाई कर्मचारियों का हल्लाबोल



**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के माना इलाके में बड़ी नहर के पास आज सुबह बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी एकत्र हुए।अचानक हुए इस जमावड़े से इलाके में हलचल बढ़ गई।सूचना मिलते ही माना थाना पुलिस मौके पर पहुँची और भीड़ को नियंत्रित करते हुए कर्मचारियों को आगे बढ़ने से रोका।

**बड़ी संख्या में जुटे प्रदर्शनकारी माना में पुलिस ने रोका**

ज्ञात हो कि सफाई कर्मचारी अपनी मांग को लेकर एकजुट हुए है, पहले भी कई बार स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले ज्ञापन, आवेदन, निवेदन किया जा चुका है, परंतु मांग पूरी न होने के कारण आज इन्होंने हल्ला बोला है बताया जा रहा है कि यह लोग सरकार द्वारा मांगे पूरी न होने के कारण बीजेपी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर का घेराव करने निकले है।

पुलिस का कहना है कि बिना अनुमति बड़ी संख्या में लोगों का एक जगह जुटना नियम विरुद्ध है, इसलिए इन्हें रोका गया है।

# जवान से लूट को अंजाम देने वाले 3 युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने जवान से लूट के मामले में 3 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है बताया गया कि प्रार्थी जी शांता ने थाना माना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह शारदा विहार कालोनी में रहता है तथा सी आई एस एफमें आरक्षक के पद पर कार्य करता है।29अगस्त को सुबह 03.45 बजे ड्यूटी जाने के लियें अपने स्कूटी एक्टिवा क्र0 सीजी 04एमसीध्7059 से जा रहा था कि करीबन 04 00 बजे व्ही.आई.पी रेस्टोरेंट के आगे पहुचा था उसी दौरान उसके पीछे आ रहे तीन लड़के जो अपने मुंह में कपड़ा बांधे हुए थे उन्होने प्रार्थी के दोपहिया वाहन के सामने अपनी दोपहिया वाहन को रोककर अपने पास रखे चाकू को प्रार्थी को दिखाकर धमकाते हुए उससे जो भी रखे हो उसे मांगने लगे प्रार्थी द्वारा विरोध करने पर उन्होने प्रार्थी को नीचे गीरा दिया तथा प्रार्थी की दोपहिया को लूट कर भाग गये। जिस पर




अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना माना में अपराध धारा 309;3 बी.एन.एस.का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

लूट की घटना को उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी माना को अज्ञात अरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना माना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर प्रार्थी तथा आस.पास के लोगो से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी.सीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन किया गया साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाकर भी अज्ञात अरोपियों की पतासाजी की जा रही थी तथा घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहनो की भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे।इसी दौरान टीम के सदस्यों को प्रकरण में संलिप्त अज्ञात आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुआ जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त माना निवासी विशाल ताण्डी की पतासाजी कर पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी विशाल ताण्डी द्वारा अपने अन्य 2 साथी गुलशन कुमार मन्नाडे तथा यू गोविन्द के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया है। जिस पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की दोपहिया वाहन तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन एवं 01 नग चाकू जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

# कोर्ट ने दो दोस्तों को सुनाई उम्रकैद की सजा

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। अभनपुर थाना अंतर्गत ग्राम खोला स्थित पुराना जैतखाम के पास 14 अप्रैल 2023 को रायपुर के ड्राइवर की हत्या कर दी गई थी अब इस मामले में रायपुर के अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश ने दो दोस्तों को आजीवन कारावास और 700.700 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है अभनपुर निवासी इन दोनों दोस्तों ने लूटपाट के इरादे से वारदात को अंजाम दिया था इस मामले में 30 अगस्त शनिवार को न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में सुनवाई पूर्ण हुई अतिरिक्त लोक अभियोजक विजय यादव ने कोर्ट को बताया कि तपन बांधे उर्फधन्नू और राकेश कुर्रे उर्फ हसन पेशे से लुटेरे हैं दोनों आरोपियों ने लूटपाट के इरादे से रायपुर स्थित पुरानी बस्ती निवासी सुनील कुमार वर्मा की हत्या कर दी आरोपी तपन ने शव को अपने घर के आंगन में गाड़ दिया था और ड्राइवर के पास में रखी नगदी और कार लेकर फरार हो गए अभनपुर पुलिस ने घटनास्थल पर मिले साक्ष्य पीएम रिपोर्ट और आरोपियों के बयान कोर्ट में पेश किये अभियोजक द्वारा कोर्ट से निवेदन किया गया कि अभियुक्तों ने गंभीर अपराध किया है जिन्होंने साथ मिलकर ड्राइवर की हत्या की है आरोपियों को अधिकतम दंड से दंडित किया जाए वहीं बचाव पक्ष की ओर से निवेदन किया गया कि दोनों के आदतन अपराधी होने या पूर्व दोषसिद्ध के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं हैं कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद साक्ष्य और सबूतों के आधार पर अभियुक्तों को आजीवन कारावास और 700.700 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई अर्थदंड की अदायगी नहीं किये जाने पर 9.9 माह की अतिरिक्त सजा का प्रावधान है लूट के इरादे से दोनों दोस्त अभनपुर से रायपुर पहुंचे थे योजना के तहत कार बुक कर अभनपुर की ओर निकल गए चालक सुनील कुमार वर्मा ने कार बुक होने पर अभनपुर जाने की जानकारी घर पर दी थी जब वह 14 अप्रैल 2023 को रात 12 बजे तक घर नहीं लौटा और मोबाइल फोन से संपर्क नहीं हुआ तो परिवार को शक हुआ रिपोर्ट के आधार पर जब पुलिस ने छानबीन की तो मामले का खुलासा हुआ आरोपियों ने बताया कि सुनील को फोन कर गांव खोला जाने के लिए कार बुक की भाठागांव में पेट्रोल भरवाने के बाद गंगरेल बांध की बड़ी नहर पहुंच गए वहीं तपन बांधे ने सुनील वर्मा के गले में रस्सी का फंदा लगा कर कस दिया जिससे उसकी मौत हो गई शव को ठिकाना लगाने के लिए तपन ने घर के आंगन में गाड़ दिया इस मामले का खुलासा रायपुर.अभनपुर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किया।

**वारदात के बाद आंगन में गाड़ा था शव**

# रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)।राजधानी रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में मौसम का मिजाज बदला हुआ है।रविवार सुबह से ही आस-पास के क्षेत्रों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश जिलों में भारी होने की संभावना जताई है।




राजधानी रायपुर में बादल छाए रहने के साथ दिन भर बारिश होगी।वहीं मौसम विभाग ने रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**बिजली गिरने की संभावना**

**इन इलाकों में बिजली गिरने की संभावना:** मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी करने के साथ ही कई जगहों पर बिजली गिरने की भी संभावना जताई है।साथ ही प्रदेश के कई जिलों में तेज-आंधी तूफ़ान भी चलेगा।

# फर्जी आईबी अधिकारी बनने वाला एक अन्तर्रजीय आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)।पुलिस द्वारा प्रति दिन वाहन चेकिंग का विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में कल रात में भी थाना आमानाका के द्वारा चंदनडीह चौक नदंनवन जीई रोड के पास चेंकिग कार्यवाही के दौरान एक एक्टीवा सवार अपने वाहन को तेज गति एंव लापरवाही पुर्वक चला रहा था जिसे रूकवाया गया जिसका नाम पता पुछने पर अपना नाम विशाल कुमार पिता राजीव कुमार उम्र 29 साल साकिन श्रीनिवास रेजीडेंसी मकान नबंर 13 310नर्मदापुरम रोड डी मार्ट के पास भोपाल म0प्र0 हालपता टैगोर नगर शेख सलीम के मकान मे टिकरापारा रायपुर छ ग अपने रिस्तेदारो के यहां पर रहना बताया जिसका चालानी करवाही करते समय आरोपी द्वारा अपने आप को इंटेलीजेंस ब्युरो में सहायक केन्द्रीय खुफ्यिा अधिकारी बताते हुए एक आई डी दिखाया जिसमे भारत सरकार का मोनो गृह मंत्रालय लिखा हुआ था एंव चालानी कार्यवाही करने से मना करने लगा उक्त व्यक्ति के आईडी में शंका होने पर उसकी तस्दीक किया गया जो फर्जी होना पाया गया आरोपी के विरूद्ध थाना आमानाका मे धारा 319;2द्ध 336;3 340;2 184 ड के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया



# रायपुर में बढ़ी बंदूकों की डिमांड

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)।रायपुर में गन लाइसेंसधारी लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। राजधानी में हर महीने 10 से 12 लोग बंदूक के लाइसेंस के लिए आवेदन कर रहे हैं। जनवरी 2024 से अबतक 25 नए लाइंसेस जारी किए जा चुके हैं।वहीं पूरे प्रदेश में कुल 13,242 गन लाइसेंसधारी हैं। राजधानी रायपुर में लोगों में बंदूक रखने का प्रचलन बढ़ गया है। गन लाइसेंस के लिए आवेदन करने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पहले जहां हर महीने केवल पांच से छह आवेदन आते थे वहीं अब यह संख्या 12 से 15 तक पहुंच गई है। कलेक्ट्रेट की लाइसेंस शाखा में हर महीने नए आवेदन आ रहे हैं। पिछले आठ महीनों में 88 आवेदन कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्राप्त हुए हैं। कलेक्ट्रेट के आंकड़ों के अनुसारए रायपुर जिले में कुल 1893 लोग गन लाइसेंसधारी हैं जिनमें नेताओंए ठेकेदारों और कारोबारियों की संख्या सबसे अधिक है। जनवरी 2024 से अब तक 25 नए लाइसेंस जारी किए गए हैं जिसका अर्थ है कि लगभग हर दो महीने में एक नया रसूखदार अपने नाम पर हथियार दर्ज करा रहा है। व्यवसायी जमीन कारोबारी और ठेकेदार यह तर्क देते हैं कि बड़े लेन.देन और जमीन विवादों के कारण उन्हें जान का खतरा रहता है। वहींए कुछ लोग केवल समाज में दबंग छवि बनाने और रुतबा दिखाने के लिए भी हथियार लेते हैं।



**डेढ़ साल में जारी किए गए 25 नए गन लाइसेंस**

**आत्मरक्षा सबसे बड़ा कारण :** पिछले डेढ़ साल में 25 लाइसेंस जारी किए गए हैं।इनमें से अधिकांश आवेदन आत्मरक्षा और निजी सुरक्षा के लिए हैं।वकील, डॉक्टर, बिल्डर और यहां तक कि खिलाड़ी भी गन लाइसेंस के लिए आवेदन कर रहे हैं।हालांकि, लाइसेंस केवल तभी मंजूर किया जाता है जब दस्तावेज और कारण सही हों। इनमें पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, जवान और प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड भी शामिल हैं। अन्य वर्गों को 30 से 40 प्रतिशत लाइसेंस जारी किए गए हैं।

**रायपुर में सबसे ज्यादा गन लाइसेंस :** राज्यभर में कुल 13,242 गन लाइसेंसधारी हैंए जिनमें अकेले रायपुर के 1893 लोग शामिल हैं।पिछले वर्ष रायपुर में 85 से अधिक लोगों ने आवेदन किया था लेकिन केवल 25 को लाइसेंस मिला। इस वर्ष अब तक 88 लोगों ने आवेदन किया है। डेढ़ साल में 25 लाइसेंस जारी हुए हैं।

**लाइसेंस लेने की प्रक्रिया आसान नहीं :** गन लाइसेंस की प्रक्रिया लंबी और सख्त है।ऑनलाइन आवेदन के बाद कलेक्ट्रेट दस्तावेजों की जांच करता है। इसके बाद एसडीएम और एसपी कार्यालय से रिपोर्ट ली जाती है। आवेदक का आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जाता है। सभी चीजें सही होने पर ही लाइसेंस मंजूर होता है।इस प्रक्रिया में दो से तीन महीने लग जाते हैं।

## लाइसेंस के लिए ट्रेनिंग अनिवार्य

रायपुर पुलिस लाइन में हथियार चलाने की ट्रेनिंग अनिवार्य है जिसके लिए चार हजार रुपये फीस और पांच से सात दिन का प्रशिक्षण देना पड़ता है। पिछले 8 महीनों में 72 से अधिक लोगों ने यह ट्रेनिंग ली है।ज्यादातर आवेदन आत्मरक्षा और निजी सुरक्षा के लिए आते हैं। लेकिन सभी को लाइसेंस नहीं मिलता।कारण और दस्तावेज सही होने पर ही अनुमति दी जाती है।

**- गौरव सिंह**
**कलेक्टर रायपुर**

उल्टा पुल्टा

टीचर ने बच्चे की काँपी पर नोट लिखकर भेजा- कृपया बच्चों को नहला कर भेजा करें।
जवाब में बच्चे की माँ ने लिखा- कृपया बच्चों को पढ़ाया करें सूंघा न करें ।

## संपादकीय

### मरीजों की जान से खिलवाड़

*लगता है कि छत्तीसगढ़ के शासकीय अस्पताल मरीजों की जान से खिलवाड़ पर उतारू हैं। लगभग एक हफ्ता पहले एक अस्पताल में महिला गार्ड द्वारा मरीज को इंजेक्शन लगाने का मामला ठंडा भी नहीं हुआ है कि एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्यून द्वारा दवाएं बांटने का प्रकरण सामने आ गया है। एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव टॉर्च की रोशनी में कराने का कारनामा हो चुका है, सो अलग। राज्य सरकार ऐसे अस्पताल प्रमुखों तथा इसके जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई करे। इन मामलों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। स्वास्थ्य विभाग यह भी देखे कि आखिर किन परिस्थितियों के तहत गार्ड को सुइयां लगानी पड़ रही हैं और प्यून का काम करने वाले किसलिये फार्मासिस्ट बनकर दवाएं वितरित कर रहे हैं।*

*मैनपाट (सरगुजा जिला) के कमलेश्वरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक चपरासी दवा बांट रहा है। पूछने पर उसने स्वीकार किया कि ऐसा वह पहले भी करता रहा है। उसका दावा है कि उसे दवाओं का भरपूर ज्ञान है। बताया तो यह जाता है कि जो फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत है वह अक्सर गायब रहता है क्योंकि उसका निजी मेडिकल स्टोर्स है। हाल ही का एक अन्य मामला गरियाबन्द जिला अस्पताल का है। यहां की एक महिला सुरक्षा गार्ड द्वारा महिला मरीज को इंजेक्शन लगाने का फोटो वायरल हुआ था। कलेक्टर ने अस्पताल के सिविल सर्जन तथा सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट ने खुद कलेक्टर को जवाब तलब किया। असली बात तो यह है कि दवा बांटता चपरासी हो या इंजेक्शन लगाती महिला गार्ड– वे स्वयं तो ये काम करने से रहे। शासकीय अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी दवाएं, इंजेक्शन आदि अधिकृत व्यक्ति के आदेश पर ही जारी होती हैं। गार्ड हों या प्यून– क्या पहले से ऐसा करते आ रहे हैं? एक अन्य घटना तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केन्द्र की है जहां टॉर्च की रोशनी में एक प्रसव कराया गया। टांके भी सीमित रोशनी में लगे। केन्द्र के पास जनरेटर न होने से यह नौबत आई थी।*

*उक्त मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को चाहिये कि वह प्रदेश के तमाम शासकीय अस्पतालों, स्वास्थ्य, उप स्वास्थ्य तथा सामुदायिक केन्द्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त तो करे ही, वह यह भी सुनिश्चित करे कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी जिस काम के लिये नियुक्त है, वे ही निर्धारित करें। सभी आवश्यक सुविधाएं, स्टाफ की पूरी तरह और पूरे वक्त तक तथा दवाओं की उपलब्धता, मशीनों का ठीक हालत में संचालन आदि भी सुनिश्चित किया जाना चाहिये। सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च तो भरपूर करती है लेकिन डॉक्टर, अधिकारियों या कर्मचारियों की अनुपलब्धता या लापरवाही के चलते लोगों को वह लाभ नहीं मिलता जो सरकार चाहती है। मरीजों की जान से खिलवाड़ तो होता ही है।*



# गणेश झांकियों के दर्शन के लिये उमड़ने लगी दर्शकों की भीड़

**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। नगर में अब गणेश झांकियों के दर्शकों की भीड़ उमड़ने लगी है। शाम होते ही शहर के विभिन्न वार्डो के साथ ही आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी लोग गणेश दर्शन कर रहे है। गणेशोत्सव के शुरूआत दो तीन दिन खराब मौसम की वजह से न गणेश मंडप सज पाये थे और न ही दर्शकों में उत्साह नजर आ रहा था। विगत दो दिनों से मौसम खुला है और इसका असर अब गणेश पर्व पर नजर आने लगा है। शाम ढलते ही ई रिक्शा, कार, टेक्सी, तथा स्वयं के निजी साधनों से लोग सपरिवार गणेश दर्शन के लिये निकलने लगे है। हालांकि इस बार भी कहीं भी राजनीतिक सामाजिक, पौराणिक कथा वस्तुओं पर आधारित झांकियां नहीं सजाई गई है मगर गणेश मूर्तियां काफी आकर्षक बनाई गई है। पंडालों में भी विद्युत द्वारा अत्यंत खूबसूरत साज सज्जा की गई है। आज अस्पताल वार्ड में गणेश मंदिर में दर्शकों की भीड़ देखी जा रही है। इसके अलावा पुराना बस स्टैंड, पचरी पारा, केलाबाड़ी, कसारीडीह, एवं विवेकानंद नगर में नयनाभिराम झांकिया सजाई गई है। गंजपारा पुरानी गंजमंडी में बाल गणेशोत्सव, ग्रीन चौक, सहित अन्य स्थानों पर भी गणेशोत्सव की धूम है।

## दुर्ग की बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी ने जीता नाइजीरिया में रजत पदक

**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भारत की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आकर्षी कश्यप ने नाइजीरिया के लागोस बैडमिंटन क्लासिक चैलेंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। यह टूर्नामेंट 27 से 30 अगस्त तक खेला गया था।



चार्टर फ़इनल में आकर्षि ने कोरिया की गाउन पार्क को तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में पराजित किया। स्कोर रहा 19–21, 21–17, 21–13। सेमीफ़इनल में उन्होंने इंडोनेशिया की उस खिलाड़ी को सीधे सेटों में 21–19, 21–17 से हराया, जिससे वह कैमरून में पिछली बार हार चुकी थीं।

हालाँकि लगातार दो दिनों में चार कठिन मैच खेलने से थकान के कारण आकर्षि फइनल में लय बरकरार नहीं रख पाई और भारत की ही खिलाड़ी श्रेय्या से 17–21, 17–21 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

टूर्नामेंट के बाद आकर्षि ने छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों का आभार जताया।

उन्होंने एनटीपीसी कोरबा को प्रायोजक तथा हीरा ग्रुप को आर्थिक सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया। आकर्षि अब सितंबर के दूसरे सप्ताह में होने वाले वियतनाम ओपन में हिस्सा लेंगी।

## मन की बात सुनने दुर्ग जिला भाजपा प्रदेश में प्रथम



**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के विभिन्न जिला में प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के मन की बात कार्यक्रम के आयोजन में पहली बार दुर्ग जिला भाजपा ने प्रथम स्थान पर आने का गौरव प्राप्त किया है।जून माह में दुर्ग शहर विधानसभा भाजपा ने मन की बात कार्यक्रम के 123 वें एपिसोड का आयोजन सार्वाधिक स्थानों पर करके पूरे प्रदेश मे प्रथम स्था न प्राप्त किया था पर जुलाई माह में 124 वें एपिसोड के आयोजन में दुर्ग शहर विधानसभा, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा व पाटन विधानसभा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर पूरे दुर्ग जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान पर ला खड़ा किया ।

इसी तारतम्य में 31 अगस्त को 125 वें एपिसोड के आयोजन को अधिक से अधिक स्थानों पर सफल बनाने हेतु जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के निर्देशानुसार मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक संतोष सोनी ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के मन की बात प्रभारियों की बैठक जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में एवं पाटन विधानसभा की बैठक पाटन रेस्ट हाउस मे लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा की बैठक को विशेष रूप से दुर्ग ग्रामीण के विधायक व जिला महामंत्री ललित चंद्राकर ने भी सम्बोधित किया। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से विधानसभा प्रभारी मुकेश बेलचंदन, अण्डा निकुम मण्डल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, नेवई पुरैना मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, अंजोरा मण्डल अध्यक्ष हेमन्त सिन्हा व दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। पाटन विधानसभा की बैठक में प्रमुख रूप से विधानसभा प्रभारी हर्षा चंद्राकर, सह प्रभारी रवि सिन्हा, पाटन मध्य मण्डल अध्यक्ष रानी बंछोर, जामगांव आर मण्डल अध्यक्ष कमलेश साहू, अमलेश्वर मण्डल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, दरबार मोखली मंडल अध्यक्ष ज्योति प्रकाश साहू, पाटन नगर पंचायत योगेश निक्की भाले, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, पूर्व मण्डल अध्यक्ष खेमलाल साहू, लोकमणि चंद्राकर व रुपनारायण सिन्हा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कामधेनु विवि के छात्रों ने जीते राष्ट्रीय पुरस्कार




**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग में अध्ययनरत् एमव्हीएससी के दो शोधार्थियों ने हैदराबाद तेलंगाना में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता कंपाउंड लाइवस्टॉक फीड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफइंडिया के 66वें राष्ट्रीय संगोष्ठी में पुरस्कार जीतकर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्रत्येक विजेता को पदक,प्रशस्ति पत्र एवं 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया गया।

डॉ. भूपिका देवांगन ने एचा फीड निर्माण हेतु मछली प्रसंस्करण अपशिष्ट के उपयोग की व्यवहार्य तकनीक का मूल्यांकनश् विषय पर निबंध प्रस्तुत कर एचा सेक्टर में पुरस्कार हासिल किया। यह जानकारी विश्वविद्यालय के पीआरओ विभाग द्वारा दी गई। इनमें शोधार्थी डॉ.आशीष तिवारी ने पोस्ट.वीनिंग डायरिया में शामिल कारक और उसके निवारण के उपाय विषय पर अपने निबंध के लिए स्वाइन सेक्टर में पुरस्कार प्राप्त किया। इसी तरह पुरस्कार वितरण कंपाउंड लाइवस्टॉक फीड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफइंडिया के अध्यक्ष दिव्य कुमार गुलाटी, केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, तेलंगाना राज्य के पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य मंत्री वाकिति श्रीहरि डब्ल्यूव्हीपीए, प्रेसिडेंट एवं अधिष्ठाता मुंबई पशुचिकित्सा महाविद्यालय अजित रानाडे तथा सीएलएफएमए ऑफ इंडिया प्रबंध समिति सदस्य विजय डी. भंडारे द्वारा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## कल दूसरी पाली में नल नहीं आयेगा

दुर्ग, 31 अगस्त (देशबन्धु)। मालवीय नगर नाले से होकर बिछाई गई 6 सौ एमएम डाया की वाटर पाईप लाईन में बड़ी लिकेज हो जाने के कारण 2 सितंबर को पाईप लाईन की मरम्मत का कार्य किया जायेगा। इसके चलते दो सितंबर को सुबह की पाली में पानी की सप्लाई जारी रखी जायेगी। किंतु इसी पाली में पानी की सप्लाई बंद रखी जायेगी। पाईप लिकेज की मरम्मत के बाद ही पानी सप्लाई शुरू हो पायेगी। इस वजह से पद्मनाभपुर पानी टंकी, शक्ति नगर पानी टंकी, हनुमान नगर पानी टंकी शंकर नगर पानी टंकी एवं गिरधारी नगर और शनिचरी बाजार की पानी टंकी से जिन इलाकों में नलों से जल की सप्लाई होती है वहां पानी आपूर्ति बंद रहेगी। महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, एवं जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने नागरिकों से 2 सितंबर के पूर्व ही अपने घरों में पर्याप्त पानी स्टोर कर लेने की अपील की है। जहां जरूरत पड़ेगी वहां टेंकर के माध्यम से जल आपूर्ति की जायेगी।

## यातायात पुलिस की सर्तकता से पीपरछेड़ी मार्ग पर शराबी बस चालक पर कार्रवाई

**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। आज दोपहर पीपरछेड़ी बायपास राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पुलिस दुर्ग की इंटर सेप्टर टीम की सूझबूझ एवं सतर्कता से एक दुर्घटना टल गई। यह बस उक्त मार्ग पर लहराने लगी थी जिसे यातायात पुलिस टीम ने रोका व यातायात कार्यालय नेहरू नगर दुर्ग लाकर वैधानिक कार्रवाई की गई ।




■ समय पर कार्यवाही से एक बड़ा हादसा टला

यातायात पुलिस के अनुसार उक्त बस का ड्रायवर नशे की हालत में बस चालन कर रहा था तथा उसके पास वैध ड्रायविंग लाइसेंस भी नहीं था। जिस समय पुलिस ने बस को रोका उसमें 30 से 35 सवारियां थीं। वाहन चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

यातायात पुलिस के अनुसार आज दोपहर उक्त बस क्रमांक सीजी 23 पी 7866 रायपुर से डोंगरगढ़ की ओर जा रही थी। बस रायपुर कालीबाड़ी के बस आपरेटर की थी। यह बस आज दोपहर करीब 2 बजे जब पीपरछेड़ी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे का किया निरीक्षण

## मेगा रक्तदान शिविर में 171 रक्तदाताओं द्वारा किया गया रक्त दान



**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तहसील दुर्ग के ग्राम कोड़ियां, भानपुरीए कुथरेल में हो रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे का मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

उन्होंने राजस्व अधिकरियों को सर्वेयरों की संख्या बढ़ाने और प्रतिदिन सर्वेयरों को लक्ष्य निर्धारित कर सर्वे की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर श्री सिंह शौर्य युवा संगठन व गायत्री प्रज्ञा पीठ कोड़िया एवं कर्मवीर युवा संगठन कातरो द्वारा आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए जिसमें लगभग 171 रक्तदाताओं द्वारा रक्त दान किया गया हैं।

भ्रमण के दौरान तहसीलदार दुर्ग प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु, हुलेश्वर खूंटे, राजस्व निरीक्षक शेष नारायण दुबे सहित पटवारी और सर्वेयर उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के नि :शुल्क प्रशिक्षण शिविरों में खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर

**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा राज्य के चयनित खिलाड़ियों के लिए अगस्त माह से लगातार निःशुल्क ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन कैंपों का उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है।

पहला कैंप कैंडिडेट मास्टर रवि कुमार के निर्देशन में 9 से 14 अगस्त तक हुआए जिसमें 18 बाल खिलाड़ियों ने भाग लिया।

दूसरा कैंप इंटरनेशनल मास्टर अनूप देशमुख के मार्गदर्शन में 24 से 30 सितम्बर तक हुआ। इसमें राष्ट्रीय स्तर पर चयनित 16 खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर बिलासपुर आयकर

**11 सितम्बर से ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिप्से छत्तीसगढ़ के चयनित खिलाड़ियों को देंगे प्रशिक्षण**

विभाग के अतिरिक्त निदेशक (इन्वेस्टिगेशन) अधीर रंजन समापन समारोह में उपस्थित हुए।

ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिप्स भारत के ग्रैंडमास्टर जिन्होंने 1980 और 1990 के दशक में देश को कई अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियाँ दिलाई। वे न केवल प्रतिष्ठित खिलाड़ी रहे हैं, बल्कि उत्कृष्ट प्रशिक्षक के रूप में देशभर के उभरते सितारों को दिशा देते रहे हैं। उनका आगामी कैंप छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के लिए एक अनमोल अवसर होगा।

संघ का अगला प्रशिक्षण कैंप वरिष्ठ ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से के मार्गदर्शन में 11 से 17 सितम्बर तक छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश शतरंज संघ के सहसचिव ईश्वर सिंह राजपूत ने दी।

# ई-कोर्ट फाइलिंग पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। न्यायिक प्रक्रिया को डिजिटल और अधिक सुगम बनाने की दिशा में दुर्ग जिला न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की स्टेट ज्यूडिशल अकेडमी के तत्वाधान एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय दुर्ग में अधिवक्ताओं हेतु ई.कोर्ट प्रोग्राम व कंप्यूटर स्किल एन्हांसमेंट प्रोग्राम (लेवल 1 एवं 2) विषय पर 29 एवं 30 सितंबर को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला न्यायालय दुर्ग के नवीन सभागार में किया गया। जिसमें जिला मुख्यालय



दुर्ग, तहसील न्यायालय धमधा, भिलाई .3 एवं पाटन के नामित अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिवक्ताओं को न्यायालयीन कार्यप्रणाली में तकनीकी साधनों का बेहतर उपयोग सिखानाए ई.कोर्ट मैनेजमेंट, डिजिटल फाइलिंग एवं ऑनलाइन न्यायिक सेवाओं से जोड़ना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ न्यायालय प्रबंधक ने अधिवक्ताओं को ई.फाइलिंग की प्रक्रिया और उसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार अधिवक्ता तकनीक का उपयोग कर अपने कार्य को और तेज, पारदर्शी एवं प्रभावी बना सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में ई.फाइलिंग और डिजिटल कार्यप्रणाली न्याय व्यवस्था की रीढ़ साबित होगी। इसके जरिए समय और श्रम की बचत के साथ.साथ मामलों का शीघ्र निपटारा भी संभव होगा। इसके अतिरिक्त प्रकरणों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# विद्यार्थियों को किताबों से दूर कर रहा मोबाईल : डॉ. ठाकुर

**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय,

■ **विज्ञान महाविद्यालय में हिन्दी साहित्य परिषद उद्घाटित**



दुर्ग के हिन्दी विभाग में हिन्दी साहित्य परिषद का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर ;सहा. प्राध्यापक हिंदी, शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर रहे। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने स्वागत भाषण देते हुए परिषद गठन की प्रक्रिया व उद्देश्य से अवगत कराया ।

महाविद्यालय के प्राचार्य एवं साहित्य परिषद के संरक्षक डॉ. अजय सिंह ने मनोनीत पदाधिकारियों की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष राजा पटेल, उपाध्यक्ष घनश्याम, सचिव दावेंद्र, सहसचिव ईशा साहू, कार्यकारिणी सदस्य छोटेलाल, सत्यप्रकाश, हेमलता, गोकुल राम, प्रीति सिंहा, नीलेश, करिश्मा देवांगन, डमलेश्वरी, रोशनी द्विवेदी, यामिनी चतुर्वेदी, रेवाराम साहू मनोनीत किये गये ।

मुख्य अतिथि डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर ने मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि महाविद्यालयीन जीवन नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक क्षमता के विकास के लिए बहुत अच्छा समय होता है । विद्यार्थियों को इस समय का भरपूर उपयोग करना चाहिए । मोबाइल आज विद्यार्थियों को किताबों से दूर कर सोचने समझने और जानने की शक्ति को ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# शिक्षा, खेल और शारीरिक फिटनेस के बिना अधूरी-अर्चना



## खेल दिवस के समापन दिवस पर आज

**भिलाईनगर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन 29 अगस्त से 31 अगस्त तक यूजीसी एवं एआईसीटीई के दिशानिर्देशों के अनुरूप किया गया, जिसमें विद्यार्थी, प्राध्यापक और कर्मचारी की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को स्मरण किया गया, जिनकी उपलब्धियों के सम्मान में देशभर में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में फिटनेस शपथ ग्रहण से हुई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने प्रतिज्ञा ली कि वे शारीरिक रूप से सक्रिय रहेंगे और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएंगे। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में 1 किमी पैदल मार्च आयोजित किया गया, जिसे शंकराथॉन नाम दिया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस वॉक में भाग लिया और स्वास्थ्य एवं एकता के नारे लगाए हर गली हर मैदान खेले सारा हिन्दुस्तान, खेलें भी और खिलें भी उक्त नारा के साथ विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के तृतीय एवं अंतिम दिवस में धीमी साइकिल दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने संतुलन, धैर्य और एकाग्रता का शानदार प्रदर्शन किया। यह गतिविधि हर्ष और खेल भावना से भरपूर रही। इस अवसर पर श्री शंकराचार्या महाविद्यालय की प्राचार्या, डॉ. अर्चना झा ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस केवल खेलों का उत्सव नहीं है, यह जीवन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का उत्सव है। शिक्षा, खेल और शारीरिक फ्टिनेस के बिना अधूरी है। आज शंकराथॉन और साइकिल दौड़ के माध्यम से हमारे विद्यार्थियों ने यह दिखाया है कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए तैयार हैं। मैं सभी विद्यार्थियों से अपील करती हूँ कि खेल और फ्टिनेस को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। महाविद्यालय के डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस का संदेश यही है कि खेल व्यक्तित्व, टीमवर्क और सहनशीलता का निर्माण करते हैं। शंकराथॉन केवल एक पैदल मार्च नहीं थी, बल्कि स्वास्थ्य और एकता की ओर एक प्रतीकात्मक यात्रा थी। खेल अधिकारी डॉ. वी. के. सिंह ने कहा कि शारीरिक फिटनेस उतनी ही जरूरी है जितनी कि शैक्षणिक उपलब्धि। धीमी साइकिल दौड़ जैसी गतिविधियों से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि खेल मनोरंजक होने के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के लिए भी अनिवार्य हैं। आज विद्यार्थियों की भागीदारी देखकर यह स्पष्ट है कि महाविद्यालय के विद्यार्थी स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों की सराहना और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर ने यह संदेश दिया कि खेल और फ्टिनेस जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर बड़ी संख्यां में खेल प्रेमी सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

# मेगा साइकिल रैली में 400 से अधिक ने लिया भाग

## सांसद, संभाग आयुक्त, कलेक्टर, विधायक, महापौर ने चलाई साइकिल



**भिलाईनगर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत एवं संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ तथा साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सहयोग से आज रविवार को संडे ऑन साइकिल का राज्य स्तरीय मेगा साइकिल रैली का सम्पन्न हुआ। सिविक सेन्टर स्थित आफिसर ऐसोसिएशन (प्रगति भवन) से प्रात: 8.30 बजे रैली का शुभारंभ किया गया। रैली के पूर्व हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, बीएसपी आफ्सिर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर दुर्ग अलका बाघमार, अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग बोर्ड राकेश पाण्डेय, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, आयुक्त भिलाई निगम राजीव पाण्डेय, ओए महासचिव परविंदर सिंह ग्रेवाल, ओलंपिक बॉक्सिंग खिलाड़ी राजेंद्र प्रसाद आदि ने साइकिल चलाई। साइकिल रैली प्रगति भवन से प्रारंभ होकर ऑफ्सिर्स एसोसिएशनए सिविक सेंटर, शहीद उद्यान, परिवार चौक, रेल चौक, डीपीएस चौक, एसएसबी चौक होते हुए जयंती स्टेडियम का चक्कर लगाकर पुन: प्रगति भवन में सम्पन्न हुई। सायकिल रैली में 400 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया कार्यक्रम का उद्देश्य फ्टिनेस एवं स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा साइक्लिंग संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। सांसद विजय बघेल ने उपस्थित नागरिकों को शपथ दिलाई कि वे शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहेंगे और अपने परिवार व समाज को भी स्वस्थ रखने हेतु प्रेरित करेंगे। विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने फिट इंडिया के माध्यम से भारत को पुन: सोने की चिड़िया बनाने का संकल्प दोहराया। नरेंद्र बंछोर ने कहा कि मार्च से प्रारंभ हुई इस रैली की श्रृंखला गर्मी व बरसात में भी निरंतर जारी रही। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि आज मोबाइल की लत से दूर होकर साइक्लिंग जैसी गतिविधियों से फ्टिनेस पर ध्यान देना आवश्यक है। राकेश पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्टि इंडिया अभियान को जनआंदोलन के रूप में गति देने का आह्वान किया सांसद विजय बघेल ने कहा कि यह दिवस हमें खेलों की संस्कृति को अपनाने और फ्टिनेस को जीवनशैली बनाने की प्रेरणा देता है। भिलाई की पहचान खेल, शिक्षा, कला और संस्कारों की नगरी के रूप में है। इसी नगरी से आज फ्टि इंडिया और ग्रीन इंडिया का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों, खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता कर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया।

## तीन लोगों को चाकू सहित किया गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। सुपेला पुलिस ने चाकू लहराने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गणेश उत्सव के मौके पर डेरा बस्ती चन्द्रा मौर्या टाकिज के पास आरोपी माधो लाल बाटी व अन्य आरोपी रूपलाल बाटी एवम बाल्या भाटी लोहे का चाकु को लहराकर आमजन को डरा धमका रहे हैं की सुचना पर आरापीयों को तुरन्त घेराबंदी कर धरदबोचा गया आरोपियो के कब्जे से एक-एक धारदार लोहे का चाकु को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव, सउनि पूरण लाल पनिका, राजेश तिवारी, प्रआर प्रहलाद सिंह सिरमौर, रामनारायण यदु, आरक्षक सुर्य प्रताप सिंह, दुर्गेश सिंह राजपुत, का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने तीनो पर धारा 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## आयुक्त के दौरे से विकास कार्यों को मिल रही है गति



**भिलाईनगर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। लगातार गिरते हुए भूजल स्तर को देखने के बाद निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को शक्ति से लागू करने के निर्देश दिए हुए हैं। इन कार्यों की लगातार स्वयं मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं जिससे निगम क्षेत्र में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बेहतरीन होते जा रहा है । इसके साथ साथ वूमेन फॉर ट्री जो केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से वृक्ष लगाना और उसका संरक्षण करने की दिशा में भी आयुक्त राजीव कुमार पांडे महिलाओं को विशेष दिशा निर्देश भी दिए हैं। इसी कड़ी में निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू के साथ नेहरू नगर के शास्त्री उद्यान, मधु कामिनी उद्यान, बक्शी उद्यान, योगा उद्यान, राशि उद्यान आदि स्थलों का दौरा किए हैं। पौधों को व्यवस्थित और विधिवत लगाने हेतु दिशा निर्देश दिए हैं। वहां निर्मित वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को भी बारीकी से अवलोकन किए हैं और उपस्थित सहायक अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा को निर्देशित किए हैं। साथ ही साथ महिला स्व सहायता समूह द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया गया। वृक्षों को संरक्षित करने की दिशा में उचित दिशा निर्देश भी दिए। इसके साथ.साथ सफाई व्यवस्था को लेकर भी निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडे का औचक निरीक्षण रहा। जिसके तहत सड़कों एवं नालियों की सफाई का अवलोकन आयुक्त महोदय के द्वारा किया गया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। रेनवाटर हार्वेस्टिंग को लेकर निगम भिलाई जिस तरह की रणनीति अपना रहा है और आम नागरिकों को जागरुक कर रहा है। इससे भविष्य में निगम क्षेत्र में पानी की कमी नहीं होगी । वह दिन दूर नहीं है जब भिलाई क्षेत्र का भूजल स्तर अपने प्राकृतिक रूप में आ जाएगा और क्षेत्र में पेयजल की समस्या पूर्णतरू समाप्त हो जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, क्रिस्टोफर पाल उपस्थित रहे।

## ताला तोड़कर चोरी करने के आरोप में आरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)।28 अगस्त को प्रार्थी अरूण कुमार मिश्रा थाना भिलाई भट्ठी रिपोर्ट दर्ज कराया कि नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1 भिलाई में दृष्टिकोण नाटय संस्था में सदस्य है प्रतिदिन की तरह 27 अगस्त को संस्था का गेट रात 8 बजे बंद हो गया था कि 28 को सुबह संस्था के डायरेक्टर कौशल कुमार उपाध्याय से पता चला कि संस्था मे चोरी हो गया है तब प्रार्थी जाकर देखा तो कक्ष का ताला टूटा हुआ था सामान बिखरा पडा था आलमारी एवं पेटियां खुला पडा था जिसे चेक किया तो दृष्टिकोण नाटय संस्था के रूम मे रखे पुरानी एक नृत्यकलानुमा पीतल की मुर्ति जिसमें लकडी का बेस लगा हुआ एवं छोटे बडे पीतल के कप तथा लोहे के अन्य सामान नही था जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उक्त सामानों को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना भिलाई भट्ट्टी में अपराध क्रमांक 120/2025 धारा 331 (4), 305 (ए), 3 (5) बी.एन.एस.कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान मुखबीर सूचना के आधार पर संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम अनमोल एवं अमित कुमार निवासी सुभाष चौक के पास खुर्सीपार जोन 02 भिलाई के रहने वाले बताय घटना के संबंध में पूछताछ करने पर दिनांक घटना समय सदर को रात्रि में नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर 01 भिलाई के रूम से मशरूका चोरी करना स्वीकार किये। आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गये एक नृत्यकलानुमा पीतल की मुर्ति, छोटे बडे पीतल के कप तथा लोहे के अन्य सामान एवं घटना में प्रयुक्त वाहन एक्टिवा को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायलय पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना भिलाई भट्ठी के सहायक उप निरीक्षक पुनीत राम वर्मा, आरक्षक आशीष सिंह, संजीव ओझा की विशेष भूमिका रही।

## मातारानी के कार्ड को मंदिर में किया समर्पित



**भिलाईनगर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। सुभाष नवयुवक जागृति समिति ने सेक्टर 5 स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर में प्रथम निमंत्रण कार्ड अर्पित किया है। इसके बाद मां सिंह वाहिनी मंदिर, मां राजराजेश्वरी मंदिर और सब्जी मंडी के राजा को निमंत्रण कार्ड चढाया गया है। आपको बता दें कि लाल मैदान में 54वें वर्ष होने जा रहे शारदीय नवरात्र उत्सव के निमंत्रण की शुरुआत सभी मंदिरों में आज पूजा अर्चना कर की गई है। सुभाष नवयुवक जागृति समिति लाल मैदान पावर हाउस भिलाई ने यह निर्णय लिया कि समिति हर वर्ष अप्रत्यक्ष रूप से श्री गणेशजी का सर्वप्रथम पूजन आह्वान करते आ रही हैं और उन्हीं के आशीर्वाद से पिछले 53 वर्षों से निर्विघ्न मातारानी का शारदीय नवरात्र उत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। विदित हो कि नवरात्र उत्सव के दौरान लाल मैदान लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र होता है। सेक्टर 5 भिलाई स्थित गणेश मंदिर में गणपति बप्पा को निमंत्रण कार्ड अर्पण कर माँ सिंहवाहिनी मंदिर इस मंदिर से लाल मैदान में माता रानी के मूर्ति स्वरूप का आगमन होता हैं। माँ राजराजेश्वी मंदिर इस मंदिर से निकलती है मातारानी की कलश यात्रा और एम्प्लायमेंट मैदान, पावर हाऊस पंडाल में विराजे सब्जी मंडी के राजा गणपतिजी महाराज को समिति के सदस्यों ने निमंत्रण कार्ड अर्पण किया है। इस अवसर पर समिति के धनंजय सिंह, सुरेश प्रजापति, अनिरुद्ध गुप्ता, अतुल वर्मा, मनोज तिवारी, अमर साह, ऋषभ वर्माए बंटी गुप्ता एवं मनीष मौर्या उपस्थित रहे।

## कौसल्या महामाई में पारकर के गीतों पर झूमे सांसद बघेल

**भिलाईनगर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। माता कौसल्या जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र कोसला धाम (पामगढ़) के नाम से स्वर सम्राट दुकालू यादव के स्वर में कौसल्या महामाइ एल्बम की रिलीज होते ही चर्चा में है। गीतकार दुर्गा प्रसाद पारकर के लिखे इस जसगीत पर दुर्ग सांसद विजय बघेल भी माता भक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं। रिलीज होने के साथ ही अब तक इस एलबम को 4 लाख से ज्यादा लोग देख चुके है। इस एलबम के निर्माता निर्माता.कुलेश्वर प्रसाद निषाद, निर्देशक, संगीतकार उत्तम तिवारी, प्रेरणा स्त्रोत दुर्ग सांसद बघेल के साथ जांजगीर चांपा सांसद कमलेश जांगड़े हैं। गीतकार दुर्गा प्रसाद पारकर ने बताया कि माता कौशल्या जन्म भूमि कोसला धाम जसगीत माता कौशल्या को समर्पित है। पिछले दिनों माता कौशल्या की स्मृति में चिन्हारी सम्मान भी सांसद बघेल को प्रदान किया गया था। श्री पारकर इन दिनों माता कौशल्या की जन्मभूमि ग्राम कोसला को मान्यता दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा स्थित कोसला गांव की मान्यता जन रुतियों से लेकर ऐतिहासिक दस्तावेजों तक में माता कौशल्या की जन्मभूमि को लेकर है। अंग्रेजी राज के गजेटियर में भी इसका उल्लेख है। इस एलबम में सांसद विजय बघेल, कुलेश्वर प्रसाद निषाद, अरविंद बसु और भरत राणा ने अभिनय किया है। इस एलबम में नृत्य निर्देशक, मेकअप विलास राउत, कृष्ण, कैमरा, एडिटिंग सुनील वर्मा, सह.कैमरा धनेश वर्मा, पप्पू रजक और ड्रोन अशोक प्रसाद हैं। श्री पारकर ने बताया कि इस एलबम को तैयार में करने में शिक्षाविद् व इतिहासकार डॉ शांति लाल कैवर्त्य एवम पामगढ़ जिला.जांजगीर के ग्राम कोसला के समस्त निवासियों का विशिष्ट योगदान है।

## सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाइ




**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। संयंत्र की सेवा से इस माह अगस्त में कुल 73 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 10 कार्यपालक व 63 गैर कार्यपालक शामिल हैं। अगस्त में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक खदान बिपिन कुमार गिरी, कार्यपालक निदेशक डॉ रवींद्रनाथ एम, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं अनुराग उपाध्याय तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता उपस्थित थे। कार्यपालकों हेतु चित्त रंजन महापात्र ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों से आत्मीय संवाद कर संयंत्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उनके अनुभवजन्य सुझाव आमंत्रित किए। जिन पर निदेशक प्रभारी तथा कार्यपालक निदेशकों ने विस्तार से चर्चा की। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों ने अपने कार्यकाल की यात्रा साझा किया। कार्यपालक निदेशकों ने अंत में सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को जीवन की नई पड़ाव के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी। भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर.कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी के बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक जे एन ठाकुर और उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। संयंत्र प्रबंधन ने विदा होने वाले इस्पात बिरादरी के सदस्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

## कांगे परिवार ने लेखक परदेशीराम का माना आभार



**भिलाईनगर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)।मांझी धाम बघमार से मांझी परिवार के लोग 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर दिल्ली में आयोजित समारोह के संदर्भ में आभार व्यक्त करने अगासदिया परिसर पधारे। राजमाता फुलवादेवी कांगे माता दंतेवाड़िन समिति के उपाध्यक्ष कुंभदेव कांगे। लेखिका राजकुमारी, मांझी के मूल गांव कुरूटोला से परिवार की बहू श्रीमती ओकेश कांगे बघमार से शशिकला सलाम कांकेर से देवकुमारी कोमरा, बालाघाट से इंदर सिंह वटकड़े तथा सुनील उइके पधारे। 1 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर छत्तीगढ़ से डॉ. परदेशीराम वर्मा को सिरीफोर्ट आडीटोरियम नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ और देश में आदिवासी समाज कल और आज विषय पर व्याख्यान देने आमंत्रित किया गया था। आदिवासी समाज के विभिन्न प्रांतो से आए बुद्धिजीवी प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी समाज सेवी लगभग तीन हजार की संख्या में उक्त आयोजन में सम्मिलित थे। बस्तर, बालाघाट, सरगुजा से आदिवासी कलाकारों के बारह दल प्रदर्शन हेतु गए थे। छत्तीसगढ़ में जन्में क्रांतिकारी कंगला मांझी द्वारा स्थापित संगठन के द्वारा यह आयोजन हुआ जो अत्यंत प्रेरक और सफल रहा। क परदेशीराम वर्मा द्वारा लिखित छ: पुस्तकों का सेंट भेंट किया। शीघ्र ही आत्मकथा सुरंग के उस पार का विमोचन होगा। डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि आदिवासी समाज के तीन हजार विभिन्न प्रान्तों के जागृत लोगों के बीच बात रखने का जो अवसर मुझे मिला उसके लिए मैं भी आभारी हूं।

## आत्मा के परिणामों की आंतरिक पवित्रता जरुरी



**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। आज रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल व्दारा जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारियों की पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई में अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक लिया गया। बैठक में गणेश विसर्जन एवं आगामी ईद मिलाद उन नबी त्यौहार के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए तथा जुलूस निकालने वाले मार्ग चिन्हित करने एवं नियत समय पर ही जुलूस निकालने की अनुमति दिए जाने के निर्देश दिए गए। गणेश विसर्जन में 5-6 दिवस शेष है। इस अवधि में संध्या के समय गणेश पण्डालों में अधिक भीड़ होना संभावित है। इस दिशा में सभी थाना, चौकी प्रभारियों को मुस्तैदी से सुरक्षा ड्यूटी करने की हिदायत दी गई। गणेश पण्डालों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगवाने हेतु कहा गया एवं किसी प्रकार की घटना न हो यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में गुण्डा निगरानी बदमाशों के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर कराने के निर्देश दिए गए एवं बाउण्ड ओव्हर का उल्लंघन करने वाले गुण्डा निगरानी बदमाशों के विरूद्ध सख्ती से वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। फरार निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों की पतासाजी करने एवं आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों को अवगत कराएं कि ऐसे फरार निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों की आमद रफ्त की जानकारी अनिवार्य रूप से थानाध्चौकी में देवें। बैठक में एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों की थानावार समीक्षा की गई एवं जिन थानों में प्रकरण का निराकरण समय सीमा में नहीं किया जा रहा है, उनके थाना, चौकी प्रभारियों को समय पर निराकरण के सख्त निर्देश दिए गए। लंबित स्थाई, गिरफ्तारी वारण्ट की अधिक से अधिक तामीली करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से बिना हेलमेट दुपहिया दुपहिया वाहन चलाने वाले पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के विरूद्ध भी मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। थाना क्षेत्र में 'चाकुबाजी की घटनाओं की रोकथाम की जाए एवं किसी भी व्यक्ति के पास धारदार हथियार या अवैध रूप से चाकू पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाए एवं प्राप्तिध्कय का स्त्रोत ज्ञात कर प्रत्यक्ष व ऑल लाईन विक्रयकर्ताओं के विरूद्ध भी विधिक कार्यवाही की जाए। अवैध मादक पदार्थों, अवैध शराब विक्रय करने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बैठक में अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, हर्षित मेहर नगर पुलिस अधीक्षक दुग,सत्य प्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर हेम प्रकाश नायक, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी अनूप लकड़ा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, पाटन एलेक्जेण्डर किरो, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, धमधा विनोद मिंज, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं चन्द्रप्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक, लाईन के साथ ही जिले के समस्त थानाध्चौकी उपस्थित थे।

## थाना पाटन पुलिस मोटर सायकिल सहित आरोपियों को किया गिरफ्तार



**भिलाईनगर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। पाटन पुलिस ने वाहन चोरी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुरेश कुमार वर्मा थाना पाटन रिपोर्ट दर्ज कराया कि ड्यूटी से वापस अपने घर पाहंदा जा रहा था कि रात्रि करीबन 8 बज ग्राम फुण्डा एवं पुनईडीह के बीच रोड किनारे लधुशंका के लिये रुके उसी समय दो अज्ञात लड़के एक मोटर सायकल में आये और इसकी मोटर सायकल क्रमांक सीजी.07.एक्यू.7821 को चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीचद्ध कर विवेचना में लिया गया गया। थाना प्रभारी पाटन निरीक्षक अनिल कुमार साहू के नेतृत्व में थाना स्टाफएवं वाहन बरामद हेतु गठित टीम द्वारा आरोपी पता तलाश दौरान आरोपी कुनाल यादव और लक्की वर्मा मोटर सायकल होण्डा साईन सीजी.07.बीएल.8491 में एवं आरोपी करण यादव बिना नंबर प्लेट मोटर सायकल सुपर स्प्लेण्डर में पाटन शराब भट्ठी के पास चोरी किये वाहनो को बेचने के लिये ग्राहक कि तलाश में संदिग्ध हालत में घूमते मिलने पर सशक्त एप के माध्यम से चेक करने पर उक्त मो.सा. को चोरी का होना पाये जाने से हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर बताये कि तीनों मिलकर डेंठ वर्ष पूर्व मो.सा. क्रमांक सीजी.07.एक्यू.7821 को चोरी करना स्वीकार किये है।

**स्वामी आत्मानंद विद्यालय संविदा भर्ती**

**बिलाईगढ़**, 31 अगस्त(देशबंधु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारंगढ़ में 1 सितम्बर को व्याख्याता (भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान) सहायक शिक्षक (विज्ञान) और शिक्षक (विज्ञान) का वॉक इन इंटरव्यू लिया जाएगा। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आवेदन पत्र जमा और पंजीयन तथा परीक्षण कार्य होगा। निर्धारित समय 11 बजे के बाद आवेदन पंजीयन स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री शर्मा कवर्धा में आयोजित 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम में हुए शामिल

- **ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की नई पहल 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ**



**कवर्धा**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत रेडियो कार्यक्रम 'दीदी के गोठ' का आज शुभारंभ किया गया। कबीरधाम में जिला स्तरीय 'दीदी के गोठ' कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष कवर्धा में किया गया, जिसमें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने प्रेरणादायी संदेश प्रेषित किए। उन्होंने महिलाओं के आत्मविश्वास और मेहनत से प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में आए सकारात्मक बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि 'दीदी के गोठ' जैसी पहल महिलाओं की आवाज़ को घर-घर तक पहुँचाएगी। कार्यक्रम में बिहान योजना के दीदियों की कहानी उन्हीं की जुबानी भी सुनाई गई।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'दीदी के गोठ' का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ना, उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 2 लाख 74 हजार 828 महिला स्व सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनमें करीब 29 लाख 96 हजार 147 दीदी जुड़ी हुई हैं। इन समूहों के माध्यम से महिलाएँ न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा भी दे रही हैं। उन्होंने कहा कि इस रेडियो कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की उन सफल महिलाओं की कहानियाँ सुनाई जा रही हैं, जिन्होंने कठिनाइयों को पार करते हुए अपने दम पर आर्थिक मजबूती और सामाजिक पहचान हासिल की।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इन कहानियों से अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और उन्हें यह जानने का अवसर मिलेगा कि छत्तीसगढ़ की 'बिहान दीदी' किस तरह नवाचार करते हुए नई मिसाल कायम कर रही हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि आज छत्तीसगढ़ की हजारों महिलाएँ 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। बिहान योजना ने उनके जीवन को बदल दिया है। कभी आर्थिक संघर्ष में जूझ रही महिलाएँ अब अपनी मेहनत और आत्मविश्वास से न केवल अपने परिवार को संबल दे रही हैं, बल्कि समाज में एक सम्मानजनक स्थान भी प्राप्त कर चुकी हैं। 'दीदी के गोठ' रेडियो प्रसारण के माध्यम से इन प्रेरणादायी कहानियों को हर गाँव और हर घर तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को नई ऊर्जा, हौसला और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ने का मार्गदर्शन मिलेगा।

************** फ़ोटो क्रमांक/01

# पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक ली




**कुम्हारी**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को सामुदायिक भवन में ब्लॉक कॉंग्रेस की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी व महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पन से हुई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी के संगठन विस्तार पर हुआ मंथन**

बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। ब्लॉक अध्यक्ष, दो मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी और बूथ अध्यक्ष तक की नियुक्तियों पर विचार-विमर्श किया गया। हालांकि अभी किसी नाम की घोषणा नहीं की गई है। सर्वसम्मति से कार्यकर्ताओं ने निर्णय का अधिकार भूपेश बघेल को सौंपा है। भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा ङ्कज्कांग्रेस संगठन की मजबूती ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हर कार्यकर्ता की भागीदारी से ही पार्टी आगे बढ़ेगी। संगठन का विस्तार पूरी पारदर्शिता और कार्यकर्ताओं की सहमति से किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, प्रभारी कौशल चंद्राकर, बैठक प्रभारी सन्नी अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, प्रमोद चंद्राकार, पार्षद विकास सोनकर, लेखराम साहू, डिकेन्द्र साहू, योगेश्वर पटेला, पीतांबर साहू, विजय वर्मा, फुसनु कुर्रे, संगीता कुर्रे, रामसिंग पाल, रीना साहू, जानकी ध्रुव, ओमनारायण वर्मा, लता खैरवार, गिरीश देवांगन, मनहरण यादव, रामकुमार चक्रधारी, स्वप्निल उपाध्याय, ओम यादव, शांति टंडन, अंचल गुप्ता, युवराज साहू, विनोद साहू, जय धीवर, सोनू यादव, कमल कमलेशिया, दिलीप चौधरी, अशोक साहू, सागर निषाद, सुनील शुक्ला, मिलन सिंह, ललित राजपूत, देवा साहू, देवेन्द्र साहू, व बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूदगी रही।

# ग्राम बिरकोना में दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन

**कवर्धा**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का रविवार को शुभारंभ किया गया। इसी कड़ी में रविवार को जनपद कवर्धा के श्रीजन महिला संकुल संगठन बिरकोना में दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति डॉ वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ वीरेन्द्र साहू ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, एवं भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। उन्होने कहा कि दीदी के गोठ जैसी पहल महिलाओं की आवाज़ को घर-घर तक पहुंचाएगी। बिहान योजना से जुड़ी हमारी दीदियां आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा भी दे रही हैं। इनकी प्रेरणादायी कहानियां जब हर गांव और हर घर तक पहुंचेंगी तो अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने की नई राह मिलेगी।



दीदी के गोठ कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ना, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करना है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रसारण सुनने के बाद उपस्थित महिलाओं ने आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने का संकल्प लिया। इस अवसर जनपद सदस्य लक्ष्मी तामेश्वर साहू, सरपंच मनोज साहू, उपसरपंच श्रीमती जोशी, जनपद कवर्धा के सीईओ भगत, संकुल प्रभारी अभय शर्मा, संकुल अध्यक्ष श्रीमती लता चंद्राकर, सचिव श्रीमती सुनीता चंद्राकर, एसी श्रीमती चीतरेखा साहू, पीआरपी वेदिनी साहू, पंच लक्ष्मण साहू, सुखचैन चंद्रवंशी, अजय चन्द्रवंशी सहित बिहान की कार्यकर्ता सहित संगठन की की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित

- **जीवन एक, मुस्कान अनेक सेवा संस्था का रक्तदान शिविर में रहा विशेष योगदान**
- **ग्रामीण क्षेत्र के इस रक्तदान शिविर में 14 यूनिट रक्त डोनेट हुआ**




**बेमेतरा**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिला चिकित्सालय बेमेतरा में रक्त के कमी से जूझ रहे मरीजों के रक्त पूर्ति हेतु रक्तदान शिविर का आयोजन बेमेतरा जिला के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है जिसमें विभिन्न सामाजिक संस्था का रक्तदान शिविर में योगदान महत्वपूर्ण भूमिका रहता है। इसी क्रम में 31 अगस्त को सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर एवं सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू के मार्गदर्शन में *जीवन एक, मुस्कान अनेक* सेवा संस्था कुसमी जिला बेमेतरा के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य कुसमी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, यह आयोजन ब्लड़ बैंक जिला अस्पताल बेमेतरा के सहयोग से किया गया इस आयोजन का उद्देश्य जन मानस में रक्तदान के प्रति लोगों को जागृत व उत्साह पैदा करना है ताकि समय रहते जरूरतमंद को मदद मिल सकें और समय पर उनकी जीवन की रक्षा किया जा सके। इस रक्तदान शिविर के अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री भारत कुमार सेन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी से डॉ चिंता राम साहू ओमप्रकाश साहू गोवर्धन देवांगन , जिला चिकित्सालय बेमेतरा ब्लड बैंक से डॉ प्रेमचंद पमनानी, परामर्शदाता, विनेश्वर जायसवाल एम एल टी विजय डोरे, धन्नू वर्मा, राकेश चंद्राकर, कृष्ण वर्मा, संस्था एवं ग्रामीण से गंगाराम साहू, विष्णु साहू, भूपेंद्र साहू, राकेश देवांगन, कुशल देवांगन ,राजू साहू, लक्ष्मण देवांगन, राजू देवांगन व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्टॉप एवं संस्था के सभी सदस्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में कुसमी के अलावा बालसमंद , मुनरबोड़, कोबियां बेमेतरा कारेसरा सहित आसपास के लोग उपस्थित रह कर अपना सहयोग प्रदान किये।

इस ग्रामीण क्षेत्र के रक्तदान शिविर में 14 यूनिट रक्त डोनेट हुआ जिसमें रक्तदान करने वालो में, गोवर्धन देवांगन, लक्ष्मण देवांगन, मोतीलाल देवांगन, शिवप्रसाद निषाद, राकेश देवांगन, सत्यशील जागृत, भोलाराम साहू, गौतम साहू, अरविंद साहू, कुशाल देवांगन ओमप्रकाश साहू, टिकेश्वर साहू हमसिंह वर्मा जयसिंह ग्रीतलहरे भारत कुमार सेन, युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान का पुनीत कार्य किया ,संस्था एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय बेमेतरा द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर आभार व्यक्त किया गया।

## राज्य स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता मे कंचन, कावेरी,यशु और प्राची का चयन

**आरंग** 31 अगस्त(देशबंधु)। सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग से राज्य स्तरीय शालेय शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए 4 विद्यार्थी चयनित हुए ।- 19 बालिका में कावेरी साहू , कंचन साहू पिता श्री राजकुमार साहू, -19 बालक में यशु बंजारे पिता नरसिंह बंजारे ,-17 बालिका में प्राची बेलगहे पिता श्री सूर्यकांत बेलगहे है। संभाग स्तरीय शालेय शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 तेग बहादुर धर्मशाला पिथोरा में आयोजित हुई। शतरंज एक बौद्धिक खेल है जिसमें रणनीति, तर्क , समस्या समाधान करने का विकास होता है । कावेरी साहू 5 में 5 मैच जीत कर संभाग विजेता बन गई । अंडर 14 मे वेदिका लोधी आठवां स्थान, अंडर 17 में श्रीयांश बेलगहे दसवां स्थान पर रहे ।इन सभी विद्यार्थियों के सराहनीय प्रदर्शन पर प्रसन्न होकर विद्यालय के संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर ,कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, सह सचिव सतीश सोनकर ,प्राचार्य श्रीमती यशोदा योगी ,उप प्राचार्य श्रीमती भारती वर्मा ,प्रधान पाठक सुश्री सोहागा देवांगन, क्रीडा प्रभारी हंसराज जलछत्री, लक्ष्मी नारायण पटेल ने बधाई दी और राज्य में इसी तरह प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी ।

# केदारबाड़ी चमन नगर में विराजे विघ्नहर्ता गणपति

**डोंगरगढ़** , 31 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के केदारबाड़ी चमन नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विघ्नहर्ता गणपति बप्पा की बाल स्वरूप मूर्ती की स्थापना भव्य पंडाल में की गई है। गणपति जी को कुम्हारपारा से केदारबाड़ी चमन के निवासियों ने ढोल ताशे एवं आतिशबाजी करते हुए नाका पारा खैरागढ़ रोड से होते हुई केदारबाड़ी चमन नगर में भव्य स्वागत आतिशबाजी पुष्प वर्षा एवं लोगों ने नृत्य करते हुए गणेश पांडाल में लाया गया जहा पंडित जी ने विधि पूर्वक पूजा करवाई। प्रतिदिन शाम को आरती में कॉलोनी वासियों के द्वारा प्रसादी भोग लगाकर वितरण किया जाता है। भगवान श्री गणेश के दर्शन करने के लिए शहर के लोग भारी संख्या में पहुंच रहे है।समिति के द्वारा जानकारी दिया गया है कि मूर्ति स्थापना का यह तीसरा वर्ष है और कॉलोनी के बच्चों के द्वारा संस्कृति कार्यक्रम फैंसी ड्रेस एवं महिलाओं के लिए विभिन् प्रकार खेल प्रतियोगिता आयोजित किया जाता हैं। एवं समिति के द्वारा सभी प्रतियोगी को इनाम दिया जाता है।



# सड़क पर घूमते और बैठे मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में की गई चर्चा

**बेमेतरा**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा श्री मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार के मार्गदर्शन में 30 अगस्त 2025 को थाना साजा एवं पुलिस चौकी देवकर परिसर में गौ सेवकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व थाना प्रभारी साजा निरीक्षक सत्य प्रकाश उपाध्याय, पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक उदल राम टांडेकर एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। इस बैठक में गौ सेवक गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



बैठक में गांव में मवेशियों को खुला छोड़ने की समस्या पर चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस टीम ने बताया कि सड़क पर घूमते और बैठे मवेशियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं, जिससे न केवल वाहन चालकों की जान को खतरा होता है, बल्कि मवेशियों की भी मृत्यु हो जाती है। उन्होने कहा कि यदि कोई मवेशी सड़क पर घूमता हुआ पाया जाता है और उसके कारण दुर्घटना होती है, तो उसके मालिक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। यह जिम्मेदारी मवेशी मालिक की होगी कि वह अपने मवेशियों को बांधकर रखें। इसके अतिरिक्त, पुलिस टीम ने गौ सेवको से अपील कर कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के मवेशी पालकों को समझाइश देना कि वे अपने मवेशियों को घर पर रखें या चरवाहों की देखरेख में ही चराने भेजें। मवेशियों को सड़क पर स्वतंत्र रूप से न छोड़ा जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। गौ सेवको ने बैठक में सक्रिय भागीदारी निभाई और पुलिस को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# लाल बहादुर नगर में सुना गया प्रधानमंत्री के मन की बात का 125 वां एपीसोड



**डोंगरगढ़** , 31 अगस्त (देशबन्धु)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रत्येक महिने के आखिरी रविवार को मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण किया जाता है जिसमें मोदी जी देश को संबोधित करते हैं। 31 अगस्त शनिवार को *मन की बात का 125 वां एपीसोड प्रसारित हुआ जिसे भाजपा मंडल लाल बहादुर नगर में सामूहिक रूप से देखा एवं सुना गया जिसमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, नगर उपाध्यक्ष छबीधर साहु, मंडल महामंत्री हेमलाल वर्मा, पार्षदगण रमेश यादव, रामजी साहु, योगेश साहु, टिकेश्वर साहु, बुथ अध्यक्ष अवध साहु, लक्ष्मीनाथ रजक, कार्यकर्ता खेदू साहु, यशवंत साहु, जीवराखन साहु, शालिक सिन्हा, राजू यादव, उभे साहु, मंगलू साहु, बिरेन्द्र महंत, भुवन धनकर सहित स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## निधन

### नवनीत भाई लोटिया



**नवापारा राजिम** 31 अगस्त देशबंधु । गुजराती समाज के वरिष्ठ नागरिक नवनीत भाई लोटिया उम्र 84 का कल 31 अगस्त को दोपहर 3 बजे आकस्मिक निधन हो गया है ।उनकी अंतिम यात्रा आज 1 सितम्बर को प्रात: 11 बजे उनके निवास स्थान सदर रोड से स्थानीय मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी ।वे अशोक, भरत, गिरीश , संजय, विकास, हिनेश लोटिया, पीयूष , मुनिया, के चाचा एवम राजू , जयेश ,विपुल लोटिया के पिता थे।

### अमृतलाल पोपटलाल सोनी

**नवापारा राजिम** 31 अगस्त देशबंधु । गुजराती समाज के वरिष्ठ अमृतलाल पोपटलाल सोनी उम्र 93 वर्ष का निधन आज 29 अगस्त सुबह 8 बजे हो गया है। इनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार को दोपहर 2 बजे इनके निवास स्थान टी बी एस स्कूल के पास से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। वे धीरेन्द्र सोनी, लतेश सोनी के पिता थे एवं दर्शन सोनी के दादा जी थे ।

## प्रादेशिकी का शेष...

**कामधेनु विवि के छात्रों ने...**

किया गया। इस उपलब्धि पर कामधेनु विश्वविद्यालय कुलपति डा. आरआरबी. सिंह, कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य, अधिष्ठाता मात्स्यिकी महाविद्यालय, कवर्धा एवं पशु पोषण विभागाध्यक्ष डॉ. एमके गेंदले एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ.दिलीप चौधरी ने विजेताओं को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

**यातायात पुलिस की सर्तकता से ...**

बायपास से गुजरी तब लहरा रही थी। इसे देखकर तत्काल यातायात पुलिस टीम ने रोका। ड्रायवर की ब्रीथ एनालाइजर से परीक्षण किया गया। रिपोर्ट के अनुसार ड्रायवर भारी नशे में था और बस में 30-35 सवारियां होने से बड़ी दुर्घटना की आशंका नजर आ रही थी। यह संपूर्ण कार्रवाई आपरेशन सुरक्षा के तहत की गई।

**ई-कोर्ट फाइलिंग पर...**

से किस प्रकार उपस्थिति दर्ज की जा सकती है, इसके लाभ एवं प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया।

प्रतिभागी अधिवक्ताओं ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से उन्हें उनके रोजमर्रा के कामों को तकनीक के सहयोग से त्वरित गति से कैसे किया जा सकता है के संबंध में जानकारी हुई और इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन आगे भी किए जाने की आवश्यकता बताई गई।

**विद्यार्थियों को किताबों से दूर...**

नष्ट कर उनके बहुमूल्य समय को भी खराब कर रहा है। जीवन में और आचरण में लोकतांत्रिक होना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन डॉ अम्बरीष त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ, पद्मावती विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र डॉ.ए.के.खान, डॉ. सतीश सेन, डॉ. प्रदीप जांगड़े, प्रो. जैनेन्द्र दीवान, डॉ. रजनीश उमरे, डॉ. ओम कुमारी देवांगन, डॉ. रमणी चन्द्राकर, डॉ शारदा सिंह, डॉ. लता गोस्वामी, शोधार्थीगण, स्नातकोत्तर एवं स्नातक हिन्दी के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्नातकोत्तर के विद्यार्थी घासीदास द्वारा तथा आभार हिंदी परिषद के सचिव दावेंद्र ने किया ।

# सांसद प्रतिनिधि ने धर्मनगरी में ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं मिलने से रेलवे पर लगाया भेदभाव का आरोप

**डोंगरगढ़** , 31 अगस्त (देशबन्धु)। धर्मनगरी में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने फिर एक बार फिर रेल प्रशासन पर गम्भीर भेदभाव का अरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन एक धर्मिक नगरी के नाम से देश विदेश में पहचान है एक तरफ माँ बम्लेश्वरी हम सबकी हिन्दुओ कीअराध्य देवी प्राचीन काल से विराजमान है एक तरफ हम सबके देव तुल्य आचार्य विद्या सागर जी द्वारा स्थापित भगवान महावीर चन्द्रगिरि पर्वत तो दुसरी तरफ भगवान बुद्ध प्रज्ञा गिरि पर्वत साथ मे प्रभु यीशु करवारी पर्वत महाऋषि बाल्मीकि सुदर्शन गिरी पर्वत विशाल गुरुद्वारा नगर के बीच पर यह नगर धार्मिक स्थल सर्वधर्म सम्भभाव के नाम जे प्रसिद्ध है सभी धर्मों का प्रमुख स्थल होने के कारण रोज इस नगरी में हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता और मुख्य मार्ग थोड़ा दूर होने के कारण धर्मानगरी में आने के लिए रेल मार्ग ही एकमात्र साधन है लेकिन रेल सुविधा जैसे होना चाहिए वैसी सुविधा आज तक इस रेलवे स्टेशन में नही है निरन्तर जनप्रतिनिधियों द्वारा कई ट्रेनों के ठहराव के लिए प्रयास किया जा रहा है लेकिन रेल प्रशासन के कान में जुहू तक नही रेंगती दूसरी ओर छोटे छोटे स्टेशनों में रेल प्रशासन द्वारा ठहराव आदेश दिया जा रहा है अभी हाल में मुलमरोडा जैसे स्टेशन में 31 अगस्त के बिलासपुर, चेन्नई ट्रेन क्रमांक 12851 ,चेन्नई से बिलासपुर ट्रेन क्रमांक 12852 ,1 सितंबर सोमवार से ठहराव प्रदान किया गया है कामठी जैसे स्टेशन में जो नागपुर से लगा हुआ है उसके बाद भी रेल प्रशासन ने जोधपुर से पूरी और पुरी जोधपुर एक्सप्रेस का ठहराव दिया है हाल में और ये ट्रेन दोनो ओर से डोंगरगढ़ होते हुए जाएगी साथ ही कई समय पूर्व से भगत की कोठी एक्सप्रेस 20843 अप ,20844 डाउन जैसे कई ट्रेन की मांग निरंतर की जा रही है । तरुण हथेल ने कहा कि रेलवे द्वारा यँहा के स्टेशन में ट्रेनों के ठहराव के लिए रेलवे के अधिकारी द्वारा तरह तरह की कमी निकाल बहाना बताया जाता है जबकी माता जी की नगरी में 12 महिने लाखों की संख्या में तीर्थयात्री आते है सब के लिए ट्रेन व्यवस्था ही बेहतर साधन है उसके बाद भी रेलवे इस अमृत भारत रेलवे स्टेशन डोंगरगढ़ की वर्षो से अनदेखी कर रहा है हथेल ने कहा कि जिन स्टेशनों में जगह कोई सुविधाए नही होने के बावजुद उन स्टेशनों में रेलवे के बड़े प्रोजेक्ट तैयार किए जाते हैं जबकि रेलवे के किसी भी बड़े प्रोजेक्ट के लिए यहां सैकड़ों एकड़ जमीन खाली पड़ी है यहाँ भरपूर बिजली, पानी जमीन होने के बाद भी रेलवे के उच्चधिकारियों द्वारा रेल मंत्रालय और रेल प्रशासन के बड़े अधिकारियों को गुमराह किया जाता है किसके इसारे में यह खेल चल रहा समझ से परे है ।



# वीर बलिदानी राजा गुरु बालक दास जी की जयंती पर बेमेतरा में निकली भव्य शोभायात्रा

■ शामिल हुए भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी
■ सामाजिक समरसता और मानव कल्याण के पथप्रदर्शक गुरु बालक दास अमर रहें: योगेश तिवारी



**बेमेतरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिला सतनामी समाज, बेमेतरा के तत्वावधान में वीर बलिदानी राजा गुरु बालक दास जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं ऐतिहासिक भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर की सड़कों पर श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा, सांस्कृतिक झांकियां, ढोल-नगाड़े और समाजजनों का उत्साह देखते ही बनता था।

इस अवसर पर भाजपा किसान नेता श्री योगेश तिवारी जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने समाजजनों के साथ शोभायात्रा में भाग लिया और गुरु बालक दास जी की पूजा-अर्चना कर उन्हें नमन किया।

अपने उद्बोधन में श्री तिवारी जी ने कहा गुरु बालक दास जी का जीवन त्याग, सेवा और बलिदान का अद्वितीय प्रतीक है। वे समाज और सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक समरसता, सेवा और भाईचारे को और अधिक सशक्त बनाना होगा।

सभा स्थल पर गुरु बालक दास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धालुओं ने उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का वातावरण भक्ति, आस्था और सामाजिक एकता का संदेश देता रहा।

इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे। साथ ही कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवमयी बनाया, जिनमें प्रमुख रहे— सेवा निवृत्त टी.आई. ध्रुव मार्कण्डेय, राजमहंत पंडित मानदास जी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नवागढ़ श्रीमती घिरेंद्र महिलाएंगे, आई.टी. सेल नवागढ़ विधानसभा प्रभारी राजेश मार्कण्डेय, भाजपा नेता अविनाश घृतलहरे, लॉड डेविड बंसल, राजेश नौरंगे, राहुल भास्कर, हर्ष बघेल, सुनील पात्रे, गोलू कौशल, अविनाश, राहुल, तामेश्वर, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, डायमन, संतन बंजारे, उमेश बंजारे, सूरज बंजारे, कुलदीप मार्कण्डेय सहित बड़ी संख्या में सेवाभावी नागरिक।

यह आयोजन समाज सेवा, मानव कल्याण और सामाजिक एकता की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल रहा, जिसने गुरु बालक दास जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

# गणेश पंडाल पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया पूर्व विधायक आशीष छाबडा



**बेमेतरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहलई (दारगांव) पहुंचकर न्यू युवा गणेश उत्सव समिति शीतला चौक के पंडाल में भगवान गणेश की पूजा अर्चना की एवं क्षेत्र वासियों के लिए खुशहाली की कामना की इस अवसर पूर्व विधायक आशीष छाबडा ने कहा कि गणेश उत्सव युवा से लेकर बुजुर्ग तक के सभी लोगों को एकजुट करता है और सामाजिक समरसता का यह पर्व हम सभी के जीवन में नया उत्साह एवं उमंग लाता है इस अवसर पर ललित विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला रवि परगनिहा सूर्य प्रकाश शर्मा टूमन साहू भागवत साहू जितेंद्र साहू श्रवण यादव ओनी महिलांग उषा सोनवानी धनराज बंजारे रामायण साहू मोनल सिन्हा जितेन्द्र जोशी दाऊ राम यादव टिकम साहू न्यू युवा गणेशोत्सव समिति शीतला चौक मोहलई परमानंद साहू अध्यक्ष योगेश धीवर उपाध्यक्ष तारण साहू सचिव प्रदीप तिवारी डीगा साहू हाउसराम साहू डॉ. पी.पी.मानिकपुरी शेषनारायण साहू ठाकुरराम साहू, होरीलाल साहू तेजू साहू राजू साहू संतु साहू बुधराम साहू भागबली साहू जितेंद्र साहू केशव साहू शोभित साहू रामवतार साहू गणेश साहू सूर्यप्रकाश साहू उत्तम साहू भानुप्रताप साहू भूषण साहू एवन साहू चुम्मन साहू राजाराम साहू अमर साहू करण साहू जयप्रकाश साहू डकेश साहू योगेश्वर साहू डुमर सिंह साहू सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।



बेमेतरा, 31 अगस्त ( देशबन्धु )। युवा गणेश उत्सव समिति महामाया पारा परपोड़ा

# बंसल परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा, सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष प्रसंग का वर्णन किया गया





**थान खम्हरिया,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बंसल परिवार द्वारा गया श्राद्ध निमित्त भागवत कथा के सातवें दिन की कथा में सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंग का वर्णन किया गया। जहां सुदामा और कृष्ण के प्रकार मित्रता को दर्शाया गया। और अंत में राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त होता है। कथा वाचक पं. ओम प्रकाश जोशी जी ने बताया, सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। दीक्षा मांग कर अपने परिवार का पालन, पोषण करते। गरीबों के बावजूद हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार-बार आग्रह करती है, कि आपका मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दे। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं।

और जब द्वारपाल कृष्ण को बताते हैं, कि सुदामा नाम का ब्राह्मण आया है। यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं। और अपने मित्र को गले लगा लेते हैं। उनके दिन दशा देखकर कृष्ण की आंखों में अश्रुओं की धारा प्रभावित होने लगती है। सुदामा जी को सिंहासन पर बैठकर कृष्ण जी सुदामा के चरण होते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद देती हैं। पश्चात सुदामा विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं। तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना हुआ देखते हैं। सुदामा अपने कुटिया में ही रहकर, भगवान का सुमिरन करते हैं। इसलिए कहा गया है कि जब-जब विपदा पर प्रभु उसका तारण करने जरूर आए हैं। अगले प्रसंग में सुखदेव जी ने राजा परीक्षित को 7 दिन की कथा सुनाई जिससे उनके मन में मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते हैं। इस अवसर पर आयोजक परिवार व नगर के श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

# दारगांव ( धमधा )में मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर कांग्रेस की बैठक

**बेमेतरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के दार गांव (धमधा) में मंडल कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर बैठक हुई जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ाने कहा कि मंडल कांग्रेस कमेटी सीधे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेताओं से जुड़ी रहेगी तथा समय-समय पर शीर्ष नेतृत्व से मार्गदर्शन प्राप्त करते रहेगी मंडल कांग्रेस कमेटी में कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगा तथा ऐसे जमीनी कार्यकर्ता जो कांग्रेस की रीति नीति को आत्मसात करते हैं उन्हें मंडल कांग्रेस कमेटी में प्राथमिकता से स्थान दिया जाएगा मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन कांग्रेस के सक्रिय सदस्यों की एक नई कमेटी है जो पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में काम करेगी तथा जमीन पर कांग्रेस के लिए वातावरण तैयार करेगी मंडल कांग्रेस कमेटी में पार्टी के जुझारू तथा समर्पित कार्यकर्ताओं को स्थान दिया जाएगा एवं उनके द्वारा लगातार जनसंपर्क एवं आम जनता के बीच से उठने वाली आवाज को कांग्रेस अपनी आवाज बनाएगी इसलिए आवश्यक है मंडल कांग्रेस कमेटी में समर्पित एवं सक्रिय लोगो को ही मौका मिले कांग्रेस पार्टी अपने प्रारंभ से आज तक जनता की आवाज बनकर जनता के बीच उपस्थिति रही है और आगे भी रहेगी सरकारें आती रहेगी जाती रहेंगी लेकिन कांग्रेस का सच्चा सिपाही जिसका उद्देश्य ही जनहित एवं देश हित में अपना सर्वोत्तम योगदान देने का रहा है और वह हम देते रहेंगे इस अवसर पर ललित विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला रवि परगनिहा सूर्य प्रकाश शर्मा पूर्व विधायक प्रतिनिधि ओनी महिलांग उषा सोनवानी सदस्य जिला पंचायत दुर्ग टूमन साहू भागवत साहू जितेंद्र साहू रामायण साहू जितेंद्र दिवाकर श्रवण यादव राकेश साहू धनराज बंजारे टीकम साहू दाऊराम यादव गुना राम साहू मोनल सिन्हा जितेंद्र जोशी कृपाराम रात्रे द्वारका रात्रे कृष्णा धीवर दुर्गा राम साहू माधव साहू उदय साहू बुधारू राम रोहित साहू प्लेश्वर साहू अंजोर दास कोसले सूरज रात्रे पूनम साहू अवध साहू टूमन ठाकुर कमलेश साहू कामता सिंह रोहित साहू द्वारका सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर के मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया राधा अष्टमी पर्व



**थान खम्हरिया,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर वह अन्य मंदिरों में राधा अष्टमी के पावन अवसर पर राधा रानी के अवतरण दिवस के रूप में मनाया गया। जिससे मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। भजन कीर्तन का आयोजन राधा कृष्ण मानस मंडली के द्वारा किया गया। और राधा कृष्ण के विग्रह को फूलों से सजाया गया। इस दिन को श्री राधा रानी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भक्तों ने राधा रानी की पूजा अर्चना कर आरती की, एवं सभी को राधा अष्टमी की बधाई दी। महंत वसंत बिहारी दास ने भेंट वार्ता के दौरान बताया। भद्र पद महीना के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को राधा अष्टमी का पावन पर्व मनाया जाता है। यह दिन भगवान श्री कृष्ण के प्राणप्रिया राधा रानी के जन्म का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन राधा रानी के पूजा करने से भगवान श्री कृष्णा भी खुश होते हैं। और भक्तों को उनकी विशेष कृपा मिलती है। और इस दिन विवाहित महिलाएं संतान सुख और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए व्रत रखती हैं। इस अवसर पर हर गोपाल शर्मा, पुरुषोत्तम अग्रवाल, बसंत बिहारी दास, नैतिक अग्रवाल के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से भजनों की प्रस्तुति दी गई। वह इस मौके पर विष्णु जोशी, अनिल सिंघानिया, शिवेंद्र बिंदल, श्याम सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, हरि अग्रवाल, कपिल सिंघानिया, गिरीश शर्मा, प्रमोद सिंघानिया उपस्थित थे।

# पटेल समाज मेहनत, लगन और ईमानदारी का प्रतीक है: उपमुख्यमंत्री

## ग्राम जोराताल चौक पर मां शाकंभरी देवी का भव्य चौक विकसित किया जाएगा



**कवर्धा** 31 अगस्त (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में पटेल (मरार) समाज द्वारा आयोजित जिला पदाधिकारी शपथ ग्रहण एवं जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा सहित मंचासीन अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं मां शाकंभरी देवी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से की। सभी ने समाज की एकता और प्रगति की मंगलकामना की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समारोह में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 150 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शासकीय सेवा में एक वर्ष के भीतर नियुक्त 15 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों और 53 जनप्रतिनिधियों पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य को भी सम्मानित किया।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समाज की मांगों को पूरा करते हुए महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। उन्होंने ग्राम समनापुर में 50 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण कराने की घोषणा की। इसके साथ ही ग्राम जोराताल चौक पर मां शाकंभरी देवी का भव्य चौक विकसित किया जाएगा।

# 2 क्विंटल से अधिक गांजा बरामद, दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार, 70 लाख की जप्ती



**कवर्धा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। मुखबिर की सटीक सूचना पर आईशर ट्रक क्रमांक क्क02 श्वद्य 3009 को रोककर बारीकी से तलाशी ली गई, जिसमें एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया अत्यंत गुप्त चैंबर मिला। यह चैंबर इतनी कुशलता से बनाया गया था कि सामान्य जांच में पकड़ा जाना लगभग असंभव था, किंतु पुलिस की सूझबूझ और उच्च कार्यक्षमता के चलते इसमें छिपाया गया 2 क्विंटल से अधिक अवैध गांजा बरामद कर लिया गया।

वाहन में सवार अंतर्राज्यीय तस्कर ईश्वर सिंह पिता हजारीलाल सिंह, उम्र 48 वर्ष, निवासी ग्राम जाखोदा, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर (हरियाणा) एवं रामु सिंह परमार पिता रामकुमार परमार, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम दौपुरा, तहसील बसेरी, जिला धौलपुर (राजस्थान) को मौके पर गिरफ्तार कर ह्रक्क एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की जा रही है।

जप्त गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपए तथा वाहन की कीमत लगभग 20 लाख रुपए आँकी गई है। इस प्रकार कुल जप्ती लगभग 70 लाख रुपए की हुई। गांजा उड़ीसा से दिल्ली ले जाया जा रहा था।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर, सहायक उपनिरीक्षक, दर्शन साहू, आरक्षक जितेन्द्र चंद्रवंशी, सुनील मेरावी, पंकज यादव, अमन वाहने, मोहम्मद इरफ़ान, आंसू तिवारी, पप्पू पनागर एवं मोहित काठले की भूमिका सराहनीय रही। उनकी मेहनत और सतर्कता के कारण तस्करों का यह चालाक तरीका भी नाकाम हो गया।

### अब तक कबीरधाम पुलिस की कार्रवाई

इस वर्ष कबीरधाम पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के कुल 14 प्रकरणों में 41 आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुए लगभग सवा करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के गांजा एवं अन्य सामग्री की जप्ती की है। हाल ही में कबीरधाम पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टैबलेट दवाइयों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई कर एक आरोपी को जेल भेजा था तथा उससे जुड़े दूसरे सप्लायर को रायपुर से गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कबीरधाम जिले में नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# राष्ट्रीय खेल दिवस एवं फिट इंडिया मूवमेंट के तहत जिले में साइकिल रैली का आयोजन

■ प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कर किया गया सम्मानित
■ रस्साकशी, दौड़, कबड्डी जैसे विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता में बालक/बालिकाओं ने दिखाया दमखम।
■ आयोजन का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और खेल के साथ साइकिलिंग को जन-आंदोलन का रूप देना रहा।
■ खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि यह आपसी भाईचारे, अनुशासन और जीवन में सफलता की ओर करता है प्रेरित



**बेमेतरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती (29 अगस्त) के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस एवं फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत जिले में तीन दिवसीय खेल महोत्सव 29 से 31 अगस्त तक जिला मुख्यालय बेमेतरा में आयोजित किया गया। च्हर गली, हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तानज् की तर्ज पर हुए इस कार्यक्रम में रस्साकशी, दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, तीरंदाजी एवं शतरंज जैसे विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं।

इसी क्रम में आज 31 अगस्त 2025 को मोर खेल-मोर गौरव थीम पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिले के कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने हिस्सा लिया। साइकिल रैली को साजा एसडीएम श्रीमती पिंकी मनहर एवं बेरला एसडीएम श्रीमती दीप्ति वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली परशुराम चौक से प्रारंभ होकर सिग्नल चौक, गस्ती चौक, प्रताप चौक होते हुए बेसिक स्कूल ग्राउंड परिसर में संपन्न हुई।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपयी, बेमेतरा एसडीएम श्री प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम श्रीमती दिव्या पोटई, डिप्टी कलेक्टर सुश्री हर्षलता वर्मा, एसडीओपी श्री मनोज तिर्की, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, पार्षद नीतू कोठारी सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### साइकिल रैली और खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों का उत्साह

राष्ट्रीय खेल दिवस एवं फिट इंडिया मूवमेंट के तहत परशुराम चौक पर सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, युवाओं एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया।विशेष रूप से कक्षा दूसरी का ईशांत साहू साइकिल रैली का स्त्रोत बना। उनका आत्मविश्वास और उत्साह देखकर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

### तीन दिवसीय खेल महोत्सव

29 से 31 अगस्त तक आयोजित इस खेल महोत्सव में रस्साकशी, दौड़, कबड्डी, खो-खो जैसे विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं हुईं। बालक/बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, स्वास्थ्य जागरूकता को प्रोत्साहित करना और छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। विजेता खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा है। युवा ही देश का भविष्य हैं, और जब युवा खेलों व फिटनेस की ओर अग्रसर होंगे तो समाज और देश दोनों मजबूत बनेंगे। खेल व्यक्ति में अनुशासन, टीम भावना और धैर्य विकसित करते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने कहा कि यह प्रतियोगिता बालक/बालिकाओं की भागीदारी समाज में समानता और आत्मनिर्भरता का संदेश देती है। इस प्रकार के आयोजनों से छुपी प्रतिभाओं को सामने आने का मौका मिलता है। जैसे पुलिस में अनुशासन और फिटनेस आवश्यक हैं, वैसे ही हर नागरिक को अपने जीवन में फिटनेस को प्राथमिकता देनी चाहिए।

अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपयी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस केवल खेलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह टीम भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है। युवाओं को चाहिए कि वे खेलों में सक्रिय भागीदारी कर जिले का नाम राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें।

यह आयोजन साबित करता है कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि भाईचारे, अनुशासन और सफलता की ओर प्रेरित करने का सशक्त साधन हैं। छोटे बच्चों से लेकर युवाओं तक की भागीदारी ने यह संदेश दिया कि च्खेलो और फिट रहोज् ही स्वस्थ समाज और सशक्त भारत की नींव है।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्कूली बच्चों को 'फिट इंडिया मूवमेंट' का शपथ दिलाया।

उन्होंने कहा कि च्हम सभी संकल्प लें कि स्वास्थ्य और फिटनेस को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएँगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

# छत्तीसगढ रजत महोत्सव, नगर निगम के चौपाटी में छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार का हुआ भव्य आयोजन

■ महापौर मधुसूदन यादव ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन से सुसज्जित स्टालो का किया शुभारंभ



**राजनांदगांव** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ प्रदेश में राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष में शासन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी कडी में नगर निगम द्वारा आज चौपाटी में छत्तीसगढी व्यंजन तिहार आयोजित किया गया। व्यंजन तिहार में संस्कारधानी के महिला समूह की महिलाओ द्वारा विभिन्न छत्तीगढ़ी व्यंजनों का स्टाल लगाया गया, जिसका महापौर श्री मधुसूदन यादव ने फिता काटकर शुभारंभ किया।

छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार अंतर्गत लगे स्टालो का महापौर श्री यादव ने अपनी धर्म पत्नी श्रीमती करूणा यादव सहित जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूची सिंह के अलावा निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, पूर्व महापौर श्री अजीत जैन, सांसद प्रतिनिधि श्री देवशरण सेन तथा निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा और महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यो श्री राजा माखीजा, श्री डीलेश्वर साहू व श्रीमती वर्षा सिन्हा, पार्षद सर्वश्री शिव वर्मा, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, श्रीमती खेमीन यादव,कमलेश बंधे, मनोहर यादव, श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, प्रमोद झंझाडे, श्रीमती प्रियंका कुरंजेकर, संतोष साहू, रवि सिन्हा, श्रीमती अमृता सिन्हा, सेवक राम उईके,चन्द्रकृत साहू,पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा व श्री विजय राय,पूर्व नामाकित पार्षद श्री हकीम खान के साथ अवलोकन कर छत्तीसगढी व्यंजन का लुत्र उठा महिला स्व सहायता समूह की महिलाओ से व्यंजनों के बारे में चर्चा किया।

कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ प्रदेश 25वे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसके उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ सरकार के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ की संस्कृति, विधाओ, खान पान, तीज त्योहार आदि को जन जन तक पहुचाने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कडी में आज नगर निगम द्वारा छत्तीसगढी व्यंजन तिहार का आयोजन चौपाटी में किया गया जहॉ महिला स्व सहायता समूह की महिलाए छत्तीसगढी व्यंजन चिला, फरा, चौसेला, ठेठरी, खुरमी आदि का स्टाल लगाए है, वही सी मार्ट के द्वारा छत्तीसगढ के खान पान, रागी, मिलेट के अलावा अन्य छत्तीसगढी समानो का स्टाल लगाया गया है। जिसका नागरिको के द्वारा लुत्र उठाया जा रहा है।

निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने निर्देश के अनुक्रम में महापौर श्री यादव जी के अध्यक्षता में आज चौपाटी में छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार का आयोजन किया गया। आयोजन में महिला स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा छत्तीसगढी व्यंजन एवं छत्तीसगढी समानो का स्टाल लगाया गया है। कार्यक्रम में उन्होंने महापौर श्री यादव सहित उपस्थित जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, नागरिको का स्वागत करते हुए कहा कि शासन निर्देशानुसार रजत जयंती के अवसर पर और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे।

चौपाटी में आयोजित छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, निगम अध्यक्ष श्री वर्मा तथा नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले ने भी अपने उद्बोधन में रजत जयंती वर्ष की बधाई देते हुए अच्छे आयोजन के लिए नगर निगम की सराहना किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर निगम के कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके व श्री दीपक खाण्डे, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता श्री मुनेन्द्र साठिया,श्री तिलक राज ध्रुव, सुश्री आयुषी सिंह, श्रीमती रोमाली शेडे, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव सह. उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी, समयपाल श्री चिराग मेश्राम, शहरी अजीविका मिशन की सीटी मेनेजर सुश्री मोनिका वारडे एवं नगर निगम की टीम की प्रमुख भूमिका रही। इस अवसर पर महिला स्व सहायता समूह की महिलाए एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

# डोंगरगढ़ पुलिस लड़ाई-झगड़ा , अपराधों को रोकने बदमाशों पर कर रहा लगातार कार्यवाही

## शांतिभंग होने की अंदेशा पर भी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



**राजनांदगांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा थाना क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु एवं शहर में शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने हेतु अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। अनावेदक पवन यादव पिता राजकुमार यादव उम्र 26 साल साकिन ब्राम्हण पारा डोंगरगढ़ के द्वारा दिनांक 31.08.2025 लगभग 11:45 बजे अपने मोहल्ला ब्राम्हण पारा डोंगरगढ़ के पास शांति भंग कर रहा था एवं मारने-पीटने पर उतारू हो गया था सूचना पर पुलिस मौके पर पंहूचकर पुलिस के समझाने पर भी नहीं मानने पर अनावेदक के विरूद्ध धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है।

थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों, बदमाशों, असमाजिक तत्वों, संदेहीयों पर नजर रख रही है, यदि कोई थाना क्षेत्र में शांति भंग करता है या कोई अपराध घटित करता है तो उस पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। प्रतिबंधित किये गये अनावेदक* - पवन यादव पिता राजकुमार यादव उम्र 26 साल साकिन ब्राम्हण पारा डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छ0ग।

# अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन की प्रथम जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न



**खैरागढ़,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला इकाई की प्रथम बैठक रविवार को विश्राम गृह खैरागढ़ में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत, प्रदेश अध्यक्ष खुलेश वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेश चौधरी एवं विधिक सलाहकार नरेंद्र सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव पर्वत ने शुद्ध के लिए युद्ध नारे को सार्थक बनाते हुए कहा कि खाद्य पदार्थों की शुद्धता, उचित मूल्य एवं समयावधि पर उपभोक्ताओं को सतर्क रहना चाहिए। वहीं प्रदेश अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक जिले में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे ठगी और शोषण से बच सकें।प्रदेश कोषाध्यक्ष चौधरी ने उपभोक्ता अधिकारों जैसे सूचना का अधिकार, उचित निर्णय लेने का अधिकार और छूट संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ता धोखाधड़ी से बचने के उपाय भी बताए। विधिक सलाहकार सोनी ने उपभोक्ताओं को अपने कानूनी अधिकारों को समझने और जिम्मेदार उपभोक्ता बनने की अपील की। जिला अध्यक्ष संजय वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन आगे चलकर कस्बों, गांवों और स्कूलों में नुक्कड़ नाटक व सेमिनार के माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाएगा। बैठक में प्रदीप अग्रवाल, जितेंद्र राव कारसेलेवर, चंद्रशेखर सोनी, किशोर सोनी, दिलीप शर्मा (राजनांदगांव जिला अध्यक्ष), मनोज जघेल, बलराम नेताम, ओमप्रकाश साहू, विनोद वर्मा, धनेश्वर मांडवी, मंदिर साहू, लवकुश साहू, नकुल कोसरे सहित मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ता संगठन के नागरिकगण उपस्थित रहे।

■ शुद्ध के लिए युद्ध नारे के साथ उपभोक्ताओं को जागरूक करने का संकल्प

# बीएसपी में निर्मित पैलेंट परिवहन कार्य देने को लेकर परिवहन संघ निकाला मशाल जुलूस

■ सार्थक नतीजा नही आने, बीएसपी लोह अयस्क परिवहन कार्य बधित करने कही बात :परिवहन संघ

■ बीस वर्षो से हमारी मांग को बीएसपी प्रबंधन नजर अंदाज कर रही :संघ अध्यक्ष



**दल्लीराजहरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु) ।दल्लीराजहरा से भिलाई तक लोह अयस्क व नव निर्मित पैलेंट प्लांट से निर्मित पैलेंट का आंशिक परिवहन कार्य दिए जाने की मांग को लेकर राजहरा परिवहन संघ दल्लीराजहरा द्वारा माइंस आफिस के समीप अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर सभी परिवहन संघ के सदस्य दो दिवस से बैठे हैं।इसी के तहत जमकर नारेबाजी करते हुए मशाल जुलूस निकाला जो धरना स्थल से प्रारंभ होकर जैन भवन चौक,गुप्ता चौक ,पेट्रोल पंप चौक ,माइस आफिस चौक होते हुए धरना स्थल में समाप्त हुआ, राजहरा परिवहन संघ के मांगो का समर्थन करते गोविंद वाधवानी अध्यक्ष राजहरा व्यापारी संघ पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ ,अमित कुकरेजा अध्यक्ष छ ग चेंबर ऑफ कामर्स दल्लीराजहरा ,स्वाधीन जैन प्रदेश मंत्री छ ग चेंबर ऑफ कामर्स,अशोक बांबेश्वर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा,रवि जायसवाल पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका दल्लीराजहरा ,विवेक मसीह ,रत्तीराम कोसमा विधायक प्रतिनिधि सहित नगरवासी धरना स्थल पहुंचकर उनकी मांगों को जायज बताया इस अवसर पर परिवहन संघ के सदस्यों ने कहा की हम बीस बाइस वर्षो से लोह अयस्क परिवहन का कार्य की मांग करते आ रहे है किंतु बी एस पी प्रबंधन हमारी मांगों को नजर अंदाज कर रही है राजहरा परिवहन संघ द्वारा अपनी मांगों का निराकरण हेतु 20 अगस्त को प्रशासन सहित बी एस पी के अधिकारियों को आवेदन दिया था जिसमे 27 अगस्त तक निराकरण ना होने पर 28 अगस्त से धरना प्रदर्शन व 1 सितंबर को बी एस पी के लोह अयस्क परिवहन को बाधित किए जाने की निर्णय लिया गया था ,प्रशासन द्वारा 29 सितंबर को पत्र जारी कर 1 सितंबर को दोपहर 12 बजे बी एस पी के अधिकारियों के साथ नगर पालिका के सभागार में बैठक आयोजित करने का निर्देश था ,प्रशासन का पत्र मिलने पर परिवहन संघ के सदस्यों ने कहा की 1 सितबर को लोह अयस्क परिवहन बाधित करने का बैठक के नतीजे पर निर्भर है ,सार्थक नतीजा ना आने पर बी एस पी के लोह अयस्क परिवहन को बाधित करने की बात कही है।संघ के सदस्यों ने बताया की 28द्ध7द्ध2019 को आयोजित बैठक के मिनट्स कापी के कंडिका तीन में 15त्र लोह अयस्क परिवहन को सड़क मार्ग से करने के लिए तत्कालीन सी जी एम (आई ओ सी) साहब ने बताया था की आई ओ सी में अनुमोदन के लिए एम ओ ई के पास भेज दिया गया है ,अभी यह अंतिम स्टेज है की जानकारी दी गई थी,किंतु छः साल के बाद भी परिवहन की समस्या अंगद के पांव के तरह जमी हुई है ,उसके बाद भी बैठको का दौर चला किंतु राजहरा परिवहन संघ को कार्य नही मिला ,बालोद कलेक्टर ,बी एस पी प्रबंधन सचिव खनिज साधन विभाग( छ ग) शासन को परिवहन संघ की मांगों का अनुमोदन कर पत्र भेजा गया किंतु वहा से भी किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिल पाई है जिसके कारण परिवहन संघ मांगो को लेकर पुनः धरना प्रदर्शन में बैठे है ?। इस संबंध स्थानीय सांसद ,विधायक सहित अन्य जनप्रतिंनिधियोके पास वर्षो से गुहार लगा चुके हैं धरना प्रदर्शन में मनोज दुबे उपाध्यक्ष नगर पालिका,गोविंद वाधवानी अध्यक्ष व्यापारी संघ , नरेंद्र सिंह तुली ,अनिल सुथार , अशोक लोहिया ,जगजीत सिंह मरवाहा ,प्रदीप जायसवाल, संदीप शाहा, चरणजीत सिंह, संदीप बरमोटे,सुनील साहू,संजय विश्वकर्मा , देवेंद्र साहू , भागीराम साहू ,दिलीप सिन्हा ,शमीम खान ,छोटेलाल गुप्ता,संतोष देवांगन ,काकू रंधावा,सुनील जायसवाल ,प्रदीप बरमोटे, विवेक , रंजीत सिंह , चौवा राम भूआर्य संघ के पदाधिकारी सहित संघ के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

**खैरागढ़,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट खैरागढ़ में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशन में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा किया गया।

### मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट उपस्थिति

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा नंद चन्द्राकर अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने की। इस अवसर पर डाईट प्राचार्य डॉ. सुनील शर्मा, के.के. वर्मा पार्षद मोनिका रजक, भूपेन्द्र रजक व समाजसेवी नंद चन्द्राकर उपस्थित रहे।

### छात्रों का प्रदर्शन

दोनों विकासखण्डों से आए विद्यार्थियों ने पक्ष-विपक्ष में अपने विचार रखे और सड़क सुरक्षा नियमों की महत्ता पर बल दिया। प्रथम स्थान शासकीय उ.मा.वि. बढ़ईटोला 7000 द्वितीय स्थान पीएम श्री सेजेस गण्डई 5000 तृतीय स्थान सेजेस खैरागढ़ 3000

साथ ही तीन टीमों को 2000- 2000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। प्रथम तीन दल 6 सितम्बर को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### सड़क सुरक्षा का संदेश

मुख्य अतिथि चन्द्राकर ने बच्चों को हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशे में वाहन न चलाने और नियमों का पालन करने की नसीहत दी। अध्यक्षता कर रहे द्विवेदी ने विद्यार्थियों को रूल ऑफ द रोड जैसे पाठ की प्रासंगिकता बताई।

### निर्णायक मंडल

निर्णायक समिति में जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, जिला कार्यक्रम अधिकारी पी.आर. खुटेल, नगर निरीक्षक शक्ति सिंह सहित कुल सात सदस्य शामिल रहे।

### संचालन व आभार

कार्यक्रम का संचालन कमल वर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन नोडल अधिकारी नेहरूलाल वर्मा ने किया।

# सलोनी का खेल मैदान पानी से लबालब, बच्चों का खेलना हुआ मुश्किल, प्रशासन पर भेदभावपूर्ण रवैये का आरोप

**खैरागढ़,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम सलोनी का एकमात्र खेल मैदान इन दिनों तालाब का रूप धारण किए हुए है। बरसात शुरू होते ही मैदान पानी से भर जाता है और तीन-तीन माह तक उसमें पानी ठहर जाता है। इससे बच्चों और युवाओं को खेलकूद जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है।



### बच्चों की पढ़ाई और खेल दोनों प्रभावित

ग्रामीणों का कहना है कि सलोनी और आसपास के गांवों के स्कूली बच्चों के लिए यही एकमात्र खेल मैदान है, लेकिन पानी भर जाने के कारण वे खेलकूद गतिविधियों से वंचित हो जाते हैं। बच्चे बरसात के मौसम में मैदान में न खेल पाते हैं और न ही किसी अन्य सुरक्षित स्थान का विकल्प उपलब्ध होता है। इससे उनकी शारीरिक और मानसिक विकास की प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

### प्रशासन की चुप्पी से नाराज ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जिला प्रशासन और जनपद अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। खेल मैदान में पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा शासन-प्रशासन के पास भ्रष्टाचार करने के लिए तो बजट है, लेकिन बच्चों के भविष्य की चिंता करने के लिए पैसा नहीं है।

### जनपद सदस्य ने लगाए गंभीर आरोप

क्षेत्रीय जनपद सदस्य खेमराज जैन ने शासन-प्रशासन पर सीधे आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सायकल स्टैंड, सीसी रोड और अन्य कामों के लिए बजट उपलब्ध करा दिया जाता है क्योंकि उनमें भ्रष्टाचार की संभावना रहती है। लेकिन सलोनी के खेल मैदान की दशा सुधारने और पानी निकासी के लिए नाली निर्माण जैसे कार्यों के लिए कोई बजट नहीं निकाला जाता। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ईमानदारी से चाहे तो थोड़े से बजट में नाली निर्माण कर बच्चों को स्वच्छ खेल मैदान उपलब्ध कराया जा सकता है।

### ग्रामीणों ने उठाई स्थायी समाधान की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि हर साल की समस्या को देखते हुए खेल मैदान के चारों ओर पक्की नाली का निर्माण जरूरी है। यदि प्रशासन गंभीरता से ध्यान दे तो यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नाली निर्माण कार्य शुरू कर बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ खेल मैदान मुहैया कराया जाए।

**ग्राम सलोनी के खेल मैदान में पानी की निकासी के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है।**

**नारायण बंजारा सीईओ**
**जनपद पंचायत खैरागढ़**

# दीदी के गोठ कार्यक्रम का प्रसारण सुनाया गया



**सहसपुर लोहारा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रयास महिला संकुल संगठन उड़िया खुर्द विकासखंड सहसपुर लोहारा में च्दीदी के गोठज्ज कार्यक्रम का रेडियो प्रसारण सुनाया गया। इस अवसर पर सहसपुर लोहारा भाजपा मंडल अध्यक्ष लालाराम साहू , महामंत्री सोहन शिवोपासक , पूर्व मंडल अध्यक्ष परेटन वर्मा , जनपद सदस्य दिनेश विश्वकर्मा , केवल दास मानिकपुरी , कमलेश निषाद सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत उड़िया,स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पंचगणो की उपस्थिति के साथ-साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिव कुमार साहू ,कार्यक्रम अधिकारी सेवकुमार चंद्रवंशी, के साथ संकुल के पदाधिकारी एवं विभिन्न गांव से आए हुए समूह की महिलाये उपस्थित रहे। दीदी के गोठ सुनकर महिलाएं स्वालंबी एवं आत्मनिर्भरता के लिए संकल्प लिया गया। सफलता की कहानी उड़िया संकुल के महिलाओं द्वारा भी मंच से सुनाया गया।

## आज खैरागढ़ में होगा महाबोधि महाविहार बौद्धों को मुक्त करने मशाल रैली का आयोजन

**खैरागढ़,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। खैरागढ़ जिला मुख्यालय में 1 सितंबर सोमवार को महाबोधि महाविहार बौद्धों को देने के लिए जिले में मशाल रैली का आयोजन किया जाएगा यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे दाऊ चौरा बुद्ध विहार से रैली निकलकर पैदल बौद्ध समाज को आवंटित जमीन तक पहुंचेगी वहां पर समाज के द्वारा व भंते धम्मतप के द्वारा मशाल रैली का आयोजन होगा वहां पर उद्बोधन होने के बाद रैली पैदल जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जायेगा भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष संतोष कामडे ने सभी बौद्ध अनुयायियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

उल्टा पुल्टा

पत्नी- सुनो जी, तुम चुकंदर खाया करो.
पति- पर क्यों?
पत्नी- इसे खाने से खून अच्छा लाल और गाढ़ा होता है.
पति- अच्छा, अब तुम्हें खून भी हाई क्वालिटी का पीना है...

संपादकीय

## मरीजों की जान से खिलवाड़

लगता है कि छत्तीसगढ़ के शासकीय अस्पताल मरीजों की जान से खिलवाड़ पर उतारू हैं। लगभग एक हफ्ता पहले एक अस्पताल में महिला गार्ड द्वारा मरीज को इंजेक्शन लगाने का मामला ठंडा भी नहीं हुआ है कि एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्यून द्वारा दवाएं बांटने का प्रकरण सामने आ गया है। एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव टॉर्च की रोशनी में कराने का कारनामा हो चुका है, सो अलग। राज्य सरकार ऐसे अस्पताल प्रमुखों तथा इसके जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई करे। इन मामलों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। स्वास्थ्य विभाग यह भी देखे कि आखिर किन परिस्थितियों के तहत गार्ड को सुइयां लगानी पड़ रही हैं और प्यून का काम करने वाले किसलिये फार्मासिस्ट बनकर दवाएं वितरित कर रहे हैं।

मैनपाट (सरगुजा जिला) के कमलेश्वरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक चपरासी दवा बांट रहा है। पूछने पर उसने स्वीकार किया कि ऐसा वह पहले भी करता रहा है। उसका दावा है कि उसे दवाओं का भरपूर ज्ञान है। बताया तो यह जाता है कि जो फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत है वह अक्सर गायब रहता है क्योंकि उसका निजी मेडिकल स्टोर्स है। हाल ही का एक अन्य मामला गरियाबन्द जिला अस्पताल का है। यहां की एक महिला सुरक्षा गार्ड द्वारा महिला मरीज को इंजेक्शन लगाने का फोटो वायरल हुआ था। कलेक्टर ने अस्पताल के सिविल सर्जन तथा सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट ने खुद कलेक्टर को जवाब तलब किया। असली बात तो यह है कि दवा बांटता चपरासी हो या इंजेक्शन लगाती महिला गार्ड- वे स्वयं तो ये काम करने से रहे। शासकीय अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी दवाएं, इंजेक्शन आदि अधिकृत व्यक्ति के आदेश पर ही जारी होती हैं। गार्ड हों या प्यून- क्या पहले से ऐसा करते आ रहे हैं? एक अन्य घटना तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केन्द्र की है जहां टॉर्च की रोशनी में एक प्रसव कराया गया। टांके भी सीमित रोशनी में लगे। केन्द्र के पास जनरेटर न होने से यह नौबत आई थी।

उक्त मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को चाहिये कि वह प्रदेश के तमाम शासकीय अस्पतालों, स्वास्थ्य, उप स्वास्थ्य तथा सामुदायिक केन्द्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त तो करे ही, वह यह भी सुनिश्चित करे कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी जिस काम के लिये नियुक्त है, वे ही निर्धारित करें। सभी आवश्यक सुविधाएं, स्टाफ की पूरी तरह और पूरे वक्त तक तथा दवाओं की उपलब्धता, मशीनों का ठीक हालत में संचालन आदि भी सुनिश्चित किया जाना चाहिये। सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च तो भरपूर करती है लेकिन डॉक्टर, अधिकारियों या कर्मचारियों की अनुपलब्धता या लापरवाही के चलते लोगों को वह लाभ नहीं मिलता जो सरकार चाहती है। मरीजों की जान से खिलवाड़ तो होता ही है।

# फिटनेस के लिए प्रेरित करने संडेज ऑन सायकल कार्यक्रम का आयोजन

## कलेक्टर सहित अधिकारी एवं स्कूली बच्चों ने की सायकिलिंग

**बलौदाबाजार,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रहष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविवार को मोर खेल मोर गौरव संडेज ऑन सायकल का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी, डीएफओ गणवीर धम्मशील सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं स्कूली बच्चों ने सायकिलिंग से फिटनेस का सन्देश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोनी ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने फिटनेस शपथ दिलाई। सायकिलिंग स्थानीय पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाइस्कूल मैदान से प्रातः 7 बजे प्रारम्भ होकर चक्रपाणी हाई स्कूल मैदान से प्रारम्भ होकर तहसील कार्यालय, गार्डन चौक, बस स्टैंड, यातायात कार्यालय गौरवपथ होते हुए वापस पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाइस्कूल मैदान में सम्पन्न हुआ।




इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा आहार के साथ व्यायाम और खेलकूद भी जरूरी है। शारीरिक स्वास्थ्य से मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक रहता है और सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने की ऊर्जा मिलती है। उन्होंने बच्चों से कहा कि आहार के रूप में घर का ताजा भोजन का आदत डालें, स्ट्रीट फूड, बाहर का खाना को परहेज करें। डीएफओ गणवीर धम्मशील ने कहा कि फिट रहना है तो खानपान के साथ खेलकूद भी जरूरी है ।शरीर हमारी संपत्ति है और जिस प्रकार सम्पति को सहेजने सुरक्षित रखने में ध्यान देते है उसी तरह शरीर पर भी ध्यान देना है। दिनचर्या में समय का ध्यान देना जरूरी है, खेल गतिविधि में भाग लें। कार्यक्रम को स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीएम प्रकाश चंद्र कोरी, भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, टेसूलाल धुरंधर, खोडस कश्यप, डा. जे एन केसरवानी, वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर, शिवकुमार बांधे सहित गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**राजिम,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राजिम पुलिस ने सुने मकान में सोने के जेवर और कैश चोरी करने वाले चार आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपीयों में एक नाबालिक भी शामिल है। पुलिस ने इनके पास से दो नग सोने का चौन और नगदी रकम भी बरामद किया है।



राजिम पुलिस ने नाबालिग सहित चार आरोपीयों को किया गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार 28 अगस्त 2025 को कोमलराम सोनकर पिता मंगलूराम 44 वर्ष निवासी बकली ने राजिम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 2 7 अगस्त 2025 की रात्रि अपने परिवार को लाने के लिए अपने ससूराल गया हुआ था। 28अगस्त को सुबह जब वह घर पहुंचा तो देखा कि, घर के दरवाजे का ताला टुटा हुआ था। घर के पीछे बाडी जाने वाले रास्ते का दरवाजा खुला हुआ था। परिवार वालों के साथ मिलकर घर में रखे पैसे एवं सामानों को चेक किया तो फैंसी दूकान के अंदर का दरवाजा कुंदा टुटा हुआ था। दुकान के अंदर ड्राज में रखे नगदी रकम 17 हजार रू एवं मुख्य ड्राज में रखे नगदी रकम एवं मुख्य कमरा के गोदरेज में रखे नगदी 50 हजार रू एवं 02 नग पुराना सोने की चौन किमती करीबन 70 हजार रू0 कुल 1 लाख 37 हजार रू को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

रिपोर्ट पर थाना राजिम में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर इस मामले में स्पेशल टीम एवं मुखबीर सक्रिय किया गया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान स्पेशल टीम से सूचना मिली की कोई व्यक्ति सोने का चौन बेचने के फिराक में घुम रहा है। गिरफ्तार आरोपियों में डिगेश उर्फछर्री उर्फभुपेन्द्र कुर्रे पिता गिरधारी कुर्रे उम्र 19 साल, मोहन टण्डन उर्फ राकेश पिता विजय टण्डन उम्र 21 साल अजील मिरी उर्फचिकू पिता हिरा मिरी उम्र 19 साल, सभी ग्राम बकली निवासी थाना राजिम जिला गरियाबंद एवं नाबालिग बालक शामिल है।

# अभनपुर में भीषण सड़क हादसा, स्कूटी सवार युवकों ने गाय को मारी टक्कर

### दोस्त को छोड़ने राजिम आ रहे थे युवक

**नवापारा राजिम,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। अभनपुर इलाके में बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा अभनपुर-झांकी के बीच स्थित धर्मकांटा के पास हुआ। स्कूटी सवार तीन युवक एक गाय से टकराकर गिर गए। हादसे में गाय की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, तीन युवक रायपुर भारत माता चौक से राजिम आ रहे थे। बताया जा रहा है कि युवकों में से एक राजिम इलाके का रहने वाला है। उसके दोस्त उसे छोड़ने स्कूटी से राजिम आ रहे थे। अभनपुर पहुंचने से पहले धर्मकांटा के पास तेज रफ्तार स्कूटी अनियंत्रित होकर एक गाय से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि तीनों युवक दूर जा गिरे। स्कूटी के परखच्चे हो गए। इस हादसे में गाय की मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घायल युवकों को अभनपुर सीएचसी ले गई, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों को रायपुर रेफर कर दिया गया। युवकों की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## कार्य में लापरवाही पर पटवारी को नोटिस जारी

**बलौदाबाजार,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को बहुत ही संजीदगी से लिया जा रहा है। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारी को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील सिमगा के पटवारी सौरभ अग्रवाल अनेक निर्देश के बावजूद डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य में रूचि नहीं लिया जा रहा था जिससे अनुभाग की प्रगति प्रभावित हो रही थी। इस कारण एसडीएम सिमगा द्वारा पटवारी सौरभ अग्रवाल को नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# सिंधु युवा विंग ने दिव्यांग चंपू साहू को व्हीलचेयर प्रदान कर पेश की मानवता की मिसाल

**नवापारा राजिम,** 31 अगस्त (देशबन्धु)।. कहते हैं इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता. इसे चरितार्थ कर दिखाया है नगर के सिंध समाज के जागरूक युवाओं ने. एक दिव्यांग युवक की सहायता कर युवाओं ने मानवता की मिसाल पेश की है संस्था के अध्यक्ष लक्की मेघवानी ने कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है. नगर के वार्ड क्रमांक 9 निवासी, छत्तीसगढ़ महतारी चौक सुभाष चौक के पास रहने वाले चंपू साहू जो की पैर से विकलांग है. चलने फिरने में असमर्थ हैं. उनकी विकलांगता 80त्न है.



सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा सोशल मीडिया में डाले गए पोस्ट च्च्एक मसीहा की तलाश च्च को देखकर उनका दिल पसीज गया. संस्था ने आगे आकर दिव्यांग चंपू साहू की मदद करने की बात कही. जिस पर चंपू ने अपनी सहमति प्रदान की. दिव्यांग चंपू साहू को सामाजिक संस्था के द्वारा व्हीलचेयर प्रदान किया गया. व्हीलचेयर पाकर उनकी खुशी का कोई ठिकाना नही रहा. चंपू साहू अत्यंत भावुक हो गए. इस सहायता के लिए उन्होंने संस्था को धन्यवाद दिया. इस अवसर पर श्री सिंध युवा विंग के विक्रम साधवानी, लक्की मेघवानी, प्रवेश राजपाल, प्रदीप लालवानी, करण आयलसिंघानी, मंथन मध्यानी, सागर राजानी, दीपक गुनानी, सौरभ मध्यानी, हिमांशु सचदेव, गिरीश नागवानी, नीरज साधवानी, अमन चावला, आकाश पंजवानी, यश फोटानी, हर्ष गोविंदानी, गुलाब नत्थानी, निखिल साजवानी, वंश खुराना, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

# विधायक सहित भाजपा नेताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

**महासमुंद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 125वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बूथ क्रमांक 193 बीटीआई शक्ति केंद्र विधायक कार्यालय में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। इस बार भी प्रधानमंत्री ने अलग.अलग क्षेत्रों व मुद्दों पर चर्चा की। एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों से हमने भीषण बाढ़.भूस्खलन जैसी आपदाओं को देखा है। इन घटनाओं ने हर भारतीय को दुख पहुंचाया है। हम उन परिवारों के दुख में शामिल हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। जहां भी आपदाएं आईं, हमारे एनडीआरएफऔर एसडीआरएफके जवानों ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर, दिन.रात अथक परिश्रम किया है। आगे कहा कि बाढ़ और बारिश से हुई तबाही के बीच जम्मू.कश्मीर ने दो बेहद खास उपलब्धियां भी हासिल की हैं।



पुलवामा के एक स्टेडियम में रिकॉर्ड संख्या में लोग इकट्ठा हुए। पुलवामा का पहला डे.नाइट क्रिकेट मैच यहीं खेला गया। पहले यह नामुमकिन था, लेकिन अब मेरा देश बदल रहा है। वहीं देश का पहला खेलो इंडिया वाटर स्पोर्टस फेस्टिवल श्रीनगर की डल झील में आयोजित हुआ। इसमें पूरे भारत से 800 से ज्यादा एथलीटों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कई उम्मीदवार यूपीएससी की फाइनल लिस्ट में जगह नहीं बना सके। उनकी जानकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रतिभा सेतु ऐप पर उपलब्ध कराई जा रही है। जो देश की बड़ी.बड़ी कंपनियों के साथ शेयर की जाएगी, ताकि उन्हें इन कंपनियों में अच्छी जॉब मिल सके। इसके अलावा जर्मनी के डाइटमार बेयर्सडॉर्फर दुनिया के फेसम पोडकास्टर के साथ पोडकास्ट के दौरान एमपी के शहडोल के फुटबॉल खिलाड़ियों का जिक्र हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत के रहने वाले जितेंद्र सिंह राठौड़ के बारे में कहा कि वे एक सिक्योरिटी गार्ड हैं। वे कुछ सालों से उन सभी जवानों की जानकारियां जुटा रहे हैं, जो भारत के लिए दुश्मन देश से लड़े। जितेंद्र के पास प्रथम विश्व युद्ध से लेकर अब तक शहीद हुए वीर जवानों की डिटेल है। उनके पास हजारों जवानों की तस्वीर भी हैं, जो शहीद हो चुके हैं। जितेंद्र ने करीब ढाई हजार शहीद जवानों के माता.पिता के चरणों की मिट्टी भी अपने पास आशीर्वाद के तौर पर रखी है। साथ ही बिहार की देवकी सोलर दीदी के बारे में बताया कि उन्होंने अपने गांव में सेल्फहेल्प ग्रुप से जुड़कर सोलर पंप सिस्टम लगाया है। पहले यहां सिर्फ कुछ एकड़ जमीन की ही सिंचाई हो पाती थी, अब 40 एकड़ से ज्यादा खेतों तक पानी पहुंच रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, दिग्विजय साहू, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, भाजपा नेता प्रकाश शर्मा, मनीष शर्मा, गोविंद ठाकुर, माखन पटेल, पीयूष साहू, दिनेश रूपरेला, गोपी कन्नौजे, गुड्डा सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# सार्वजनिक बोरवेल से निजी कनेक्शन, पालिका ने की कार्रवाई

**महासमुंद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका निखिलकांत साहू के निर्देश में शहर के सभी 30 वार्डों में स्थित बोरवेल के माध्यम से संबंधित वार्ड के लोगों को जलापूर्ति की जा रही है। समय.समय पर बोरवेल की मरम्मत, सफाई आदि कार्य भी किए जा रहे हैं। श्री साहू ने कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि सार्वजनिक बोर में सभी वार्डवासियों को समान रूप से जल प्रदाय किया जाए। यदि किसी नागरिक द्वारा सार्वजनिक बोरवेल में अवैध अतिक्रमण कर निजी तौर पर कनेक्शन जोड़ा जाता है तो तत्काल कार्रवाई करते हुए कनेक्शन काटने सहित जल वितरण कार्य में पारदर्शिता बरतें।




इसके परिपालन में आज नगर पालिका के जल विभाग की टीम ने एक नागरिक द्वारा वार्ड 2 एवं 10 के मध्य स्थित नगर पालिका के सार्वजनिक बोर में अवैध रूप से अतिक्रमण कर निजी भवन के लिए जोड़े गए जल कनेक्शन को काटकर बोरवेल को कब्जा मुक्त किया गया। साथ ही नागरिकों के लिए जल वितरण को व्यवस्थित किया गया। पालिकाध्यक्ष श्री साहू ने नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक बोर में किसी प्रकार से निजी कनेक्शन बिना अनुमति के न लेवें। वार्डों में बोरवेल वार्डवासियों की सुविधा के लिए खनन कराया गया है। निजी कनेक्शन लगाने से विवाद की स्थिति निर्मित होती है।

# तुषार सेन का राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के लिए चयन

**बलौदाबाजार,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। आर.के.जी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा बारहवीं के छात्र तुषार सेन का 2025-26 के लिए राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता गौरेला पेंड्रा मरवाही के लिए चयन हुआ है। तुषार सेन वीरेंद्र सेन एवं साधना सेन के सुपुत्र हैं। बड़े पापा गंगाराम सेन चाचा बबलू सेन भाई ग्रितेश एवं सोमेश सैन ने उनके चयन पर हर्ष जताया है। संस्था के प्राचार्य एमपी चौधरी ने बताया कि तुषार सेन का प्रारंभ से ही क्रिकेट के प्रति गहरा लगाव है इनका 2021-22 में एवं 2024ऋ25 में भी राज्य स्तरीय साले य क्रीडा प्रतियोगिता में चयन हुआ था। वहीं 2022-23 में छत्तीसगढ़ स्तरीय क्रिकेट संघ में भी इनका चयन हुआ था। साला परिवार के संचालक विनय गुप्ता ने बताया कि बलौदाबाजार के गौरव तुषार सेन निरंतर अभ्यास से ही यहां तक पहुंचे हैं और विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं उनके रिश्तेदार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।



# वार्डवासियों ने गणेशजी का सामूहिक आरती की

**राजिम,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 03 सरदार वल्लभभाई पटेल पारा मे गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में प्रतिदिन सुबह और शाम 7 बजे गणेशजी की भव्य आरती और छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलो का आयोजन समिति द्वारा आयोजित किया गया है। जिसमें महिलाओं बच्चों के द्वारा भगवान गणेश जी की सामूहिक आरती के पश्चात कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ मे मनोज ने भारी स्पर्धा के बीच प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### कुर्सी दौड़ का किया गया आयोजन, दौड़ में गौकरण ने लिया प्रथम स्थान

पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने बताया कि ओम गणेश समिति के सदस्यों ने इस वर्ष गणेश उत्सव को आकर्षक व भव्य बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सोमेश दुबे, हरशु महाराज, भूपेंद्र दुबे, प्रीत दुबे, विवेक निर्मलकर, कुणाल यादव, कृष्णा पटेल, चंदन पटेल, राहुल पटेल, मनोज पटेल, पिंटू पटेल, रंजीत पटेल, विकास पटेल, दुर्गेश पटेल, रीना सेन, रामा सेन, तुळजा शिंदे, परी शिंदे, अनमोल शिंदे, त्रिवेणी पटेल, तनु यादव, मया सेन, मंजू सेन, गौरी पटेल, सीमा यादव सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

# नागरिक सेवा समिति के 21 सदस्यों का जत्था अयोध्याधाम के लिए हुए रवाना

**बलौदाबाजार,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बलौदाबाजार नगारिक सेवा समिति के 21 सदस्य पावन नगरी अयोध्या धाम में श्रीराम लला के दर्शन हेतु रविवार 31 अगस्त को शाम 7 बजे रवान हुए हैं। बस स्टैण्ड बलौदाबाजार में उक्त जत्था को नागरिक सेवा समिति बलौदाबाजार के अध्यक्ष श्याम शुक्ला, शिव शंकर अग्रवाल एवं वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किये। इस दौरान जय श्री राम के उदघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा था। जत्था बलौदाबाजार से बस द्वारा भाटापारा के लिए रवाना हुआ। वहीं भाटापारा से रेल मार्ग द्वारा अयोध्या धाम के लिए दर्शनार्थीगण रवाना हुए। इस अवसर पर नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष श्याम शुक्ला ने रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए सभी सदस्यों को बधाई देते हुए उन्हे यात्रा की शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर समाजसेवी शिव शंकर अर्ग्रवाल एवं रामाधार पटेल ने कहा कि नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष श्री शुक्ला के प्रयास से ही उक्त अवसर समिति के सदस्यों को प्राप्त हुआ है। जिनके लिए श्री शुक्ला के प्रयास पर प्रसंशा व्यक्त करते हुए रवाना हुए तीर्थ यात्रियों के मंगल यात्रा की कामना की।




### समिति के अध्यक्ष श्याम शुक्ला, शिव शंकर एवं रामाधार पटेल ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

यात्रा में शामिल सदस्य रामलला के दर्शन की कल्पना मात्र से ही गहरी आस्था और उत्साह से भर उठे। यात्रा दल ने नागरिक सेवा समिति के संरक्षक आर.एन वर्मा, देवेन्द्र कश्यप, संयोजक सोनचंद वर्मा, बुद्धेलाल साहू पत्नी लीला साहू, सदस्य तारणसिंह ठाकुर, अहिल्या ठाकुर, पुनीतराम वर्मा, कुशल वर्मा, बेदराम वर्मा, दुलारी वर्मा, पुष्पलता वर्मा, युगल किशोर साहू, गियासी साहू, जीवनलाल वर्मा, गायत्री वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, लेखा वर्मा, दिलीप कुमार कन्नौजे, छबी लाल साहू, नरेश कुमार सिरमौर शामिल है। सभी सदस्यों ने प्रस्थान से पूर्व बताया कि यह अवसर उन्हे समिति के अध्यक्ष श्याम शुक्ला के नेतृत्व में मिला है। जिसके लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बुजुर्गो को जीवन में एक बार अपने अरमान पुरा करने का अवसर मिलता है। सभी सदस्यों ने यह भी कहा कि अयोध्या धाम जाकर श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में दर्शन करना वर्षो पुराना सपना था जो अब पूरा हो रहा है। अयोध्या में रामलला दर्शन के साथ साथ श्री राम मंदिर, हनुमानगढी, सरजुतट के धार्मिक स्थल वापसी में बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर एवं वहां के धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेंगे।

# भाजपा सरकार में साय-साय विकास कार्य हो रहा है: भीखम सिंह ठाकुर

**बागबाहरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भीमखोज में सामुदायिक भवन एवं आश्रित ग्राम जोरातराई में रंगमंच निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन सर्व आदिवासी समाज के दबंग जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर ने धरती माता में कुदाल चलाकर विधि विधान से किया। भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के डबल इंजन सरकार में प्रदेश में साय-साय विकास कार्य हो रहा है। जिससे प्रदेश का तकदीर एवं तस्वीर बदलते नज़र आ रहे हैं। प्रदेश में चारो तरफ विकास की गंगा बह रही है। भाजपा सरकार सभी वर्गो के हितो को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है। जिससे देश प्रदेश के लोग खुश नज़र आ रहे हैं। भाजपा शासन काल में विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाओ का संचालन सरकार द्वारा किया जा रहा है। जिससे हितग्राहियों को अच्छा खासा लाभ मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि गांव के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए सामुदायिक भवन और रंगमंच भवन महत्वपूर्ण आधारशिला सिद्ध साबित होंगे। यह निर्माण कार्य ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए सशक्त मंच प्रदान करेगा। और आने वाली पीढ़ियों के लिए यह मील का पत्थर साबित होगा।



इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य बलराम ध्रुव, ग्राम पंचायत भीमखोज के युवा सरपंच भेखराम बघेल ,खल्लारी सोसायटी अध्यक्ष नंदकुमार निषाद, उपसरपंच युगेश पटेल, पूर्व सरपंच प्रमोद चंद्राकर, कैलाश बघेल, पंच सुरेश पटेल, महत राम, भुनेश्वर, ताराचन्द्र देवांगन, भाजपा मंडल खल्लारी महामंत्री ध्रुव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष पूरन सबर, युवा मोर्चा महामंत्री हीरा साहू, ताराचंद साहू, काशी राम, महेंद्र कुमार ध्रुव, बसन्त यादव, पंचायत सचिव कार्तिक राम भारद्वाज, ओमप्रकाश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, माता-बुजुर्ग और युवा साथी उपस्थित थें।

# पदोन्नति सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन आज करेंगे संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय का घेराव

**बागबाहरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। मिडिल स्कूल प्रधानपाठक पदोन्नति के मुद्दे को लेकर रायपुर संभाग के शिक्षक (एल बी) ई व टी संवर्ग छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के बैनर तले संभागीय संयुक्त संचालक पेंशन बाड़ा रायपुर स्थित कार्यालय का घेराव करेंगे। जिलाध्यक्ष महासमुंद नारायण चौधरी के निर्देशन में आज छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई बागबाहरा के अध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व एवं सचिव मनीष अवसरिया ,उपाध्यक्ष द्वय राजेंद्र पांडे,सौरभ मेहरकुरें की विशेष उपस्थिति में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा कौशल कुमार वर्मा को 1 सितंबर 2025 को सामूहिक अवकाश में रहते हुए संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय रायपुर का घेराव करने ज्ञापन सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि वन टाइम रिलेक्सेशन के तहत अन्य चार संभागों में 3 से 4 बार मिडिल स्कूल प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति हो चुका है। ज्ञात हो कि माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा तत्सम्बन्ध में दायर याचिका का निराकरण भी किया जा चुका है। इसके बावजूद रायपुर संभाग में मिडिल स्कूल प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति नहीं होने से संभाग के शिक्षक संवर्ग आर्थिक और मानसिक परेशानियों से गुजर रहे हैं। तथा भविष्य में होने वाले पदोन्नति में कनिष्ठ होने का खामियाजा भी पीड़ित शिक्षकों को भुगतना पड़ेगा। 31 अगस्त 2025 तक मिडिल स्कूल प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति नही होगी तो छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के द्वारा1 सितम्बर 2025 को सामूहिक अवकाश लेकर संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय पेंशनबाड़ा रायपुर का घेराव किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ब्लॉक इकाई बागबाहरा के पदाधिकारी जितेंद्र कुमार साहू,संतोषी साहू ,भूपेन्द्र निराला,गजानन दीवान, लुभान दीवान ,देवलाल सिन्हा ,पुनीतराम ध्रुव एवं लखनलाल साहू ने सामूहिक अवकाश लेकर 1 सितम्बर को पेंशन बाड़ा रायपुर स्थित जे डी कार्यालय में उपस्थित होने की अपील की है।




# हाईस्कूल चुरकी के प्रभारी प्राचार्य दीवान को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई



**बागबाहरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल चुरकी के प्रभारी प्राचार्य झाडूराम दीवान के सेवानिवृत्त होने पर भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन 30 अगस्त शनिवार को विद्यालय प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर थें। उन्होंने विदाई कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहाँ के प्रभारी प्राचार्य श्री दीवान जी शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े रहे। वे हमेशा समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करते रहे। उनके द्वारा दिए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सावित्री शांत कुमार साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत चुरकी) ने की। प्रभारी प्राचार्य श्री दीवान को यहाँ एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें शिक्षकों, छात्र छात्राओं एवं ग्रामीणों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर भाजपा नेता हृदय राम ध्रुव एसएमडीसी अध्यक्ष, भाजपा मंडल महामंत्री ताराचंद देवांगन एवं शिक्षक शिक्षिकायें एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। विद्यार्थियों, शिक्षकों व ग्रामीणजन ने मिलकर अपने प्रिय प्राचार्य जी के शिक्षण एवं सामाजिक योगदान को याद कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। हम सबकी शुभकामनाएँ हैं कि ईश्वर प्रभारी प्राचार्य चुरकी झाडूराम दीवान को स्वस्थ, दीर्घ एवं सुखमय जीवन प्रदान करें।

# शास महाविद्यालय में पालक सम्मेलन

**सरायपाली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉसंध्या भोई के निर्देशन में एवं श्रीमती शब्या पटेल (संयोजक-शिक्षक अभिभावक सम्मेलन एवं विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ आगंतुक अभिभावकों के परिचय एवं स्वागत से हुआ। संयोजक श्रीमती शब्या पटेल द्वारा शिक्षक अभिभावक बैठक के उद्देश्य एवं रूपरेखा के बारे में बताया गया। इस सम्मेलन में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली, विद्यार्थियों की अकादमिक प्रगति, महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों, विभागीय ग्रंथालय, बुक बैंक योजना एवं छात्रवृत्ति के संदर्भ में जानकारी साझा किया गया। अभिभावकों की ओर से प्रमोद सामंत राय, दिनेश कुमार प्रधान प्रदीप दास सरोज बारिक राजेश प्रधान चित्रसेन प्रधान ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किये। प्राचार्य महोदय ने आगंतुक सभी अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास एवं अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण में शिक्षक -अभिभावक की भूमिका के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को स्वयं की क्षमताओं को पहचानते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया गया। इस सम्मेलन में श्री अनिल गुप्ता (अतिथि व्याख्याता), अभिभावकगण एवं रसायन शास्त्र विभाग के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। बैठक का संचालन श्री पी.बाघ द्वारा किया गया।



# भरसेला स्कूल में पूर्व छात्र मिलन समारोह संपन्न



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ निर्माण के रजत जयंती पूर्ण करने पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय भरसेला बड़ा में शनिवार को पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व छात्रों ने अपने-अपने विचार रखे। विद्यालय के प्रधान पाठक डॉ. कमलेश कुमार सेन ने उद्बोधन में बताया कि व्यक्तित्व निर्माण बिना शिक्षा वैसी ही है, जैसे बिना नींव के मकान। हमारे विद्यालय में व्यक्तित्व निर्माण खेल-खेल के माध्यम से किया जाता हैं।

पूर्व छात्र नीलकमल सोनवानी ने बताया कि विद्यालय में आना मुझे घर जैसा लगता है। पूर्व छात्र गजानंद सेन ने बताया कि आज जो 70 प्रतिशत बच्चे इंजीनियरिंग क्षेत्र में काम कर रहे हैं, वे सरकारी स्कूल के ही छात्र हैं। इस कार्यक्रम में विद्यालय से उत्तीर्ण नौकरी पेशा छात्रों भूषण वर्मा, भोला पैकरा, डागेश्वर पैकरा, रवि श्रेय, धनेश्वर सेन का स्मृति चिन्ह एवं गुलदस्तें से फलेन वर्मा प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार सेन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमित अवस्थी समन्वयक, लीला सिंह पैकरा काशीराम निर्मलकर, दुर्गेश वर्मा, शिक्षक ज्वाला कौशिक, द्रोपती श्रीवास, लखन पैकरा सहित पूर्व छात्र व ग्रामीण उपस्थित रहें।

# बारिश होने की मन्नत लेकर अर्जुनी में भगवान इन्द्र की स्थापना कर किया गया भजन किर्तन

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बारिश की कमी को देखते हुए कृषि कार्य हेतु पर्याप्त पानी की आवश्यकता को लेकर अर्जुनी में मान्यता के अनुसार भजन किर्तन कर भगवान इन्द्र की स्थापना की गई। जहां सम्पूर्ण ग्रामींणों द्वारा भजन किर्तन गाते हुए बारिश होने की कामना भगवान इन्द्र से की गई। ज्ञात हो कि क्षेत्र में कृषि कार्य के हिसाब से बारिश कम हुई है जिसके चलते खेतों में दरार पडने लगा है और इसी के चलते फसलों को नुकसान भी हो रहा है। उक्त स्थिति को देखते हुए ग्रामींणों द्वारा मान्यता के अनुसार उक्त अनुष्ठान किया गया।



अर्जुनी के मुख्य चौराहा गांधी चौक में ग्राम पंचायत के द्वारा वर्षा के देवता भगवान इंद्रदेव की स्थापना कर धार्मिक पूजा पाठ किया गया। जिसमें समस्त ग्रामवासी किसान भाई एवं व्यापारियों के द्वारा भगवान इंद्रदेव की मूर्ति के चारों ओर गोल-गोल परिक्रमा कर भजन कीर्तन जैसे ओम नमो भगवते वासुदेवाय नम: एवं श्री राम जय राम जय जय राम रघुपति राघव राजा राम श्री पतित पवन सीताराम सीताराम जय राम जय जय राम की रामधुनी के साथ सामान्य ग्रामीण जन, जन प्रतिनिधि गांव के प्रतिष्ठित ग्रामीण, महिला पुरुष सभी शामिल हुए। जिनके द्वारा भगवान इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए एवं क्षेत्र में अच्छी बारिश करने के लिए भगवान को प्रसन्न करने हेतु सभी ग्रामीणों के द्वारा महा बंद करने के पश्चात सभी लोगों ने अपनी-अपनी दुकाने बंद किया और दुकान बंद करने के पश्चात किसान, व्यापारी, अधिकारी कर्मचारी सभी वर्ग के लोग एकठा होकर एक साथ भगवान इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए रामधुनी कर भगवान का भजन कीर्तन किया गया। इस अवसर पर सरपंच कविता भागेला ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव उपसरपंच विष्णु साहू, शंकर रजक, आर आर साहू, पूर्व सरपंच प्रमोद जैन, चित्ररेखा साहू, मिथलेश सेन, पंच राधेश्याम साहू, प्रेमचंद वर्मा, चिंतामणि साहू, कन्हैया कटारे सचिन सोनी, प्रेमचंद साहू, रूपेश कुमार वर्मा, प्रीत राम वर्मा भोलाराम यदु, भकला राम वर्मा, तिलक वर्मा, गजानंद वर्मा, रामचंद्र सेन, राजू डायना सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शराब दुकानों में कैशलेस प्रणाली शुरू होने से शराब की अवैध बिक्री को मिलेगा बढ़ावा:अमर

**महासमुंद** 31 अगस्त (देशबंधु)। जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने सरकार द्वारा शराब दुकानों में लेन.देन प्रक्रिया को पूरी तरह कैशलेस किए जाने की तैयारी को अवैध शराब की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए की जा रही एक गैर जरूरी व्यवस्था बताया है। अमर ने कहा कि शराब दुकान में नकद सिस्टम बंद होने से गरीब, मजदूर वर्ग अधिक प्रभावित होंगे। अधिकतर लोग स्मार्ट फोन नहीं चलाते। ऑनलाइन भुगतान सुविधा की जानकारी भी नहीं रखते। हेमाल, कुली कबाड़ी के काम करने वाले मजदूर वर्ग के लोग अधिकतर प्रतिदिन शराब का सेवन करते हैं। ऐसे लोग शराब दुकानों में जाएंगे तो उन्हें शराब नहीं मिलेगी और वे मजबूरी में कोचियों का सहारा लेंगे। अवैध शराब विक्रेता आन लाइन भुगतान कर बड़ी मात्रा में शराब इकट्ठा करेंगे तथा उसे अधिक दर पर अवैध रूप से बेचेंगे। यही नहीं, ऑनलाइन भुगतान सुविधा शुरू होने से शराब दुकान के आसपास मौका परस्त लोग इसका फायदा उठाएंगे। जो लोग ऑनलाइन रूप से शराब खरीदने में असमर्थ होंगे उनसे अधिक राशि लेकर ऐसे लोग दुकानों से शराब खरीद कर उन्हें उपलब्ध कराएंगे। कहीं.कहीं ना कहीं इस व्यवस्था से आम जनता को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा ऑनालाइन प्रक्रिया गृह कलेश को भी जन्म देगा। डिजिटल भुगतान से शराब में खर्च राशि की जानकारी परिवार के सदस्यों को होने पर लड़ाई.झगड़ा का कारण भी बनेगा। अमर अरूण ने कहा कि डिजिटल भुगतान से अनेक समस्याएं सामने आएगी। गाँवों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट कनेक्शन कमजोर रहता है। यूपीआई फेल होना, सर्वर डाउन होना आम समस्याएं है। गाँवों के अधिकतर लोग स्मार्ट फोन नहीं चलाते, छोटे दुकानदार कैश लेते हैं, लेकिन सरकारी सिस्टम में यह आसान नहीं होती। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश लोग नकद लेनदेन करते हैं। उनके बैंक खाते में राशि नहीं होती। साथ ही कई बार ऑनलाइन भुगतान करने के बाद भी दुकानदार को पेमेंट रिसीव नहीं होने की बात सामने आती है। ऐसे ग्राहक को डबल भुगतान कर दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने इससे पूर्व राशन वितरण प्रणाली को बायोमेट्रिक पद्धति से शुरू कराया था। जो काफी धीमी व पूरी तरह फेल साबित हुई। इसमें कई प्रकार की तकनीकी समस्याएं सामने आई। इसी प्रकार शराब दुकानों में भी कैशलेस सुविधा में काफी सारी खामिया आ सकती है। यदि सरकार शराब दुकानों का पूरी तरह डिजिटल भुगतान शुरू करना चाहती है तो इस सुविधा को पहले शहरी क्षेत्र के शराब दुकानों में शुरू किया जाए। जिससे माह भर के भीतर ही ऑनलाइन प्रक्रिया के सुविधा व असुविधाओं के बारे में पता चल सके। इसके पश्चात ही प्रदेश में शराब दुकानों को कैशलेस किया जाए।



# शहर के 200 फुटपाथ व्यवसायियों को मिला प्रशिक्षण



**महासमुंद** 31 अगस्त (देशबंधु)। महासमुंद के स्ट्रीट फूड वेंडरों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण एवं किट प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम स्थानीय स्टेशन रोड स्थित होटल स्वर्ण में किया गया। प्रशिक्षण में फूड सेफ्टी से संबंधित जानकारी ट्रेनर द्वारा दिया गया। जिसमें शहर के 150 वेंडरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद सभी वेंडरों को किट जिसमें ड्रेस व तौलिया सहित अनेक प्रकार के सामग्री एवं नासवी नेस्ले संस्था का प्रमाण पत्र तथा एफएसएसएआई का सर्टिफिकेट नि:शुल्क प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम दिल्ली से संचालित नासवी संस्था जो स्ट्रीट फूड वेंडरों के हितों के लिए भारत के 25 राज्यो में अपनी सेवा दे रहे हैं। द्वारा किया गया। स्ट्रीट वेंडरों उक्त प्रशिक्षण दिलाने में समाजसेवी पंकज साहू का प्रमुख योगदान रहा। उन्होंने स्ट्रीट वेंडरों, फुटपाथ व्यवसायियों के हितों व अधिकार के लिए उन्हें जागरूक करने की दिशा में प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण बताया। नेस्ले द्वारा महासमुंद में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने में श्री साहू का योगदान रहा। श्री साहू उक्त संस्था के राष्ट्रीय सदस्य हैं। कार्यक्रम पश्चात पंकज साहू ने स्थानीय फुटपाथ लघु व्यवसायी संघ महासमुंद के 200 स्ट्रीट फूड वेंडरों को नासवी में विलय कर विधिवत सदस्यता दिलाया। अब फुटपाथ लघु व्यवसाई सम्बद्ध नासवी महासमुंद के नाम से राष्ट्रीय संगठन बन गया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्षता पंकज साहू, अतिथि खाद्य औषधि विभाग से शंखनाद भोई एवं मुंबई से जय मिश्रा नासवी तथा ट्रेनर पटना के विशाल आनंद सहित जबलपुर के प्रदीप तिवारी उपस्थित रहे।

**■ स्ट्रीट वेंडरों के हित व अधिकारों की रक्षा के लिए प्रशिक्षण जरूरी:पंकज**

# सिंधी समाज के चालिहा पर्व समापन पर हुआ भव्य आयोजन,रंजना साहू हुई शामिल



**धमतरी,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। धमतरी के सिंधी समाज द्वारा पूज्य चालिहा साहिब की पूर्णता के उपलक्ष्य में आयोजित 111 श्री बहराणा साहिब के भव्य धार्मिक आयोजन में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने अपनी उपस्थिति देते हुए भगवान झूलेलाल जी का दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर रंजना साहू ने चालिहा पर्व की 40 दिवसीय भक्ति साधना को पूर्ण करने पर संपूर्ण सिंधी समाज को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

श्रीमती साहू ने कहा कि यह पर्व न केवल भक्ति का प्रतीक है, बल्कि समर्पण, संयम और सामाजिक एकता का भी जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने आगे कहा, ऐसी श्रद्धा और सामाजिक समरसता ही हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करती है। ऐसे धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में भाईचारा और एकता की भावना को बल मिलता है। उन्होंने सिंधी समाज के धार्मिक एवं सामाजिक योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक, महिला मंडल, युवा वर्ग एवं बच्चे शामिल हुए। भक्ति संगीत, पारंपरिक आरती ने वातावरण को आध्यात्मिक रंगों से सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर पूज्य सिंधी समाज के अध्यक्ष चंद्रलाल जैसवानी, झूलेलाल मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मण धामेचा, ब्राह्मण पारा पार्षद कोमल सार्वा, भाजयुमो जिला महामंत्री जय हिंदूजा, दीपक लालवानी, कमल पंजाबी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का किया गया विभिन्न स्थानों पर आयोजन

**महासमुंद** 31 अगस्त (देशबंधु)। खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में हॉकी, कबड्डी, बॉल बैडमिंटन, पारंपरिक खेल, रस्साकसी, वॉलीबॉल का आयोजन किया गया। खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में आयोजित किया गया। 29 को शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय बेमचा महासमुंद में विभिन्न खेलों एवं मनोरंजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकीए कबड्डीए बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता एवं दौड़, लंगड़ी दौड़, कुर्सी दौड़ जैसे खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि देवेंद्र चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत बेमचा, विधायक प्रतिनिधि रविकांत चंद्राकर, भगत राम साहू, वरिष्ठ नागरिक डॉ रामशरण कवि ग्राम पंचायत बेमचा, वसुंधरा साहू माय भारत जिला युवा अधिकारी महासमुंद, शाला विकास समिति अध्यक्ष लिखनू राम निर्मलकर, अशोक चक्रधारीए प्राचार्य एस एल पाटकर, ताकेश्वर साहू, थनवार यादव, मंच संचालक तुलेंद्र सागर, डॉ सेवन दास मानिकपुरी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विभिन्न खेलों एथलेटिक्सए कुर्सी दौड़ए फुगड़ी के विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने सम्मानित करते हुए पुरस्कृत किया गया। जिले के विद्यालयोंए महाविद्यालयोंए संस्थाओं द्वारा आयोजन किया गया, जिसमें मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा एवं फिट इंडिया शपथ दिलाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने मोर खेल मोर गौरव की थीम को लेकर आयोजन किया गया। 31 अगस्त को संडे ऑन साईकिल का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय बेमचा से तुमगांव में किया जाएगा। शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय खट्टी में खेल दिवस मनाया गया जिसमें वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। वॉलीबॉल का आयोजन टीम, विरुद्ध टीम बी के बीच खेला गया, जिसमें टीम 25.23, 25.22 से विजेता रहीं। आयोजन को संपन्न कराने में तोरण यादव, सुरेश दास मानिकपुरी एवं डीगेश दास मानिकपुरी, प्राचार्य शशि कुमार साहू, चित्रा खटकर, इंद्राणी चंद्राकर, महिमा सालोमन, ज्योति दुबे, सुबोध कुमार सोनी, हितेंद्र साहू, लीना चंद्राकर, आरती सोनी, अंजना निर्मलकर, चिंता साहू, गणेश राम कोसरे का सहयोग रहा।



CMYK

**स्वामी आत्मानंद विद्यालय संविदा भर्ती**

**बिलाईगढ़**, 31 अगस्त(देशबंधु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारंगढ़ में 1 सितम्बर को व्याख्याता (भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान) सहायक शिक्षक (विज्ञान) और शिक्षक (विज्ञान) का वॉक इन इंटरव्यू लिया जाएगा। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आवेदन पत्र जमा और पंजीयन तथा परीक्षण कार्य होगा। निर्धारित समय 11 बजे के बाद आवेदन पंजीयन स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सासाहोली में किया नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण

◆ **नेवरा में हुआ भव्य तीज मिलन समारोह**





**तिल्दा-नेवरा**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण वार्ड क्रमांक 22 सासाहोली में 29 अगस्त को सुबह 11 बजे किया गया। साथ ही 11:30 बजे पीएमश्री प्रियदर्शनी कन्या शाला नेवरा में तीजा मिलन समारोह का आयोजन हुआ। दोनों कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने की। भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता दोनों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शामिल हुए। तीज मिलन समारोह में क्षेत्र की हजारों महिलाएं सम्मिलित हुईं। सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। साथ ही बहनों को उपहार और छत्तीसगढ़ी मिठाई भी भेंट दी गई। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तीज केवल व्रत और पूजा का पर्व नहीं, बल्कि यह नारी शक्ति की आस्था, त्याग और समर्पण का पवित्र प्रतीक है। वही तीज मिलन समारोह में सम्मिलित होकर मंत्री टंकराम वर्मा के साथ मातृशक्ति का सम्मान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने में मातृशक्ति की भूमिका हमेशा से अद्वितीय रही है। वे ही परिवार को संस्कार देती हैं और परंपराओं, लोकगीतों व रीति-रिवाजों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य करती हैं। समस्त माताओं-बहनों को तीज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि पूरे परिवार की खुशी के लिए, माताएं जीवन भर त्याग तपस्या करती है। वही मायके में भी तीज व्रत रखकर दोनों कुल की खुशहाली की कामना करती है। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रदर्शित की। मंत्री वर्मा ने ने बधाई दी।

दोनों कार्यक्रमों में विशिष्ट अतिथि चंद्रकला डॉ. खुमान वर्मा, अध्यक्ष न.पा.प. तिल्दा-नेवरा, श्याम नारंग, अध्यक्ष रायपुर जिला ग्रामीण, अनिल अग्रवाल महामंत्री रायपुर जिला ग्रामीण एवं सांसद प्रतिनिधि जिला पंचायत रायपुर, राम पंजवानी कोषाध्यक्ष रायपुर जिला ग्रामीण, मनोज निषाद मंडल अध्यक्ष तिल्दा-नेवरा, पलक विकास सुखवानी उपाध्यक्ष न.पा.प. तिल्दा-नेवरा एवं पार्षद ईश्वर यदु, विनोद कुमार नेताम, गोविंद लालवानी, धर्मेंद्र डहरिया, राजेश कोटवानी, ज्योति नागवानी, सतीश निषाद, नीता वर्मा, राजकुमार गेन्डरे, अन्नपूर्णा कश्यप, दिनेश साहू, पारूल अग्रवाल, नामदेव धृतलहरे, विजय सोनू मारखण्डे, किरण बाला नायक, जयेश पैकरा, पूर्णिमा सेन, दिनेश साहू, संतोष यदु, रानी

# निसदा बैराज के कर्मचारियों की भारी लापरवाही: बैराज के गेट से मछली पकड़ने और उसे बेचने का वीडियो वायरल

**आरंग**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। इन दिनों प्रदेश में हो रही भारी बारिश से प्रदेश के अधिकांश जलाशय, नदी, नाले उफान पर चल रहे है। गंगरेल बांध के गेट खुलने से जीवनदायनी महानदी का जलस्तर भी काफी बढ़ गया है। आरंग के ग्राम निसदा में महानदी पर बना बैराज भी काफी भर चुका है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से शासन प्रशासन की ओर से आम जनता को सतर्क और सुरक्षित रहने के लिए एडवाइजरी जारी होती है लेकिन ये एडवाइजरी सिर्फ आम आदमी के लिए ही होती है ये जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारी पर बिल्कुल भी लागू नहीं होते है। हम ऐसा इसलिए कह रहे है कि इन दिनों निसदा बैराज में जल संसाधन विभाग की घोर लापरवाही सामने आ रही है। बैराज के अधिकारी कर्मचारी वहां के ग्रामीणों की मदद से नियम विरुद्ध और जान जोखिम में डालकर मछली पकड़ रहे है और उसे बेच रहे है। बैराज में गेट की सुरक्षा, रखरखाव और संचालन विद्युत यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जाता है लेकिन यहां के बेपरवाह और मछली खाने के शौकीन अधिकारी कर्मचारी रोजाना मछली पकड़ रहे है और बेच रहे है। आपको बता दे कि बैराज में पानी लबालब भरा हुआ है और यहां के कुछ गेट खुले हुए है। जिसके कारण मछलियां बड़ी संख्या में कूदते हुए गेट में फंस जाती है। जब मछलियां गेट में फंस जाती है तब वहां के कर्मचारी गेट में उतर कर मछली पकड़ते है और उसे बेचते है।



जलस्तर बढ़ने के कारण गेट में चढ़ना और वहां से मछली पकड़ना काफी खतरनाक है। बैराज में मछली बेचने की जानकारी मिलने पर आरंग सहित आसपास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मछली खरीदने पहुंचते है। बैराज की मछली होने से कर्मचारी भी उसे ऊंचे दामों में बेचकर पैसा कमा रहे है। सूत्रों से ये भी पता चला है कि यहां कि मछलियां आरंग के कई विभागों के अधिकारियों को काफी पसंद है और उन तक भी निसदा बैराज के कर्मचारियों के माध्यम से मछलियां पहुंच रही है। अब देखने वाली बात है कि जल संसाधन विभाग द्वारा दोषी अधिकारी और कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई होती है या फिर विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को भी निसदा बैराज की मछलियां पहुंच रही है जिस वजह से वे कार्रवाई करने से बचने की कोशिश करेंगे।

# वर्ष का अंतिम चंद्रग्रहण 07 सितंबर को -आचार्य पं.अजीत

**आरंग** 31 अगस्त(देशबंधु)। वर्ष का अंतिम चंद्रग्रहण 7 सितंबर को लगने वाला है। चंद्रग्रहण का सूतक काल 9 घंटे पहले लग जाता है। सूतक ग्रहण से पहले 7 सितंबर को दोपहर 12:57 बजे से शुरू होगा। मंदिरों के कपाट भी इस दौरान बंद कर दिए जाएंगे। परंपरा क अनुसार ग्रहण लगने से पहले कपाट बंद कर दिए जाते हैं। चंद्र ग्रहण की शुरुआत रात को 09:58 बजे होगी और यह अपनी चरम स्थिति में रात्रि 11:00 से 12:22 बजे तक रहेगा। चंद्र ग्रहण की समाप्ति 08 सितंबर 2025 को पूर्वाह्न 01:26 बजे होगी। ग्रहण की अवधि- लगभग 82 मिनट होगी। 8 सितंबर को सुबह शुद्धि और दूसरे अनुष्ठान के बाद द्वार खोले जाएंगे। 7 सितंबर से पितृ पक्ष भी शुरू हो रहा है और इसी दिन चंद्र ग्रहण लगने वाला है। ऐसे में 7 सितंबर को पूर्णिमा का श्राद्ध दोपहर 12:58 मिनट से पहले तक का ही समय श्राद्ध और तर्पण करने के लिए उचित रहेगा। साथ ही गणपति विसर्जन भी इस काल के पहले कर लें तो उत्तम होगा। शास्त्र अनुसार इस चंद्र ग्रहण का प्रभाव सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में देखने को मिलेगा। चन्द्रमा कुम्भ राशि में बैठकर विष योग का निर्माण करते हुए राहु के साथ युति कर रहा है, जिसके फलस्वरूप बड़ी शक्तियों के टकराव, लोगों के संबंधों में तनाव और मानसिक पीड़ा देखने को मिलेगी। चंद्रग्रहण के दुष्प्रभाव के कारण मानव और जीवों में किसी तरह की संक्रामक बीमारी और साथ ही साथ जल से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। ग्रहण का भारतीय राजनीति पर भी गहरा प्रभाव देखने को मिलेगा। आगामी चुनावों में यह चंद्रग्रहण सत्ता परिवर्तन का कारण भी बन सकता है। इस काल मे जनमानस को भगवान के नाम का जप, गुरु मंत्र आदि करने से दुष्प्रभाव से मुक्ति मिलेगी और आशीष की प्राप्त होगी।



## नगर सहित अंचल में गणेश उत्सव की धूम

***सिमगा***, *31 अगस्त ( देशबन्धु)। नगर एवं अंचल के चौक चौराहों एवं घरों में भगवान गणपति की प्रतिमाओं की स्थापना किया गया है । पूरा अंचल भगवान गणपति की आराधना में लीन हो गया है । प्रातः एवं संध्या समय भगवान गणपति की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया जा रहा है । पंडालों को विद्युत झालर की दूधिया रोशनी से सजाया गया है । जिसकी शोभा देखते ही बन रही है । कई पंडालों में कार्यकर्ताओं के द्वारा आरती के उपरांत भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया जा रहा है ।*

# साइबर सेल और थाना सरिया ने ग्राम पंचधार में चलाया साइबर जागरूकता अभियान

◆ **डिजिटल स्क्रीन पर वीडियो दिखाकर लोगों को दी गई जानकारी**




**बिलाईगढ**, 31 अगस्त(देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे एवं डीएसपी अविनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में साइबर सेल सारंगढ़ और थाना सरिया के टीम द्वारा आज च "मिशन पहल अभियान" च्के तहत ग्राम पंचधार में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम में साइबर सेल प्रभारी ने बताया कि सबसे पहले किसी भी वेबसाइट के यूआरएल को चैक करें। की एचटीटीपीएस से शुरू हो रहा है या नहीं। एस यह दर्शाता है कि यह वेबसाइट सिक्योर है और पासवर्ड बनाने के लिए ध्यान रहे कि हर पासवर्ड यूनिक और अकाउंट से अलग हो। इसके अलावा 45 दिन में अपना पासवर्ड जरूर बदल लें। अपने प्राईमरी ईमेल को सोशल मीडिया साइट पर इस्तेमाल न करें। सोशल मीडिया साइट के लिए अलग से ईमेल ऐड्रेस बनाकर रखें। किसी भी तरह के सॉफ्टवेयर को डाउनलोड करने से पहले सॉफ्टवेयर और वेबसाइट होस्टिंग का पता जरूर लगा ले। काम होने के बाद हमेशा अपने अकाउंट को हमेशा लॉगआउट करें। अपने क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड की जानकारी ब्राउज़र में सेफ ना करें। किसी भी प्रकार की आपके फोन में आई ओटीपी किसी को शेयर ना करें।

थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने बताया कि आनलाइन जाब, क्रेडिट और डेबिट क्राड की डिटेल प्राप्त कर भी साइबर ठग खातों से रुपये उड़ा रहे है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि लोग झूठे प्रलोभन से बचें। यदि इसके बावजूद साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो तुरंत साइबर क्राइम हेल्प लाईन नंबर 1930 पर काल करें लोगों को जागरूक किया गया कि फर्जी जाब के आफर्स से भी सावधान रहें, असत्यापित लिक पर क्लिक न करें, इंटरनेट मीडिया पर अज्ञात लोगों से फ्रेंड रिचेस्ट स्वीकार न करें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी आनलाइन साझा करते समय सावधानी बरतें, किसी भी झांसा या प्रलोभन देने वाले हाईपर लिंक/वेबलिक्स/ यूआरएल को न खोलें, क्योंकि ये आपकी निजी व वित्तिय जानकारियों को लीक कर सकते है। पुलिस टीम थाना क्षेत्र में पाम्पलेट चिपकाकर, हॉडिंग लगाकर साइबर जागरूकता अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कर रही है। साथ ही ग्राम पंचधार में अपेरा कार्यक्रम में डिजिटल स्क्रीन्स पर साइबर अपराध संबंधी वीडियो का प्रसारण किया जा रहा है. ताकि आम जनता को जागरूक किया जा सके। जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी प्रमोद यादव, साइबर सेल प्रभारी सउनि रामकुमार मानिकपुरी, प्र आर मोहन गुप्ता, आर. लक्ष्मी पटेल, रामकुमार साव और करीब 400 की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता मे कंचन, कावेरी, यशु और प्राची का चयन

**आरंग** 31 अगस्त(देशबंधु)। सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग से राज्य स्तरीय शालेय शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए 4 विद्यार्थी चयनित हुए। -19 बालिका में कावेरी साहू, कंचन साहू पिता श्री राजकुमार साहू, -19 बालक में यशु बंजारे पिता नरसिंह बंजारे, -17 बालिका में प्राची बेलगहे पिता श्री सूर्यकांत बेलगहे है। संभाग स्तरीय शालेय शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 तेग बहादुर धर्मशाला पिथोरा में आयोजित हुई। शतरंज एक बौद्धिक खेल है जिसमें रणनीति, तर्क, समस्या समाधान करने का विकास होता है। कावेरी साहू 5 में 5 मैच जीत कर संभाग विजेता बन गई। अंडर 14 मे वेदिका लोधी आठवां स्थान, अंडर 17 में श्रीयांश बेलगहे दसवां स्थान पर रहे इन सभी विद्यार्थियों के सराहनीय प्रदर्शन पर प्रसन्न होकर विद्यालय के संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छत्राधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, सह सचिव सतीश सोनकर, प्राचार्य श्रीमती यशोदा योगी, उप प्राचार्य श्रीमती भारती वर्मा, प्रधान पाठक सुश्री सोहागा देवांगन, क्रीड़ा प्रभारी हंसराज जलक्षत्री, लक्ष्मी नारायण पटेल ने बधाई दी और राज्य में इसी तरह प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

# चार स्थाई वारंटियों के विरुद्ध पलिस ने किया कार्रवाई



**सिमगा**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। थाना सिमगा में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत जो अपराधी जमानत उपरांत न्यायिक व्यवस्था का पालन नहीं करते उनके विरुद्ध स्थाई वारंटी की कार्यवाही किया जाता है। इसी तारतम्य में चार स्थाई वारंटियों में विजय कुमार गेण्डरे लाला ओगरे संजय वर्मा शिवकुमार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायाधीश ने चारों को जेल भेज दिया।

# आदिवासी गोंडवाना समाज का महापर्व नवाखाइ आज

◆ **नई अन्न फसल अपने आराध्य देव को अर्पित करेंगे समाजजन**

◆ **तहसील स्तरीय नवाखाई ठाकुर जोहार कार्यक्रम 14सितम्बर को गोंडवाना भवन नगरी में**

**नगरी**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। तहसील आदिवासी गोंडवाना समाज का संस्कृति और आस्था से जुड़ा महापर्व नवाखाई पूरे सिहावा अंचल में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व नई अन्न फसल को सबसे पहले अपने आराध्य देव को अर्पित कर प्रकृति का आभार प्रकट करने की परंपरा से जुड़ा हुआ है।

**समाज के परंपरागत कार्यक्रम अनुसार -**

1 सितम्बर को नवाखाई पर्व मनाया जाएगा, जिसमें नई अन्न फसल को आराध्य देव को समर्पित किया जाएगा तथा सहपरिवार प्रसाद स्वरूप नए अन्न ग्रहण करेंगे।

2 सितम्बर को ग्राम स्तर पर ठाकुर जोहार का आयोजन होगा।

7 सितम्बर को 19 उपक्षेत्रों में ठाकुर जोहार धूमधाम से संपन्न होगा।

14 सितम्बर रविवार को तहसील स्तरीय नवाखाई एवं ठाकुर जोहार का भव्य आयोजन किया जाएगा।

इन अवसरों पर समाजजन पारंपरिक वेशभूषा धारण कर सेवा अर्जी, पूजा-अर्चना, गीत-संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक पहचान को जीवंत करेंगे। सामूहिक भोज और ठाकुर जोहार से समाज में भाईचारा और एकजुटता का संदेश दिया जाएगा। समाज के पदाधिकारी डोमार सिंह ध्रुव, प्रमोद कुंजाम ने बताया कि नवाखाई केवल नई अन्न ग्रहण करने का पर्व नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, धरती माता, अन्न और आराध्य देव के प्रति आभार प्रकट करने का सबसे बड़ा अवसर है। उन्होंने सभी समाजबंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर महापर्व को सफल बनाने की अपील की है।

# भखारा महाविद्यालय में रासेयो कार्यकारिणी परिषद गठन

**भखारा**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में शनिवार को प्राचार्य डॉ.मंजु झा के मार्गदर्शन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की बैठक एवं नियमित गतिविधि शनिवार को आयोजित किया गया। नियमित गतिविधि में वृक्षारोपण व महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई का कार्य सभी स्वयंसेवको द्वारा किया गया। बैठक में स्वयंसेवकों द्वारा मतदान प्रक्रिया से रा.से.यो. इकाई की कार्यकारिणी परिषद् का गठन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे की अध्यक्षता में किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यकारिणी परिषद् के अध्यक्ष त्रिवेंद्र (बी.एस-सी गणित तृतीय वर्ष ), उपाध्यक्ष दीपक (बी.ए. तृतीय वर्ष ), सचिव राधिका (बी.एस-सी तृतीय वर्ष), कोषाध्यक्ष ओमकुमार (बी.एस-सी गणित तृतीय सेम), सांस्कृतिक प्रभारी मोनिका निषाद(बी.ए.तृतीय वर्ष) व रोशन लहरे(बी.एस-सी गणित तृतीय सेम), मीडिया प्रभारी नरसिंह पटेल (बी.ए.तृतीय वर्ष) व वर्षा शर्मा (बी.ए तृतीय सेम) चुने गए। कार्यकारणी परिषद के पदाधिकारियों का रासेयो करतल ध्वनि द्वारा स्वागत किया गया। सभी पदाधिकारियों ने अपना परिचय एवं अनुभव स्वयंसेवकों के सम्मुख बारी बारी से रखे। परिषद् के गठन के पश्चात् एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे द्वारा कार्यकारिणी परिषद् के पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। नवीन स्वयंसेवकों को एनएसएस बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम अधिकारी (रासेयो इकाई) जानेन्द्र बंजारे द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारियों के बारे मऊ बताया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मंजु झा, प्राध्यापकगण एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी और रासेयो पूर्व अध्यक्ष राहुल कुमार तथा उपाध्यक्ष ख्याति द्वारा सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

## निधन

### नवनीत भाई लोटिया



**नवापारा राजिम** 31 अगस्त देशबंधु। गुजराती समाज के वरिष्ठ नागरिक नवनीत भाई लोटिया उम्र 84 का कल 31 अगस्त को दोपहर 3 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज 1 सितंबर को प्रातः 11 बजे उनके निवास स्थान सदर रोड से स्थानीय मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी वे अशोक, भरत, गिरिश, संजय, विकास, हिनेश लोटिया, पीयूष, मुनिया, के चाचा एवम राजू, जयेश, विपुल लोटिया के पिता थे।

### अमृतलाल पोपटलाल सोनी

**नवापारा राजिम** 31 अगस्त देशबंधु। गुजराती समाज के वरिष्ठ अमृतलाल पोपटलाल सोनी उम्र 93 वर्ष का निधन आज 29 अगस्त सुबह 8 बजे हो गया है। इनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार को दोपहर 2 बजे इनके निवास स्थान टी बी एस स्कूल के पास से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। वे धीरेन्द्र सोनी, लतेश सोनी के पिता थे एवं दर्शन सोनी के दादा जी थे।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद रूपकुमारी चौधरी का शारदा चौक में भव्य स्वागत



**गरियाबंद**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। महासमुंद लोकसभा की सांसद एवं भाजपा की नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रूपकुमारी चौधरी का रविवार को प्रथम गरियाबंद आगमन हुआ। इस अवसर पर शारदा चौक में गणेश उत्सव समिति के सदस्यों एवम भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बलदेव सिंह हुंदल, प्रशांत मानिकपुरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। सांसद ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, पुष्पक देवांगन, तनु साहू, परमानंद नेताम, रेणुका साहू, मधु देवांगन, प्रकाश यादव, युगल समदरिया, सरला यादव, रवि चंद्रकार, नूतन देवांगन, तरुण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सांसद के जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महामंत्री आशीष शर्मा भी मौजूद रहे।

# आज श्री वक्र तुंड परिवार में महाआरती छप्पन भोग का आयोजन

**आरंग**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। श्री वक्रतुण्ड परिवार (रावण भाठा मैदान) के तत्वाधान में 1 सितंबर सोमवार को संध्या 7 बजे श्री वक्रतुंड भगवान की सायं कालीन महा आरती एवम छप्पन भोग का आयोजन किया गया है, जिसमे आरंग नगरवासी श्रद्धालु जन शामिल होकर व दर्शन लाभ कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। वक्रतुंड परिवार ने बताया कि प्रथम बार रावणभाठा मैदान में भगवान विनायक की दिव्य मूर्ति स्थापित की गई जहाँ प्रतिदिन सैकड़ो भक्तजन दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उत्सव समिति ने श्रद्धालुओं से इस दिव्य आयोजन में पधारने की अपील की है।

# जब तक पिछड़ा वर्ग संगठित नहीं होगा, उसकी आवाज दबाई जाती रहेगी : अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू



**कुरूद**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू को हाल ही में 'अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ' का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुना गया है। इस अवसर पर उन्होंने विशेष बातचीत में अपनी प्राथमिकताओं और विचारों को साझा किया।

उन्होंने कहा कि यह पद उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है। यह सिर्फ सम्मान नहीं बल्कि समाज के पिछड़े वर्ग के हितों के लिए अधिक संघर्ष करने की प्रेरणा भी देता है। वे मानते हैं कि इस मुकाम तक पहुँचने के पीछे उनका सामाजिक सरोकार, अधिवक्ता के रूप में न्याय के लिए सतत संघर्ष और समाज में समानता एवं अधिकारों की लगातार आवाज उठाना मुख्य कारण रहे हैं। साथ ही साथियों और वरिष्ठजनों का विश्वास भी इस यात्रा में सहायक बना। पिछड़े वर्ग की स्थिति पर चर्चा करते हुए साहू ने स्पष्ट किया कि आज भी यह वर्ग सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्तर पर वंचित है। आरक्षण और अधिकार तो मिले हैं, लेकिन उनका प्रभावी क्रियान्वयन अभी तक सुनिश्चित नहीं हो सका है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और रोजगार की स्थिति बेहद चिंताजनक है। उनका मानना है कि सामाजिक आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए, समय, प्रतिभा और संसाधन तीनों की बड़ी भूमिका होती है, और यही वह चुनौती है जिसे अभी तक पूरी तरह हासिल नहीं किया जा सका है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में अपनी कार्ययोजना बताते हुए साहू ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सामाजिक न्याय की लड़ाई को तेज करना, शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों का विस्तार करना और आरक्षण नीति को सही रूप से लागू कराने की दिशा में काम करना होगी। साथ ही, वे पिछड़े वर्ग के युवाओं को नेतृत्व में लाने, समाज में एकता और जागरूकता बढ़ाने तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाने की योजना बना रहे हैं। उनका यह भी मानना है कि ओबीसी के जातीय संगठनों को एक साझा सामाजिक मंच पर लाना आंदोलन को नई शक्ति देगा। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यहाँ पिछड़े वर्ग की आबादी बहुत बड़ी है, लेकिन राजनीतिक प्रतिनिधित्व अपेक्षाकृत कम है। इस कमी को दूर करने के लिए वे युवाओं के लिए प्रशिक्षण शिविर, कानूनी सहायता केंद्र और छात्रवृत्ति अभियान शुरू करने पर विशेष ध्यान देंगे। भविष्य की दिशा पर विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग आंदोलन को नई ऊर्जा देने के लिए सबसे पहले समाज में एकता आवश्यक है। जब तक हम संगठित नहीं होंगे, तब तक हमारी आवाज दबाई जाती रहेगी। इसके साथ ही शिक्षा और जागरूकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और युवा नेतृत्व को सामने लाना ही आंदोलन को नई दिशा और मजबूती देगा। वकालत के अनुभव को सामाजिक संघर्ष से जोड़ते हुए साहू ने कहा कि न्याय केवल अदालत में ही नहीं बल्कि समाज में भी मिलना चाहिए। उनका मानना है कि कानूनी ज्ञान के सहारे समाज के हक की लड़ाई को अधिक प्रभावी ढंग से लड़ा जा सकता है। देशभर के पिछड़े वर्ग को संदेश देते हुए, साहू ने कहा—"शिक्षित बनो, संगठित रहो और अपने अधिकारों के लिए सतत संघर्ष करो। यदि हम एकजुट रहेंगे तो कोई भी ताकत हमारे अधिकार छीन नहीं सकती।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सासाहोली में किया नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण



**कोहका-नेवरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण वार्ड क्रमांक 22 सासाहोली में 29 अगस्त को सुबह 11 बजे किया गया। साथ ही 11-30 बजे पीएमश्री प्रियदर्शनी कन्या शाला नेवरा में तीजा मिलन समारोह का आयोजन हुआ। दोनों कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने की। भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता दोनों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शामिल हुए।

तीज मिलन समारोह में क्षेत्र की हजारों महिलाएं सम्मिलित हुईं। सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। साथ ही बहनों को उपहार और छत्तीसगढ़ी मिठाई भी भेट दी गई।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तीज केवल व्रत और पूजा का पर्व नहीं, बल्कि यह नारी शक्ति की आस्था, त्याग और समर्पण का पवित्र प्रतीक है। वही तीज मिलन समारोह में सम्मिलित होकर मंत्री टंकराम वर्मा के साथ मातृशक्ति का सम्मान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने में मातृशक्ति की भूमिका हमेशा से अद्वितीय रही है। वे ही परिवार को संस्कार देती हैं और परंपराओं, लोकगीतों व रीति-रिवाजों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य करती हैं। समस्त माताओं-बहनों को तीज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।

**नेवरा में हुआ भव्य तीज मिलन समारोह**

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि पूरे परिवार की खुशी के लिए माताएं जीवन भर त्याग तपस्या करती है। वही मायके में भी तीज व्रत रखकर दोनों कुल की खुशहाली की कामना करती है। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रदर्शित की। मंत्री वर्मा ने ने बधाई दी।

दोनों कार्यक्रमों में विशिष्ट अतिथि चंद्रकला डॉ. खुमान वर्मा, अध्यक्ष न.पा.प. तिल्दा-नेवरा, श्याम नारंग, अध्यक्ष रायपुर जिला ग्रामीण, अनिल अग्रवाल महामंत्री रायपुर जिला ग्रामीण एवं सांसद प्रतिनिधि जिला पंचायत रायपुर, राम पंजवानी कोषाध्यक्ष रायपुर जिला ग्रामीण, मनोज निषाद मंडल अध्यक्ष तिल्दा-नेवरा, पलक विकास सुखवानी उपाध्यक्ष न.पा.प. तिल्दा-नेवरा एवं पार्षद ईश्वर यदु, विनोद कुमार नेताम, गोविंद लालवानी, धर्मेंद्र डहरिया, राजेश कोटवानी, ज्योति नागवानी, सतीश निषाद, नीता वर्मा, राजकुमार गेन्डरे, अन्नपूर्णा कश्यप, दिनेश साहू, पारूल अग्रवाल, नामदेव धृतलहरे, विजय सोनू मारखाण्डे, किरण बाला नायक, जयेश पैकरा, पूर्णिमा सेन, दिनेश साहू, संतोष यदु, रानी सौरभ जैन मौजूद थे।

# दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**महासमुंद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार ने छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत आज तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर केंद्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित किया गया। साथ ही इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी लोग जुड़े। जिला स्तर पर रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ कार्यक्रम अंतर्गत बिहान के दीदियों की कहानी उन्हीं के जुबानी सुनाया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, भीखम सिंह ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जागेश्वर जुगनू चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत महासमुंद, बिहान की दीदियां कार्यक्रम में सम्मिलित होकर रेडियो प्रसारण को सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री तथा राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा द्वारा ग्रामीण महिलाओं के नाम विशेष संदेश और प्रेरणादायी शुभकामनाएँ प्रसारित की गई। दीदी के गोठ का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना, उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना तथा आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की ओर अग्रसर करना है। कार्यक्रम में स्व.सहायता समूहों की सफल महिलाओं की कहानियाँ सुनाई गई। कैसे उन्होंने संघर्ष और कठिनाइयों को पार कर अपनी मेहनत और आत्मविश्वास से न सिर्फ आर्थिक रूप से मजबूती हासिल की बल्कि समाज में भी एक नई पहचान बनाई। आज छत्तीसगढ़ की लाखों महिलाएँ लखपति दीदी बन चुकी हैं। उनका जीवन बिहान योजना से सकारात्मक रूप से बदला है। इनकी प्रेरणादायी कहानियाँ रेडियो की आवाज़ के माध्यम से हर गाँव और हर घर तक पहुँचेंगी, ताकि दूसरी महिलाएँ भी आत्मनिर्भरता की राह पकड़ सकें।

# स्वामी लक्ष्मणानन्द सरस्वती का शहादत दिवस श्रद्धाभाव से संपन्न



**बागबाहरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्म जागरण खंड बागबाहरा के तत्वावधान में आदिवासी वनांचल ग्राम जोरातराई (कामार डेरा पारा) में शनिवार को परम पूज्य स्वामी लक्ष्मणानन्द सरस्वती जी का शहादत दिवस श्रद्धा एवं भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर उनके तैलचित्र पर चंदन-वंदन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आर्य प्रकाश चंद्राकर जी, पप्पू संवारा (सामाजिक कार्यकर्ता), हीरा साहू (सामाजिक कार्यकर्ता) एवं पुरन सबर (संयोजक, धर्म जागरण खंड बागबाहरा) ने स्वामी जी के जीवन व कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने आदिवासी समाज में शिक्षा, सेवा और संस्कार की अलख जगाई। धर्मांतरण और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध उनके अभियान ने जनजातीय समाज को आत्मगौरव और संगठन की नई दिशा प्रदान की।

ग्रामवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिनमें सोनाउ कामार, बुधसिंह कामार, अगर सिंह कामार, अर्जुन कमार, खलहरिन बाई, अशोक कमार सहित क्षेत्र की मातृशक्ति व बुजुर्ग सियान शामिल थीं।

गौरतलब है कि स्वामी लक्ष्मणानन्द सरस्वती जी का जन्म वर्ष 1927 में ओडिशा के पारलाखेमुंडी क्षेत्र में हुआ था। उन्होंने वनवासी क्षेत्रों में विद्यालय और छात्रावास स्थापित कर हजारों बच्चों को शिक्षा प्रदान की। 23 अगस्त 2008 को कंधमाल (ओडिशा) में उनकी नृशंस हत्या कर दी गई थी। उनका जीवन और बलिदान आज भी समाज को प्रेरणा देता है।

# भगवान बलराम जयंती-किसान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित




**भाटापारा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा में आज भगवान् श्री बलराम जयंती – किसान दिवस के उपलक्ष्य में च्प्राकृतिक खेती, गौ कृषि वाणिज्यम एवं तिलहन उत्पादनज्ञ विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न ग्रामों से आए किसानों, कृषक महिलाओं, कृषक संगठनों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने 100 से अधिक संख्या में भागीदारी की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रितेश साहू, जिलाध्यक्ष, भारतीय किसान संघ ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान् बलराम को कृषि और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। वे कृषकों के संरक्षक और ग्रामीण जीवन के प्रेरणास्रोत हैं। आज के बदलते कृषि परिदृश्य में किसानों के सामने उत्पादन लागत बढ़ने और मृदा उर्वरता घटने जैसी चुनौतियाँ हैं। ऐसे समय में प्राकृतिक खेती और गौ आधारित कृषि पद्धति ही समाधान है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे जैविक एवं देशी उपायों को अपनाकर खेती की लागत घटाएँ और आय बढ़ाएँ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एच.एल. सोनबोईर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि तिलहन फसलों का उत्पादन देश की खाद्य तेल आत्मनिर्भरता से जुड़ा हुआ है। यदि किसान संतुलित उर्वरक प्रयोग, उन्नत बीज एवं कीट-रोग प्रबंधन को वैज्ञानिक तरीके से अपनाएँ तो तिलहन उत्पादन में प्रदेश को अग्रणी बनाया जा सकता है।

विशिष्ट अतिथि श्री हेमसिंह चौहान, महामंत्री किसान मोर्चा ने कहा कि भारतीय कृषि की नींव गौ आधारित रही है। गौवंश से प्राप्त संसाधनों—गोबर, गोमूत्र, जीवामृत आदि—का उपयोग कर किसान मृदा की उर्वरता को बनाए रख सकते हैं और फसल उत्पादन में स्थिरता ला सकते हैं। उन्होंने किसानों को संगठित होकर कृषि में नवाचार अपनाने की सलाह दी।

डॉ. अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा ने अपने तकनीकी व्याख्यान में बताया कि प्राकृतिक खेती से न केवल मृदा स्वास्थ्य और पोषण चक्र में सुधार होता है बल्कि उत्पादन लागत में भी उल्लेखनीय कमी आती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से गौ उत्पाद आधारित जीवामृत और घनजीवामृत का उपयोग किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहा है।

श्रीमती आभा पाठक, सहायक संचालक उद्यानिकी ने उद्यानिकी क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसान तिलहन आधारित बहुफसली प्रणाली तथा फल-सब्जी उत्पादन को जोड़कर अपनी आमदनी को दोगुना कर सकते हैं। दीपक नायक उप संचालक कृषि ने किसानों को तिलहन प्रोत्साहन योजनाओं, समर्थन मूल्य नीति और जैविक कृषि कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए अधिकाधिक किसानों को इसका लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और गौ-आधारित खेती, तिलहन उत्पादन तथा प्राकृतिक खेती के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की। किसानों ने बताया कि यदि उन्हें प्रशिक्षण और बाज़ार से जुड़ी सुविधाएँ उपलब्ध हों तो वे रसायन आधारित खेती से हटकर प्राकृतिक पद्धति को अपनाने के लिए तैयार हैं।

# नशाखोरी के चंगुल में बुरी तरह फंसा हुआ भाटापारा



- पीड़ा और मुक्ति दोनों के लिए अभिव्यक्ति का नजारा
- शहर के प्रबुद्धजनों द्वारा पीड़ा अभिव्यक्ति के साथ ही निदान पर भी चिंतन की कड़ी

**भटापारा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। धार्मिक आयामों एवं समृद्ध व्यापारिक पृष्ठभूमि का शहर भाटापारा कुछ वर्षों से नशाखोरी की गिरफ्त मे तेजी से आता हुआ प्रतीत हो रहा है दिनों दिन बढ़ती नशाखोरी की प्रवृति जहां एक ओर नौनिहालों एवं युवाओं के भविष्य को गर्त मे धकेलती हुई प्रतीत हो रही है वहीं शहर की सुचिता एवं सुरक्षा दांव पर लगी हुई नजर आ रही है, उपरोक्त दुखद परिस्थिति से शहर के गली मोहल्लों के अलावा आसपास के ग्रामीण परिक्षेत्र बुरी तरह प्रभावित होते हुए नजर आ रहें है, उपरोक्त हालात चंहुओर चिंता का वातावरण निर्मित करती हुई प्रतीत हो रही है जिसकी बानगी नगर के प्रबुद्ध जनों की अभिव्यक्ति मे स्पष्ट रुप से परिलक्षित हो रही है।

**संस्कारविहिनता बढ़ाती अराजकता:** नशाखोरी को सीधे अराजकता से जोड़ते हुए मदकूद्वीप के संत रामरुपत्यागी महाराज का कहना है कि क्षेत्र मे बढ़ती नशाखोरी और उससे उत्पन्न हो रही अराजकता की स्थिति के लिए सीधे तौर पर संस्कारविहिनता की बढ़ती प्रवृति आपस मे घटती आत्मीयता तथा लिहाज के भाव का अभाव होना अहम कारण है जिसके चलते लोगों मे लोकलाज एवं परवाह के भाव नष्ट हो रहा है और मनमानी के परिदृश्य उभर रहें है। शोसल मीडिया मे अपसंस्कृति का प्रसार भी अहम कारण है जो युवा को नशे की ओर धकेल ही रही है साथ ही साथ अराजक प्रवृति की ओर भी प्रेरित कर रही है।

**प्रशासनिक कसावट के साथ विभिन्न पहलू की दरकार:** क्षेत्र मे बढ़ती नशाखोरी से उत्पन्न होती विभिन्न अराजक स्थिति पर पीड़ा जाहिर करते हुए पूर्व पार्षद एवं चैंबर आफ कामर्स के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश सोनी का कहना है कि उपरोक्त परिस्थति का निदान आवश्यक है इसके लिए जरुरी है प्रशासनिक कसावट, लोगों को कार्यशील बनाने का प्रयास क्योकि अकर्मणता भी बहुत हद तक नशाखोरी की ओर प्रवृत्त करने का अहम कारक साबित हो रही है।

**सम्मलित प्रयास की जरुरत:** नशाखोरी के दलदल मे धंसते भाटापारा की वर्तमान परिस्थिति को लेकर पीड़ा एवं निदान के लिए विचार अभिव्यक्त करते हुए पूर्व विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल का कहना है कि सम्मलित प्रयास ही इस विडम्बना से मुक्ति दिला सकती है जागरुकता प्रसार की जरुरत है जिसमें महिलाओ की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

**शासन प्रशासन की अहम जिम्मेदारी:** साहित्यकार अजय अमृतांशु का कहना है कि गांव और शहर की गलियों में हो रही नशाखोरी और अवैध शराब के विक्रय के लिए पूर्ण रूप से सरकार जिम्मेदार है, क्योंकि जगह-जगह शराब दुकान खोलने का काम सरकार ही करती है। सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष भी इसमें पूर्ण भागीदार है क्योंकि निजी स्वार्थ के चलते विपक्ष अपना विरोध दर्ज नहीं कराती। अधिकारी और पुलिस प्रशासन सरकार को फॉलो करते है उनके हाथ बंधे हुए हैं। रही बात आम जनता की तो उनको इतना उलझा कर रखा गया है कि आम जनता अपनी निजी समस्याओं से ही उबर नहीं पाती है। अवैध शराब के विक्रय को रोकने का काम शासन एवं प्रशासन का है ना कि आम जनता का। नशाखोरी को रोकने के लिए नेता और अधिकारी दोनों जिम्मेदार है। जब तक ये दोनों अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन नहीं करेंगे तब तक इस समस्या का हल संभव नहीं है।

# पर्यूषण पर्व का चौथा दिन शौच धर्म आत्मा को पवित्र और जीवन को शांति मय बनाने का मार्ग है



**बलौदाबाजार,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व का चौथा दिन बड़ी ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया जहां भक्तों की भीड़ उमड़ी। आज के दिन श्री जी के अभिषेक के लिए प्रथम चार कलश, अरिहंत अमित जैन, परख सुभाष जैन, सार्थक बृजेश पाटनी, प्रथम तुषार पाटनी आज श्री जी के प्रतिमा पर शांति धारा करने का सौभाग्य समाज के सहसचिव सुभाष जैन नेहा जैन परख जैन भव्या जैन को प्राप्त हुआ। आज शाम की महा आरती करने का सौभाग्य संजय जैन सोनाडीह वालों को प्राप्त हुआ समाज द्वारा इनकी खूब-खूब अनुमोदना हुई।

उत्तम शौच धर्म के बारे में महिला मंडल अध्यक्षा सुमन जैन सचिव डिंपल जैन एवं उनकी टीम ने एक साथ बताया कि उत्तम शौच धर्म पालन कर हम जीवन में सच्ची शांति और आत्मिक आनंद प्राप्त कर सकते हैं यह धर्म आंतरिक और बाहरी पवित्रता का संदेश देता है। सभी कार्यक्रमों में महिलाओ की भागीदारी सराहनी है बलौदा बाजार जैन समाज में भैया ऋषभ जी जो मंदिर जी का पूरा कार्य संभालते हैं उन्होंने एक भजन प्रस्तुत किया उनके भजन से मंदिर जी में भक्ति का माहौल और बढ़ गया। दश लक्षण पर्व का जैसे-जैसे दिन बढ़ता जा रहा है। भक्ति मय माहौल जैन मंदिर में दिखाई दे रहा है।

# पलारी तहसील साहू संघ अध्यक्ष पद हेतु धन्नू साहू, हेमंत कुमार साहू प्रमुख दावेदार



**गिधपुरी, भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश साहू संघ की कार्यकारिणी गठित होने के बाद अब जिला, तहसील और परिक्षेत्र स्तर पर संगठन विस्तार की तैयारियाँ तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में पलारी तहसील साहू संघ के अध्यक्ष पद को लेकर दावेदारी सामने आने लगी है। जानकारी के अनुसार, तहसील अध्यक्ष पद की दौड़ में दो नाम प्रमुखता से उभरकर आए है। रेंगाडीह निवासी धन्नू साहू और रोहांसी निवासी हेमंत साहू। दोनों ही समाजसेवा और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं तथा समाज के विभिन्न मुद्दों पर लगातार अपनी भूमिका निभाते आए हैं। संगठन के सक्रिय सदस्यों का कहना है कि नए तहसील अध्यक्ष का चयन समाज की एकजुटता और भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आने वाले दिनों में जिले और तहसील स्तर पर बैठकों के बाद पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। डोमार साहू (गिधपुरी भरूवाडीह) ने कहा कि तहसील साहू समाज में यह चुनावी दौड़ अब चर्चाओं का केंद्र बनी हुई है, जहाँ समाजजन उत्सुकता से नये नेतृत्व का इंतजार कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर सायकल रैली का आयोजन



**महासमुंद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा 03 दिवसीय आयोजन 29 से 31 अगस्त तक हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में विभिन्न आयोजन किया गया। जिसमें 29 अगस्त को मिनी स्टेडियम महासमुंद में हॉकी प्रतियोगिता में शामिल हुए एवं सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी सहित विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, देवीचंद राठी, प्रदीप चंद्राकर, महेंद्र सिका, राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी सोनिया बंदे, अंतर्राष्ट्रीय योगा खिलाड़ी तोरण यादव आदि की उपस्थिति में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को खेल में भागीदारी करने एवं अवसर प्रदान करने खेलों के पंजीयन पोर्टल का विमोचन कर शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में शामिल होने पंजीयन की प्रक्रिया 29 अगस्त से 20 सितम्बर तक रखा गया है। खेल दिवस के दूसरे दिन 30 अगस्त को शासकीय उ मा विद्यालय बेमचा में विभिन्न इंडोर एवं आउटडोर खेलों कैरम, शतरंज, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया एवं अतिथियों, नागरिकों, खिलाड़ियों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने हर गली हर मैदान खेले सारा हिंदुस्तान एवं खेले भी खिले भी, मोर खेल मोर गौरव की थीम को लेकर आयोजन किया गया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती प्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया मोमेंट के तहत संडे ऑन सायकल अंतर्गत 31 अगस्त को सायकल रैली का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय बेमचा से प्रारंभ कर जिला जेल, पुलिस लाईन, परसदा ब, कौन्दकेरा से वापस बेमचा में संपन्न किया गया जिसमें 200 से अधिक लोगों ने फिट इंडिया शपथ ग्रहण कर फिटनेस के लिए संडे सायकल रैली में जागरूकता का संदेश दिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ ग्राम पंचायत बेमचा, कौन्दकेरा, मुस्की ग्राम पंचायत गोपालपुर, हॉकी संघ, हैंडबॉल संघ, बास्केटबॉल संघ, नेटबॉल संघ, योगासन स्पोर्ट्स संघ, बॉल बैडमिंटन संघ, हिट हॉप जुंबा महासमुंद, नवापारा, परसदा ब, परसवानी के साथ शहरी क्षेत्रों से आशी बाई गोलछा कन्या स्कूल, सेजेश हिंदी महासमुंद, शिशु संस्कार, सरस्वती शिशु मंदिर के खिलाड़ियों की भागीदारी रही। सायकल रैली में खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, राहुल चन्द्राकर अध्यक्ष जिला हॉकी संघ डॉ रामशरण चन्द्राकर, रितेश रामटेके, ए.एसआई, पुलिस बटालियन, मोती धृतलहर, प्रधान आरक्षक पुलिस बटालियन, तुलेंद्र सागर व्याख्याता स्काउट मास्टर, व्यायाम शिक्षक सेवन दास मानिकपुरी, इमरान अली, टाकेश्वर प्रसाद साहू संकुल समन्वयक, छात्रावास अधीक्षक मदन चौधरी, शुभम तिवारी, कुंदन चंद्राकर, दुलामनी रौतिया आदि उपस्थित रहे।

# चौपाटी निर्माण कार्य का नपा उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**महासमुंद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। वार्ड नं. 14 अम्बेडकर चौक स्थित ओव्हर ब्रीज के नीचे अधोसंरचना मद से सौन्दर्यकरण चौपाटी निर्माण कार्य का निरिक्षण नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने किया। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि कालम की ढलाई का काम जारी है। कांक्रीट बनाने में जो सीमेन्ट का उपयोग किया जा रहा है वह घटिया किस्म का है साथ ही सीम्रेंट हवा में पत्थर हो गया है तथा रेती ज्यादा डाली जा रही है। ढेकेदार को साफ हिदायत दी गई है निर्माण में घटिया सीमेन्ट उपयोग न करे तथा रेती की मात्रा कम करे। किसी भी प्रकार से गुणवत्ता में समझौता नही किया जावेगा। श्री राठी ने नगर पालिका के इंजीनियर को फोन पर बताया गया तथा उन्हे निर्देश दिया गया कि निर्माण कार्यो का स्थल निरीक्षण स्वयं इंजीनियर करे तथा नगर पालिका से निर्माण कार्य के दौरान कर्मचारी तैनात करे। काम में लापरवाही बर्दास्त नही होगी। अगर आधार ही कमजोर होगा तो उस पर बनायी जाने वाली दीवार कैसे मजबूत बनेगी। इसके अलावा पानी की क्यूरिंग भी प्रतिदिन होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान वार्ड के बुलु सेवई, दीपक सोनी, सुरेश सोनवानी, शुभम सोनी, शिव साहू, देवेश बाघमारे सहित नागरिक गण उपस्थित थे।

## योग भवन में जांच शिविर आज

**महासमुंद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। योग भवन में निःशुल्क जांच शिविर 1 सितंबर को समय सुबह 6.30 से 08 बजे तक वजन, हृदय गति, रक्त शर्करा, रक्तचाप का आयोजन स्वामी शिवानन्द योग भवन दिव्य जीवन संघ, पटवारी कार्यालय के पास में किया गया हैं।

## मांगों को लेकर टीचर्स एसोसिएशन का घेराव कार्यक्रम आज

**महासमुंद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने बताया कि रायपुर संभाग में ई एवं टी शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर विगत 3 वर्षों से न होने से शिक्षक संवर्ग आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं, जिसके कारण एसोसिएशन द्वारा 1 सितंबर को जेडी कार्यालय का घेराव कर शीघ्र पदोन्नति के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा।